www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com



पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
रायपुर, सोमवार, 4 सितंबर 2023 । वर्ष – 65 । अंक –140 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23



अवसरवादियों से हिसाब लेगी जनता पृष्ठ 2
■ इंडिया की सफलता से बौखलाया मीडिया
■ केरल ने खारिज की केंद्र की स्मार्ट मीटर योजना पृष्ठ 6
■ काकर ने नौ मई की हिंसा को 'तख्तापलट का प्रयास' करार दिया
■ बांग्लादेश में डेंगू से 21 और लोगों की मौत पृष्ठ 7
रोहित व विराट अपने पैरों का बेहतर इस्तेमाल कर सकते थे : गावस्कर पृष्ठ 8

## एक देश-एक चुनाव पर बोले राहुल गांधी

# यह भारतीय संघ पर हमला है

**नई दिल्ली**, 3 सितम्बर (एजेंसियां)। 'एक देश-एक चुनाव' के मुद्दे पर राजनीति गर्मा गई है। इस मुद्दे पर राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि इंडिया यानी भारत, यह राज्यों का संघ है। 'वन नेशन-वन इलेक्शन' का आइडिया संघ और राज्यों पर हमला है। सरकार का यह कदम पूरी तरह से देश की संघीय प्रणाली के विरुद्ध है। वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक्स पर लिखा कि मोदी सरकार चाहती है कि लोकतांत्रिक भारत धीरे-धीरे तानाशाही में तब्दील हो जाए। 'वन नेशन वन इलेक्शन' पर कमेटी बनाने की यह नौटंकी भारत के संघीय ढांचे को खत्म करने का हथकंडा है। 2024 में लोगों के पास 'वन नेशन वन सॉल्यूशन' है- भाजपा के कुशासन से छुटकारा पाना।

**सरकार ने बनाई है 8 सदस्यीय कमेटी**

'एक देश-एक चुनाव' के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में बनाई गई समिति के लिए सरकार ने शनिवार को आठ सदस्यों का नाम जारी किया। इनमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित



शाह, लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी और राज्यसभा में पूर्व नेता प्रतिपक्ष गुलाम नबी का नाम शामिल है। कांग्रेस ने इस समिति को संसदीय लोकतंत्र को खत्म करने की साजिश बताया।

**मैं इस कमेटी में काम नहीं करूंगा: अधीर रंजन**

कमेटी में नाम आने के बाद अधीर रंजन ने गृहमंत्री अमित शाह को लेटर लिखा। उन्होंने कहा कि मैं इस समिति में काम नहीं करूंगा। इसका गठन ऐसे किया गया है कि नतीजे पहले से तय हो सकें। आम चुनाव से पहले ऐसी समिति

> लोकतंत्र को तानाशाही में बदलना चाहती है मोदी सरकार : खड़गे

> सरकार का यह कदम पूरी तरह से देश की संघीय प्रणाली के विरुद्ध है: राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

सरकार के गुप्त मंसूबों की ओर इशारा करती है, जिसमें संवैधानिक रूप से एक संदिग्ध व्यवस्था को लागू करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को शामिल नहीं करना संसदीय लोकतंत्र का अपमान है।

**सरकार ने 18 से बुलाया है विशेष सत्र**

एक देश एक चुनाव की चर्चा के बीच केंद्र सरकार ने संसद का पांच दिन विशेष सत्र बुलाया है। यह 18 सितंबर से शुरू होकर 22 सितंबर तक चलेगा। यह 17वीं लोकसभा का 13वां और राज्यसभा का 261वां सत्र होगा। इसमें 5 बैठकें होंगी। इस सत्र को लेकर कई अटकलें लगाई जा रही हैं। यह सत्र क्यों बुलाया गया है, इसे लेकर सरकार की तरह से अभी कोई बयान नहीं आया है।

### खड़गे ने बुलाई विपक्षी दलों की बैठक संसद के विशेष सत्र को लेकर बनेगी रणनीति



संसद के विशेष सत्र से पहले कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने पांच सितंबर को अहम बैठक बुलाई है। बैठक में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के सांसदों को बुलाया गया है। सूत्रों के मुताबिक, बैठक में विपक्षी दल 18 से 22 सितंबर तक होने वाले आगामी विशेष सत्र के लिए अपनी रणनीति तय करेंगे। बैठक खड़गे ने राजाजी मार्ग स्थित अपने आवास पर बुलाई है। संसद के इस विशेष सत्र के एजेंडे के बारे में आधिकारिक तौर पर कुछ भी नहीं कहा गया है। हालांकि, यह सत्र 9 और 10 सितंबर को राष्ट्रीय राजधानी में जी20 शिखर बैठक के कुछ दिनों बाद आयोजित होने जा रहा है। जोशी ने कहा कि संसद के इस विशेष सत्र में पांच बैठकें होंगी। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि अमृत काल के बीच आयोजित होने वाले इस विशेष सत्र के दौरान संसद में सार्थक चर्चा को लेकर आशान्वित हैं।

**कोविंद से मिले कानून मंत्रालय के अधिकारी**

देश में एक साथ चुनाव कराने की संभावना पर बनाई गई समिति सक्रिय हो गई है। शीर्ष अधिकारियों ने समिति के अध्यक्ष और पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को प्रारंभिक जानकारी दे दी है। जानकारी के मुताबिक, केंद्रीय कानून मंत्रालय के शीर्ष अधिकारियों ने रविवार को पूर्व राष्ट्रपति से मुलाकात की। कोविंद लोकसभा, राज्य विधानसभाओं, स्थानीय निकायों के एक साथ चुनाव कराने की संभावना पर और इस सिलसिले में सिफारिशों के लिए बनाई गई उच्च स्तरीय समिति के अध्यक्ष हैं।

## राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह

# प्रदेश के महान साहित्यकारों के नाम पर 4 शिक्षकों को स्मृति पुरस्कार

**रायपुर**, 3 सितंबर (देशबन्धु)। शिक्षक दिवस के अवसर पर राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन के मुख्य आतिथ्य में 5 सितंबर 2023 को प्रात: 10 बजे से राजभवन के दरबार हॉल में राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। इस समारोह की अध्यक्षता मुख्यमंत्री भूपेश बघेल करेंगे और अति विशिष्ट अतिथि स्कूल शिक्षा मंत्री रविन्द्र चौबे और विशिष्ट अतिथि संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव होंगे।

**52 शिक्षक राज्य शिक्षक सम्मान से होंगे सम्मानित**

शिक्षक दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में 52 शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। इनमें से 48 शिक्षक राज्य शिक्षक सम्मान और 4 शिक्षकों को प्रदेश के महान साहित्यकारों के नाम पर स्मृति पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। समारोह में राज्य शिक्षक पुरस्कार के लिए चयनित 48 शिक्षिकों में से प्रत्येक को 21-21 हजार रूपाए की राशि और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा प्रदेश के महान विभूतियों की स्मृति में दिए जाने वाले पुरस्कार से सम्मानित होने वाले प्रत्येक शिक्षक को 50-50 हजार रूपए और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।

**राज्य स्मृति पुरस्कार**

शिक्षक दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय समारोह में प्रदेश के 4 महान साहित्यिक विभूतियों के नाम पर 4 शिक्षकों को राज्य शिक्षक सम्मान से नवाजा जाएगा। इनमें रायपुर जिले की प्रधान पाठक सुश्री ममता अहार को ''डॉ. पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी स्मृति पुरस्कार'', कोण्डागांव जिले की प्रधान अध्यापक श्रीमती मधु तिवारी को ''डॉ. मुकुटधर पाण्डेय स्मृति पुरस्कार'', रायगढ़ जिले की व्याख्याता श्रीमती रश्मि वर्मा को ''डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र स्मृति पुरस्कार'' और खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले की शिक्षक एलबी श्रीमती इन्दिरा चन्द्रवंशी को ''श्री गजानन्द माधव मुक्तिबोध स्मृति पुरस्कार'' प्रदान किया जाएगा।

**राज्य शिक्षक पुरस्कार-2022**

राज्य शिक्षक पुरस्कार वर्ष 2022 से सम्मानित होने वाले 48 शिक्षकों में से कांकेर जिले के शिक्षक एल.बी. कृष्णपाल राणा और शिक्षक एल.बी. श्रीमती रूखमणी साहू, नारायणपुर जिले के सहायक शिक्षक एल.बी. देवेन्द्र कुमार देवांगन और प्रधान पाठक श्रीमती ब्रजेश्वरी रावटे, जगदलपुर जिले के शिक्षक महेश कुमार सेठिया और व्याख्याता रमेश कुमार उपाध्याय, दंतेवाड़ा जिले के सहायक शिक्षक एल.बी. खेमलाल सिन्हा और उच्च श्रेणी शिक्षक श्रीमती उषा भूआर्य, बालोद जिले के सहायक शिक्षक एल.बी. श्रवण कुमार यादव और सहायक शिक्षक एल.बी. श्रीमती पुष्पलता साहू, राजनांदगांव जिले के सहायक शिक्षक एल.बी. तुलेश्वर कुमार सेन और शिक्षक एल.बी. पारूल चतुर्वेदी, दुर्ग जिले के प्रधान पाठक यशवंत कुमार पटेल और शिक्षक एल.बी. सुश्री के. शारदा, कबीरधाम जिले की शिक्षक श्रीमती यक्ष चंद्राकर और प्रधान पाठक शिव कुमार बंजारे, बेमेतरा जिले की शिक्षक एल.बी. श्रीमती ज्योति बनाफर और व्याख्याता एल.बी. श्रीमती सुषमा शुक्ला शर्मा, महासमुंद जिले के व्याख्याता एल.बी. अनिल कुमार प्रधान और सहायक शिक्षक एल.बी. डोलामणी साहू, गरियाबंद जिले के सहायक शिक्षक एल.बी. संतोष कुमार तारक और सहायक शिक्षक एल.बी. श्रीमती लताबेला मोंगेरे के नाम शामिल है।

इसी प्रकार वर्ष 2022 राज्य शिक्षक पुरस्कार के लिए रायपुर जिले के सहायक शिक्षक एल.बी. उत्तम कुमार देवांगन और सहायक शिक्षक एल.बी. डॉ. श्रीमती गोपा शर्मा, धमतरी जिले के व्याख्याता एल.बी. राजूराम साहू और सहायक शिक्षक एल.बी. दीनबुधु सिन्हा, ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## सार संक्षेप

### कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली**। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को बुखार के कारण यहां सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। श्रीमती गांधी को हल्के बुखार की शिकायत हुई है और उन्हें डॉक्टरों की सलाह पर अस्पताल में भर्ती किया गया है। उनका स्वास्थ्य स्थिर बताया गया है और उनको देख रहे डॉक्टर बराबर उनके स्वास्थ्य पर नजर रखे हुए हैं।

### हिमाचल का प्रसिद्ध कुल्लू दशहरा 24 अक्तूबर से

**कुल्लू**। हिमाचल का अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा का प्रदेश के लोगों और देव समाज को बेसब्री से इंतजार है। आगामी 24 अक्तूबर से शुरु होने वाले कुल्लू दशहरा के लिए समिति ने जिला कुल्लू के 332 देवी-देवतओं को उत्सव में आने के लिए निमंत्रण भेज दिए हैं। यह निमंत्रण पत्र सभी कारदारों को उपमंडल अधिकारियों, तहसीलदारों व नायब तहसीलदारों की मदद से पहुंचाए जाएंगे। इसके बाद देव समाज दशहरा की आगामी तैयारियों में जुट जाएगा।

### ओडिशा में बिजली गिरने से 10 लोगों की मौत

**भुवनेश्वर**। ओडिशा के छह जिलों में बिजली गिरने से कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और तीन लोग झुलस गए। विशेष राहत आयुक्त कार्यालय (एसआरसी) कार्यालय के सूत्रों ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि खुर्दा में चार लोगों की मौत हो गई। वहीं, बलांगीर में दो, अंगुल, बौध, जगतसिंहपुर और ढेंकनाल जिले में क्रमश: एक-एक की मौत हुई है।

### जम्मू-कश्मीर के रामबन में जवान ने खुद को मारी गोली

**जम्मू**। जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में रविवार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के एक जवान ने अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मार ली। अधिकारियों ने बताया कि बिहार का सीआरपीएफ जवान बनिहाल-काजीगुंड सुरंग पर तैनात था। उन्होंने अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मार ली। उन्हें तुरंत बनिहाल शहर के एक उप-जिला अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### अरुणाचल विस सत्र आज से

**ईटानगर**। अरुणाचल प्रदेश विधानसभा का सत्र चार दिवसीय बैठक के लिए सोमवार से शुरू होगा। राज्य सरकार द्वारा तीन महत्वपूर्ण विधेयक और एक विपक्षी विधायक द्वारा एक निजी विधेयक पेश किया जाएगा।

## उदयनिधि स्टालिन ने 'सनातन धर्म' पर की विवादित टिप्पणी

**नई दिल्ली**, 3 सितम्बर (एजेंसियां)। 'सनातन धर्म' पर विवादास्पद बयान को लेकर तमिलनाडु के मंत्री और मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ दिल्ली पुलिस में दो अलग-अलग शिकायतें दर्ज की गई हैं। ये शिकायतें सुप्रीम कोर्ट के वकील विनीत जिंदल और हिंदू सेना प्रमुख विष्णु गुप्ता ने दायर की हैं। जिंदल ने आरोप लगाया कि उदयनिधि मारन के भाषण में सनातन धर्म के खिलाफ भड़काऊ और अपमानजनक, टिप्पणियां थीं।



■ दिल्ली पुलिस में दो अलग-अलग शिकायतें दर्ज की गई हैं

जिंदल ने कहा कि उदयनिधि स्टालिन के बयानों से उनकी धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं, जिन्होंने सनातन धर्म की तुलना मच्छरों, डेंगू, मलेरिया और कोरोना से की थी और इसके उन्मूलन का आह्वान किया था। शिकायतों में कहा गया है कि ये टिप्पणियां सनातन धर्म के प्रति घृणा प्रदर्शित करती हैं और तमिलनाडु सरकार में विधायक और मंत्री उदयनिधि मारन पर जानबूझकर धार्मिक समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने का आरोप

## जी-20 सम्मेलन की सुरक्षा करेगा नेत्र एयरक्राफ्ट



■ दिल्ली के हवाई क्षेत्र की करेगा निगरानी
■ 9 और 10 सितंबर को होगा सम्मेलन

**नई दिल्ली**, 3 सितम्बर (एजेंसियां)। दिल्ली में 9 और 10 सितंबर को होने वाली जी-20 सम्मेलन में अमेरिका और फ्रांस के राष्ट्रपति समेत ब्रिटेन और जापान के प्रधानमंत्री भी आएंगे। भारत विदेशी मेहमानों की सुरक्षा के लिए पुख्ता व्यवस्था कर रहा है।

भारतीय वायुसेना हवाई क्षेत्र की सुरक्षा के लिए स्वदेशी सर्विलांस और मॉनिटरिंग एयरक्राफ्ट 'नेत्र' तैनात करने की तैयारी कर रही है। वायुसेना का यह एयरक्राफ्ट फरवरी 2019 में बालाकोट स्ट्राइक के समय भी चर्चा में था। तब पाकिस्तानी एफ-16 लड़ाकू विमानों की निगरानी के लिए इसे तैनात किया गया था। दिल्ली की हवाई सुरक्षा के लिए मिसाइलें भी तैनात की जाएंगी। सेना के हेलिकॉप्टर एयर पेट्रोलिंग करेंगे। इनमें एनएसजी कमांडो रहेंगे। समारोह स्थल के आसपास बड़ी और ऊंची इमारतों पर सेना और एनएसजी तैनात होंगे। पहली बार एंटी ड्रोन सिस्टम लगाया गया है, यानी समिट के दौरान पतंग भी नहीं उड़ेगी। समिट की सुरक्षा के लिए दिल्ली में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित कैमरे भी लगाए गए हैं। कोई भी संदिग्ध गतिविधि दिखने पर ये कैमरे तुरंत सुरक्षा अधिकारी को अलर्ट मैसेज भेज देंगे। जहां विदेशी मेहमान ठहरेंगे, वहां एंटी ड्रोन सिस्टम और बुलेट प्रूफ शीशे लगवाए गए हैं।

**थाली में होगा भारतीय स्ट्रीट फूड व मिलेट्स**

सम्मेलन के लिए आ रहे विश्व नेताओं को चांदनी चौक के स्पेशल फूड और मिलेट्स के अलावा स्ट्रीट फूड परोसा जाएगा। जी-20 इंडिया के विशेष सचिव मुक्तेश परदेशी के मुताबिक शिखर सम्मेलन के लिए 10 हजार से ज्यादा लोगों के दिल्ली आने की उम्मीद है। इसके लिए शेफ मेनू को फाइनल टच देने के लिए ओवर टाइम काम कर रहे हैं।

**मेहमानों के लिए ब्रुलेट-प्रूफ कारें मंगाई गई**

जी-20 सम्मेलन के लिए केंद्र सरकार ने लेफ्ट हैंड ड्राइव कारें मंगाई हैं। ये गाड़ियां बुलेट-प्रूफ होंगी और इनका इस्तेमाल विदेशी मेहमानों को लाने-ले जाने के लिए किया जाएगा। सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स के 450 जवानों को इन कारों को चलाने की ट्रेनिंग दी गई है।

### जी-20 बैठकों को लेकर चीन की आपत्ति खारिज

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि यह स्वभाविक है कि जी-20 की बैठकें देश के हर हिस्से में आयोजित होंगी। प्रधानमंत्री ने चीन की उन आपत्तियों को खारिज कर दिया, जिनमें चीन ने अरुणाचल प्रदेश और कश्मीर में जी-20 बैठकों का आयोजन होने पर नाराजगी जताई थी। भारत की अध्यक्षता में जम्मू कश्मीर और अरुणाचल प्रदेश समेत कई जगहों पर जी-20 की बैठकें आयोजित की गईं। भारत की संस्कृति और विविधता को दर्शाने के लिए सरकार ने देश के अलग-अलग हिस्सों में जी-20 की बैठकें आयोजित की थी। ये बैठकें अरुणाचल प्रदेश और जम्मू कश्मीर में भी आयोजित की गईं थी। इस पर चीन और पाकिस्तान ने आपत्ति जताई थी क्योंकि चीन अरुणाचल प्रदेश को और पाकिस्तान जम्मू कश्मीर को 'विवादित' मानते हैं। मीडिया को दिए एक इंटरव्यू में प्रधानमंत्री ने चीन, पाकिस्तान की आपत्तियों को खारिज करते हुए कहा कि 'यह सवाल उस वक्त वैध होता अगर हमने उन जगहों पर बैठकें करने से परहेज किया होता। हमारा देश विशाल और विविधताओं से भरा है।

## सभी मंत्रियों का टिकट तय : कांग्रेस

### सर्वे रिपोर्ट के बाद पार्टी में एक राय, पहली सूची जल्द

**रायपुर**, 3 सितंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा की पहली सूची जारी होने के बाद कांग्रेस की भी पहली सूची जल्द जारी की जाने वाली है। पहली सूची में उन लोगों के नाम होंगे, जिनके नाम पर कोई विवाद नहीं है और पार्टी के सर्वे में उनकी स्थिति अच्छी बताई गई है। इस कड़ी में भूपेश सरकार के सभी 13 मंत्रियों को दोबारा टिकट दिया जा रहा है। सर्वे में ऐसी रिपोर्ट आई है कि ज्यादातर मंत्रियों की स्थिति ठीक है। कुछ को थोड़ी बहुत प्राब्लम है, लेकिन उनका भी टिकट काटने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

सर्वे और जातिगत समीकरण को ध्यान में रखते हुए प्रदेश कांग्रेस के रणनीतिकारों ने यह लगभग तय कर लिया है कि मंत्रियों को दोबारा टिकट दिया जाए। इसमें एक या दो मंत्री जिनके बारे में नकारात्मक फीडबैक मिला है, उनकी सीट बदली जा सकती है लेकिन टिकट उनका भी नहीं काटा जाएगा। ये मंत्री आदिवासी वर्ग से आते हैं इस कारण सरकार आदिवासी वर्ग में ऐसा कोई मैसेज नहीं देना चाहती कि आदिवासियों की उपेक्षा की जा रही है।



प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा है कि कांग्रेस की पहली सूची सितंबर के पहले सप्ताह में आ जाएगी। इस सूची में मंत्रियों के अलावा उन विधायकों और पिछला चुनाव लड़े नेताओं के नाम होंगे जहां से सिंगल नामों का पैनल आया है। विधायकों के परफॉर्मेंस का रिव्यू कराने के बाद 71 में से करीब 20 विधायकों की रिपोर्ट सही नहीं आई है। ऐसा कहा जा रहा है कि पहली सूची में ऐसे विधायकों या विधानसभा क्षेत्रों के बारे में फैसला नहीं होगा। इन विधायकों के कामकाज का नए सिरे से आकलन और वरिष्ठ नेताओं से चर्चा कर निर्णय लेंगे। अभी दावे से नहीं कहा जा सकता कि 20 के टिकट कट ही जाएंगे। लेकिन कमजोर विधायकों को घर बैठाया जाएगा, यह तय है।

**स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक कल**

विधानसभा चुनाव 2023 को लेकर कांग्रेस के स्क्रीनिंग कमिटी की बैठक सोमवार 4 सितंबर को कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय राजीव भवन में होगी। बैठक में 90 विधानसभा के लिए दावेदारों की सूची तैयार की जाएगी। बता दें कि पीसीसी के पास दावेदारों की सूची पहुंची है। बैठक में तीन-तीन दावेदारों के नामों का पैनल तैयार होगा। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कल छत्तीसगढ़ में आ रहे हैं। इसी दौरान उम्मीदवारों को सूची को अंतिम रूप दिया जाएगा। जिसके बाद 6 सितंबर को कांग्रेस सूची जारी होगी।

### भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ मनाएगी कांग्रेस

**नई दिल्ली**, 3 सितम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस पार्टी अपनी भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ मनाने के लिए भारत जोड़ो पदयात्रा का आयोजन करेगी। पार्टी सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी।

■ 7 सितंबर को देशभर में पदयात्रा निकाली जाएगी

सूत्रों ने बताया कि 7 सितंबर को शाम पांच बजे से छह बजे के बीच देशभर में पदयात्रा निकाली जाएगी। पिछले साल 7 सितंबर को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से भाजयुमो की यात्रा की थी और इस साल जनवरी में इसका समापन जम्मू-कश्मीर में किया था। पार्टी कांग्रेस ने कहा कि यात्रा उसके सबसे निर्णायक जन संपर्क कार्यक्रमों में से एक थी।

## इसरो ने आदित्य एल1 को अगली कक्षा में भेजा

**नई दिल्ली**, 3 सितम्बर (एजेंसियां)। इसरो के वैज्ञानिकों ने रविवार को आदित्य एल 1 स्पेसक्रॉफ्ट की ऑर्बिट बढ़ाई। अब ये पृथ्वी की 245 किमी × 22459 किमी की कक्षा में आ गया है। यानी उसकी पृथ्वी से सबसे कम दूरी 245 किमी और सबसे ज्यादा दूरी 22459 किमी है। इसरो ने बताया कि अब 5 सितंबर को दोपहर करीब 3 बजे एक बार फिर आदित्य की कक्षा बढ़ाई जाएगी। इसके लिए कुछ देर इंजन फायर करने पड़ेंगे। आदित्य को 2 सितंबर को लॉन्च किया गया था। लॉन्चिंग के 63 मिनट 19 सेकेंड बाद स्पेसक्राफ्ट को पृथ्वी की 235 किमी × 19500 किमी की कक्षा में स्थापित कर दिया था। करीब 4 महीने बाद यह 15 लाख किमी दूर लैगरेंज पॉइंट-1 तक पहुंचेगा। इस पॉइंट पर ग्रहण का प्रभाव नहीं पड़ता, जिसके चलते यहां से सूरज पर आसानी से रिसर्च की जा सकती है।



5 सितम्बर को फिर बदली जाएगी कक्षा

## चुनावी घोषणाएं बनी मुसीबत — भाजपा व कांग्रेस में मुफ्त घोषणाओं की होड़

# कर्ज के बोझ तले दबा मध्यप्रदेश

■ मध्य प्रदेश पर 23,011 करोड़ रुपए की देनदारी
■ भाजपा को लाडली बहना योजना से उम्मीदें
■ कांग्रेस ने भी जनता को दी 'पांच गारंटियां

**भोपाल, 3 सितम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले, मुख्य प्रतियोगी कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस मुफ्त की राजनीति की सीमाओं का परीक्षण कर रहे हैं। जहां मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ भाजपा मतदाताओं को लुभाने के लिए राज्य में एक के बाद एक मुफ्त या नकद प्रोत्साहन योजनाओं की घोषणा कर रही है, वहीं कांग्रेस भी चुनाव जीतने के लिए कई आकर्षक वादे कर रही है।**

*कमल नाथ के नेतृत्व वाली राज्य कांग्रेस ने 'पांच गारंटियों' महिलाओं के लिए नकद हस्तांतरण (1,500 रुपए मासिक), 500 रुपए में एलपीजी सिलेंडर, पुरानी पेंशन योजना का कार्यान्वयन, रियायती बिजली और कृषि ऋण में छूट के साथ भाजपा के खिलाफ चुनावी लड़ाई में कदम रखा है भाजपा, जिसे अपनी 'लाडली बहना योजना' से बहुत उम्मीदें हैं कि विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले घोषित हर महीने 1000 रुपए देने की महिला-केंद्रित नकद प्रोत्साहन योजना, सब्सिडी वाली बिजली के साथ 450 रुपए में एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध कराने की पेशकश लेकर आई है। लाडली बहना योजना की घोषणा के ठीक तीन महीने बाद, मुख्यमंत्री चौहान ने अब अक्टूबर में योजना के तहत भुगतान की जाने वाली प्रोत्साहन राशि को 1,000 रुपए से बढ़ाकर 1,250 रुपए करने की घोषणा की है। पिछले हफ्ते भोपाल में राज्य भर से आई महिलाओं की एक विशाल सभा को संबोधित करते हुए, चौहान ने कहा, सावन के पवित्र महीने में महिलाओं को 450 रुपए में रसोई गैस मिलेगी, उन्होंने कहा, अक्टूबर से, 1.25 करोड़ महिलाओं को 1,250 रुपए मिलेंगे (लाडली के तहत) बहना योजना) और राशि को धीरे-धीरे बढ़ाकर 3,000 रुपए प्रति माह किया जाएगा।*

*कांग्रेस अपने पांच 'वचनों' (वादों) के साथ उन परीक्षित योजनाओं पर दांव लगा रही है, जिनका उसने वादा किया था और कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश में सत्ता में आने के* ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# देश

**उवाच** “ एक राष्ट्र एक चुनाव बहुदलीय संसदीय लोकतंत्र और संघवाद के लिए एक आपदा होगा। यह स्पष्ट है कि यह पैनल सिर्फ एक औपचारिकता है और सरकार पहले ही इस पर आगे बढ़ने का फैसला कर चुकी है।

–असदुद्दीन ओवैसी,एआईएमआईएम अध्यक्ष



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 36.0 | 28.0 |
| मुंबई | 28.0 | 27.0 |
| कोलकाता | 32.0 | 27.0 |
| चेन्नई | 28.0 | 27.0 |

# अवसरवादियों से हिसाब लेगी जनता

**भोपाल,**3 सितम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा पर कांग्रेस नेता और एमपी चुनाव प्रभारी रणदीप सुरजेवाला ने बड़ा हमला बोला है। सुरजेवाला ने जन आशीर्वाद यात्रा को जन धोखा और धन लूट की अवसरवाद यात्रा बताया। राज्यसभा सांसद और कांग्रेस चुनाव प्रभारी रणदीप सुरजेवाला ने भोपाल में मीडिया से बातचीत में जन आशीर्वाद यात्रा को लेकर कहा कि शिवराज सिंह चौहान वोट नहीं माफी मांगो। वहीं, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा पर निशाना साधते हुए कहा कि नड्डा आप जवाब दीजिए 18 सालों में मध्य प्रदेश को क्यों बर्बाद किया। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि जनता धोखेबाजों से हिसाब क्यों ना ले। जनता अवसरवादियों को क्यों आशीर्वाद दें।

- **मप्र में भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा पर कांग्रेस ने बोला हमला**
- **जन आशीर्वाद यात्रा को बताया जन धोखा व धन लूट की अवसरवाद यात्रा**



**भ्रष्टाचार व अत्याचार है तब भी भाजपा को माफी नहीं वोट की दरकार है : रणदीप सुरजेवाला**

### नड्डा का आना भाजपा जाने का शुभ संकेत

जेपी नड्डा के दौरे पर सुरजेवाला ने कहा कि जेपी नड्डा को अपने गृह प्रांत में उन्हें उनके लोगों ने ही धूल चटवाई है कांग्रेस की सरकार बनवाई है। जेप नड्डा का आना भाजपा के जाने का शुभ संकेत है। सुरजेवाला ने कहा कि किसानों की आमदनी को करने के लिए जन आशीर्वाद, किसान आज सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे हैं। 20 हजार 489 किसानों की आत्महत्या के लिए आपको आशीर्वाद दें।

4 लाख 22 हजार करोड़ के कर्ज में प्रदेश को दवा देने के लिए आपका आशीर्वाद दें। क्या 50 प्रतिशत की सरकार चलाने के लिए आशीर्वाद दें। 58000 बहन बेटियों बहुओं के साथ बलात्कार करने के लिए आशीर्वाद दें। क्या 67 हजार बच्चियों के अपहरण के लिए आशीर्वाद दें। व्यापम से लेकर पटवारी तक भर्ती परीक्षाओं में 75 लाख नौजवान के भविष्य को बर्बाद करने के लिए आशीर्वाद दें। क्या महाकाल लोक में हुए भ्रष्टाचार के लिए आशीर्वाद दें। आदिवासी लोगों पर अत्याचार और पेशाब करने के लिए क्या आशीर्वाद दें। 3 लाख से ज्यादा आदिवासी भाइयों के पट्टे खारिज करने के लिए आपको आशीर्वाद दें। दलित अत्याचार में प्रदेश को देश में नंबर वन बनाने के लिए आशीर्वाद दें। 29000 से ज्यादा सरकारी स्कूल बंद करवाने के लिए आपको आशीर्वाद दें या लाखों बच्चों को स्कूल से निकाल देने के लिए आशीर्वाद दें। सूरजेवाला ने कहा कि अल्प वर्षा के चलते किसानों की फसलें खराब हो रही हैं बिजली के लिए हाहाकार मचा है। भ्रष्टाचार और अत्याचार है तब भी बीजेपी को माफी नहीं वोट की दरकार है। आपकी पाप की राजनीति का घड़ा भर गया है आप झोला उठाइए और जाइए क्योंकि अब मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आ रही है।

सिंधिया समर्थकों के कांग्रेस में शामिल होने पर सुरजेवाला ने कहा कि क्या यह नहीं दर्शा रहा है कि भाजपा बिखर रही है मध्य प्रदेश में भाजपा टूट रही है। शिवराज सिंह चौहान पैनिक मोड में हैं। इसलिए आनन फानन में प्रदेश की संपत्ति कर्ज में रखकर कुछ भी घोषणा करते जा रहे हैं। उन्हें भी मालूम है कि 2 महीने से ज्यादा वह चला नहीं सकते हैं।

### भाजपा को आशीर्वाद में नहीं मिलेगा जनता का वोट : कमलनाथ



**भोपाल।** मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी जन आशीर्वाद यात्रा निकाल रही है। इस पर तंज कसते हुए कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा है कि भाजपा कुछ भी कर ले, उसे जनता का वोट रूपी आशीर्वाद हासिल नहीं होगा। जन आशीर्वाद यात्रा को लेकर कमलनाथ ने कहा है, आज भाजपा को 'जन आशीर्वाद यात्रा' करके जनता तक जाने की जरूरत इसलिए पड़ रही है क्योंकि उनके काम जनता तक नहीं पहुंचे। अगर भाजपा जनता के बीच 'क्षमाप्रार्थी' बनकर जाएगी तो आशा है मध्य प्रदेश की बड़े दिलवाली जनता औपचारिकतावश उनकी यात्रा को पानी तो पिला दे, लेकिन भाजपा को वोट रूपी आशीर्वाद जनता फिर भी नहीं देगी। कमलनाथ ने आगे कहा मप्र को पिछले 20 सालों में पीछे धकेलने के बाद क्या अब भाजपा का अपराध बोध जागा है जो जनता के बीच जा रही है। दो दशकों में तो मप्र इतना शक्तिशाली हो जाना चाहिए था कि जनता को लुभाने के लिए झूठी घोषणा-पर-घोषणा नहीं करनी पड़ती। कमलनाथ ने कहा है कि मप्र में भाजपा दो रिकार्ड बनाने जा रही है उनमें एक है सबसे ज्यादा झूठी घोषणाओं का और दूसरा है सबसे ज्यादा वोटों से हारने का।



## अरुणाचल विधानसभा का सत्र आज से

**ईटानगर,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। अरुणाचल प्रदेश विधानसभा का सत्र चार दिवसीय बैठक के लिए सोमवार को यहां विधानसभा कक्ष में शुरू होगा। सदन में अन्य कामकाज के अलावा, राज्य सरकार द्वारा तीन महत्वपूर्ण विधेयक और एक विपक्षी विधायक द्वारा एक निजी विधेयक पेश किया जाएगा। सत्र की शुरुआत अरुणाचल प्रदेश के पूर्व मंत्रियों करदु ताइपोदिया, नीलम ताराम और चाउ तेवा मीन के सम्मान में श्रद्धांजलि के साथ होगी, जिनका हाल ही में निधन हो गया। नगर नियोजन मंत्री कामलुंग मोसांग अरुणाचल प्रदेश हवाई अड्डा क्षेत्र, योजना और विकास प्राधिकरण विधेयक, 2023 लाएंगे। इस विधेयक का उद्देश्य एक विवाह को बढ़ावा देना, पारिवारिक मूल्यों को मजबूत करना और राजनीतिक क्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना भी है। पासीघाट पश्चिम के विधायक ने कहा कि एक पति या पत्नी वाले व्यक्तियों के लिए पात्रता को सीमित करके हमारा लक्ष्य एकल वैवाहिक रिश्ते के प्रति अखंडता और प्रतिबद्धता के सिद्धांतों को बनाए रखना है।

# एनआईए ने तीन दशक से फरार दो और आतंकी पकड़े



**जम्मू,**3 सितम्बर (एजेंसियां)। तीन दशक से फरार दो और आतंकियों को एसआईए ने गिरफ्तार किया है। दोनों ने पाकिस्तान में हथियारों की ट्रेनिंग ली थी। नब्बे के दशक में डोडा में आतंकवाद में दोनों की सक्रिय भागीदारी रही है। पिछले तीन दिन में डोडा में 10 भगोड़े आतंकियों को गिरफ्तार करने में सफलता हाथ लगी है। पकड़े गए भगोड़े आतंकियों में से ज्यादातर डोडा के रहने वाले हैं। इस बीच डीजीपी दिलबाग सिंह ने दावा किया है कि जम्मू कश्मीर में आतंकी घटनाओं में जबर्दस्त कमी आई है। हम बचे हुए आतंकवाद को खत्म करने के लिए काम कर रहे हैं।

- **दोनों ने पाक में ली थी हथियारों की ट्रेनिंग**

पकड़े गए दोनों आतंकियों की शिनाख्त घाट गांव निवासी फिरदौस अहमद वानी व भारत गांव के खुर्शीद अहमद मलिक के रूप में हुई है। एसआईए की ओर से जम्मू कश्मीर को आतंकवाद मुक्त बनाने की दिशा में भगोड़े आतंकियों को चिह्नित करने तथा उन्हें गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने का विशेष अभियान चलाया गया है ताकि उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सके। एसआईए ने आतंकवाद की 327 घटनाओं में शामिल रहे 734 भगोड़े आतंकियों की जानकारी हासिल की है। इनमें 417 कश्मीर और 317 जम्मू के हैं। अब तक इनमें से 369 आतंकियों की शिनाख्त की जा चुकी है। इनमें 215 जम्मू व 154 कश्मीर के हैं। जिन आतंकियों की शिनाख्त हुई है उनमें 80 की मौत हो चुकी है। 45 आतंकी पाक तथा पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू कश्मीर में रह रहे हैं। चार जेल की सलाखों के पीछे हैं। इसी वर्ष राजोरी के ढांगरी में हुए हिंदुओं के नरसंहार मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने हमले के दो मास्टरमाइंड हाजी निसार अहमद उर्फ निसार अली और मुश्ताक हुसैन को गिरफ्तार किया है। दोनों पुंछ जिले के मेंढर के रहने वाले हैं। दोनों ने अपने घर से 2 किमी दूर जंगल में नरसंहार को अंजाम देने वाले आतंकियों के लिए आतंकी ठिकाना बनाया हुआ था। दोनों आतंकी संगठन लश्कर ए ताइबा के लिए काम करते हैं। आतंकियों को हथियार, पैसा, खाने-पीने का सामान और अन्य चीज इन्हीं दोनों ने मुहैया करवाई थी।

## सार संक्षेप

### केदारनाथ मंदिर के पीछे हुआ हिमस्खलन

**रुद्रप्रयाग/देहरादून।** उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जनपद के अंतर्गत, स्थित विश्व विख्यात भगवान शंकर के ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग केदारनाथ धाम के ठीक पीछे रविवार सुबह हिम स्खलन हो गया व बर्फीला तूफान चला। समाचार लिखे जाने तक किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। जिला आपदा प्रबंधन केंद्र प्रभारी नंदराम रजवार ने बताया कि रविवार प्रातः 7:00 बजे केदारनाथ मंदिर के पीछे लगभग तीन से चार किमी की दूरी पर सरस्वती नदी के उदगम स्थल की ओर एवलांच फॉल की सूचना प्राप्त हुई। किसी भी प्रकार की क्षति की सूचना प्राप्त नहीं हुई है और न हीं सरस्वती नदी के जलस्तर में बदलाव आया है। सभी टीमों को अलर्ट मोड पर रख दिया गया है।

### ओडिशा में बिजली गिरने से दस लोगों की मौत

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के छह जिलों में बिजली गिरने से कम से कम दस लोगों की मौत हो गई और तीन लोग झुलस गए। विशेष राहत आयुक्त कार्यालय कार्यालय के सूत्रों ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि खुर्दा में चार लोगों की मौत हो गई। वहीं, बलांगीर में दो, अंगुल, बौध, जगतसिंहपुर और ढेंकनाल जिले में क्रमश- एक-एक की मौत हुयी है। इन जिलों में शनिवार को दो घंटे से अधिक समय तक भारी बारिश हुई और बिजली गिरी। हादसों में तीन लोग झुलस गए जिन्हें खुर्दा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### चोरी के शक में युवकों को उल्टा लटका कर पीटा

**हैदराबाद।** तेलंगाना के मनचेरियल जिले से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। चोरी के संदेह में एक दलित सहित दो युवकों को उल्टा लटका कर पीटा गया। हैदराबाद से तीन सौ किमी दूर मनचेरियल जिले के मंदामरि में हुई। पीड़ितों को न सिर्फ उल्टा बांधा गया बल्कि उनके नीचे आग भी जलाई गई और दोनों की पिटाई की गई। प्रताड़ना का वीडियो रविवार को सोशल मीडिया पर सामने आया। भेड़ फार्म में काम कर रहे तेजा और उसके दलित दोस्त किरण को मालिक और उसके परिवार के सदस्यों ने पकड़ लिया और शेड में उल्टा बांध दिया।

### एसटीएफ ने 41.16 लाख मूल्य के नकली नोट किए जब्त

**भुवनेश्वर।** ओडिशा स्पेशल टास्क फोर्स ने सोनपुर जिले से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है और उसके कब्जे से 41.16 लाख रुपए से अधिक के नकली भारतीय मुद्रा नोट जब्त किए हैं। एसटीएफ सूत्रों ने कहा कि एफआईसीएन की छपाई और प्रसार करने वाले एक संगठित गिरोह के खिलाफ एक अभियान के तहत एक सितम्बर को उलुंडा, सोनपुर के पास छापेमारी की गई थी।

## केरल में ओणम का सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समापन

**तिरुवनंतपुरम,** 3 सितम्बर (एजेंसियां) केरल में पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित ओणम समारोह शनिवार की शाम यहां रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ संपन्न हो गया। राज्य के पर्यटन मंत्री पीए मोहम्मद रियास ने समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ऐतिहासिक कनककुन्नु पैलेस के विकास के लिए छह करोड़ रुपए लागत वाली परियोजना शुरू करेगी। इस परियोजना में कनककुन्नु में एक संग्रहालय और एक सभागार की स्थापना की जाएगी। समारोह में स्वास्थ्य एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री वीना जॉर्ज, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री आर अनिल, परिवहन मंत्री एंटनी राजू तथा अन्य गणमान्य हस्तियां मौजूद रही। ओणम समारोह के हिस्से के रूप में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को समापन समारोह में पुरस्कार दिए गए। इससे पहले राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने सांस्कृतिक प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में देश एवं राज्य की विविध कलात्मक और सांस्कृतिक विरासत की जीवंत झलकियां पेश की गईं। प्रतियोगिता में लगभग 3,000 कलाकारों ने भाग लिया। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने गत 27 अगस्त को समारोह का उद्घाटन किया था।



# गैस सिलेंडर के दाम में की गई कटौती चुनावी स्टंट : कांग्रेस

**रांची,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार अमीरों को और अमीर एवं गरीबों को और गरीब बना रही है। ठाकुर ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने एलपीजी सिलेंडर सहित सभी आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में अत्यधिक वृद्धि के कारण आमजनों की पीड़ा की कभी परवाह नहीं की लेकिन वर्षों बाद चुनाव के नजदीक आने पर उन्हें जनता की दर्द का अहसास हुआ और रसोई गैस सिलेंडर की कीमत 200 रुपए कम कर दी। एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 200 रुपए की कटौती मोदी सरकार द्वारा आगामी दिनों में 5 राज्यों में होने वाले चुनाव तथा उसके बाद लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को लुभाने का एक राजनीतिक स्टंट है। गैस सिलेंडर अब भी 960 रुपए है, मगर भाजपा यह ढोल पीट रही है कि गैस सिलेंडर सस्ता हो गया है। मोदी सरकार द्वारा गैस सिलेंडर सस्ता नहीं हुआ है बल्कि महंगाई का बेंचमार्क बदल दिया गया है। वर्तमान केंद्र सरकार द्वारा जनता की हालत ऐसी कर दी गई है कि 'प्यास से गला सूख जाए फिर दो बूंद पानी पिला कर कहो कि सबको पानी मिल गया है, प्यास से राहत मिल गई है'।

- **पिछले साढ़े नौ वर्षों में ईंधन में टैक्स से सरकार ने की 30 लाख करोड़ की मुनाफाखोरी**



**अमीरों को और अमीर व गरीबों को और गरीब बना रही सरकार : राजेश ठाकुर**

ठाकुर ने कहा कि पिछले साढ़े 9 वर्षों में ईंधन में टैक्स द्वारा मोदी सरकार ने 30 लाख करोड़ की मुनाफाखोरी की है। रसोई गैस की कीमत 2014 से लगातार बढ़ी है और पिछले 9 वर्षो में दोगुनी से ज्यादा हो गई है और 2020 से भाजपा सरकार ने सब्सिडी देना भी बंद कर दिया है। पिछले 2 दशकों में एलपीजी सिलेंडर की मूल्य वृद्धि पर बारीकी से नजर डालने पर हर मतदाता की आंखें खुल जाएंगी और एक साधारण व्यक्ति भी स्पष्ट रूप से समझ सकता है कि कीमतें केवल भाजपा शासन के दौरान ही बेरहमी से बढ़ाई गई है।

पिछले साढ़े 9 वर्षों में मोदी सरकार ने रसोई गैस के दाम लगातार बढ़ाकर 31.37 करोड़ लोगों को लूटा है, उन्होंने जनता की जेब से 8 लाख 33 हजार 640 करोड़ रूपयेसे ज्यादा की लूट की। सिर्फ हमारे उज्जवला बहनों से ही 2017 से अब तक मोदी ने अड़सठ हजार सात सौ, दो करोड़ रुपए से अधिक की लूट किए। प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर ने कहा कि देश में बढ़ती महंगाई पर चिंता का विषय है। महंगी गैस, महंगा तेल, थोक और खुदरा महंगाई आजादी के बाद सर्वोच्च शिखर पर है। सत्ता की भूख में मोदी सरकार आम जनता की कमर तोड़ रही है, फिर भी महंगाई से देशवासियों को लूटने का कोई भी अवसर नहीं छोड़ रही है।

पेट्रोल 100 के पार डीज़ल 95 पार, रसोई गैस 960 रुपए , खाने का तेल 200 रुपए के पार। उन्होंने कहा कि आम जनता बेबस और लाचार है पर मोदी सरकार केवल अपने चंद पूंजीपति मित्रों के मुनाफे की सोच रही है।

### 2014 की तुलना में अब भी गैस सिलेंडर 167.5 प्रतिशत महंगा

2014 से अब तक मोदी सरकार द्वारा गैस सिलेंडर के दाम में 185 प्रतिशत की वृद्धि की गई, और अभी घटाया कितना गया मात्र 17.5 प्रतिशत। अर्थात 2014 की तुलना में अब भी गैस सिलेंडर 167.5 प्रतिशत महंगा है। आम जनता के खरीदने की क्षमता के अनुसार हमारे देश में दुनिया में सबसे महंगा सिलेंडर बिक रहा है। कितनी दीवाली, होली, रक्षाबंधन बीत गए और गैस सिलेंडर का दाम बढ़ता ही गया। जिन्होंने रसोई गैस में जनता को लूटा उनके द्वारा रक्षा बंधन के नाम पर माता-बहनों को राहत देने का नाटक किया जा रहा है। जिनका रिकॉर्ड है चुनाव के बाद लगातार दाम बढ़ाने का वो चुनाव से पहले थोड़ा दाम घटा के बड़ी राहत देने की ढोल पीट रहे हैं। देश की जनता भाजपा की मोदी सरकार के रग-रग से वाकिफ हो चुकी है, अब इनके कोई भी झांसे में नहीं फंसने वाली है।

## भाजपा का चरित्र षड्यंत्रकारी : अखिलेश

**लखनऊ,** 3 सितम्बर (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा का चरित्र षड्यंत्रकारी है। प्रलोभन से वह अपनी सत्ता की भूख पूरी करना चाहती है। लूट और भ्रष्टाचार का बोलबाला है और कानून का राज चौपट है। वन ट्रिलियन डॉलर का झूठ फैलाकर जनता को झांसा दिया जा रहा है। भाजपा की इन चालों से सतर्क रहना है। अखिलेश ने प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में एकत्र कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि सन् 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा का सत्ता से बाहर हो जाना तय है। जनता समाजवादी पार्टी की सरकार बनाना चाहती है। समाजवादी पार्टी के साथ जनता है और जनता का सम्मान समाजवादी पार्टी और सरकार में ही सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार ने बिजली बनाई, भाजपा ने बिजली महंगी की और लोगों को धोखा दिया। भाजपा ने मंडी नहीं बनाई। अस्पतालों में दवा नहीं है।

- **महंगाई व चौपट कानून व्यवस्था पर उठाए सवाल**



**लोकसभा चुनाव में भाजपा का सत्ता से बाहर हो जाना तय : अखिलेश यादव**

भाजपा सरकार में उद्योग नहीं लगे। विकास कुछ हुआ नहीं अपराधी बेलगाम हैं। भाजपा सरकार में महिलाओं का सम्मान नहीं है। सांड़ों के हमलों से राज्य में प्रतिदिन लोगों की जानें जा रही है। सपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किरनमय नंदा ने कहा कि भाजपा को हराने के लिए बूथ स्तर तक समाजवादी पार्टी को मजबूती देने के लिए कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी अभी से जुट जाएं। मतदाता सूची पर निगाह रखे। जनता को बताएं कि 10 साल में भाजपा सरकार ने कोई काम नहीं किया। सन् 2024 के लोकसभा चुनाव में सभी 80 सीटों पर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों को जिताने का लक्ष्य लेकर चलना है।

### भाजपा सरकार की नीयत में विकास कार्य करना नहीं

अगर कोई जनप्रतिनिधि जनसहयोग से कुछ विकास करना चाहे तो उसकी जांच होने लगती है। अपने विपक्षियों को डराने और फर्जी केसों में फंसाने के लिए ईडी, सीबीआई पीछे लगा दी जाती है। जनता अब इस अत्याचारी भाजपा सरकार से छुटकारा पाना चाहती है। लोग सन् 2024 में भाजपा को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाएंगे और उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के सभी प्रत्याशियों को जीत दिलाएंगे।

## महाराष्ट्र सरकार जनता की समस्याएं सुलझाने में असफल : पाटिल

**कोल्हापुर,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र विधान परिषद में कांग्रेस नेता सतेज पाटिल ने बढ़ती महंगाई और आवश्यक वस्तुओं पर उच्च जीएसटी सहित लोगों की समस्याओं को हल करने में केंद्र और राज्य सरकारों पर असफल होने का आरोप लगाया। पाटिल ने कहा कि जनता में मौजूदा शिंदे-फड़नवीस-पवार सरकार के खिलाफ असंतोष है। कोल्हापुर जिला कांग्रेस ने पाटिल के नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकारों की लक्ष्यहीन नीतियों से परेशान जनता को राहत देने के लिए जनसंवाद यात्रा शुरू की है।यह यात्रा कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले द्वारा घोषित राज्य स्तरीय आंदोलन के हिस्से के रूप में निकाली गई है। इसकी शुरुआत सुबह सात बजे जिले की चंदगढ़ तहसील के तंदुलवाड़ी गांव से हुई, जिसमें सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता और समर्थक, विशेषकर महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग ले रही थीं।



**बंगाल के राज्यपाल का फरमान**

## राजकीय विवि शिक्षा विभाग का निर्देश मानने के लिए बाध्य नहीं

**कोलकाता,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी.आनंद बोस के कार्यालय द्वारा जारी ताजा अधिसूचना से राज्य विश्वविद्यालयों पर राज्य सरकार के अधिकार के स्तर को वस्तुत: शून्य पर लाने से गवर्नर हाउस और राज्य सचिवालय के बीच टकराव का एक और रास्ता खुल गया है। अधिसूचना में साफ तौर पर कहा गया है कि सभी राज्य विश्वविद्यालयों के फैकल्टी और नॉन फैकल्टी स्टाफ पहले चांसलर और फिर वाइस चांसलर के प्रति जवाबदेह हैं।



राज्यपाल स्वयं अपने पद के आधार पर सभी राज्य विश्वविद्यालयों के चांसलर भी होते हैं। राज्य सरकार राज्य विश्वविद्यालयों के अधिकारियों को निर्देश दे सकती है, लेकिन वे निर्देश विश्वविद्यालयों के अधिकारियों या कर्मचारियों के लिए बाध्यकारी नहीं हैं। अधिसूचना में यह भी बताया गया है कि राज्य सरकार या राज्य शिक्षा विभाग से किसी भी राज्य विश्वविद्यालय को कोई भी निर्देश तभी मान्य होगा जब उसे वाइस चांसलर द्वारा मंजूरी दे दी जाएगी। राज्यपाल ने 1 सितम्बर को घोषणा की कि वह राज्य विश्वविद्यालयों के चांसलर के रूप में उन राज्य विश्वविद्यालयों के लिए अंतरिम वाइस चांसलर की भूमिका निभाएंगे जहां वर्तमान में कार्यात्मक प्रमुखों की कुर्सियां खाली हैं। इस फैसले की राज्य के शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु ने तीखी आलोचना की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएगी। हालांकि, विपक्षी भाजपा ने इस कदम को राज्य सरकार द्वारा उन पर थोपे गए राजनीतिक निर्णयों से मुक्त विश्वविद्यालयों की स्वायत्त प्रकृति को सुरक्षित करने के लिए सही दिशा में एक कदम बताया है।

**चिंता** *वैष्णो देवी की यात्रा के आंकड़ों को लेकर श्राइन बोर्ड चिंतित*

# उम्मीदों के अनुरूप वैष्णो देवी धाम में नहीं पहुंचे श्रद्धालु

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,3 सितम्बर (देशबन्धु)। जो वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड इस साल वैष्णो देवी आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या के एक करोड़ के आंकड़े को छूने की जो उम्मीद लगाए बैठा था वह अब पूरी होती नजर नहीं रही है जिस कारण वह अब चिंता में है। श्राइन बोर्ड की चिंता का कारण आने वालों की संख्या में कोई खास बढ़ोतरी नहीं होना है।**

इस साल अगस्त में पिछले साल के अगस्त महीने से 1.10 लाख कम श्रद्धालुओं के आने के कारण भी उसकी चिंता बढ़ी है। जबकि जुलाई तक 3 लाख से अधिक के कारण वह बहुत खुश था।

श्राइन बोर्ड द्वारा मुहैया करवाए गए आंकड़ों के मुताबिक, पिछले आठ महीनों में पिछले साल के मुकाबले डेढ़ लाख अधिक श्रद्धालु ही अभी तक वैष्णो देवी के दरबार में आए हैं। पिछले साल आठ महीनों में आने वालों की संख्या 63.81 लाख थी तो इस बार यह संख्या बढ़ कर 65.31 लाख हो चुकी है। जबकि पिछले पूरे साल में आने वालों का आंकड़ा 91.25 लाख था। जानकारी के लिए वर्ष 2023 के जनवरी माह में कुल 524189 श्रद्धालु मां के दरबार पहुंचे थे तो वहीं फरवरी माह में 414432 श्रद्धालु दर्शन को आए।



- **इस साल अब तक 65.31 लाख श्रद्धालु वैष्णो देवी के दरबार पहुंचे**

वहीं मार्च माह में 894650 अप्रैल माह में 1018540 मई माह में 995773 जून माह में 1195844 श्रद्धालु जुलाई माह में 776800 श्रद्धालु मां के दर पहुंचे थे। वर्ष 2022 के जनवरी माह में 438521 श्रद्धालु फरवरी माह में 361074 श्रद्धालु मार्च माह में 778669 श्रद्धालु अप्रैल माह में 902192 श्रद्धालु मई माह में 986766 श्रद्धालु जून माह में 1129231 श्रद्धालु जबकि जुलाई माह में 907542 श्रद्धालु मां के दरबार पहुंचे थे यानी कि वर्ष 2022 के पहले 7 माह में कुल 5503995 श्रद्धालु मां के दरबार हाजिर लगाने पहुंचे थे। और अगस्त में पिछले साल के मुकाबले 1.10 लाख श्रद्धालुओं के कम आने के कारण ही चिंता बढ़ी है। पिछले साल अगस्त में 8.77 लाख श्रद्धालु आए थे और इस वर्ष अगस्त में यह संख्या 7.10 लाख पर ही अटक गई। हालांकि अभी इस साल के 4 महीने बाकी हैं। जबकि आंकड़ों के बकौल, पिछले साल सितम्बर से दिसम्बर तक के अंत तक 27.43 लाख श्रद्धालु मां के दरबार में आए थे और अगर इस बार की यात्रा को एक करोड़ का आंकड़ा छूना है तो प्रतिदिन 30 हजार के करीब श्रद्धालुओं का आना जरूरी है। पर वर्तमान में आने वालों की संख्या के 12 से 15 हजार तक लुढ़क जाने के कारण श्राइन बोर्ड चिंता में है।

श्राइन बोर्ड की चिंता में बढ़ोतरी देश का राजनीतिक माहौल भी पैदा कर रहा है जिसमें यह चर्चा जारी है कि देश में समय से पहले लोकसभा चुनाव हो सकते हैं। श्राइन बोर्ड के एक अधिकारी के बकौल, अगर ऐसा हुआ तो पिछले साल के आंकड़े को भी छू पाना मुश्किल हो जाएगा।

## जीनत अमान और शबाना आजमी को लेकर फिल्म बन टिक्की बनाएंगे मनीष मल्होत्रा

**मुंबई।** जानेमाने फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ,जीनत अमान और शबाना आजमी को लेकर फिल्म बन टिक्की बनाने जा रहे हैं। मनीष मल्होत्रा फिल्म प्रोड्यूसर के तौर पर डेब्यू करने जा रहे हैं। उन्होंने अपने प्रोडक्शन हाउस- स्टेज-5 प्रोडक्शन शुरू करने की जानकारी दी। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपने प्रोडक्शन हाउस की फिल्म बन टिक्की की अनाउंसमेंट की। मनीष मल्होत्रा की इस फिल्म से जीनत अमान , शबाना आजमी के साथ दिखाई देंगी। इस फिल्म में अभय देओल भी होंगे। फिल्म का निर्देशन फराज आरिफ अंसारी करेंगे।

### कोविड संक्रमण को लेकर विशेषज्ञों का दावा

# एक्सबीबी व ईजी वेरिएंट की तुलना में कोविड बीए.2.86 कम संक्रामक


**नई दिल्ली,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। विशेषज्ञों ने रविवार को तर्क दिया कि नया पाया गया बीए.2.86 कोविड उप-वेरिएंट एक्सबीबी और ईजी स्ट्रेन की तुलना में कम संक्रामक हो सकता है, जिसने पहले दुनिया भर में महत्वपूर्ण संक्रमण फैलाए थे। बीए.2.86, जो ओमिक्रॉन संस्करण से आया है, अब तक चार महाद्वीपों में कोविड के 29 मामलों से जुड़ा हुआ है।

- चीनी वैज्ञानिकों के नए अप्रकाशित प्रयोगात्मक डेटा की अब तक समीक्षा नहीं
- एक्सबीबी.1.5 की तुलना में बीए.2.86 एंटीजेनिक रूप से भिन्न

चीनी वैज्ञानिकों के नए अप्रकाशित प्रयोगात्मक डेटा, जिनकी अब तक समीक्षा नहीं की गई है, से पता चला है कि बीए.2.86 वायरस के पिछले संस्करणों से इतना अलग है कि यह पुराने वेरिएंटों के लिए शरीर में बने एंटीबॉडी से आसानी से बच जाता है। इस मामले में यह ईजी.5 से भी आगे है।

पेकिंग विश्वविद्यालय के सहायक प्रोफेसर यूनलोंग रिचर्ड काओ ने एक्स पर लिखा कि एक्सबीबी.1.5 की तुलना में बीए.2.86 एंटीजेनिक रूप से भिन्न है। यह एक्सबीबी-संक्रमण/टीकाकरण प्रेरित एंटीबॉडी से काफी हद तक बच सकता है, हालांकि, बीए.2.86 की संक्रामकता एक्सबीबी.1.5 और ईजी.5 की तुलना में बहुत कम हो सकती है।

अमेरिका में फ्रेड हच कैंसर सेंटर के विकासवादी जीवविज्ञानी डॉ. जे.सी. ब्लूमन ने न्यूयॉर्क टाइम्स को बताया कि एक संभावित



परिदृश्य यह है कि बीए.2.86 वर्तमान वेरिएंट की तुलना में कम संक्रामक है, और इसलिए कभी भी व्यापक रूप से नहीं फैलता है। हालांकि, इस बात की भी संभावना है कि वैरिएंट व्यापक रूप से फैल जाएगा - और हमें जानने के लिए और अधिक डेटा का इंतजार करना होगा।

आंकड़ों से पता चलता है कि अपडेटेड वैक्सीन भी इसके खिलाफ कम प्रभावी होगी। हालांकि, यूएस सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) ने अपने 23 अगस्त के जोखिम मूल्यांकन में कहा कि वर्तमान में उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर, एक्सबीबी.1.5 वेरिएंट को लक्षित करने वाले अपडेट किए गए कोविड -19 टीके बीए.2.86 के खिलाफ प्रभावी होने की उम्मीद है। ये गंभीर बीमारी और अस्पताल में भर्ती होने को कम करेंगे।

बीए.2.86 वैरिएंट में एक्सबीबी.1.5 से 35 से अधिक आनुवंशिक अंतर हैं, जो इस वर्ष के अधिकांश समय में प्रमुख वैरिएंट है। सीडीसी ने कहा कि यह आनुवंशिक छलांग 'लगभग वैसी ही है' जैसी कि प्रारंभिक ओमिक्रॉन संस्करण और डेल्टा संस्करण के बीच देखी गई थी।

येल मेडिसिन के हालिया बुलेटिन में संक्रामक रोग विशेषज्ञ डॉ. स्कॉट रॉबर्ट्स ने कहा कि इतनी अधिक संख्या में उत्परिवर्तन उल्लेखनीय है। उन्होंने कहा कि जब हम (ओमाइक्रॉन वैरिएंट) एक्सबीबी.1.5 से (एरिस) ईजी.5 तक गए, तो वह शायद एक या दो उत्परिवर्तन थे। लेकिन ये बड़े बदलाव, जो हमने डेल्टा से ओमीक्रॉन तक भी देखे, चिंताजनक हैं।

इस बीच, सीडीसी ने यह भी नोट किया कि हाल के अन्य वेरिएंट की तुलना में बीए.2.86 उन लोगों में निर्णायक संक्रमण पैदा करने में अधिक सक्षम हो सकता है जो पहले संक्रमित या टीका लगाए गए थे।

अब तक, यह अधिक गंभीर बीमारी का कारण नहीं पाया गया है। सीडीसी ने कहा, लेकिन मामलों की सीमित संख्या का मतलब है कि यह जानना बहुत जल्दी है कि क्या यह अधिक गंभीर कोविड-19 का कारण बनता है या अन्य वेरिएंट की तुलना में अधिक संक्रामक है।

स्वीडन में कारोलिंस्का इंस्टिट्यूट के एक शोधकर्ता बेन मुरेल ने एक्स पर लिखा कि  कुल मिलाकर, यह ओमिक्रॉन के मूल उद्भव जितनी गंभीर स्थिति नहीं लगती है।

## सरगुन मेहता ने मुझे एक बेहतर अभिनेत्री बनने के लिए प्रेरित किया : अलीशा परवीन



**नई दिल्ली,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। पारिवारिक ड्रामा 'उड़ारियां' में आलिया की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री अलीशा परवीन ने शो की निर्माता सरगुन मेहता के साथ अपनी पहली मुलाकात को याद किया। 2019 में अभिनेत्री सरगुन ने अपने पति रवि दुबे के साथ अपना खुद का प्रोडक्शन हाउस ड्रीमियाटा एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड शुरू किया था। एक फिल्म 'झल्ले' का भी सह-निर्माण किया था। मार्च 2021 में ड्रीमियाटा एंटरटेनमेंट ने टेलीविजन शो 'उड़ारियां' का निर्माण किया। इस शो में पहले प्रियंका चाहर चौधरी और अंकित गुप्ता शामिल थे। शो की लीप के बाद की प्रेम कहानी दर्शकों को मंत्रमुग्ध करती रहती है।

अपने किरदारों के प्रति सच्चे रहते हुए नए कलाकार आलिया के रूप में अलीशा, अरमान गिल के रूप में अनुराज चहल, और आसमां ढिल्लों के रूप में अदिति भगत दर्शकों का मनोरंजन करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

सरगुन के साथ अपनी मुलाकात को याद करते हुए अलीशा ने कहा कि मैं सरगुन मेहता के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए एक क्षण लेना चाहती हूं जो हमारे शो की निर्माता हैं। जब मैं उनसे पहली बार मिली तो उन्होंने मुझे वैसा ही रहने की सलाह दी, और मुझे विश्वास हो गया कि मैं 'उड़ारियां' की उनकी आलिया हूं। उन्होंने आगे कहा कि जब कोई आप पर इस तरह का आत्मविश्वास दिखाता है, तो आपके काम करने के तरीके में बहुत बड़ा अंतर आ जाता है। मुझे एक बेहतर अभिनेत्री बनने में प्रेरित करने के लिए मैं उन्हें धन्यवाद देती हूं। अपने किरदार के बारे में उन्होंने कहा कि आलिया अपने सपनों को महत्व देती है और उन्हें पूरा करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती।

आलिया, नेहमत (ट्विंकल अरोड़ा द्वारा अभिनीत) और एकम (हितेश भारद्वाज द्वारा अभिनीत) की प्यारी बेटी है, जो नेहमत को अपना सबसे बड़ा प्रतिद्वंद्वी मानती है। शो में अरमान 25 साल का एक उत्साही लड़का है, जो आलिया के दिल में एक विशेष स्थान रखता है, और मानता है कि ऐसी कोई चीज नहीं है जिसे जुगाड़ ठीक नहीं कर सकता। यह शो कलर्स पर प्रसारित होता है।

## छात्र का कमाल, मोतियाबिंद का पता लगाने के लिए ऐप बनाया

**लखनऊ,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। लखनऊ के 17 वर्षीय ईशान वसंतकुमार ने एक एआई-आधारित ऐप 'रोशिनी' डेवलप किया है जो शुरुआत में ही मोतियाबिंद का पता लगाएगा। इस ऐप को शनिवार को उत्तर प्रदेश टेक्निकल सपोर्ट यूनिट और स्टडी हॉल द्वारा आयोजित नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर के दौरान पेश किया गया। स्टडी हॉल स्कूल के 12वीं कक्षा के छात्र ईशान ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और इंडिया हेल्थ एक्शन ट्रस्ट के साथ मिलकर इस ऐप को बनाने के लिए एक साल तक काम किया। यह यूजर-फ्रेंडली है, सार्वजनिक तथा फ्रंटलाइन के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं दोनों के लिए सुलभ है जो शुरुआती मोतियाबिंद जांच में ग्रामीण समुदायों की सहायता करेगा। इसका टारगेट अनुपचारित मोतियाबिंद के कारण होने वाले अंधेपन और

- मोतियाबिंद जांच में ग्रामीण समुदायों की करेगा सहायता
- ऐप का उपयोग वाराणसी, फतेहपुर और हापुड़ में होगा



दृष्टि संबंधित समस्याओं को खत्म करना है। प्रारंभ में ऐप का उपयोग वाराणसी, फतेहपुर और हापुड़ में किया जाएगा। ईशान ने दावा किया है कि फिलहाल भारत में ऐसा कोई ऐप उपलब्ध नहीं है। ईशान का कहना है कि मेरे नाना-नानी दोनों मोतियाबिंद से पीड़ित थे, जिसने मुझे इस संबंध में काम करने के लिए प्रेरित किया। यूपीटीएसयू के एक डेटा वैज्ञानिक सत्य स्वरूप ने कहा कि इस ऐप के माध्यम से हम ग्रामीण भारत में मोतियाबिंद जांच में क्रांति लाना चाहते हैं। शिविर की शुरुआत एप के प्रदर्शन और प्रतिभागियों के लिए मुफ्त स्क्रीनिंग के साथ हुई।

## एक असाधारण आभा की धनी थी अभिनेत्री नूतन : मौसमी चटर्जी

**नई दिल्ली,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। रियलिटी शो 'इंडियाज बेस्ट डांसर 3' में दिग्गज अभिनेत्री मौसमी चटर्जी ने अभिनेत्री नूतन को याद करते हुए कहा कि वह अद्वितीय प्रेरणा की स्रोत थीं। अभिनेत्री मौसमी चटर्जी ने डांस रियलिटी शो 'इंडियाज बेस्ट डांसर 3' के मंच पर विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की।



'डांस का ट्रिपल धमाल' विशेष एपिसोड में दो प्रतियोगी एक कोरियोग्राफर के साथ मिलकर आकर्षक प्रदर्शन से सभी को आश्चर्यचकित कर देंगे। नूतन की प्रशंसा करते हुए मौसमी ने साझा किया कि नूतन जी, एक गुरु देवी और अद्वितीय प्रेरणा के स्रोत के रूप में एक असाधारण आभा रखती थीं। उन्होंने एक सच्चे कलाकार का सार भी प्रस्तुत किया। 1969 की 'परिणीता' फेम अभिनेत्री ने कहा कि किशोर कुमार जी के साथ उनकी युग-परिभाषित भूमिकाओं से लेकर 'सरस्वती चंद्र' में उनके कालजयी प्रदर्शन तक वह एक संपूर्ण अभिनेत्री थीं। मुझे उनके भीतर के कलाकार को देखने का सौभाग्य मिला। मौसमी ने आगे कहा कि नूतन ने एक बार मेरे साथ बहुत ही अमूल्य सलाह साझा करते हुए कहा था, चाहे आप कहीं भी हों, कभी भी अपने आप से नजरें न हटाएं। किसी और जैसा बनने या उनकी यात्रा का अनुकरण करने की आकांक्षा न करें। जितना हो सके प्रामाणिक बनें और अपना रास्ता खुद बनाएं।

## दो शिक्षकों ने फिर बढ़ाया पूर्वांचल विश्वविद्यालय का मान

**जौनपुर,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के जौनपुर स्थित वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय की पूर्व संकायाध्यक्ष एवं बायोटेक्नोलॉजी विभाग की पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. वंदना राय और केमिस्ट्री विभाग के असिस्टेंट प्रो. डॉ मिथिलेश यादव ने स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी, यूएसए द्वारा जारी विश्व के शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में लगातार तीसरे वर्ष भी जगह बनाई है। इन वैज्ञानिकों की अन्तरराष्ट्रीय उपलब्धि से पूर्वांचल विश्वविद्यालय का सम्मान बढ़ा है। प्रो. वंदना राय पिछले 24 वर्षों से अधिक समय से बायोटेक्नोलॉजी के क्षेत्र में मानव आणविक अनुवांशिकी में स्वास्थ्य सम्बन्धी विषयों और फोलिक एसिड से सम्बंधित जींस समेत अनेक बीमारियों को प्रभावित करने वाले सिंगल न्युक्लीओटाइड पोलीमोर्फिस्म पर महिलाओं व ग्रामीण क्षेत्र की जनता के लिए कार्य कर रहीं हैं। प्रो. वंदना राय मुख्य रूप से विभिन्न जन्मजात, न्यूरोलॉजिकल, मानसिक, कैंसर तथा आयु से सम्बंधित बीमारियों पर शोध कार्य कर रही हैं। साथ ही उनके द्वारा इन बीमारियों के बारे में पूर्वांचल की जनता को लगातार जागरूक किया जा रहा हैं। प्रो. राय के 100 से अधिक शोध पत्र राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में प्रकशित हो चुके हैं। उन्हें उच्च शिक्षा विभाग द्वारा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु शिक्षक श्री सम्मान हेतु भी चयनित किया गया है। इसके अतिरिक्त उन्हें पूर्व में कई अन्य पुरस्कार/सम्मान प्राप्त हो चुके है। प्रो. वंदना राय को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के साथ-साथ कई परियोजनाएं प्राप्त हुई हैं। वे कई देशों का शैक्षणिक भ्रमण भी कर चुकीं हैं । डॉ मिथिलेश यादव एक दशक से अधिक समय से पॉलीमर केमिस्ट्री के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं, अब तक उनके 65 अंतरराष्ट्रीय शोध पत्र प्रकाशित हो चुके हैं। डॉ मिथिलेश यादव को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के साथ-साथ विभिन्न एजेंसीज से कुल 30 लाख की रिसर्च ग्रान्ट प्राप्त हो चुकी है। पूर्व में डॉ. मिथिलेश 4 वर्षों तक दक्षिण कोरिया एवं 2 वर्षों तक ताइवान में शोध कार्य कर चुके हैं। वर्ष 2014 से 2017 तक डॉ यादव कोठारी पोस्ट- डॉक्टर फेलो के रूप में जामिया मिल्लिया इस्लामिया, नई दिल्ली में भी कार्य कर चुके हैं। दोनों शिक्षकों की इस उपलब्धि ने विश्वविद्यालय का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मान बढ़ाया है।

- 100 से अधिक शोध पत्र राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में प्रकशित



## 'आईजीटी 10' - अपना सिग्नेचर 'हुनर सलाम' देने के लिए क्रेन पर चढ़ी शिल्पा शेट्टी

**नई दिल्ली,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। एक्ट्रेस और 'इंडियाज गॉट टैलेंट' की जज शिल्पा शट्टी कुंद्रा शो में अबूझमाड़ ग्रुप को अपना सिग्नेचर 'हुनर सलाम' देने के लिए क्रेन पर चढ़ गईं। टैलेंट रियलिटी शो के रविवार के एपिसोड में भक्ति गायक अनूप जलोटा की मौजूदगी में जन्माष्टमी का त्योहार मनाया जाएगा।

'टॉप 14' के कंटेस्टेंट्स के परफॉर्मेंस से न केवल अनूप जलोटा, बल्कि जज शिल्पा शेट्टी कुंद्रा, बादशाह और किरण खेर भी हैरान रह जाएंगे।

प्रतिभा और मनोरंजन की सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए जाना जाने वाला, छत्तीसगढ़ का अबूझमाड़ ग्रुप स्टेज पर दमदार



परफॉर्मेंस देंगे। उनके परफॉर्मेंस के बारे में बात करते हुए, शिल्पा ने कहा कि आपने इस एक्ट के जरिए बहुत सारे स्किल्स दिखाए हैं। इसने मुझे यूरोप में परफॉर्म करने वाले 'सर्क डी सोइल' नाम के एक ट्रूप की याद दिला दी। जिस तरह से आपने आज हमारा मनोरंजन किया, वह देखकर मैं हैरान हूं। यह बेहतरीन परफॉर्मेंस था।

उनकी सराहना करते हुए, किरण ने साझा किया कि शानदार! यह एक्ट एक ही समय में कठिन और सुंदर दोनों था। जिस तरह से आप इतनी सटीकता के साथ परफॉर्म करने में सफल रहे, वह सराहनीय है! मैं भगवान से प्रार्थना करती हूं कि वह आपको हमेशा सुरक्षित और खुश रखें। वहीं अनूप जलोटा ने कहा कि इनको छत्तीसगढ़ के 36 हीरो मिल गए। सब कुछ अद्भुत था, लेकिन छोटा बच्चा, सुरेश बेहतरीन था।

## 'जाने जान' के नए पोस्टर में जयदीप अहलावत का जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन

**मुंबई,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। करीना कपूर की अपकमिंग थ्रिलर 'जाने जान' के ट्रेलर लॉन्च से पहले, एक नए पोस्टर का अनावरण किया गया है, जिसमें फिल्म के लिए एक्टर जयदीप अहलावत का ट्रांसफॉर्मेशन दिखाया गया है। एक्टर के ट्रांसफॉर्मेशन के चलते उन्हें पहचानना मुश्किल हो रहा है। तस्वीर में जयदीप को घने बालों के साथ व्हाइट शर्ट, ब्लैक पैंट और ब्लैक टाई पहने देखा जा सकता है। वह नीचे की ओर मुंह करके बैठे हैं, उनके चेहरे पर चिंता का भाव है। जयदीप अहलावत और करीना कपूर दोनों ने इंस्टाग्राम पर पोस्टर जारी किया, पोस्ट को कैप्शन दिया कि कुछ सीक्रेट्स, जान लेकर ही रहेंगे। 'जाने जान' का ट्रेलर 2 दिन में रिलीज होगा। निर्देशक सुजॉय घोष ने भी अपने एक्स



(पूर्व में ट्विटर) पर पोस्टर जारी करते हुए लिखा, नरेन व्यास से आपका परिचय कराते हुए बहुत उत्साहित हूं। प्यार करना कोई इनसे सीखे 'जाने जान' का ट्रेलर 2 दिन में रिलीज हो जाएगा।

वेब-सीरीज़ 'पाताल लोक' में इंस्पेक्टर हाथी राम चौधरी के रूप में नज़र आने के बाद, एक्टर के लिए यह एक बहुत ही अलग लुक है। इससे पहले भी, एक्टर ने 'राजी', 'विश्वरूपम 2' और 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' जैसी कई फिल्मों में काम किया है। 'जाने जान' एक क्राइम थ्रिलर है, जो कीगो हिगाशिनो के जापानी नोवेल 'द डिवोशन ऑफ सस्पेक्ट एक्स' पर बेस्ड है। फिल्म का ट्रेलर 5 सितम्बर 2023 को रिलीज होगा, जबकि फिल्म 21 सितम्बर 2023 को नेटफ्लिक्स पर आएगी।

## जन्माष्टमी पर कान्हा की जन्मभूमि में होगा ठाकुर जी का अनूठा श्रृंगार

**मथुरा,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर कान्हा की जन्मभूमि पर आने वाले लाखों श्रद्धालु



इस बार ठाकुर जी का अनूठा श्रंगार देखेंगे। श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के सचिव कपिल शर्मा के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि आने वाले तीर्थयात्री रजत कमल पुष्प में न केवल ठाकुर का प्राकट्य देख सकेंगे बल्कि स्वर्णमण्डित रजत कामधेनुस्वरूपा गौ प्रतिमा द्वारा ठाकुर का प्रथम अभिषेक देख सकेंगें किंतु इससे पहले मोर्छलासान में विराजमान होकर अभिषेक स्थल पर चल विगृह का दर्शन भी कर सकेंगे। इस बार सोमनाथ पुष्प बंगले में ठाकुर जी को विराजमान करने की व्यवस्था भी की गई है। कान्हा का अभिषेक श्रीकृष्ण जन्मस्थान न्यास के अध्यक्ष महन्त नृत्य गोपालदास की अध्यक्षता में 7 सितम्बर को होगा।

सचिव शर्मा के अनुसार 20 घंटे से अधिक समय तक ठाकुर के पट खुले रहेंगे। इस बार ऐसी व्यवस्था की जाएगी कि श्रद्धालुओं को दर्शन करने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। जन्माष्टमी की शुरूवात 7 सितम्बर को प्रात: साढे पांच बजे शहनाई वादन एव ढोल तथा नगाड़ो की बुलन्द आवाज से होगी। इसके बाद अभिषेक का कार्यक्रम एक घंटे से अधिक देर तक वैदिक मंत्रों के मध्य होगा। अभिषेक का चरणामृत उस समय श्रीकृष्ण जन्मस्थान परिसर में मौजूद सभी भक्तों में वितरित किया जाएगा। प्रात: दस बजे से श्रद्धा कार्यक्रम होगा जिसमें देश के जाने माने कलाकार अपनी स्वरलहरी और वाद्य यंत्र के माध्यम से ठाकुर के श्रीचरणों में अपनी भवांजलि प्रस्तुत करेंगें तो जाने माने संतों का इस अवसर पर प्रवचन होगा।

उधर श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के सदस्य गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी ने बताया कि इस बार जन्मस्थान आनेवाले तीन प्रमुख मार्गों पर तीर्थयात्रियों का सामान रखने की व्यवस्था की गई है। तीर्थयात्रियों को सलाह दी गई है कि वे इलेक्ट्रानिक सामान अपने ठहरने के स्थान पर ही रखकर दर्शन के लिए आएं। सामान रखने के स्थान पर जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा चिकित्सा की भी व्यवस्था की जाएगी। आयुर्वेद भवन प्रांगण में खोया पाया केन्द्र बनाया जाएगा।

### जनमाष्टमी कार्यक्रम का आयोजन

सचिव शर्मा के अनुसार अभिषेक का कार्यक्रम जनमाष्टमी की रात 12 बजकर 5 मिनट से 12 बजका 20 मिनट तक चलेगा तथा इसके बाद कान्हा का जन्म महाअभिषेक 12 बजकर 40 मिनट तक चलेगा। इसके बाद श्रृंगार आरती 12 बजकर 50 मिनट तक होगी तथा दर्शन खुले रहेंगे। शयन आरती 1 बजकर 25 मिनट से डेढ़ बजे तक होगी और इसके बाद दर्शन बंद हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि जन्माष्टमी पर जन्मस्थान आनेवाले प्रत्येक भक्त को प्रसाद दिया जाता है। इस बार भी निकास द्वारों पर इसकी व्यवस्था की जाएगी। चूंकि आनेवाले भक्तों की संख्या लाखों में होती है इसलिए खराब न होनेवाले प्रसाद का बनना अभी से शुरू हो गया है।

### आईआईटी दिल्ली के प्रोफेसरों का दावा

# पोकर, रम्मी कौशल के खेल



**नई दिल्ली,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), दिल्ली के प्रोफेसरों ने कहा है कि कार्ड गेम पोकर और रम्मी 'कौशल' के खेल हैं, चाहे वे ऑनलाइन खेले जाएं या ऑफलाइन।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ऑटोमेशन के कैडेंस चेयर प्रोफेसर प्रो. तपन के. गांधी ने अपनी टीम के साथ हाल ही में एक व्यापक अध्ययन किया है जिसमें पुष्टि की गई है कि पोकर और रम्मी कौशल के खेल हैं। अध्ययन पोकर और रम्मी में सफलता के लिए आवश्यक संज्ञानात्मक और अन्य कौशल के महत्व को पुष्ट करता है।

इसने खेल में अनुभव और सीखने योग्य कौशल के प्रभाव और खेल में खिलाड़ी की दीर्घकालिक सफलता में इसकी भूमिका का विश्लेषण किया।

गांधी ने एक बयान में कहा कि हमारे पूरे शोध के दौरान, हमें ऐसे दिलचस्प मामले पेश किए गए, जिनसे यह स्पष्ट हो गया कि इन खेलों के लिए वास्तव में एक स्तर की जन्मजात समझ की आवश्यकता होती है, जो खिलाड़ियों की संज्ञानात्मक क्षमताओं के निर्माण में सहायता करती है।

उन्होंने कहा कि सिर्फ खेल के कौशल पहलू को सीमित नहीं करते हुए, हमने यह भी देखा कि खिलाड़ी के नरम कौशल जैसे सामाजिक संकेतों को समझना, उच्च दबाव वाली स्थितियों में निर्णय लेना, स्मृति बनाए रखना और लगातार खेलने के दौरान आगे बढ़ना आदि शामिल हैं।

- खिलाड़ी के नरम कौशल जैसे सामाजिक संकेतों को समझना, स्मृति बनाए रखना, खेलने के दौरान आगे बढ़ना आदि शामिल

अध्ययन ने यह निर्धारित करने के लिए गणितीय उपकरणों का उपयोग करके एक मात्रात्मक विश्लेषण प्रदान किया कि क्या ऑनलाइन पोकर और रम्मी में दीर्घकालिक सफलता का श्रेय कौशल को दिया जा सकता है।

डेटा का विश्लेषण 2-प्लेयर, 3-प्लेयर और 6-प्लेयर प्रारूपों में 30 से 100 गेम तक फैले यूजर डेटा के एक बड़े सेट का उपयोग करके किया गया था। निष्कर्षों से संकेत मिलता है कि पोकर और रम्मी दोनों में, जैसे-जैसे यूजर अधिक गेम खेलते हैं, कौशल चर में सुधार होता है। इसके अलावा, यूजर्स की जीत दरों के बीच मापा गया सहसंबंध 0.904 था, जो एक सकारात्मक संबंध को दर्शाता है और खेल में कौशल की दृढ़ता पर जोर देता है, जो लगातार समय के साथ परिणामों को आकार देने में मात्र अवसर से अधिक कौशल के महत्व पर प्रकाश डालता है। आईआईएम कोझिकोड में रणनीतिक प्रबंधन के एसोसिएट प्रोफेसर दीपक ध्यानिथी ने कहा कि पोकर और रम्मी जैसे ऑनलाइन कार्ड गेम के क्षेत्र में विश्लेषण संदेह के लिए कोई जगह नहीं छोड़ता है मौका नहीं, कौशल दीर्घकालिक सफलता के पीछे की प्रेरक शक्ति है।

उन्होंने कहा कि ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों में, कौशल सर्वोच्च है, जिससे क्रिकेट, गोल्फ आदि जैसे अन्य खेलों की तरह मुश्किल कम हो जाती है, क्योंकि खिलाड़ी चुनौती के लिए आगे बढ़ते हैं। शोध स्थापित करता है कि कौशल प्रबल होता है, जिससे गेमिंग क्षेत्र में संज्ञानात्मक कौशल की हमारी समझ समृद्ध होती है।

रायपुर, सोमवार 4 सितम्बर 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# देश को संशय में डालती मोदी सरकार

संसदीय परम्पराओं की अवहेलना करने की आदी हो चुकी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार ने अपनी इसी परम्परा को आगे बढ़ाते हुए देश के इतिहास में पहली बार ट्विट के जरिये संसद का विशेष सत्र बुलाकर साबित कर दिया है कि वह न केवल गैरजिम्मेदार है वरन उसका पारदर्शिता से भी कोई लेना-देना नहीं रह गया है। ऐसे वक्त में जब संयुक्त विपक्ष का गठबन्धन 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूज़िव एलाएंस) मुम्बई में 31 अगस्त व 1 सितंम्बर को 2024 के लोकसभा की चुनावी रणनीति में व्यस्त था, केन्द्रीय संसदीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने यह जानकारी दी कि 18 से 22 सितम्बर को विशेष सत्र होगा। भले ही इस सूचना को 'इंडिया' उपेक्षित कर अपनी कार्यवाही में लगा रहा लेकिन यह एक तरह से देश को अंधेरे में रखने जैसा है क्योंकि यह कार्यप्रणाली किसी लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई सरकार की नहीं हो सकती। न ही यह 'इंडिया' की बढ़ती एकता के जवाब में होनी चाहिये।

इसे लेकर कई तरह के कयास हैं। इसमें वर्ष 2024 में होने जा रहे लोकसभा को समय से पहले करा लेने की सम्भावना से लेकर संविधान में संशोधन, चुनाव टाल देने या फिर मोदी को हमेशा के लिये पीएम बनाये जाने जैसी गुंजाइशें टटोली जा रही हैं। चीन द्वारा नया नक्शा जारी करना (जिसमें अरूणाचल प्रदेश को चीन का हिस्सा बताया गया है), मणिपुर हिंसा, गौतम अदानी को लेकर नये खुलासे, महंगाई आदि अनेक विषय हैं जिनके बारे में अनुमान व्यक्त किये जा रहे हैं कि इन मसलों पर सरकार कोई बात करना चाहती है। सही जानकारी किसी के भी पास नहीं है। फिर, हाल ही में तो संसद का सत्र हो चुका है। क्यों नहीं सरकार ने इन विषयों पर तब चर्चा कर ली? सवाल यह भी है कि क्यों लोगों या सांसदों को विषय को लेकर कयास लगाने के लिये छोड़ा जाये? क्यों नहीं सूचना के साथ ही विषय की जानकारी दे दी गई? संसद पर केवल सत्ता का हक नहीं है, जो अन्य लोगों को इसकी सूचना से वंचित रखा जाये। यह सत्र 5 दिनों का क्यों है, जबकि विशेष सत्र एकाध दिन के ही होते हैं? दुर्भाग्य से तमाशों के आयोजनों में पारंगत मोदी सरकार इसे भी इवेंट बना रही है।

आखिरकार विशेष सत्र कोई मज़ाक नहीं होता और न ही उसे सत्तापक्ष का कोई विशेषाधिकार समझा जाये, बावजूद इसके कि सरकार को ऐसा करने का पूरा हक है। तो भी, इस अधिकार का प्रयोग बहुत गम्भीरता से; और बेहद खास उद्देश्यों को लेकर होना चाहिये। विशेष सत्र का विषय क्या है, यह किन परिस्थितियों में आयोजित किया जा रहा है और इसे बुलाये जाने का प्रयोजन क्या है- यह सारा कुछ सरकार को बतलाना चाहिये था। यह सूचना प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से तथा बाकायदा एक अधिसूचना जारी कर नागरिकों को देनी थी। संसद पर पहला हक तो नागरिकों का होता है, चाहे वे स्वयं इसके प्रत्यक्ष सदस्य न हों। जो सदस्य दोनों सदनों में बैठते हैं वे अंतत: जनसामान्य की ही नुमाइंदगी करते हैं। सरकार को पहले तो इस पर सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिये थी फिर अपना उद्देश्य बतलाना चाहिये था।

मोदी सरकार द्वारा संसदीय गरिमा व परम्पराओं को ध्वस्त करने की पूरी श्रृंखला है, जिसकी एक और कड़ी का सम्बन्ध इसी एपीसोड से है। सरकार ने एक समिति बनाई है जो 'एक देश एक चुनाव' की योजना बनाकर सरकार को सौंपेगी। देश में पहली बार ऐसा हो रहा है कि एक सेवानिवृत्त राष्ट्रपति को किसी समिति का अध्यक्ष बनाकर सरकार के किसी विभाग को रिपोर्ट सौंपने की जिम्मेदारी दी गई है जो कभी सिर्फ उस विभाग का नहीं वरन पूरी सरकार का प्रमुख हुआ करता था। वास्तविकता में चाहे न हो लेकिन संवैधानिक परिभाषा के अनुसार तो वह राष्ट्राध्यक्ष ही है जिसके अधीन पूरा देश होता है। संसदीय प्रक्रिया के अंतर्गत खुद मोदी इन्हीं राष्ट्रपति के अंतर्गत काम कर चुके हैं। न यह कोई पूछने वाला है और न ही कोई बताने वाला कि आखिर एक पूर्व राष्ट्रपति कैसे किसी समिति का प्रमुख बनकर सरकार को कोई रिपोर्ट दे सकता है। कायदे से तो कोई व्यक्ति जिस दिन इस पद पर पहुंचता है, उसी दिन से वह दलगत राजनीति से ऊपर हो जाता है; पर यह सब तभी सम्भव है जब किसी व्यक्ति या किसी राजनैतिक दल की ही आंखों का नहीं, किसी सरकार की आंखों का भी नहीं, बल्कि पूरे देश की आंखों का पानी मर जाये।

अगर 'एक देश एक चुनाव' की बात करें तो यह करा पाना बहुत कठिन है- प्रशासकीय और राजनैतिक दोनों कारणों से अव्यवहारिक। आजादी के बाद हुए पहले चार आम चुनावों के साथ विधानसभाओं के निर्वाचन हुए थे परन्तु तब की परिस्थितियां अलग थीं। आबादी कम थी, चुनावी हिंसा न्यूनतम थी। राजनैतिक दलों के बीच आज के जैसी वैमनस्यता भी नहीं थी। सबसे बड़ी बात कि चुनावों का आकार व स्वरूप विशाल नहीं था। इसके बावजूद अगर सरकार एक साथ चुनाव कराना ही चाहती है तो पहले वह इसके फायदे बतलाये। यह भी बताये कि सामान्य नागरिकों, विशेषकर मतदाताओं को किसी भी प्रकार की परेशानी में डाले बगैर ये कैसे सम्पन्न होंगे। जब मणिपुर जैसे छोटे से राज्य की हिंसा को रोकने में सरकार 5 माह में भी सफल नहीं होती और ज्यादातर राज्यों के चुनाव कई चरणों में कराने पड़ते हैं, तो इतने बड़े देश में एक दिन में कैसे चुनाव हो सकते हैं। यह जानने का हक नागरिकों का है; और बतलाना सरकार का कर्तव्य।

# इंडिया की सफलता से बौखलाया मीडिया

आप बाराती जानते हैं! तो यह मीडिया आज बाराती प्रवृति का हो गया है। छिद्रान्वेषी!

इंडिया की बेहद सफल मुंबई बैठक में उसने बहुत सारी कमियां खोज ली हैं। जैसे वह बाराती सर्वश्रेष्ठ माना जाता है जो लड़की वालों के यहां जाकर यह कमी निकाल सके कि उसने कोकाकोला में चाय बनाकर नहीं पिलाई या पनीर चिकन नहीं बनाया! पनीर बनाया तो क्या? चिकन बनाया तो क्या?

बनाना तो पनीर चिकन या चिकन पनीर चाहिए था। कहते हैं कि बाराती तो राजा की लड़की की शादी में भी कमी निकाल सकता है। तो यही हाल आज हमारे मीडिया का हो गया है।

झंडा क्यों नहीं बनाया? झंडा था क्या कभी इससे पहले किसी गठबंधन का? जिस एनडीए को अब यह बीजेपी की जगह चुनाव जिता रहे हैं। क्या उसका कोई झंडा है? या केवल विपक्षी गठबंधन का ही चाहिए था! सारी शर्तें लड़की और लड़की वालों पर लागू हैं! अपने लिए तो हम हर बार नए नियम बनाते रहेंगे। पहले तो केवल आएगा तो मोदी ही का माहौल बना रहे थे। मगर जब आरएसएस ने कह दिया कि केवल मोदी के भरोसे कुछ नहीं होगा तो भाजपा की बात करने लगे। और अब जब विपक्ष एक हो गया तो भाजपा से आगे बढ़कर वे भी गठबंधन की बातें करने लगे। 2019 के बाद कहना शुरू कर दिया था कि देश से गठबंधन की राजनीति खत्म हो गई। मगर जब नीतीश कुमार के प्रयासों से इसने इतना व्यापक रूप ले लिया तो कूद कर एनडीए पर आ गए।

मुंबई का संदेश क्या है? इन्डिया के लिए कि छोटी-छोटी बातें छोड़ने से बड़ा लक्ष्य हासिल किया जा सकता है और मीडिया के लिए कि बने रहो पुछल्ले! तुम्हारी नियति यही है!

हालांकि इन्डिया के नेताओं ने मुंबई में मीडिया को बहुत प्यार से पुचकार कर समझाया। मीठे अंदाज में नीतीश कुमार ने कहा कि हम आपको भी मुक्त करवाना चाहते हैं। राहुल ने यही कहा कि डरो नहीं। हम आपको भी भयमुक्त कर देंगे। सारे नेता उदार भाव से मीडिया को समझाते रहे।

मगर इधर मीटिंग खत्म हुई उधर उनके अंदर मतभेद ढूंढने लगे। ममता बनर्जी कहां हैं? जबकि एक सितम्बर को मीटिंग खत्म होते ही शिवसेना के संजय राउत ने सबसे पहले यही बताया कि आपके सामने प्रेस कान्फ्रेंस में सब नेता मौजूद हैं। मगर ममता बनर्जी को जल्दी जाना था तो वे चली गईं। लेकिन कहानियां कहां रुकने वाली थीं। ममता नाराज की खबरें शुरू कर दीं।

सोचिए जो ममता एक सितंबर की सुबह मीटिंग शुरू होने से पहले सोनिया गांधी को शाल उढ़ाकर उनका सम्मान कर रही थीं। बेंगलुरू की प्रेस कान्फ्रेंस में माय फेवरेट राहुल कह रही थीं। वे किसी छोटी बात से नाराज होकर जा सकती थीं?

लेफ्ट से उनके मतभेद की खबरें लोकसभा के मतदान होने तक चलाई जाएंगी। लेकिन यह नहीं बताया जाएगा।


शकील अख्तर

> एक देश एक चुनाव के लिए पूर्व राष्ट्रपति की अध्यक्षता में कमेटी बना रहे हैं। मगर मणिपुर के अपने केन्द्रीय मंत्री, वहां के दूसरे सांसद को अपने ही देश की लोकसभा में बोलने नहीं दे रहे। संसद का विशेष अधिवेशन बुलाया क्या उसमें मणिपुर की बात होगी? वह भी तो देश का हिस्सा है। क्या यह सब बातें विदेशी अतिथियों के कानों में नहीं जाएंगी? इन परिस्थितियों में इन्डिया आकार ले रहा है। जाहिर है एक बड़ा चैलेंज बन गया है।

तीन मीटिंगें हुईं पटना, बेंगलुरू और मुंबई। लेफ्ट के एक नहीं तीन तीन नेता, सीपीआईएम के सीताराम येचुरी, सीपीआई के डी राजा और सीपीआईएमएल के दीपंकर भट्टाचार्य उनमें ममता बनर्जी के साथ मौजूद रहे, खूब बातें करते हुए।

खींचतान कहां नहीं हैं? गोदी मीडिया में नहीं हैं? एक एंकर दूसरे चैनल को नीचा दिखाने के लिए तक-तक कब तक करता रहा! ज्यादा से ज्यादा जहरीला बनने के लिए कुछ एंकरों में कितना भयानक काम्पटिशन है। एक-दो को तो लगता है जैसे जहर के इंजेक्शन भी लगवाने पड़ते हैं! मगर यह भक्ति तो ऐसी चीज है कि कमी रह ही जाती है। अभी एक एंकर को सुनने को मिल गया कि जब जेल गए तो कैसा लगा? ऑन एयर बात हो रही थी जहर फैलाने में सबसे तेज निकल रहा एंकर बेचारा यह भी नहीं कह पाया कि हमारी तपस्या में कौन सी कमी रह गई!

बाकी एंकर और पत्रकार अभी यह नहीं सोच पा रहे कि कभी उनसे भी उनके चैनलों के मालिक ही पूछेंगे कि यह नफरत क्यों फैलाते थे? क्या हमने कहीं लिखकर कहा था? कोई जिम्मेदारी नहीं लेगा। एंकर, पत्रकार, मीडिया मालिक सब से सवाल होगा? अभी तो कुछ राज्य सरकारों की हिम्मत की वजह से दो-चार पत्रकार एंकर ही जेल में गए लेकिन अगर विपक्ष की खासतौर से कांग्रेस की राज्य सरकारें गोदी मीडिया से डरना छोड़ दें तो बड़ी तादाद में मीडिया को कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। रिया चक्रवर्ती के मामले में क्या साबित हुआ? तो उन पर झूठे आरोप लगाने कैमरों से घेर कर उनसे पुलिसिया पूछताछ करने के आरोप में कितने लोग दोषी करार दिए जाएंगे? आर्यन के मामले में भी ऐसा ही हुआ। उसे गलत फंसाने के दोषी समीर वानखेड़े का साथ देने के मामले में मीडिया क्या कार्रवाई से बच जाएगा?

लेकिन अभी जैसा कि मुंबई में इन्डिया के नेताओं ने कहा कि हमारे कामों में एक मीडिया को गुलामी से निजात दिलाना भी है। नियंत्रण मुक्त तो सभी संवैधानिक संस्थाओं को करना है। लेकिन बाकी संस्थाएं और चाहे जो लोकतंत्र का नुकसान कर रही हों डायरेक्ट जनता को नफरती और क्रूर नहीं बना रही हैं। मीडिया तो जनता का चरित्र ही बदल रहा है।

प्रधानमंत्री लाल किले से कहते हैं हजार साल की गुलामी। चलो मान लिया। मगर हजार साल में भी भारतीय जनता ने अपनी सहज बुद्धि नहीं खोई। जितने विदेशी आए उसे बेवकूफ कोई नहीं कह सका। सबने उसकी बौद्धिक क्षमताओं की तारीफ की। मगर पिछले 9 साल में वह बौद्धिक अंधकार की तरफ बढ़ रही है। उसे रात-दिन नफरत और विभाजन सिखाया जा रहा है। पूरी दुनिया की निगाहें इस प्रयोग पर हैं कि क्या पूरे एक देश को 9-10 सालों में हजारों सालों की उदार सभ्यता को भुलाकर केवल और केवल नफरत पर जीना सिखाया जा सकता है? और अगर 140 करोड़ का पूरा एक देश नफरती बन गया तो दुनिया पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा?

अभी जी-20 हो रहा है। कुछ बड़े नेताओं चीन के, रुस के राष्ट्रपति, सऊदी अरब के प्रिंस ने तो आने से मना कर दिया। मगर कुछ देशों के शासनाध्यक्ष आ रहे हैं। वे अपने लिए सजाई सड़कों और गमलों को ही नहीं देखेंगे उसके पीछे भारत में क्या हो रहा है, यह भी देखेंगे।

एक देश एक चुनाव के लिए पूर्व राष्ट्रपति की अध्यक्षता में कमेटी बना रहे हैं। मगर मणिपुर के अपने केन्द्रीय मंत्री, वहां के दूसरे सांसद को अपने ही देश की लोकसभा में बोलने नहीं दे रहे। संसद का विशेष अधिवेशन बुलाया क्या उसमें मणिपुर की बात होगी? वह भी तो देश का हिस्सा है। क्या यह सब बातें विदेशी अतिथियों के कानों में नहीं जाएंगी?

इन परिस्थितियों में इन्डिया आकार ले रहा है। जाहिर है एक बड़ा चैलेंज बन गया है। कह रहा है कि हम अपने नुकसान पर भी दूसरी सहयोगी विपक्षी पार्टी की मदद करेंगे। यह 'गिव एंड टेक नहीं होगा। सिर्फ गिव ही गिव होगा। मतलब देना ही देना।

और यह जरूरी है। अगर इस बार ऐसा नहीं किया तो कपिल सिब्बल जिनकी अप्रत्याशित मुंबई मीटिंग में एंट्री हुई की यह बात सच साबित हो जाएगी कि अगर इस बार भी मोदी जी जीत गए तो फिर विपक्ष चुनाव को भूल जाए। सही बात है। अगर मोदी जी तीसरी बार आ गए तो कई विपक्षी दल खतम हो जाएंगे। कई क्षेत्रीय नेता भी।

इसलिए सब 'गिव एंड टेक' की बात नहीं केवल 'गिव ही गिव' की बात कर रहे हैं। एक दूसरे को मजबूत करो। सब मजबूत हो जाओगे।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)**

# केरल ने खारिज की केंद्र की स्मार्ट मीटर योजना

**■ पी. श्रीकुमारन**

राज्य में वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) सरकार ने राज्य में केन्द्र के प्री-पेडस्मार्ट बिजली मीटर के रोलआउट के लिए कुल व्यय (टोटेक्स) मॉडल को जोरदार ढंग से 'नहीं' कह दिया है। टोटेक्स मॉडल को लागू न करने और कोई अन्य लागत प्रभावी मॉडल चुनने का निर्णय मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन द्वारा बुलाई गई बैठक में लिया गया।

राज्य सरकार ने केंद्र सरकार पर ऐसे संशोधनों के माध्यम से देश की संघीय प्रणाली को खत्म करने की कोशिश करने का भी आरोप लगाया तथा हाल ही में संसद में पारित बहु-राज्य सहकारी सोसायटी अधिनियम में संशोधन का पुरजोर विरोध किया।

आधिकारिक तौर पर कहा गया कि केरल राज्य विद्युत बोर्ड (केएसईबी) द्वारा एक वैकल्पिक प्रस्ताव विकसित किया जायेगा।

> राज्य सरकार ने केंद्र सरकार पर ऐसे संशोधनों के माध्यम से देश की संघीय प्रणाली को खत्म करने की कोशिश करने का भी आरोप लगाया तथा हाल ही में संसद में पारित बहु-राज्य सहकारी सोसायटी अधिनियम में संशोधन का पुरजोर विरोध किया। आधिकारिक तौर पर कहा गया कि केरल राज्य विद्युत बोर्ड (केएसईबी) द्वारा एक वैकल्पिक प्रस्ताव विकसित किया जायेगा।

प्रस्ताव के तहत, केएसईबी स्मार्ट मीटर परियोजना के लिए बिलिंग और संबद्ध सेवाओं के लिए सॉफ्टवेयर विकसित करेगा। परियोजना के लिए आवश्यक संचार प्रणाली के लिए केरल फाइबरऑप्टिक नेटवर्क (के-फोन) का उपयोग किया जायेगा। केएसईबी का डेटा सेंटर डेटा का स्टॉक करेगा।

पहले चरण में 37 लाख उपभोक्ताओं को प्रीपेड स्मार्ट मीटर से लैस करने का जो फैसला किया गया था उसे राज्य सरकार ने रद्द कर दिया है। अब केएसईबी के केवल औद्योगिक और वाणिज्यिक उपभोक्ता, जिनकी संख्या तीन लाख से कम है, को ही स्मार्ट मीटर से लैस किया जायेगा।

स्मार्ट मीटर रोल-आउट केंद्र-सहायता प्राप्त पुनरुत्थान वितरण क्षेत्र योजना का एक घटक है। जब 15 जून को परियोजना के लिए निविदा आवेदन खोला गया, तो तीन निजी फर्मों ने भाग लिया, जिनकी सबसे कम बोली 3,475.16 करोड़ रुपये थी। इसके परिणामस्वरूप उपभोक्ताओं को प्रति स्मार्ट मीटर 9,500 रुपये का भुगतान करना पड़ता। बोर्ड ने प्रारंभिक चरण में 37 लाख उपभोक्ताओं के लिए परियोजना को लागू करने की योजना बनाई थी।

केएसईबी में वामपंथी और कांग्रेस समर्थित ट्रेड यूनियनों के कड़े विरोध के बाद इस योजना को छोड़ दिया गया। कर्मचारी संगठनों ने इस आधार पर इस योजना का विरोध किया कि इससे निजीकरण का मार्ग प्रशस्त होगा। उनका तर्क था कि बिजली मंत्रालय ने श्रम संगठनों की चिंताओं का समाधान नहीं किया है।

सीटू के महासचिव इलामारम करीम ने कहा कि केरल केएसईबी को कानूनी मुद्दों का हवाला देते हुए तुरंत निविदा प्रक्रिया को रद्द कर देना चाहिए था क्योंकि उसे एहसास हुआ कि स्मार्ट मीटर की कीमत 9,500 रुपये के करीब होगी, जबकि बोर्ड द्वारा निर्धारित आधार मूल्य 6,000 रुपये थी। राज्य के 1.35 करोड़ उपभोक्ताओं में से लगभग 50 लाख गरीब हैं और स्मार्ट मीटर लगाने में सक्षम नहीं हैं।

करीम ने दावा किया कि राज्य सरकार के सामने विकल्प टोटेक्स मॉडल को छोड़ना है और इसके बजाय सी-डैक द्वारा विकसित तकनीक को अपनाना है, जिसे सार्वजनिक उपक्रमों द्वारा लागू किया जा सकता है। इसके अलावा, सीटू जैसे ट्रेड यूनियनों के अनुरोध के बाद, सीपीआई (एम) पोलित ब्यूरो ने परियोजना के कार्यान्वयन के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया था और कहा था कि इससे गरीबों और किसानों पर असहनीय बोझ पड़ेगा।

पिनराई विजयन के बयान में कहा गया है कि कई राज्यों को परियोजना को लागू करने और बिजली वितरण की जिम्मेदारी से हटने और अधिकतम लाभ के लिए इसे निजी कंपनियों को सौंपने के लिए मजबूर किया गया था। इससे गरीबों और किसानों पर असहनीय बोझ पड़ेगा। इसलिए इस प्रोजेक्ट को तुरंत रद्द किया जाना चाहिए।

सहकारी समिति अधिनियम में संशोधन के संबंध में, केरल ने कहा कि सर्वोच्च्व न्यायालय ने स्पष्ट रूप से कहा था कि संविधान की सातवीं अनुसूची की प्रविष्टि 32 के तहत सहयोग राज्य का विषय है। केंद्र सरकार अब नवीनतम संशोधनों के जरिए कानूनी झटके से उबरने और शीर्ष अदालत के फैसले को दरकिनार करने की कोशिश कर रही है।

केरल के सहकारिता मंत्री वीएन वासवन ने केंद्र सरकार पर ऐसे प्रावधानों को शामिल करने का आरोप लगाया, जिसके तहत राज्य सहकारी रजिस्ट्रार के तहत काम करने वाली वैधानिक समितियों को भी समाप्त किया जा सकता है और बहु-राज्य समितियों में परिवर्तित किया जा सकता है। किसी भी सहकारी समिति को शासी निकाय की बैठक के निर्णय और सामान्य निकाय की बैठक में बहुमत से एक बहु-राज्य समिति में परिवर्तित किया जा सकता है। इस प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए, इस शर्त को हटा दिया गया है कि बहु-राज्य संघ बनने से पहले राज्य पंजीकरण रद्द कर दिया गया होगा और यह शर्त शामिल की गई है कि इसे स्वाभाविक रूप से रद्द कर दिया जायेगा।

केरल को यह भी आशंका है कि सोसायटी को अपनी संपत्ति और आय का उपयोग केंद्र सरकार या बड़े कॉर्पोरेट निवेशकों के निर्देश पर करने के लिए मजबूर किया जायेगा। इससे आम लोगों को मिलने वाली सहायता बहुत प्रभावित होगी और सहकारी समितियां उनकी पहुंच से बाहर हो जायेंगी। सबसे निर्दयी कटौती यह है कि संशोधन सहकारी समितियों के स्थानीय आर्थिक संसाधन के रूप में कार्य करने के प्राथमिक उद्देश्य को विफल कर देंगे, जिस पर कोई भी किसी भी समय भरोसा कर सकता है। ये संस्थान नई पीढ़ी के बैंकों जैसी कार्य संस्कृति अपनायेंगे जो केवल मुनाफे के लिए काम करते हैं। यही कारण है कि शीर्ष अदालत ने राज्यों के प्रति अनुकूल रुख अपनाया। जब यह स्पष्ट हो गया कि यह संघवाद के सिद्धांतों का उल्लंघन है तो उसने केंद्र सरकार के कदम को रोक दिया।

## गुरवाणी विचार

### जप मन सतनाम सदा सतनाम

थाल विच तिनि वस्तु पइओ-सत संतोख विचारो।
अमृत नाम ठाकुर का पइओ -जिसका सबस आधारो।।
जे को खावै जे को भुंचे-तिस का होय उधारो।
ऐह वसतु तजी नहीं जाई-नित नित रख उरिधारो।।
तम संसार चरण लगि तरीअै -सब नानक ब्रह्म पसारो।

गुरवाणी की इन पंक्तियों में पंचम नानक गुरु अर्जुन देवजी मानव मन को समझाइश देते हुए फरमा रहे हैं कि यह सारा संसार एक बहुत बड़ा थाल है। इस संसार रूपी थाल में तीन वस्तुएं सत्य, संतोष और विचार सृष्टि मान हो रहे हैं। इन तीनों वस्तुओं पर विचार करने पर पूरा इंसानी आध्यात्म समझ आ सकता है। क्योंकि यह तीनों वस्तुएं प्रभु नाम के मूल पदार्थ से उपजी हैं। प्रभु परमात्मा का नाम ही हर इंसान का जीवन ढाल सकता है। यही प्रभु परमात्मा नाम ही हर इंसान का ही ओट, आसरा है। इस नाम प्राप्ति हेतु उपरोक्त तीन चीजों की आवश्यक रूप से आवश्यकता है।

गुरुदेव ममझा रहे हैं कि थाल में मौजूद आत्मिक भोजन का सेवन करने वाले हर प्राणी का यकीनन रूप से भला होगा ही होगा। ये तीनों वस्तुएं हमें संभाल कर रखनी होगी और अपने जीवन में इन तीनों वस्तुओं का अमल करते रहना होगा। सत्य पर चल कर ही हम इस संसार में अपना आदर्श कायम कर पाएंगे बल्कि सत्य पर चल कर ही हम प्रभु परमात्मा की प्राप्ति भी कर वाएंगे। प्रभु का नाम भी सत्य ही है इसलिए तो हमें गुरवाणी द्वारा समझाइश दी गई है कि -जप मन सतनाम सदा सतनाम।

आगे संतोष के बारे में बताया गया है संतोष हमारे जीवन के लिए एक आवश्यक वस्तु है। संतोष एक ऐसा धन है जिसके आने पर हमें सारे धन धूरि के समान महसूस होने लगते हैं कहा भी गया है -

गौ धन गज धन बाज धन।
और रतन धन खान जब आवै
संतोख धन सब धन धूरि समान।।

फिर विचार धन का मतलब है प्रभु नाम का सिमरन बंदगी करते रहने प्रभु नाम का सिमरन (विचार) करते रहने पर हम प्रभु परमात्मा की प्राप्ति कर पाते हैं। इसीलिए तो हमें बार-बार हिदायत दी जाती है कि-

सांस सांस सिमरो गोविंद।
मन अंतरि की उतरे चिंद।। फिर हमें समझाया गया है
सिमरो सिमर सिमर सुख पाओ।
कलि कलेष तन माहि मिटाओ।।

इस संसार में हमारा मानव जीवन पाकर आना भी तभी सार्थक समझा जाएगा। जब हम प्रभु परमात्मा द्वारा दी गई प्रत्येक श्वांस रूपी पूंजी का प्रभु नाम सिमरन में खर्च करें। कुछ लोग इस बात पर किंतु परंतु करते हैं कि हर वक्त प्रभु नाम सिमरन करते रहने पर हम उदर पोषण अपने और अपने परिवार का कैसे कर पाएंगे तो वे इस बात को भूल जाते हैं कि जिस प्रभु परमात्मा ने हमें इस संसार में भेजा है वह हमारे खाने-पीने की व्यवस्था पहले लिख देता है- तूं जग उत्ते पिछों आवें। उह पहले लिख जांदा है।।

प्रभु परमात्मा में ब्यालीस लाख जीव जल में रखे हैं उनकी भी रोजी रोटी का वह इंतजाम कर रहा है। फिर हमें हाथ पांव से तो अपने उदर पोषण हेतु कार विहार करना ही है पर मन हमारा निरंकार से जुड़ना चाहिए। जिस तरह एक पतंग बाज आसमान में पतंग उड़ाता है। अपने साथ खड़े संगी साथियों से बातचीत भी करता रहता है पर ध्यान उस उसका पतंग पर ही रहता है। कब डोर छोड़नी है, कब खींचनी है। इस बात का पूरा ध्यान रखता है। ठीक इसी प्रकार हमें मन निरंकार के साथ जोड़ना है।

नाम कहे तिलोचना मुख ते नाम संभाल।
हाथ पांव से काम सब चित निरंजन नाल।।

सत संतोख पर चलते हुए प्रभु नाम पर विचार (सिमर बंदगी) करते हुए इस संसार समुंद्र से हम अपनी जीवन नौका से खेकर प्रभु परमात्मा के सांचे दरबार में उजले मुख से जा सकते हैं। इसी प्रकार प्रभु परमात्मा की रजा पर चलते रहने पर हमें इस बात का ज्ञान हो पाएगा कि प्रभु परमात्मा का नाम ही सदा सत्य है। सच्चा आचरण रखकर सच्चा विचार रखकर ही हमें जीवन की सूझ प्राप्त हो पाती है। इन तीनों सूत्रों पर चलकर ही हम इस लोक में सुखपूर्वक जीवनयापन कर उजले मुख से परलोक गमन कर जहां पर सुख ही सुख, आनंद ही आनंद की प्राप्ति कर पाएंगे।

**इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

### चन्द्रयान-3 और आदित्य-1 की लॉचिंग दुनिया के लिए आश्चर्य

भारत दुनिया का सरताज बन गया है। विश्वगुरू की ओर बढ़ते कदम ने दुनिया में भारत ने डंका बजा दिया है। इसरो के वैज्ञानिकों की अथक मेहनत और लोकप्रियता, सरकार के मेक इन इंडिया नारे की गूंज दुनिया के देशों में छाप छोड़ने लगी है। वैज्ञानिकों के इस साहस का लोहा दुनिया ने माना है। विक्रम साराभाई जैन की देन थी कि वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए पहला कदम 1964 में रखा। 15लाख किमी की दूरी तय कर आदित्य-1 एल-1 की पॉइंट पर पहुंचेगा। सूर्य की स्टडी करेगा। शनिवार को श्रीहरिकोटा से सतीश धवन स्पेस सेंटर से लॉन्च किया गया। दुनिया की नजर भारत पर टिकी थी। दुनिया आश्चर्यजनक स्थिति में है। भारत की इस कामयाबी में कई वर्षों की मेहनत और रिसर्च का सुखद परिणाम है। भारत कामयाबी के ऊंचे शिखर पर है। सूर्य की एनर्जी और सूर्य की स्टडी से पता चलेगा। पृथ्वी पर बदलाव और धरती पर जनजीवन को प्रभावित करने का मुख्य कारण का पता लगाना है। अमेरिका ने छह बार सोलर मिशन तो चीन में एक बार सोलर भेजने के बाद कोई उपलब्धि हासिल नहीं हुई थी। सूरज की विशालता का बड़ा पैमाना है और एक सूर्य में 13 लाख पृथ्वी समा जाए, यह वैज्ञानिकों का कहना है। भारत की इन उपब्धियों के पीछे सत्तारूढ़ सरकार की सफलता कारणभूत है। लेकिन यह पूरे देश और देशवासियों की उपलब्धि है जिसके कारण आज चांद और सूरज की परिक्रमा के लिए चंद्रयान 3 ने कार्य शुरू कर दिया है तो शनिवार को भारत की दूसरी कामयाबी में आदित्य-1 की लॉचिंग भारत की प्रसिद्धि की यह तस्वीर दुनिया ने नजदीक से निहारी है। भारत उत्तरोतर प्रगति का शंखनाद कर दुनिया को हर समय चौंकाने के लिए वैज्ञानिकों की मेहनत और देशवासियों की आस्था की सफलता कदम चूम रही है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

### इसे विकास कहते गुस्सा आता है

अभनपुर से राजिम सड़क चौड़ीकरण इस नासमझी के साथ जारी है कि इसे विकास कहते हुए गुस्सा आता है। सड़क इतनी अधिक ऊंची हो गई है कि छह सौ से अधिक आवासीय और व्यावसायिक मकान-दुकान डूब गए हैं। विकास के नाम पर यह पागलपन यहीं नहीं रुकता। इस सड़क के दोनों तरफ जो नालियां बनाई जा रही हैं वह सड़क से ऊंची बनाई जा रही है इससे मुख्य सड़क पर आने और मुख्य सड़क छोड़कर गली में जाने के लिए यह नाली पहाड़नुमा ब्रेकर जैसा बन गया है जिस पर बुजुर्गों और बच्चों को आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस विकास के नाम हजारों हरे-भरे छायादार पेड़ बलि अलग चढ़ गए हैं। इसे इस कथित विकास की पुरौनी कह सकते हैं।

ताज्जुब तो इस बात पर भी होता है कि वैध आवासीय और व्यावसायिक मकान-दुकान के मालिक विकास के नाम पर हो रहे मनमानी पर क्यों चुप्पी साधे रहे? क्या नीचे हो चुके मकान-दुकान के गंदे पानी को पंप के द्वारा ऊंचाई पर बने नाली में पहुंचाया जाएगा?

क्या इस मुर्खतापूर्ण कार्य को न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकती थी? विरोधी दलों को तो इस मुद्दे पर आंदोलन कर देना था वह भी नहीं हुआ। गैर आबादी इलाके में ऊंची सड़क समझ में आने वाली बात है लेकिन आबादीयुक्त क्षेत्रों में सड़क को साल-दर-साल ऊंचा करने के बजाय सुविधाजनक विकल्प के बारे सोचा जाना चाहिए।

**-दिनेश चौहान, राजिम**

## जिम्बाब्वे के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति एमर्सन आज लेंगे शपथ

**हरारे।** जिम्बाब्वे में नवनिर्वाचित राष्ट्रपति एमर्सन म्नांगाग्वा सोमवार को अपने दूसरे कार्यकाल के लिए शपथ लेंगे। सूचना, प्रचार एवं प्रसारण सेवा मंत्री मोनिका मुत्सवांगवा ने बताया कि शथग्रहण समारोह राजधानी हरारे में राष्ट्रीय खेल स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। जिम्बाब्वे के चुनाव आयोग के अनुसार, 23-24 अगस्त के चुनाव में कुल पड़े वोटों में से 52.6 प्रतिशत वोट हासिल करने के बाद श्री म्नांगाग्वा को उनके दूसरे एवं अंतिम पांच साल के कार्यकाल के लिए फिर से चुना गया।



# काकर ने नौ मई की हिंसा को 'तख्तापलट का प्रयास' करार दिया



**इस्लामाबाद,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर-उल-हक काकर ने गत 09 मई की हिंसा को 'तख्तापलट और गृह युद्ध का प्रयास' करार देते हुए कहा कि इसका लक्ष्य सेना प्रमुख एवं उनकी टीम को खत्म करना था। द न्यूज की रविवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार जियो न्यूज के कार्यक्रम 'जिरगा' में श्री काकर ने इस साल मई में भ्रष्टाचार के मामले में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद हुए दंगों की निंदा की। श्री काकर ने कहा, नौ मई को हुई बर्बरता और आगजनी को पूरी दुनिया ने देखा और अंतरराष्ट्रीय समाचार पत्रों ने इस त्रासदी की रिपोर्ट की। सरकार के किसी भी रूप में इस तरह की हेराफेरी स्वीकार्य नहीं है। अपने पहले एक्सक्लूसिव इंटरव्यू में प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार यह धारणा नहीं बनाना चाहती कि नौ मई की हिंसा के आरोपियों से बदला लिया जा रहा है। उन्होंने हालांकि, कहा, अगर देश के कानूनों का उल्लंघन करने वाले और हिंसा का सहारा लेने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई नहीं की गई, तो हमें इस मामले में एक पक्ष के रूप में देखा जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल को दूसरों पर पत्थर फेंकने, उनके साथ दुर्व्यवहार करने और इमारतों को जलाने का अधिकार नहीं है। उन्होंने तहरीक-ए तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) और अन्य प्रतिबंधित संगठनों के संबंध में पाकिस्तान की नीति पर भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ सरकार की अग्रिम नीति को स्पष्ट करते हुए कहा, देश के पास टीटीपी या किसी भी प्रतिबंधित संगठन से निपटने के लिए बातचीत और बल दोनों उपकरण हैं।

■ 'सेना प्रमुख एवं उनकी टीम को खत्म करना था लक्ष्य'

## पाकिस्तान के बलूचिस्तान में आठ आतंकी ढेर



**इस्लामाबाद**। पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत में पुलिस ने दो अलग-अलग अभियानों में आठ आतंकवादियों को मार गिराया। पुलिस ने एक बयान में यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस के आतंकवाद निरोधक विभाग (सीटीडी) ने शनिवार को कहा कि उन्होंने एक घर में आतंकवादियों की मौजूदगी के संबंध में एक खुफिया सूचना पर कार्रवाई करते हुए प्रांत के वाशुक जिले में एक ऑपरेशन चलाया। बयान में कहा गया है कि घर पर छापेमारी के दौरान आतंकवादियों ने पुलिस पर गोलियां बरसाकर भागने की कोशिश की, इसके बाद गोलीबारी शुरू हो गई, जिसमें पांच आतंकवादी मारे गए और दो भागने में सफल रहे। बयान में कहा गया है कि पुलिस ने उस परिसर से हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया, जहां इस्लामिक स्टेट (आईएस) से जुड़े आतंकवादी सुरक्षा बलों और नागरिकों पर हमले की योजना बना रहे थे। हमले के बाद भाग रहे आतंकवादियों को पकड़ने के लिए सीटीडी ने इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया। सीटीडी के बयान में कहा गया है कि प्रांतीय राजधानी क्वेटा में एक अलग अभियान में, पुलिस ने शहर से दो सप्ताह पहले अपहृत एक नागरिक को बरामद कर लिया और गोलीबारी में तीन हमलावरों को मार गिराया।

## 'विद्यालयों में 'अबाया' पर पाबंदी लगाने में मदद करेगा गृह मंत्रालय'



**पेरिस,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। फ्रांस के गृह मंत्री जेराल्ड डर्मैनिन ने कहा है कि उनका मंत्रालय देश भर के विद्यालयों में पूरे शरीर को ढकने वाले मुस्लिम परिधान 'अबाया' पर प्रतिबंध लगाने में मदद करेगा। श्री डर्मैनिन ने शनिवार को लिले के दौरे के दौरान कहा, गृह मंत्रालय के कर्मचारी शिक्षकों और शिक्षा मंत्री (गेब्रियल अटल) के साथ सहयोग करेंगे, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि फ्रांस में अधिकारियों द्वारा अपनाए गए नियम का पालन किया जाए। विद्यालयों में तटस्थता होनी चाहिए। इसके बाहर हर किसी की अपनी राय हो सकती है।

उन्होंने कहा कि सरकार 'बिल्कुल सही'थी, जब उसने विद्यालयों में धार्मिक कपड़े पहनने पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया। पिछले महीने शिक्षा मंत्री ने कहा था कि सरकार चार सितंबर को विद्यालय वर्ष की शुरुआत के समय पर प्रतिबंध के साथ आगे बढ़ेगी। उन्होंने तर्क दिया कि अबाया पहनने पर प्रतिबंध विद्यालय के माध्यम से छात्रों के खुद को मुक्त करने के अधिकार प्रदान करेगा। सरकार की इस घोषणा के बाद फ्रांस में राजनीतिक और सामाजिक जीवन पर देश के धर्मनिरपेक्ष मूल्यों और नागरिक स्वतंत्रता पर किस हद तक अतिक्रमण करती है, इसको लेकर बहस शुरू हो गयी है।

■ पूरे शरीर को ढकने वाला मुस्लिम परिधान है 'अबाया'

## सुडोकू 6306

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 9 | 3 | 7 | | 4 |
| | | | | | 4 | | | 5 |
| | | | 2 | | | 6 | | |
| | 2 | | | 1 | | | | |
| | 1 | 8 | 6 | | 7 | 3 | 9 | |
| | | | | 8 | | | 5 | |
| | | 2 | | | 9 | | | |
| 6 | | | 4 | | | | | |
| 9 | | 1 | 7 | 2 | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : सोमवार 4 सितम्बर , 2023 भाद्र कृष्ण पक्ष 4

## राशिफल

मेष - आज का दिन आपके लिए बेहद अनुकूल रहेगा। आप तन-मन से स्वस्थ होकर कई तरह के काम आसानी से पूरे कर पाएंगे। सफलता मिलने से आपके उत्साह में वृद्धि होगी। आज भाग्य आपका साथ देगा। इनकम बढ़ेगी।

वृषभ - आज आपको सावधान रहने की सलाह दी जाती हैं। आज अचानक होने वाली घटनाओं से आप चिंतित रहेंगे। स्वास्थ्य खराब होने और आंखों में दर्द होने की आशंका बनी रहेगी।

मिथुन - आज आपका दिन बहुत लाभदायी है। अविवाहितों को योग्य जीवनसाथी मिलने के योग हैं। धन प्राप्ति के अवसर मिलेंगे। मित्रों से अचानक हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी। मित्रों से लाभ होगा।

कर्क - आज का दिन आपके लिए अनुकूल है। आप आज हर काम सरलता से पूरे कर पाएंगे। नौकरी में आपके अधिकारी खुश रहेंगे। आपकी पदोन्नति के योग हैं। अधिकारियों के साथ किसी महत्वपूर्ण बात पर चर्चा होगा।

सिंह - आज आप का दिन मध्यम फलदायी रहेगा। पहले से निर्धारित काम के लिए आपका प्रयास ज्यादा रहेगा। आपका व्यवहार न्यायपूर्ण रहेगा। आज आपके धार्मिक एवं मांगलिक कामों में व्यस्त रहने की संभावना ज्यादा रहेगी।

कन्या - आज का दिन किसी भी नए काम की शुरुआत करने के लिए अच्छा है। हेल्थ का ध्यान रखने और खासकर बाहर के खाने-पीने से परहेज करने की सलाह आपको दी जाती है।

तुला - आज आपका दिन आनंद-प्रमोद में गुजरेगा। रोमांस के लिए आज का दिन अच्छा है और किसी खास व्यक्ति का साथ आपको आनंद देगा। मित्र एवं प्रियजन आपके प्रवास को आनंद से भर देंगे।

वृश्चिक - आज आप के घर में सुख शांति और आनंद का माहौल रहेगा। आपका शारीरिक एवं मानसिक आरोग्य अच्छा रहेगा। जरूरी कामों पर धन खर्च होगा। बीमार व्यक्तियों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी।

धनु - आज आपको यात्रा ना करने की सलाह दी जाती है। संतान के स्वास्थ्य और पढ़ाई के संबंध में चिंता रह सकती है। मेहनत करने पर भी आज काम में सफलता नहीं मिलेगी।

मकर - आपको कठिन परिस्थिति का सामना करना पड़ सकता है। पारिवारिक समस्याओं का प्रभाव आपके मस्तिष्क पर पड़ेगा। माता के स्वास्थ्य की चिंता होगी। समाज में अपमानित होने का डर लगा रहेगा।

कुंभ - आज आपको मानसिक राहत मिलेगी। शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होने के कारण आपका उत्साह बढ़ेगा। दोस्तों और पड़ोसियों के साथ रिश्ते बेहतर होंगे। घर में रिश्तेदार और मित्रों के आने से खुशी का अनुभव करेंगे।

मीन - नकारात्मक विचारों को अपने मन से हटाएं। क्रोध और वाणी पर संयम बरतें। किसी से वाद-विवाद या झगड़े को हर संभव टालने का प्रयास करें। खान-पान पर संयम बरतने की जरुरत है। शारीरिक स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

## बांग्लादेश में डेंगू से 21 और लोगों की मौत

**ढाका,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। बांग्लादेश में पिछले 24 घंटों के दौरान 21 और लोगों की मौत हुयी है और इसके साथ ही यहां अब तक इस वर्ष संक्रामक बीमारी से मरने वालों की संख्या बढ़कर 618 हो गयी है। बंगलादेश के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) के अनुसार इस अवधि के दौरान 2,352 अधिक रोगियों को वायरल बुखार के उपचार के लिए विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया। नए रोगियों में से 982 को ढाका के अस्पतालों में और बाकी को राजधानी के बाहर भर्ती कराया गया है। राजधानी ढाका में 3,903 सहित कुल 8,632 डेंगू मरीज अब देश भर के विभिन्न अस्पतालों में इलाज करा रहे हैं। डीजीएचएस ने इस साल अब तक 127,694 डेंगू मामले और 118,444 रिकवरी दर्ज की है। इस बीच संयुक्त राष्ट्र विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने बंगलादेश में डेंगू के मामले बढ़ने पर त्वरित कार्रवाई का आग्रह किया है। डब्ल्यूएचओ ने कहा, डेंगू के मामले उच्च तापमान और उच्च आर्द्रता के साथ संयुक्त रूप से असामान्य बारिश के कारण सामने आ रहे हैं, जिससे इसके कारण पूरे बंगलादेश में मच्छरों की आबादी में वृद्धि हुई है।

## सूडानी सेना ने खार्तूम में अर्धसैनिक बलों की चौकियों पर हमले किए तेज



**खार्तूम,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। सूडानी सशस्त्र बलों (एसएएफ) ने सूडान की राजधानी खार्तूम में अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) के ठिकानों पर हवाई हमले और तोपखाने बमबारी तेज कर दी है। खार्तूम के एक सूत्र ने शनिवार को शिन्हुआ को बताया कि एसएएफ युद्धक विमानों ने खार्तूम के उत्तर-पश्चिम में ओमडुरमन के भीतर आरएसएफ स्थानों पर हवाई हमले किए। इन हमलों ने ओमडुरमैन के पश्चिम में ओमबाडा और दार अल सलाम जैसे इलाकों के साथ-साथ दक्षिण में अल सलहा पड़ोस को निशाना बनाया। सूत्र ने कहा, सेना व वायु सेना ने खार्तूम के उत्तर में बहरी शहर के अल-कदारो पड़ोस में आरएसएफ पदों पर भी हमले किए। इस बीच, दक्षिण खार्तूम आपातकालीन कक्ष के प्रवक्ता मोहम्मद कंदाशा ने शनिवार को अपने फेसबुक पेज पर बताया कि वायु सेना ने दक्षिणी खार्तूम में अल-इंगहाज़, अल-अज़हरी और अल-सलामा इलाकों पर तीव्र बमबारी की। कंदाशा ने कहा, दक्षिण खार्तूम के इलाकों में सुबह से लगातार हवाई और तोपखाने बमबारी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अल-अज़हरी पड़ोस में रज़ी अस्पताल के पास एक आवासीय और वाणिज्यिक स्थल पर हमले के कारण दो लोग मारे गए और दस अन्य घायल हो गए, इनमें से कुछ गंभीर हैं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार आरएसएफ ने शनिवार को एक बयान जारी कर युद्धक विमानों द्वारा अंधाधुंध हवाई बमबारी की निंदा की, जिसके परिणामस्वरूप तीन शहरों में महिलाओं और बच्चों सहित कई नागरिक हताहत हुए। आरएसएफ ने यह भी बताया कि आबादी वाले इलाकों में भारी तोपखाने की गोलाबारी जारी रही, इसमें अल-सल्हा, अल-फतेइहाब और ओमडुरमैन में ओम्बाडा के साथ-साथ पूर्वी नील क्षेत्र भी शामिल है।

■ ओमबाडा और दार अल सलाम जैसे इलाकों को निशाना बनाया

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**प्रदेश के महान साहित्यकारों के ...**

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के सहायक शिक्षक एल.बी. विनोद कुमार डड़सेना और प्रधान पाठक श्रीमती आशा साहू, जांजगीर चांपा जिले के सहायक शिक्षक एल.बी. राजेश कुमार सूर्यवंशी और व्याख्याता एल.बी. अनुराग तिवारी, रायगढ़ जिले के व्याख्याता एल.बी. भोजराम पटेल और सहायक शिक्षक एल.बी. संतोष कुमार पटेल, बिलासपुर जिले के व्याख्याता एल.बी. सुशील कुमार पटेल और सहायक शिक्षक एल.बी. रामधन पटेल, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले की सहायक शिक्षक एल.बी. श्रीमती अदिति शर्मा और सहायक शिक्षक एल.बी. भीष्म प्रसाद त्रिपाठी, कोरबा जिले के सहायक शिक्षक एल.बी. गोकुल प्रसाद मार्बल और शिक्षक मुकुन्द केशव उपाध्याय, जिला सक्ती के सहायक शिक्षक एल.बी. पुष्पेन्द्र कुमार कौशिक और सहायक शिक्षक एल.बी. श्रीमती मीरा देवांगन, कोरिया जिले के सहायक शिक्षक एल.बी. रूद्र प्रताप सिंह राणा और व्याख्याता प्रभारी प्राचार्य डॉ. विनोद पाण्डेय, सूरजपुर जिले की व्याख्याता श्रीमती निशा सिंह और सहायक शिक्षक एल.बी. दिनेश कुमार साहू, सरगुजा जिले की व्याख्याता श्रीमती अनामिका चक्रवर्ती और व्याख्याता एल.बी. अंचल कुमार सिन्हा, बलरामपुर जिले के व्याख्याता प्रभारी प्राचार्य बाबूलाल लहरे और सहायक शिक्षक एल.बी. रमेश कुमार साकेत का नाम शामिल है।

**कर्ज के बोझ तले ...**

बाद उसे लागू किया था। मध्य प्रदेश पर वर्तमान में 23,011 करोड़ रुपये की पेंशन देनदारी है, जो एक शोध रिपोर्ट के अनुसार 2030-31 तक 69,062 करोड़ रुपए तक पहुंचने की उम्मीद है।

भाजपा सरकार द्वारा महिलाओं को 1,000 रुपये देने की घोषणा पर प्रतिक्रिया देते हुए, कमल नाथ ने कहा, मुझे खुशी है कि कांग्रेस द्वारा ऐसा करने के लिए मजबूर करने के बाद भाजपा ने महिलाओं को नकद प्रोत्साहन देना शुरू कर दिया है। लेकिन, वे यह सब क्यों करते हैं, ये बातें तब होती हैं जब चुनाव नजदीक आते हैं? ये योजनाएं पिछले 18 वर्षों में लागू क्यों नहीं की गईं? व्यावसायिक विशेषज्ञों ने विभिन्न रिपोर्टों का हवाला देते हुए रेखांकित किया कि वेतन, पेंशन और ब्याज के भुगतान सहित राज्य का प्रतिबद्ध व्यय, 2016-17 और 2021-22 के दौरान राजस्व प्राप्तियों के 32 प्रतिशत से बढ़कर 42 प्रतिशत हो गया।

## ब्रिटेन में बढ़ेगा डेढ़ लाख स्वास्थ्यकर्मियों का वेतन

**लंदन,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। ब्रिटेन सरकार ने रविवार को कहा कि देश की राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा के करीब एक लाख 50 हजार चिकित्सकों की हड़ताल समाप्त कराने की कार्रवाई के तहत इसी माह से उनके वेतन में वृद्धि की जाएगी। सरकार ने आज यहां जारी एक बयान में कहा, सरकार ने चिकित्सकों और दंत चिकित्सकों के पारिश्रमिक पर स्वतंत्र समीक्षा निकाय की सिफारिशों को स्वीकार कर लिया है और इस महीने से राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा के करीब डेढ लाख चिकित्सकों को बढ़ा हुआ वेतन मिलना शुरू हो जाएगा। सरकार ने बताया कि प्रशिक्षण में प्रथम वर्ष के चिकित्सको को 10.3 प्रतिशत , औसत कनिष्ट चिकित्सकों को 8.8 प्रतिशत और चिकित्सा सलाहकारों के छह प्रतिशत बढ़ा हुआ वेतन मिलेगा। बयान में कहा गया, यह वेतन वृद्धि कर्मचारियों को महत्वपूर्ण वेतन वृद्धि देते हुए मुद्रास्फीति को नियंत्रण में रखने की आवश्यकता को संतुलित करती है।

## वर्ग पहेली 6306

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | ■ | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. जिस पर विजय पाना कठिन हो, परमेश्वर
४. बंटवारा
६. माथा, ललाट
७. अनार
८. कोई चीज पाने के लिए हाथ बढ़ाना, झटपट चल पड़ना, किसी पर झपटना
१०. धमकाना, डराना, डांटना, क्रोध
११. शिकन आना, फर्क पड़ना (मुहावरा)
१३. गोलमाल, गड़बड़
१४. लोहे-बांस आदि की तीलियों आदि का बना एक तरह का टोकरा जैसी आकृति जिसमें पालतु पशु-पक्षी रखे जाते हैं
१५. कानूनी
१७. विफल (उर्दू)
१९. दूर में स्थित
२१. पाप रहित
२२. हवा में इधर-उधर होना
२४. कामना, अभिलाषा

**ऊपर से नीचे:-**

१. पीड़ादायक
२. राजप्रासाद
३. यमलोक की पीड़ा
४. किसी के खाते में खर्च की ओर कोई रकम लिखना
५. जन्म देने वाला
९. कठोर, जो कोमल न हो (उर्दू)
११. अधिकतर
१२. डर, खौफ़, दहशत
१३. कुल, वंश
१४. ललाई लिए हुए पीले रंग का, पीला
१५. पारिश्रमिक लेकर कार्य करने वाला
१६. बेजोड़, बेमिसाल
१८. मिस्र की राजधानी
१९. कठिन मुश्किल२०. दृढ़ और सूखी जमीन, स्थान
२३. अनेक, कई

### वर्ग पहेली-6305

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नौ | ज | २ ला | ध्य | 3 क्ष | ■ | ४ पा | की | ५ ज | गी |
| नि | ■ | व | ■ | ६ मा | हि | र | ■ | रू | ■ |
| ७ हा | सि | ल | ■ | या | ■ | ८ प | धा | र | ९ ना |
| ल | ■ | श्क | ■ | १० च | रि | त्र | ■ | ■ | व |
| ■ | ११ ब | र | १२ स | ना | ■ | ■ | १३ उ | त्क | च |
| ■ | चा | ■ | चे | ■ | १४ सं | जी | दा | ■ | ला |
| १५ न | व | १६ जा | त | ■ | प | ■ | १७ र | १८ ह | ना |
| व | ■ | दू | ■ | १९ खि | न्न | २० ता | ■ | सी | ■ |
| २१ ल | वं | ग | ■ | ल | ■ | २२ र | त | ना | २३ र |
| ता | ■ | २४ र | च | ना | त्म | क | ■ | ■ | ण |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1665 - मुग़लों और छत्रपति शिवाजी महाराज के बीच पुरंधर की संधि पर हस्ताक्षर।

1781 - स्पेन के निवासियों ने लॉस एंजिल्स की स्थापना की।

1825 - प्रमुख राजनीतिज्ञ दादा भाई नौरोजी का जन्म।

1888 - महात्मा गांधी ने इंग्लैंड के लिए समुद्री यात्रा शुरु की।

1944 - द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान ब्रिटिश सैनिकों ने बेल्जियम के एंटवर्प शहर में प्रवेश किया।

1946 - भारत में अंतरिम सरकार का गठन।1967 - महाराष्ट्र का कोयना बांध भूकंप की चपेट में आकर ध्वस्त, 200 से ज्यादा लोगों की मौत।

1985 - 73 बरस पहले समुद्र में डूबे जहाज टाइटेनिक की तस्वीरें सामने आईं।

1999 - ईस्ट तिमोर में सम्पन्न जनमत संग्रह में 78.5 प्रतिशत जनता ने इंडोनेशिया से स्वतंत्रता के पक्ष में अपना मत प्रकट किया।

2000 - श्रीलंका के जाफना की बाहरी सीमाओं पर श्रीलंका सेना तथा मुक्ति चीतों के बीच संघर्ष में 316 लोग मारे गये।

2008 - केन्द्रीय कैबिनेट ने सात राज्यों में निर्वाचन क्षेत्रों के पुनर्निर्धारण के सम्बन्ध में परिसीमन आयोग की सिफारिशों में सुधार के प्रस्ताव को मंज़ूरी दी।

2009 - गुजरात उच्च न्यायालय ने जसवंत सिंह की मुहम्मद अली जिन्ना पर लिखी किताब पर गुजरात में लगा प्रतिबंध हटाया।

2012- पैरालम्पिक खेलों में गिरीश होसंगारा नागराजेगौड़ा ने भारत को पहला पदक दिलवाया ।

**कूटनीति** कुछ राष्ट्राध्यक्षों की अनुपस्थिति को लेकर चल रही चर्चाएं

# जी-20 की पहली तीन बैठकों में ही उपस्थित हो सके थे शीर्ष नेता

**नई दिल्ली,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। आगामी जी20 शिखर सम्मेलन में कुछ राष्ट्राध्यक्षों की अनुपस्थिति को लेकर भले ही कुछ अलग तरह की चर्चाएं चल रही हों लेकिन यह भी तथ्य है कि 2008 से अब तक हुए 16 शिखर-सम्मेलनों में से केवल शुरुआती तीन में ही सभी देशों के राष्ट्राध्यक्षों या शासनाध्यक्षों ने भाग लिया था। रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन की अनुपस्थिति और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बारे में अनिश्चितता को लेकर जी 20 शिखर-सम्मेलन की कामयाबी को लेकर कुछ हलकों में कुछ टीका टिप्पणियां की जा रही हैं लेकिन पिछले सम्मेलन पर निगाह डाली जाए तो कुछ और तथ्य सामने आते हैं।

पिछले रिकॉर्ड से पता चलता है कि वैश्विक शिखर सम्मेलनों में उपस्थिति का स्तर साल-दर-साल बदलता और व्यस्तताओं के चलते हर नेता के लिए हर शिखर सम्मेलन में भाग लेना हमेशा संभव नहीं होता है। कई बार नेता अपने निजी कारणों से शिखर सम्मेलन में भाग नहीं ले पाते हैं। यहां सबसे उदाहरण इटली में वर्ष 2021 का जी20 शिखर सम्मेलन है जहां नेताओं के लिए इसे छोड़ने का कोई बड़ा भू-राजनीतिक या स्वास्थ्य कारण नहीं था, लेकिन कुछ परिस्थितियां इस तरह से हुईं कि 20 सदस्य देशों में से छह देशों के राष्ट्राध्यक्षों या शासनाध्यक्षों की बजाय उनके प्रतिनिधि नेताओं ने भाग लिया था। जानकारी के अनुसार वर्ष 2008 से, जी 20 का प्रत्यक्ष रूप से 16 शिखर सम्मेलनों और एक वर्चुअल शिखर सम्मेलन (सऊदी अरब, 2020) का आयोजन हो चुका है। वर्ष 2009 और 2010 में दो-दो शिखर सम्मेलन हुए। इन 16 प्रत्यक्ष शिखर सम्मेलनों में से, 2008 और 2009 के पहले तीन शिखर सम्मेलनों को छोड़कर, 2010 से अब तक एक भी अवसर ऐसा नहीं आया जब कि इसमें प्रत्येक देश ने राष्ट्राध्यक्ष या शासनाध्यक्ष स्तर पर भाग लिया हो। जी 20 शिखर-सम्मेलन के इतिहास को देखें तो छह बार - 2010, 2011, 2012, 2013, 2016, 2017 में एक देश के राष्ट्राध्यक्ष या शासनाध्यक्ष ने भाग नहीं लिया। पांच बार 2010, 2014, 2015, 2018, 2019 में दो देशों के राष्ट्राध्यक्ष या शासनाध्यक्ष नहीं आये। यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद वर्ष 2022 में तीन देशों के राष्ट्राध्यक्ष या शासनाध्यक्ष शामिल नहीं हुए। वर्ष 2021 में (यूक्रेन युद्ध से पहले, कोविड के बाद) छह देशों के शीर्ष नेता नहीं आए थे।

ऐसे नौ देश - कनाडा, जर्मनी, भारत, इटली, दक्षिण कोरिया, तुर्की, ब्रिटेन , अमेरिका , यूरोपीय संघ हैं जिन्होंने हमेशा हर शिखर-सम्मेलन में राष्ट्राध्यक्ष या शासनाध्यक्ष के स्तर पर शिरकत की है। मेक्सिको के राष्ट्रपति ने 2018 से स्वयं भाग नहीं लिया है।




■ रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन सम्मेलन में नहीं कर रहे शिरकत

## दुनिया को जानें

### चीन-आसियान एक्सपो में दिखेगी आकर्षक हांगझाऊ शहर की झलक

**बीजिंग,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। चीन का आकर्षक शहर होने के नाते हांगझाऊ 20वें चीन-आसियान एक्सपो में दुनिया को शहर का आकर्षण और जीवन शक्ति दिखाएगा और एक्सपो के दौरान आर्थिक व व्यापारिक आदान-प्रदान बैठक का आयोजन करेगा। बताया जाता है कि एक्सपो में हांगझाऊ आधुनिक प्रदर्शन प्रौद्योगिकी और ऑडियो, वीडियो, वस्तु व अन्य माध्यम से एशियाई खेल, डिजिटल अर्थव्यवस्था और वैश्विक धरोहर तीन भागों में दुनिया को अपना आकर्षण दिखाएगा। हांगझाऊ एशियाई खेलों का उद्घाटन 23 सितंबर को होगा। एशियाई खेलों के खंड में खेल मैदान, प्रतिस्पर्धा, कार्यक्रम और शुभंकर आदि से एशियाई खेलों की तैयारी में हांगझाऊ का प्रयास दिखाया जाएगा। डिजिटल अर्थव्यवस्था के खंड में देश का प्रथम डिजिटल अर्थव्यवस्था शहर बनाने में हांगझाऊ में मिली उपलब्धियां दिखाई जाएंगी। कई डिजिटल अर्थव्यवस्था के औद्योगिक पार्क हांगझाऊ में स्थित हैं। विश्व डिजिटल व्यापार एक्सपो के आयोजन, मुक्त व्यापार पायलट क्षेत्र के निर्माण और ई-कॉमर्स के विकास में प्रगति हासिल की।

# खेल जगत

## जिम्बाब्वे के पूर्व क्रिकेटर हीथ स्ट्रीक का निधन

नई दिल्ली, 3 सितंबर (एजेंसियां)। ज़िम्बाब्वे के पूर्व दिग्गज ऑलराउंडर हीथ स्ट्रीक का 49 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। हीथ की पत्नी नेडिन स्ट्रीक ने रविवार को इसकी पुष्टि की। नेडिन ने फेसबुक पर लिखा, आज सुबह के शुरुआती घंटों में रविवार, तीन सितंबर 2023 को मेरे जीवन का सबसे बड़ा प्यार और मेरे खूबसूरत बच्चों के पिता को स्वर्गदूतों के पास ले जाया गया। वह अपने अंतिम दिन घर में परिवार और निकटतम प्रियजनों के साथ बिताना चाहते थे। वह प्रेम और शांति से सराबोर थे। हमारी आत्माएं अनंतकाल के लिये एक हो गई हैं स्ट्रीकी। हम फिर मिलेंगे। साल 2000 से 2004 के बीच जिम्बाब्वे के कप्तान रहे स्ट्रीक ने अपने देश के लिये 65 टेस्ट और 189 एकदिवसीय मैच खेले। स्ट्रीक 100 टेस्ट विकेट लेने वाले ज़िम्बाब्वे के एकमात्र क्रिकेटर हैं और उन्होंने अपने 12 साल के करियर के दौरान अक्सर लड़खड़ाती गेंदबाजी इकाई को अकेले ही संभाला है।



# भारत की निगाहें जीत के साथ सुपर 4 में स्थान बनाने पर

■ सत्येन्द्र पाल सिंह




■ भारत की कोशिश बुमराह,शमी व हार्दिक की धार व रफ्तार का जायजा लेने की

■ नेपाल से भारत को हरा उलटफेर करने की उम्मीद बेमानी

नई दिल्ली, 3 सितंबर (देशबन्धु)। रोहित शर्मा की अगुआई वाली भारतीय टीम की निगाहें पालीकेल (श्रीलंका) में वन डे एशिया कप क्रिकेट में शनिवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ अपना पहला मैच बारिश के चलते अधूरा बेनतीजा खत्म होने के बाद अब पालीकेल (श्रीलंका) में ही नौसिखिया नेपाल से सोमवार को ग्रुप ए का मैच बड़े अंतर से जीत के साथ शीर्ष पर रह सुपर 4 में स्थान बनाने पर लगी हैं। पाकिस्तान की टीम का भारत से मैच बारिश के चलते अधूरा बेनतीजा खत्म होने से अंक बांटने और नेपाल पर पहले मैच में बड़ी जीत से आगाज करने से ग्रुप ए में दो मैच से चार अंकों के साथ सबसे पहले सुपर 4 में पहुंचने से अब शीर्ष के लिए संघर्ष रोचक हो गया है। नेपाल को अपने पहले मैच में पाकिस्तान के हाथों 238 की हार झेलनी पड़ी थी। भारत का यदि बारिश के चलते नेपाल के खिलाफ सोमवार का दूसरा मैच भी बेनतीजा रहता है तो भी भारत दो मैचों से दो अंकों के साथ सुपर 4 में पहुंच जाएगा लेकिन तब पाकिस्तान ग्रुप ए में चार अंकों पर शीर्ष पर रहेगा।

भारत और नेपाल के बीच यह पहला अंतर्राष्ट्रीय वन डे मैच बेमेल या कहें की ये शेर व मेमने की लड़ाई सरीखा ही दिखाई पड़ रहा है। नेपाल की ताकत उसके लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में अकेला शतक व छह अर्द्धशतक जडने् वाले बल्लेबाज कप्तान कुशल भुरतल,गुलशन झा तेज गेंदबाज ऑलराउंडर सोमपाल कामी के साथ भारत में आईपीएल में दिल्ली डेयरडेविल्स सहित कई विदेशों में कई क्रिकेट लीग मे खेल चुके लेग स्पिनर संदीप लमिछने ही हैं। नेपाल अपनी चुस्त फील्डिंग से जरूर भारत के बल्लेबाजों का इम्तिहान ले सकती है लेकिन उससे भारत को हरा उलटफेर करने की उम्मीद बेमानी ही है। नेपाल ने पाकिस्तान को पहले मैच में मुल्तान में शुरुआती झटके जरूर दिए थे लेकिन मेजबान टीम के कप्तान बाबर आजम और निचले क्रम में इफ्तिखार अहमद के तूफानी शतकों के सामने यह चाय की प्याली में तूफान का साबित हुआ। भारत के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज पाकिस्तान के खिलाफ नाकामी के बाद जरूर नेपाल के खिलाफ इस मैच का उपयोग आगे सुपर 4 मैच से पहले अपनी रंगत पाने के लिए करना चाहेंगे।

खासतौर पर भारत की कोशिश अगले महीने अपने घर में शुरू होने वाले आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप की तैयारियों की मद्देनजर चोट से उबर कर अब फिट हो करीब एक साल के बाद वापसी करने वाले तुरुप के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और मोहम्मद शमी जैसे तेज गेंदबाजों की धार-रफ्तार का जायजा लेने की होगी। बारिश की आंचमिचौनी से भारत के टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी के दौरान दो बार बाधा उसे कप्तान रोहित शर्मा के एकाग्रता खोने, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर और शुभमन गिल के पाकिस्तान के शाहीन शाह अफरीदी, नसीम शाह और हैरिस रउफ के तूफान के खिलाफ क्षणि चूक से अच्छे आगाज के बाद चार विकेट मात्र 66 रन पर गंवाने के बाद बाएं हाथ के विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन (82)और ऑलराउंडर उपकप्तान हार्दिक पांडया(87) की पांचवें विकेट की बेशकीमती 138 रन की भागीदारी की बदौलत असमतल उछाल के चलते 266 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाने में सफर रहा था। ईशान किशन ने हार्दिक के साथ मिलकर खासतौर पर नंबर पांच पर पाकिस्तान के अफरीदी, नसीम शाह और रउफ जैसे रफ्तार के सौदागर और उसके उपकप्तान लेग स्पिन ऑलराउंडर शादाब खान, सलमान आगा और बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर मोहम्मद नवाज की त्रिमूर्ति के खिलाफ जवाबी हमला बोल बड़ी शतकीय भागीदारी की उससे उन्होंने भारत टीम प्रबंधन में खासतौर पर चीफ कोच राहुल द्रविड़ के लिए एकादश के चयन को लेकर सुखद सिरर्रद पैदा कर दिया। भारत के क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट के वीरेंद्र सहवाग के साथ सबसे कामयाबी सलामी जोड़ीदार कमेंटेटर गौतम गंभीर ने कहा कि अब मध्यक्रम में विकेटकीपर व बाएं हाथथ बल्लेबाज के रूप में ईशान किशन अपनी मौजूदा फॉर्म के कारण अब केएल राहुल से बेहतर विकल्प हैं। हालांकि एनसीए के सूत्रों के हवाले से भारतीय टीम प्रबंधन के लिए एक सुखद %सिरदर्द' पैदा करने वाली खबर यह है कि फिटनेस टेस्ट से एक दिन पहले ही केएल राहुल को अब पूरी तरह फिट घोषित कर दिया गया है लेकिन बड़ा सवाल यह होगा कि उन्हे सीधे सुपर 4 मैच में एकादश में स्थान दिया जाए?

भारत का दुनिया की नंबर एक टीम पाकिस्तान के खिलाफ मैच बारिश के चलते अधूरा बेनतीजा खत्म होने से उसे अपने चोट के बाद आयरलैंड के खिलाफ बतौर कप्तान व तेज गेंदबााज टी-20 सीरीज जिताने वाले तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की गेंदबाजी की धार देखने का मौका फिसल गया। भारत के चीफ कोच राहुल द्रविड़ के लिए खासतौर पर सही एकादश का चयन करना सबसे बड़ा सिरदर्द बना हुआ है। बेशक पाकिस्तान के खिलाफ बारिश के कारण भारत के गेंदबाजों का नंबर ही नहीं आया लेकिन मोहम्मद शमी जैसे अनुभवी और बुमराह के बतौर तेज गेंदबाज सबसे कामयाब जोड़ीदार मोहम्मद शमी को बाहर रख तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर शार्दूल ठाकुर को एकादश में शामिल करना सवाल खड़े करता है। कप्तान रोहित, शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, इशान किशन, हार्दिक पांडया, रवींद्र जडेजा के रूप भारत जब सात बल्लेबाजों को अपनी प्रमुख ताकत मानता है तो उसे उन्हीं पर भरोसा करना चाहिए और बल्लेबाजी को मजबूत करने के नाम पर शार्दूल को एकादश में शामिल कर बुमराह, मोहम्मद सिराज, मोहम्मद सिराज ,हार्दिक पांडया के रूप में चार तेज गेंदबाज और खालिस स्पिनर के रूप मे बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव को शामिल करना बेहतर संयोजन है क्योंकि बाएं हाथ के लेफ्ट आर्म के रूप में सटीक व कंजूस रवींद्र जडेजा एकादश में पहले से ही हैं।

# शीर्ष क्रम के फ्लॉप होने पर गावस्कर ने कहा, रोहित व विराट अपने पैरों का बेहतर इस्तेमाल कर सकते थे



**नई दिल्ली,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। भारत के महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप मुकाबले के दौरान टीम के शीर्ष क्रम के पतन से निराश हो गए, उन्होंने कहा कि अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली पाकिस्तान के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन शाह आफरीदी के खिलाफ अपने पैरों का बेहतर इस्तेमाल कर सकते थे। भारत 15 ओवर में 66-4 पर सिमट गया, शाहीन ने रोहित और कोहली को बोल्ड आउट किया, इसके बाद हारिस रऊफ ने श्रेयस अय्यर और शुभमन गिल को आउट किया। ईशान किशन (82) और हार्दिक पांड्या (87) की सूझबूझ भरी पारियों की बदौलत भारत ने 48.5 ओवर में 266 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाया।

बाएं-दाएं हाथ की बल्लेबाजी जोड़ी ने दबाव की स्थिति में आगे बढ़ते हुए पांचवें विकेट के लिए 138 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की, भारत की पारी के बाद लगातार बारिश आने के कारण मैच को रद्द करना पड़ा। गावस्कर ने कहा, दोनों बल्लेबाज (रोहित और विराट) अपने पैरों का थोड़ा बेहतर इस्तेमाल कर सकते थे। रोहित शर्मा के बल्ले और पैड के बीच बड़ा गैप था। श्रेयस अय्यर थोड़ा बदकिस्मत थे। वह एक क्रैकिंग हुक शॉट था लेकिन यह सीधे फील्डर के पास गया। अगर फील्डर 5 मीटर बाएं या दाएं होता, तो यह एक बॉउंड्री होती। शुभमन गिल, कुछ अजीब कारण से , बहुत दबे हुए लग रहे थे।

गावस्कर ने इंडिया टुडे पर कहा, ऐसा नहीं लग रहा था कि वह अपना स्वाभाविक गेम खेल रहा था, ऐसा लग रहा था कि वह अपने आस-पास किसी तरह की अनिश्चितता में है। यही कारण है कि उसने लंबे समय तक अपना खाता नहीं खोला और वह शायद ही उस शुभमन गिल की तरह लग रहा था जिसे हम जानते हैं। किशन, जिन्होंने शुरुआत में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने के बाद पांचवें नंबर पर एक अपरिचित स्थिति में बल्लेबाजी की, ने जवाबी हमले के प्रयास में 81 गेंदों में 82 रन बनाए, जिसमें 101.23 की स्ट्राइक रेट से नौ चौके और दो छक्के शामिल थे, एक ऐसा प्रयास जिसने अर्जित की गावस्कर की तारीफ।

मुझे लगता है कि उन्होंने जो दिखाया वह यह था कि एक शुरुआती बल्लेबाज निचले क्रम में कहीं भी बल्लेबाजी कर सकता है। यह दूसरी तरह से आसान नहीं है, जहां मध्य क्रम का बल्लेबाज आकर बल्लेबाजी की शुरुआत कर सकता है। यह आसान नहीं है, लेकिन एक शुरुआती बल्लेबाज को निचले क्रम में कहीं भी समायोजित किया जा सकता है, और वह भारतीय बल्लेबाजी लाइन में बाएं हाथ का आयाम लाता है। यदि आप शीर्ष चार को देख सकते हैं, तो वे सभी दाएं हैं और फिर बाएं हाथ का बल्लेबाज आता है, इसलिए यह गेंदबाजों के लिए थोड़ा मुश्किल बना देता है। इसके अलावा, उसके पास तेजी लाने की अद्भुत क्षमता है। वह देखने में बहुत छोटा लगता है, लेकिन वह जोरदार शॉट मारता है। उसने कुछ बड़े छक्के मारे और जिस तरह से उसने बल्लेबाजी की वह वास्तव में प्रभावशाली थी क्योंकि आम तौर पर वह गेंदबाजी के बाद आगे बढ़ना पसंद करता है। लेकिन जब भी जरूरत पड़ी, उन्होंने सतर्क रहकर पहचान की और महसूस किया कि स्थिति क्या है।

## पाकिस्तान की गेंदबाजी भारतीयों की तुलना में अधिक आक्रामक : दिनेश कार्तिक

**कराची,** 3 सितंबर (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेटर से कमेंटेटर बने दिनेश कार्तिक भारत के मुकाबले पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों को तरजीह देते हैं। उन्होंने नसीम शाह, हारिस रऊफ और शाहीन शाह आफरीदी की पाकिस्तानी तिकड़ी को श्रीलंकाई विकेटों पर घातक बताया। क्रिकबज से बात करते हुए कार्तिक ने कहा, शाहीन, हारिस रऊफ और नसीम लगातार 90+ गेंदबाजी कर सकते हैं और तीनों बहुत अलग हैं। शाहीन शाह, जाहिर तौर पर बाएं हाथ के पास एक कोण है और गेंद को वापस लाते हैं, नसीम शाह गेंद दोनों तरफ से स्विंग करते हैं, हारिस अपनी स्किड और खतरनाक बाउंसर के कारण पारी के अंतिम छोर पर निश्चित रूप से सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में से एक है। यह पूछे जाने पर कि वह इन विकेटों पर किसे बल्लेबाजी करना पसंद करेंगे, उन्होंने भारतीय तेज गेंदबाजों (मोहम्मद सिराज, मोहम्मद शमी और जसप्रीत बुमराह) का सामना करना सहज पाया। उन्होंने पाकिस्तानी तिकड़ी द्वारा पिच से उत्पन्न उछाल का उल्लेख करते हुए उन्हें न खेलने का कारण बताया। कार्तिक ने कहा, मेरे लिए, वे सपाट विकेटों पर कहीं अधिक शक्तिशाली आक्रमण हैं। अगर पिच में कुछ है तो दोनों आक्रमण हर समय बहुत समान हो जाते हैं, लेकिन अगर मुझे आक्रमण खेलना होता है तो मुझे एक भावना होती है। उन्होंने आगे कहा, बुमराह, सिराज और शमी को खेलने का शायद मेरे पास बेहतर मौका है क्योंकि उन्हें जो उछाल मिलेगा वह पाकिस्तान के ये तीन अन्य गेंदबाज जो कर सकते हैं उससे थोड़ा कम होगा। पाकिस्तानी तेज गेंदबाज तिकड़ी ने शनिवार रात गिरे सभी 10 विकेट झटके। हालांकि, बारिश के कारण मैच रद्द हो गया और दोनों टीमों ने एक-एक अंक बांट लिया। पाकिस्तान तीन अंकों के साथ अगले चरण के लिए क्वालीफाई कर गया।

# मिराज-शान्तो के शतक, बंगलादेश ने बनाये 334 रन




**लाहौर,** 03 सितंबर (एजेंसियां)। मेहदी हसन मिराज़ (112) और नजमुल हुसैन शान्तो (104) के शानदार शतकों की बदौलत बंगलादेश ने एशिया कप के करो या मरो ग्रुप-बी मुकाबले में रविवार को अफगानिस्तान के सामने 335 रन का लक्ष्य रखा। बंगलादेश ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी और मिराज़ ने मोहम्मद नईम के साथ मिलकर पहले ओवर से ही मोर्चा संभाल लिया। मिराज़-नईम ने पहले विकेट के लिये 10 ओवर में 60 रन की साझेदारी की, हालांकि अफगानिस्तान ने चार गेंद के अंदर दो विकेट गिराकर मैच में वापसी की। मुजीब उर रहमान ने नईम (32 गेंद, 28 रन) को आउट कर साझेदारी तोड़ी, जबकि गुलबदिन नाइब ने तौहीद हृदोय को शून्य रन पर पवेलियन भेज दिया। नईम और हृदोय के विकेट हालांकि बंगलादेश को बैकफुट पर नहीं धकेल सके। मिराज़ और शान्तो ने इसके बाद अपने-अपने शतक पूरे करते हुए 195 रन की विशाल साझेदारी कर डाली। मिराज़ 119 गेंद पर सात चौकों और तीन छक्कों के साथ 112 रन बनाकर रिटायर हर्ट हो गये, जबकि शान्तो ने 45वें ओवर में रनआउट होने से पहले 105 गेंद पर नौ चौकों और दो छक्कों की मदद से 104 रन बनाये। मुश्फिकुर रहीम (15 गेंद, 25 रन) और शाकिब अल हसन (18 गेंद, नाबाद 32 रन) ने आक्रामक बल्लेबाजी के साथ बंगलादेशी पारी को मज़बूत अंत दिया। शमीम हुसैन ने छह गेंद पर एक छक्के के साथ 11 रन बनाये। अफगानिस्तान की ओर से मुजीब ने 10 ओवर में 62 रन देकर एक विकेट लिया, जबकि नाइब ने आठ ओवर में 58 रन देकर एक सफलता हासिल की। फज़लहक़ फारूक़ी छह ओवर में 53 रन देकर अफगान टीम के सबसे महंगे गेंदबाज साबित हुए।

**सार संक्षेप**

### टेस्ट में पहले तटस्थ अंपायरों में से एक, पीलू रिपोर्टर का 84 वर्ष की आयु में निधन

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास में पहले दो तटस्थ अंपायरों में से एक पीलू रिपोर्टर का रविवार को बीमारी के कारण मुंबई में निधन हो गया। 84 वर्षीय रिपोर्टर सेरेब्रल कन्फ्यूजन बीमारी से पीड़ित थे और उनके घर पर उनकी पत्नी और दो बेटियां उनकी देखभाल कर रही थीं। 1992 विश्व कप, जो ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में खेला गया था, 14 टेस्ट मैचों और 22 एकदिवसीय मैचों के अलावा उन टूर्नामेंटों में से एक था जिसमें रिपोर्टर ने अंपायरिंग की थी। रिपोर्टर, 1992 विश्व कप में एकमात्र भारतीय अंपायर था, जो अपने फुर्तीले संकेत के लिए जाना जाता था। 1986 में लाहौर में पाकिस्तान और वेस्टइंडीज के बीच खेला गया टेस्ट मैच रिपोर्टर के लिए एक बड़ा अवसर था - यह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में तटस्थ अंपायर के लिए पहला उदाहरण था। उन्होंने साथी भारतीय वीके रामास्वामी के साथ उस मैच में अंपायरिंग की थी। पाकिस्तान के कप्तान इमरान खान ने घरेलू अंपायरों के कथित पूर्वाग्रह के बारे में चिंताओं को दूर करने के लिए बदलाव का सुझाव दिया। आईसीसी ने दो साल बाद इसे औपचारिक रूप देने से पहले 1992 में टेस्ट क्रिकेट में एक तटस्थ अंपायर का प्रयोग किया था।

### ताकतवर भारतीय चौकड़ी ने विश्व चैंपियनशिप में अमेरिकियों को चौंका दिया

**नई दिल्ली।** पिछले रविवार को हंगरी के बुडापेस्ट में एक सुखद शाम को, भारत ने इतिहास रचा जब मोहम्मद अनस, अमोज जैकब, मोहम्मद अजमल वरियाथोडी और राजेश रमेश की चौकड़ी विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 4×400 मीटर रिले रेस फाइनल में 2:59:92 सेकंड का समय लेकर विश्वसनीय पांचवें स्थान पर रही। चैंपियनशिप के इतिहास में यह पहली बार था कि भारत ने प्रतियोगिता के फाइनल में जगह बनाई, जिसे अंततः अमेरिका (2:57:31) ने जीता, जबकि फ्रांस (2:58:45) और ग्रेट ब्रिटेन (2:58:71) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

# डब्ल्यूबीबीएल : रेनेगेड्स में बनी रहेंगी हरमनप्रीत



**मेलबर्न,** 3 सितंबर (एजेंसियां)। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) के विदेशी ड्राफ्ट में चुनी जाने वाली एकमात्र भारतीय खिलाड़ी थीं, जिन्हें रविवार को मेलबर्न रेनेगेड्स ने अपने पास बरकरार रखा। यास्तिका भाटिया, जेमिमा रोड्रिग्स और दीप्ति शर्मा सहित कुल 18 भारतीय खिलाड़ियों का नाम डब्ल्यूबीबीएल के विदेशी ड्राफ्ट में शामिल था, लेकिन हरमनप्रीत के अलावा किसी को भी फ्रेंचाइजी नहीं मिली।

रेनेगेड्स ने प्लैटिनम श्रेणी में मौजूद हरमनप्रीत और वेस्टइंडीज की हेली मैथ्यूज को अपने पास बरकरार रखा। हरमनप्रीत ने 2021-22 सीज़न के दौरान रेनेगेड्स के लिये 12 पारियों में 58.00 की औसत और 130.96 के स्ट्राइक रेट से 406 रन बनाए, जिसमें तीन अर्धशतक और नाबाद 81 रन का शीर्ष स्कोर शामिल रहा। उन्होंने पूरे सीज़न में 7.45 की इकॉनमी से रन देते हुए 15 विकेट भी चटकाये।

उल्लेखनीय है कि हरमनप्रीत ने 2016-17 सीज़न में सिडनी थंडर के साथ डब्ल्यूबीबीएल में पदार्पण किया था। रेनेगेड्स के मुख्य कोच साइमन हेल्मोट ने कहा, मुझे बहुत खुशी है कि हमें वे दोनों (हरमनप्रीत और हेली) मिलीं। मैं इस साल फिर से उनके साथ काम करने के लिये उत्सुक हूं। उन्होंने कहा, यह निर्णय कठिन था। क्या हम तीसरे नंबर पर हरमनप्रीत को लें, या हम हेली को लें? सौभाग्य से, यह हमारे लिये कारगर साबित हुआ कि हरमनप्रीत अभी भी दूसरे दौर में उपलब्ध थीं, इसलिए हम उसे अभी भी प्लैटिनम श्रेणी के तहत प्राप्त कर सकते थे।

हरमनप्रीत डब्ल्यूबीबीएल के अलावा द हंड्रेड में लंकाशर थंडर्स, सुपरनोवाज़, मैनचेस्टर ऑरिजिनल्स और ट्रेंट रॉकेट्स का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। भारत की विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में वह मुंबई इंडियन्स के लिये खेलती हैं।

## बाएज का विजय रथ रोक आगे बढ़े मेदवेदेव, अल्काराज, ज़्वेरेव भी जीते



**न्यूयॉर्क,** 3 सितंबर (एजेंसियां)। रूस के दानिल मेदवेदेव ने अर्जेंटीना के सेबैस्टियन बाएज़ का विजय रथ रोकते हुए उन्हें अमेरिकी ओपन के तीसरे दौर में करारी शिकस्त दी। बाएज़ पिछले 12 मुकाबले जीतकर तीसरे दौर में आ रहे थे लेकिन पूर्व अमेरिकी ओपन चैंपियन मेदवेदेव ने शनिवार को उन्हें 6-2, 6-1 7-6(6) से हराकर प्री-क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया।

शुरुआती दो सेट एकतरफा रूप से जीतने के बाद मेदवेदेव को तीसरे सेट में बाएज़ से कड़ी टक्कर मिली। बाएज़ ने मेदवेदेव के फोरहैंड का मज़बूती से जवाब देते हुए तीसरे सेट में 5-2 की बढ़त बना ली लेकिन इसके बाद बारिश ने मैच में खलल डाल दिया। मेदवेदेव ने खेल दोबारा शुरू होने के बाद वापसी करते हुए 4-5 पर सर्विस हासिल की। बाएज़ के लिये लगातार अप्रत्याशित गलतियां करना भारी पड़ा और वह टाईब्रेकर में 6/6 पर गलती करके मुकाबला हार गये।

मेदवेदेव ने जीत के बाद कहा, मुझे ऐसा लगा कि हम दोनों अच्छा खेल रहे थे, यहां तक कि पहले दो सेटों में भी। मैं सही मौकों पर थोड़ा बेहतर खेला, सब कुछ मेरे हिसाब से हो रहा था। थोड़ा भाग्य का भी साथ रहा और मेरे अच्छे खेल ने भी मुझे सेट में बनाए रखा। अगले दौर में मेदवेदेव का सामना ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर से होगा। इस बीच, रूस के आंद्रे रुबलेव, जर्मनी के एलेक्जेंडर ज़्वेरेव और स्पेन के कार्लोस अल्काराज़ ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर प्री-क्वार्टरफाइनल में कदम रखा।

रुबलेव ने फ्रांस के आर्थर रिंडरनेक को 3-6, 6-3, 6-1, 7-5 से हराया। गत चैंपियन अल्काराज़ ने ब्रिटेन के डैन इवान्स को 6-2, 6-3, 4-6, 6-3 से मात दी। ज़्वेरेव ने बुल्गारिया के ग्रिगोर दिमित्रोव को 6-7(2), 7-6(8), 6-1, 6-1 से मात दी।

# भारत ने पाक को पुरुष एशिया कप हॉकी 5 के फाइनल में शूटआउट में हरा खिताब जीता




■ स्ट्राइकर रहील और गोलरक्षक सूरज करकेरा रहे भारत की जीत के हीरो

नई दिल्ली, 3 सितंबर (देशबन्धु)। उपकप्तान मोहम्मद रहील के दूसरे हाफ के आखिर में दागे दो मैदानी गोल की बदौलत भारत ने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को फाइनल में सलाला(ओमान) में 2-4 से पिछडने् के बाद चार -चार की बराबरी पाने के बाद शूटआउट में गोलरक्षक सूरज करकेरा को दो बेहतरीन बचाव से 2-0 से हरा कर पहला पुरुष हॉकी 5 एशिया कप 2023 खिताब जीत लिया। सूरज करकेरा की तारीफ करनी होग कि निर्धारित समय में दो बेहतरीन बचाव किए। मनदीप मोर की अगुआई वाली भारतीय टीम के लिए शूटआउट में मनिंदर सिंह और गुरजोत ने एक-एक गोल किया।पाकिस्तान के लियाकत अरशद और मुहम्मद मुतर्जा के गोल के प्रयास को भारत के गोलरक्षक सूरज करकेरा ने रोक कर बेकार कर दिया। भारत ने पाकिस्तान से फाइनल जीत कर उससे इलीट पूल मैच की 4-5 से हार का हिसाब चुकाया। भारत और पाकिस्तान ने फाइनल में स्थान बनाने के साथ इसमें खेलने उतरने से पहले एफआईएच 2024 पुरुष हॉकी 5 विश्व कप के लिए क्वॉलिफाई कर लिया। सेमीफाइनल में भारत ने मलयेशिया को 10-4 से तथा पाकिस्तान ने ओमान को 7-5 से हराया।

पाकिस्तान ने फाइनल में भारत के खिलाफ आक्रामक अंदाज में आगाज किया। अब्दुल रहमान ने पांचवें मिनट में गोल कर पाकिस्तान का खाता खोला। जुगराज सिंह ने दो मिनट बाद और मनिंदर सिंह ने तीन बाद मैदानी गोल कर भारत को 2-1 से आगे कर दिया। अब्दुल राणा ने 13 वें तथा जिकिरिया हयात ने अगले मिनट गोल कर पाकिस्तान को 3-2 से आगे कर दिया। अरशद लियाकत ने दूसरे हाफ के चौथे मिनट में गोल जब पाकिस्तान की बढ़त 4-2 कर दी तो तब फाइनल भारत की पहुंच से खिसकता लगा। उपकप्तान मोहम्मद रहील ने 19 वें और फिर खेल खत्म होने से चार मिनट पहले गोल कर भारत को चार-चार की बराबरी दिला दी और निर्धारित समय की समाप्ति पर स्कोर यह रहने से फाइनल शूटआउट में खिंच गया। भारत ने शूटआउट 2-0 से जीत कर खिताब अपने नाम किया। उपकप्तान मोहम्मद रहील के हैट्रिक सहित चार तथा मनिंदर सिंह, पवन राजभर, सुखविंदर सिंह, डिप्सन टिर्की , जुगराज सिंह और गुरजोत सिंह के एक -एक गोल की बदौलत भारत ने मलयेशिया को पहले सेमीफाइनल में भी शनिवार को 10-4 से शिकस्त दी। मलयेशिया के लिए कप्तान अकीमुल्लाह ने दो तथा अबू इस्माइल व मुहम्मद दिन ने एक-एक गोल किया। भारत ने मलयेशिया को इलीट पूल मैच में 7-5 से हराया।

हॉकी इंडिया ने खिताब जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम के हर सदस्य को दो-दो लाख रुपये तथा सपोर्ट स्टाफ के हर सदस्य को एक-एक रुपये का इनाम देने की घोषणा की। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पूर्व ओलंपियन दिलीप टिर्की ने भारतीय टीम को हॉकी 5 एशिया कप में स्वर्ण जीत सीधे एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 5 ओमान के लिए क्वॉलिफाई करने पर बधाई देते हुए कहा, हमारी भारतीय टीम ने हरफनमौला प्रदर्शन किया। हमारी महीनों की मेहनत रंग लाई। मैं अपनी भारतीय टीम से अब एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 5 ओमान 2024 में भी यही बढ़िया प्रदर्शन जारी रखने की आस करता हूं।'

**सुडोकू 6306 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 3 | 7 | 1 | 4 |
| 1 | 9 | 7 | 8 | 6 | 4 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 |
| 7 | 2 | 9 | 3 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 |
| 5 | 1 | 8 | 6 | 4 | 7 | 3 | 9 | 2 |
| 3 | 6 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 | 5 | 7 |
| 8 | 4 | 2 | 1 | 3 | 9 | 5 | 7 | 6 |
| 6 | 7 | 3 | 4 | 5 | 8 | 9 | 2 | 1 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 2 | 6 | 8 | 4 | 3 |

# [ अर्थ जगत ]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| पावरग्रिड | 2.50 प्रतिशत |
| एलटी | 2.09 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.95 प्रतिशत |
| एचडीएफसी | 1.01 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 0.89 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| रिलायंस | 1.11 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 0.97 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 0.67 प्रतिशत |
| टाइटन | 0.59 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.56 प्रतिशत |

### सर्राफा

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2500-3000 |
| गेहूं दडा | 2150-2160 |
| आटा | 2800-2290 |
| मैदा | 945-950 |
| चोकर | 620-630 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 4500-4600 |
| परमल | 1750-1775 |
| चावल सेला | 2250-2350 |
| आरआर (आठ ) | 1650-1670 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 4,850-4,950 |
| दाल चना | 4,850-4,950 |
| मसूर काली | 7,800-7,900 |
| उड़द दाल | 10300-10400 |
| मूंग दाल | 7,900-8,000 |
| अरहर दाल | 9700-9800 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में लगातार जारी तेजी के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज भी अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



## तेलंगाना के नलगोंडा में आईटी हब लगभग तैयार, जल्द होगा उद्घाटन

■ सरकार के टियर 2 शहरों में सूचना प्रौद्योगिकी का विस्तार करने को लेकर नलगोंडा में आईटी हब बन कर लगभग तैयार हो चुका है

**हैदराबाद,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। सरकार के टियर 2 शहरों में सूचना प्रौद्योगिकी का विस्तार करने को लेकर नलगोंडा में आईटी हब बन कर लगभग तैयार हो चुका है। जिसका उद्घाटन जल्द ही किया जाएगा। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री के.टी. रामाराव ने कहा कि नलगोंडा में आईटी हब का उद्घाटन कुछ ही हफ्तों में किया जाएगा। उन्होंने एक्स पर साझा किया, 'टियर 2 शहरों में आईटी क्षेत्र को विकसित करने के लिए तेलंगाना सरकार के प्रयास तेज गति से चल रहे हैं। वारंगल, खम्मम, करीमनगर, महबूबनगर, सिद्दीपेट और निजामाबाद के बाद अब यह नलगोंडा में तैयार हो रहा है।' नलगोंडा हैदराबाद से लगभग 200 किमी दूर है, जो एक प्रमुख वैश्विक आईटी गंतव्य है। नलगोंडा में 95 करोड़ रुपये की लागत से आईटी हब का निर्माण कार्य शुरू किया गया। कुल 14 आईटी कंपनियों ने नलगोंडा आईटी हब में कार्यालय स्थापित करने का इरादा जताया है।

एक सितम्बर को शहर में 'स्थानीय युवाओं के लिए स्थानीय प्लेसमेंट' विषय पर एक नौकरी मेला आयोजित किया गया था। 325 नौकरी रिक्तियों के लिए 12,000 से अधिक व्यक्तियों ने नौकरी मेले में भाग लिया। संबंधित कंपनियों ने नौकरी चाहने वालों का ऑनलाइन मूल्यांकन किया। स्थानीय शिक्षित बेरोजगार युवा इसको लेकर काफी खुश हैं, कि आईटी सुविधा उन्हें उनके गृह नगर में रोजगार प्रदान कर रही है। यह राज्य के द्वितीय श्रेणी के शहरों में खुलने वाला सातवां आईटी टावर होगा। पिछले महीने, निजामाबाद में आईटी टॉवर का उद्घाटन किया गया था।



निजामाबाद आईटी टावर में पंद्रह कंपनियों ने अपना परिचालन शुरू कर दिया है। 55,000 वर्ग फुट की अत्याधुनिक इमारत का निर्माण 50 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। मंत्री केटीआर ने कहा कि इसमें 1,400 युवाओं को नौकरी मिलेगी। उन्होंने कहा कि आईटी टावर स्थानीय युवाओं को हैदराबाद और विदेशों में प्रौद्योगिकी नौकरियां हासिल करने में मदद करेगा।

## नारियल कृषि-व्यवसाय और निर्यात को बढ़ावा दें : शोभा

■ 25वें विश्व नारियल दिवस समारोह का उद्घाटन किया
■ समारोह में मंत्री ने 10 नारियल उद्यमियों को सम्मानित भी किया

**तिरुवनंतपुरम,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने शनिवार को कहा कि छोटे किसानों के लिए लाभकारी रिटर्न सुनिश्चित करने के लिए नारियल की खेती और प्रसंस्करण को एक वाणिज्यिक उद्यम के रूप में शुरू करने तथा निर्यात बाजार को बढ़ावा देने का निर्णय लिया गया है।

सुश्री करंदलाजे ने आज कासरगोड में आईसीएआर-सीपीसीआरआई के सहयोग से नारियल विकास बोर्ड द्वारा आयोजित 25वें विश्व नारियल दिवस समारोह का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने किसानों से उत्पादन, मूल्य संवर्धन और निर्यात-उन्मुख व्यापार में सुधार के लिए भारत की केंद्र सरकार की विभिन्न



विकासात्मक योजनाओं जैसे किसान सम्मान योजना, पीएम फसल भीम योजना तथा कृषि अवसंरचना कोष का उपयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने प्रसंस्करण और उत्पाद विविधीकरण की ओर बढ़ने की आवश्यकता के बारे में बताया जिससे बेहतर मूल्य प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए खोपरा-केंद्रित प्रसंस्करण से नीरा, वर्जिन नारियल तेल और नारियल चिप्स जैसे अन्य उत्पादों की ओर बदलाव संभव हो सके।

उन्होंने कहा किकिसान उत्पादक संगठन छोटे और सीमांत किसानों की सामूहिक शक्ति को मजबूत करके नारियल क्षेत्र में क्रांति ला सकते हैं।

समारोह में मंत्री ने 10 नारियल उद्यमियों को सम्मानित भी किया। वहीं सात उद्यमियों के साथ प्रौद्योगिकी हस्तांतरण पर एमओए पर हस्ताक्षर किए गए। कार्यक्रम में केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, गोवा और गुजरात राज्यों के 500 से अधिक प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया।

## विदेशी मुद्रा भंडार तीन करोड़ डॉलर घटकर 594.9 अरब डॉलर पर

**मुंबई,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि कमी होने से 25 अगस्त को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार तीन करोड़ डॉलर कम होकर 594.9 अरब डॉलर रह गया जबकि इसके पिछले सप्ताह यह 7.3 अरब डॉलर घटकर 594.9 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 25 अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 53.8 करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 527.3 अरब डॉलर पर आ गयी। वहीं, इस अवधि में



स्वर्ण भंडार 53 करोड़ डॉलर बढ़कर 44.4 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 1.1 करोड़ डॉलर की गिरावट आई और यह घटकर 18.2 अरब डॉलर पर आ गया। इसी तरह इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 1.2 करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 5.1 अरब डॉलर रह गई।

## ओरछा में सब-स्टेशन बनने से सुधरेगी बिजली आपूर्ति व्यवस्था

**जबलपुर,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। बुंदेलखंड की धार्मिक नगरी ओरछा में बिजली लाइन और सब स्टेशन बनने से इस इलाके की बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार आएगा और लोगों को समस्याओं से छुटकारा भी मिलेगा। बताया गया है कि एम.पी. ट्रांसको (मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी) ने निवाड़ी जिले के प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल एवं धार्मिक नगरी ओरछा के लिये करीब 30 कि.मी. लंबाई की 132 केवी पृथ्वीपुर-ओरछा लाइन एवं 132 केवी सबस्टेशन ओरछा तैयार किया है। मध्यप्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने बताया कि करीब 34.7 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से निर्मित कर इस लाइन और सबस्टेशन को ऊर्जीकृत किया गया।



उन्होंने कहा कि नवनिर्मित 132 केवी पृथ्वीपुर- ओरछा लाइन एवं सबस्टेशन के निर्माण से ओरछा व उसके आसपास के क्षेत्रों को अब मात्र चार कि.मी. से ही 33 केवी की सप्लाई मिला करेगी, जिससे ओरछा व प्रतापपुरा क्षेत्र के करीब 11 हजार विद्युत उपभोक्ताओं के साथ ओरछा के विभिन्न पर्यटक एवं धार्मिक स्थलों को उचित गुणवत्ता की कम व्यवधान के साथ विद्युत व्यवस्था उपलब्ध हो सकेगी। इस लाइन का निर्माण मेसर्स एलएनटी एवं उपकेंद्र का निर्माण मेसर्स श्रीम के माध्यम से किया गया है। उल्लेखनीय है कि पहले 33 केवी के फीडर की लंबाई 30 किलोमीटर होने तथा इसके पृथ्वीपुर व ओरछा के मध्य सघन व रिजर्व फॉरेस्ट के साथ नदियों व पहाड़ों के बीच से गुजरने के कारण सुधार कार्य में बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। अब इस नये सबस्टेशन के बनने से जहां बरसात आदि प्राकृतिक कारणों से होने वाले व्यवधानों में कमी आएगी, वहीं सुधार कार्य जल्द पूरा करने में भी मदद मिलेगी। मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के कार्यपालन अभियंता सर्वेश गौतम ने बताया कि 132 केवी ओरछा सब स्टेशन के लिए 132 केवी सबस्टेशन पृथ्वीपुर से 132 केवी लाइन बनाना चुनौतीपूर्ण था।

## आर्थिक विकास के मजबूत आंकड़े का बाजार पर रहेगा असर

साप्ताहिक समीक्षा

मुंबई, 3 सितम्बर (एजेंसियां)। विश्व बाजार की तेजी से उत्साहित निवेशकों की हुई लिवाली से बीते सप्ताह करीब एक प्रतिशत की मजबूती पर रहे घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह आर्थिक विकास के मजबूत आंकड़ों का असर रहेगा। बीते सप्ताह बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 500.65 अंक अर्थात 0.8 प्रतिशत की तेजी लेकर सप्ताहांत पर 65387.16 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 169.5 अंक यानी 0.9 प्रतिशत चढ़कर 19435.30 अंक पर पहुंच गया।

समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर लिवाली हुई। इससे सप्ताहांत पर मिडकैप 717.71 अंक अर्थात 2.3 प्रतिशत उछलकर 31435.62 अंक और स्मॉलकैप 1364.57 अंक यानी 3.8 प्रतिशत की छलांग लगाकर 37420.53 अंक पर रहा। विश्लेषकों के अनुसार, वर्तमान में, घरेलू आर्थिक प्रणाली का विस्तार जारी है। चालू वित्त वर्ष क पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) फिर से बढ़कर 7.8 प्रतिशत हो गया है, और पीएमआई सूचकांक भी 58.6 तक बढ़ गया है। इसके अलावा, जनवरी 2021 के बाद से नए ऑर्डर में सबसे अधिक वृद्धि हुई, जो लगभग तीन वर्षों में सबसे बड़ी वृद्धि है। चीन और अमेरिका जैसे देशों की मजबूत मांग से निर्यात नौ महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, इस बीच रोजगार वृद्धि चार महीनों में सबसे धीमी रही। लेकिन, खरीददारी का स्तर तेजी से बढ़ा, जो 12 वर्षों में सबसे तेज वृद्धि में से एक



है, जिससे मुद्रास्फीति ऊंची बनी हुई। जैसे-जैसे देश की आर्थिक प्रणाली में तेजी आ रही है, बाजार में जोखिम वाली परिसंपत्तियों की मांग बढ़ गई है, जिससे निफ्टी 50 में तेजी का रुख है। अमेरिकी अनाज का रकबा बढ़ा, जो पिछले सात वर्ष में सबसे अधिक वार्षिक वृद्धि है। ब्राजील की मकई की फसल रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई, और काला सागर क्षेत्र के देशों ने मिलकर गेहूं की कीमतें कम कर दीं। इससे बाजार में घबराहट धीरे-धीरे कम हो गई है। VIX संकेतकों से यह भी पता चलता है कि बाजार आर्थिक प्रणाली के बारे में अपेक्षाकृत आशावादी है लेकिन निकट भविष्य में जोखिम परिसंपत्तियों में वृद्धि जारी रहने की उम्मीद है।

चीन के अपने संकटग्रस्त बाजार को सहारा देने के लिए उपायों की घोषणा करने के बाद विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर कमोडिटीज, इंडस्ट्रियल्स, दूरसंचार, कैपिटल गुड्स और रियल्टी समेत सोलह समूहों में हुई लिवाली से सोमवार को सेंसेक्स 110.09 अंक की तेजी लेकर 64,996.60 अंक और निफ्टी 40.25 अंक चढ़कर 19,306.05 अंक पर पहुंच गया। चीन के अपने संकटग्रस्त बाजार को सहारा देने के लिए उपायों की घोषणा करने से विश्व बाजार में जारी तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर कमोडिटीज, यूटिलिटीज, धातु, पावर और रियल्टी समेत सोलह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत मंगलवार को शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन भी मजबूती रही। सेंसेक्स 79.22 अंक की बढ़त लेकर 65075.82 अंक और निफ्टी 36.60 अंक बढ़कर 19342.65 अंक पर रहा। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर सीडी, दूरसंचार, रियल्टी और टेक समेत चौदह समूहों में लिवाली होने के बावजूद बुधवार को सेंसेक्स 11.43 अंक की मामूली बढ़त लेकर 65,087.25 अंक और निफ्टी 4.80 अंक बढ़कर 19347.45 अंक पर सपाट बंद हुआ।

विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, यूटिलिटीज, तेल एवं गैस और सर्विसेज समेत ग्यारह समूहों में हुई बिकवाली से गुरुवार को शेयर बाजार की पिछले लगातार तीन दिन की तेजी पर ब्रेक लग गया। सेंसेक्स 255.84 अंक लुढ़ककर 64831.41 अंक और निफ्टी 93.65 अंक की गिरावट लेकर 19253.80 अंक पर आ गया। विश्व बाजार के मजबूत रुझान के बीच चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर, अनुमान से अधिक मजबूत रहने की बदौलत हुई चौतरफा लिवाली से शुक्रवार को सेंसेक्स 555.75 अंक की छलांग लगाकर 65,387.16 अंक और निफ्टी 181.50 अंक उछलकर 19,435.30 अंक पर पहुंच गया।

## जल्द बीते दिनों की बात हो जाएगा वर्डपैड

■ माइक्रोसॉफ्ट ने घोषणा की है कि वह अब वर्डपैड को अपडेट नहीं करेगा

**सैन फ्रांसिस्को,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। माइक्रोसॉफ्ट ने घोषणा की है कि वह अब वर्डपैड को अपडेट नहीं करेगा और लगभग 30 वर्षों के बाद विंडोज के भविष्य के रिलीज से वर्ड प्रोसेसर को हटाने की योजना बना रहा है। एक विकल्प के रूप में, माइक्रोसॉफ्ट अपने पेड वर्ड प्रोसेसर 'वर्ड' की सिफारिश करेगा जो हमेशा वर्डपैड की तुलना में कहीं अधिक शक्तिशाली रहा है और 1995 से विंडोज के साथ मौजूद है। माइक्रोसॉफ्ट द्वारा शुक्रवार को प्रकाशित एक सपोर्ट नोट में लिखा है, 'वर्डपैड को अब अपडेट नहीं किया जा रहा है और विंडोज के भविष्य के रिलीज में इसे हटा दिया जाएगा। हम डॉटडॉक और डॉटआरटीएफ जैसे रिच टेक्स्ट दस्तावेजों के लिए माइक्रोसॉफ्ट वर्ड और डॉटटीएक्सटी जैसे प्लेन टेक्स्ट दस्तावेजों के लिए विंडोज नोटपैड की सलाह देते हैं।' वर्डपैड को हटाने की कार्रवाई माइक्रोसॉफ्ट द्वारा घोषणा किए जाने के ठीक एक दिन बाद हुई है कि वह नोटपैड को ऑटोसेव और टैब रिट्रेक्शन जैसी सुविधाओं के साथ अपग्रेड कर रहा है।

विंडोज़ 11 में विंडोज़ नोटपैड ऐप को वर्षों में पहली बार 2018 में अपडेट किया गया था और टैब जोड़े गए थे। पिछले महीने, आईओएस और एंड्रॉयड पर बंद करने के बाद माइक्रोसॉफ्ट ने अब विंडोज 11 पर भी अपने डिजिटल सहायक कोरटाना ऐप को बंद करने की घोषणा की है। विंडोज में एक स्टैंडअलोन ऐप के रूप में कोरटाना को बंद कर दिया गया है। वहीं, टीम्स मोबाइल, माइक्रोसॉफ्ट टीम्स डिस्प्ले और माइक्रोसॉफ्ट टीम्स में कोरटाना के लिए सपोर्ट 2023 के अंत में समाप्त हो जाएगा।

## सार संक्षेप

### साइबर सुरक्षा फर्म मालवेयरबाइट्स ने की 100 कर्मचारियों की छंटनी

**सैन फ्रांसिस्को।** एक बड़े पुनर्गठन की तैयारी के तहत अमेरिका स्थित साइबर सिक्योरिटी जायंट मालवेयरबाइट्स ने 100 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। टेकक्रंच के अनुसार, कंपनी के चीफ प्रोडक्ट ऑफिसर, चीफ इंफॉर्मेशन ऑफिसर और चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर को नौकरी से निकाले जाने के कुछ ही हफ्तों बाद ये कटौती की गई है। इसके अलावा, मालवेयरबाइट्स द्वारा अपने ग्लोबल वर्कफोर्स के 14 प्रतिशत को खत्म करने के लगभग एक साल बाद यह छंटनी हुई है। कई लिंक्डइन पोस्ट से संकेत मिलता है कि इस हफ्ते कई कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया गया। मालवेयरबाइट्स के सीईओ मार्सिन क्लेज़िंस्की के अनुसार, इस हफ्ते लगभग 100 से 110 कर्मचारियों को जाने दिया गया, जिससे मुख्य रूप से कॉर्पोरेट कर्मचारी प्रभावित हुए। उन्होंने यह भी पुष्टि की कि कंपनी ने रणनीतिक पुनर्गठन के हिस्से के रूप में यह बदलाव किया है। इसके अलावा, क्लेज़िंस्की ने कहा कि छंटनी कंपनी को दो अलग-अलग बिजनेस यूनिट में विभाजित करने की योजना का हिस्सा थी, लेकिन उन्होंने इस बात से इनकार किया कि कंपनी का कोई भी हिस्सा बेचा जाएगा।

### 'स्मार्ट' चैस्टिटी केज निर्माता कंपनी पर यूजर्स के जरुरी डेटाबेस को खतरे में डालने का आरोप

**सैन फ्रांसिस्को।** एक सिक्योरिटी रिसर्चर ने पुरुषों के लिए एक इंटरनेट-कंट्रोल चैस्टिटी डिवाइस बनाने वाली कंपनी के डाटाबेस में बग को उजागर किया है जिससे यूजर्स के ईमेल एड्रेस, प्लेनटेक्स्ट पासवर्ड, होम एड्रेस और आईपी एड्रेस और कुछ मामलों में जीपीएस कोऑर्डिनेट भी लीक किये जा सकते हैं। टेकक्रंच के अनुसार, रिसर्चर ने दो खामियों की जांच करके 10,000 से अधिक के रिकॉर्ड वाले डेटाबेस तक पहुंच प्राप्त की। रिसर्चर ने यह देखने के लिए बग का इस्तेमाल किया कि उसे किस डेटा तक एक्सेस मिल सकता है। इसके अतिरिक्त, रिसर्चर ने 17 जून को कंपनी को खामियों के बारे में सूचित किया, और उनसे उन्हें ठीक करने और अपने यूजर्स के डाटा की सुरक्षा करने का आग्रह किया। रिपोर्ट में बताया गया है कि फिलहाल, कंपनी ने अपनी खामियों को लेकर कोई समाधान नहीं किया है। रिसर्चर ने कहा, 'हर चीज का अनुचित इस्तेमाल करना बहुत आसान है। यह गैर-जिम्मेदाराना है। इसलिए मुझे उम्मीद है कि वे सब कुछ ठीक कर देंगे। 'यदि आपने किसी डिवाइस के लिए भुगतान किया है और अब इसका इस्तेमाल नहीं कर सकते हैं, तो मुझे खेद है। लेकिन यहां हजारों लोगों के अकाउंट हैं और मैं विश्वास पर सब कुछ छोड़ नहीं सकता।' कंपनी ने रिसर्चर की चेतावनी हटाकर 24 घंटे से भी कम समय में वेबसाइट को बहाल कर दिया। हालांकि, कंपनी ने उन खामियों पर ध्यान नहीं दिया, जो अभी भी मौजूद हैं। रिसर्चर को यूजर्स के डेटाबेस तक पहुंच की अनुमति देने वाली खामियों के अलावा, यह पता चला कि कंपनी की वेबसाइट यूजर्स के पेपाल पेमेंट्स के लॉग को उजागर करती है।

## जिंसों में मिलाजुला रुख

**नई दिल्ली,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिश्रित रुझान के प्रभाव में बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव में मिलाजुला रुख रहा।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का सितंबर वायदा सप्ताहांत पर 61 रिंगिट उबलकर 3895 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, सितंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 63.12 सेंट प्रति पौंड के पिछले स्तर पर पड़ा रहा।



सप्ताहांत पर सरसों तेल 220 रुपए और मूंगफली तेल 147 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हो गया। वहीं, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पुराने स्तर पर पड़े रहे।

सप्ताहांत पर सरसों तेल 12674 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 20879 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 13407 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 12088 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 9000 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 11133 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा।

## फोर्ड ने खराबी के कारण लगभग 42,000 ट्रकों को वापस मंगाया

**सैन फ्रांसिस्को,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। फोर्ड मोटर ने एक मेकैनिकल इशू को लेकर अमेरिका में लगभग 42,000 सुपर ड्यूटी एफ250 और एफ350 ट्रकों को वापस बुलाने का नोटिस जारी किया है, जिससे दुर्घटना का खतरा बढ़ सकता है। नेशनल हाइवे ट्रेफिक सेफ्टी एडमिनिस्ट्रेशन (एनएचटीएसए) के अनुसार, प्रभावित मॉडलों पर लेफ्ट रियर एक्सल शाफ्ट को प्रोडक्शन के दौरान अनुचित तरीके से उपचारित किया गया होगा और वह टूट सकता है।

रिकॉल में सिंगल रियर व्हील और 10.5-इंच रियर एक्सल शाफ्ट से लैस 2023 मॉडल शामिल हैं। एनएचटीएसए ने कहा, 'टूटे हुए रियर एक्सल के चलते मोटिव पावर की हानि हो सकती है और वाहन को पार्क में रखने में असमर्थता हो सकती है। अगर पार्किंग ब्रेक नहीं लगाया जाता है, तो इसके चलते अनपेक्षित वाहन गति हो सकती है, जिससे चोट या दुर्घटना का खतरा बढ़ सकता है।'

नोटिस के अनुसार, अमेरिका स्थित केंटुकी




ट्रक प्लांट द्वारा वारंटी क्लेम मॉनिटरिंग के माध्यम से समस्या की पहचान करने के बाद विफलताओं को 10 अगस्त को फोर्ड के ध्यान में लाया गया। एनएचटीएसए की रिपोर्ट में कहा गया है, 'वारंटी के माध्यम से लौटाए गए दो एक्सल शाफ्ट को विफल एनालिसिस के लिए फोर्ड की मेटलर्जिकल लैब में भेजा गया था।'

उन्होंने कहा, लेबोरेटरी एनालिसिस ने निर्धारित किया कि एक्सल शाफ्ट फ्रैक्चर वाले क्षेत्र में फोर्ड की टॉर्सनल यील्ड और केस डेप्थ डिजाइन स्पेसिफिकेशन को पूरा नहीं करते हैं। वारंटी लौटाए गए प्रत्येक हिस्से में फ्लैंज से लगभग 44 मिमी की दूरी पर फ्रैक्चर हुआ था, जो अपूर्ण इंडक्शन हीट ट्रीटमेंट के क्षेत्र का संकेत देता है।' 14 अगस्त तक, सात वारंटी रिपोर्टें एक्सल शाफ्ट समस्या से जुड़ी हुई थीं। 18 अगस्त को, फोर्ड की फील्ड रिव्यू कमेटी ने एक फील्ड कार्रवाई को मंजूरी दी। जुलाई में, फोर्ड ने अमेरिका में 8,70,701 एफ-150 ट्रकों के लिए एक रिकॉल नोटिस जारी किया, जिनके इलेक्ट्रिक पार्किंग ब्रेक में वायरिंग से संबंधित समस्या हो सकती है। एनएचटीएसए को एक सेफ्टी रिकॉल रिपोर्ट में, ऑटोमेकर ने कहा कि रियर एक्सल वायरिंग हार्नेस बंडल प्रभावित वाहनों में रियर एक्सल हाउसिंग से संपर्क कर सकता है, जिससे इलेक्ट्रिक पार्किंग ब्रेक की अप्रत्याशित सक्रियता हो सकती है।

# वन अधिकार मान्यता के क्रियान्वयन में छत्तीसगढ़ देश में अव्वल

**रायपुर,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में वन अधिकार मान्यता अधिनियम का मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप प्रभावी और संवेदनशीलता के साथ क्रियान्वयन हो रहा है। इसके परिणाम स्वरूप राज्य में आदिवासी - वनवासियों सहित गरीब तथा कमजोर वर्ग के समस्त लोगों को काफी राहत मिली है, और उनकी आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ हुई है। आम जन के सरोकार के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था एवं वन संरक्षण की दृष्टि से यह वन अधिकार मान्यता पत्र अत्यंत ही महत्वपूर्ण साबित हो रहा है।



छत्तीसगढ़ में वन अधिकार मान्यता पत्र के संदर्भ में कुल 5 लाख 17 हजार 096 हितग्राहियों को वन अधिकार पत्र प्रदाय किये गये है। व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र प्रदाय करने में छत्तीसगढ़ राज्य देश में प्रथम स्थान पर है। इसके अंतर्गत हितग्राहियों के समग्र विकास के लिए भूमि समतलीकरण, जल संसाधनों का विकास तथा क्लस्टर के माध्यम से हितग्राहियों को अधिकाधिक लाभ के उद्देश्य से अनेक योजनाओं के माध्यम से मदद पहुंचाई गई है। इस संबंध में प्रधान मुख्य वन संरक्षक व्हीं. श्रीनिवास राव से प्राप्त जानकारी के अनुसार इनमें हितग्राहियों को वन मंत्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में राज्य की जनहितकारी योजनाओं जैसे निजी भूमि पर बाईबेक गारंटी के साथ मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना, फसल विविधता को प्रोत्साहित करने के लिये धान के बदले अन्य रोपण हेतु प्रोत्साहन राशि का प्रावधान आदि से भी जोड़ा जा रहा है। इसके तहत भूमि विकास के फलस्वरूप प्रति हितग्राही कृषि उत्पादन बढ़ गया है और अनेक प्रकार के आय-मूलक फसलों (कैश क्रॉप) का उत्पादन भी उन क्षेत्रों में किया जा रहा है। जिसके कारण हितग्राहियों का आजीविका उन्नयन भी सुनिश्चित हुआ है। साथ ही साथ इससे वन सुरक्षा के प्रति जनता का सीधा सरोकार सामने आया है और इसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे है।

इसी तरह राज्य में सामुदायिक वन अधिकार अंतर्गत कुल 46000 प्रकरणों को मान्यता प्रदान की गई है, जो कि पुन: देश में सर्वाधिक है। इसके अंतर्गत वनांचलों में निवासरत जन समुदाय को विभिन्न प्रकार के निस्तार संबंधी अधिकार जैसे गौण वन उत्पाद संबंधी अधिकार मछली व अन्य जल उत्पाद तथा चारागाह अधिकार विशेष पिछड़ी जाति एवं समुदायों, कृषकों को आवास अधिकार, सभी वन ग्रामों पुराने रहवास क्षेत्रों, असर्वेक्षित ग्राम आदि को राजस्व ग्राम में बदलने के अधिकार, आदि शामिल है। इसके अलावा वनांचल क्षेत्र में पाये जाने वाले लघु वनोपज संग्रहण के लिये 67 प्रजातियों का न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित किया गया है और इस वर्ष छ.ग. राज्य वन अधिकार मान्यता के प्रभावी क्रियान्वयन द्वारा देश का 73 प्रतिशत लघु वनोपज का संग्रहण करने में सफलता प्राप्त की है।

वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य में कुल 4306 सामुदायिक वन संसाधन अधिकार मान्यता पत्र प्रदाय किये गये है। वन संसाधन अधिकार के प्रबंधन हेतु मान्यता प्रदान करने में छत्तीसगढ़ राज्य देश का प्रथम राज्य है, जहां व्यापक पैमाने पर वन वासियों के अधिकारों के संरक्षण को ध्यान में रखते हुये वन अधिकार पत्र प्रदाय किये गये है। इस अधिकार के तहत ग्राम सभा को प्रदत्त मान्यता वाले वन क्षेत्रों के प्रबंधन का अधिकार दिया गया है। उक्त वनों के प्रबंधन हेतु प्रबंध योजना तैयार करने की कार्यवाही प्रगति पर है। जिसके लिये 19 जिलों के लगभग 2000 ग्रामों के हितधारकों को प्रबंध योजना तैयार कर कार्य आयोजना के साथ एकीकृत करते हुये प्रबंधन सुनिश्चित करना है।

प्रबंध योजना में सामुदायिक वन संसाधन अधिकार मान्यता वाले वन के प्रबंधन हेतु समस्त प्रकार के सर्वेक्षण करते हुये प्रबंधन के सभी आयाम प्रस्तावित है। यहां यह सुनिश्चित किया जाता है कि प्रत्येक ईकाई वन भूमि पर अधिक से अधिक लाभ के लिये किस प्रकार का रोपण अथवा संरक्षण संबंधी कार्य प्रस्तावित किया जा सकता है। फाउंडेशन फॉर ईकोलाजिकल सेक्युरिटी नामक स्वयं सेवी संस्था द्वारा राज्य के 19 जिलों के लगभग 700 ग्रामों में प्रसंस्करण एवं आय संसाधन में वृद्धि के लिये संभावनाओं की तलाश और उससे संबधित प्रशिक्षण दिया गया है।

इसी तरह प्रदान संस्था के द्वारा 05 जिलों के 36 गांवों में कृषि के उन्नत तकनीक एवं प्रसंस्करण के विभिन्न आयामों का प्रशिक्षण दिया गया है। साथ ही रिक्त स्थानों पर कार्य आयोजना के प्रावधानों को प्रबंध योजना में एकीकृत करते हुये स्थानीय प्रजातियों के लिये वृहद रोपण हेतु योजना तैयार की जा रही है। राज्य में सामुदायिक वन संसाधन अधिकार अधिनियम अंतर्गत राज्य के 24 जिलों में लगभग 106 प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है, जिसमें कुल 5492 हितग्राही लाभान्वित हुये है।

# बोलेरो में मिला शराब का जखीरा

## चेकिंग पॉइंट पर पकड़ा गया तस्कर



**नारायणपुर,** 3 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव की तैयारियों में पूरे राज्य की पुलिस जुटी हुई है. हर ओर सतर्कता बरती जा रही है. बस्तर में पुलिस चप्पे चप्पे पर निगरानी रख रही है. यही वजह है कि नारायणपुर में पुलिस की चौकसी की वजह से रविवार को 73 हजार रुपये की शराब जब्त की गई. यह शराब कहां से लाई गई थी. इसका खुलासा नहीं हुआ है. पुलिस ने शराब की तस्करी करते एक युवक को गिरफ्तार किया है. नारायणपुर पुलिस ने 140 लीटर शराब जब्त किया है. इसमें देसी और अंग्रेजी शराब दोनों है. आरोपी एक कार के जरिए इस शराब की तस्करी में जुटा था. चुनाव की तैयारियों को लेकर नारायणपुर पुलिस ने अपनी चौकसी बढ़ा दी है. इसी के तहत लगातार शहर में पेट्रोलिंग की जा रही थी. जिसमें पुलिस को एक कार में शराब तस्करी की सूचना मिली थी. जिस पर पुलिस ने कार्रवाई की और आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

एएसपी हेमसागर सिदार ने बताया कि हमें सूचना मिली थी कि एक शख्स शराब का अवैध परिवहन कर रहा है. इसके बाद थाना प्रभारी नारायणपुर दिनेश चंद्रा की अगुवाई में टीम तैयार की गई. फिर कार्रवाई के लिए टीम रवाना की गई. सुलेंगा में एक कार को रोकने और उसकी चेकिंग पर 140 लीटर शराब का जखीरा मिला. इसके संबंध में आरोपी जितेंद्र सिन्हा ने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया. उसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने आरोपी के पास से एक कार और एक मोबाइल जब्त किया गया है. शराब की कुल कीमत 73 हजार रुपये आंकी गई है.

# अघोषित बिजली कटौती एवं लो वोल्टेज से परेशान किसानों ने बिजली कार्यालय का किया घेराव

**बागबाहरा,** 3 सितम्बर (देशबंधु)। खल्लारी विधानसभा एवं बागबाहरा विकासखंड के किसान इन दिनों अघोषित बिजली कटौती एवं लो वोल्टेज की समस्या से जूझ से जूझ रहे है। अघोषित बिजली कटौती एवं लो वोल्टेज के चलते किसानों का मोटर मोटर पम्प नहीं चल पा रहे है। जिसके चलते खेतो में सिचाई के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है। पानी के अभाव में खेतों में दरार पड़ रही है, और फसल मुरझा रहे है। इससे किसान और ग्रामीण काफी आक्रोशित हैं। तेंदूकोना बिजली कार्यालय क्षेत्र के ग्राम घोंच-घोघरा समेत आसपास के ग्रामीण किसानों ने शुक्रवार की रात में तेंदूकोना बिजली कार्यालय का अचानक घेराव कर दिया। तथा आक्रोशित ग्रामीण किसान रात भर वहीँ डटे रहे। ग्राम पंचायत घोंच-घोघरा के उपसरपंच लक्की साहू एवं आक्रोशित ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में लो वोल्टेज एवं अघोषित बिजली कटौती से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में बिजली विभाग को कई बार अवगत कराया जा चूका है। लेकिन किसानो की मूल समस्या को बिजली विभाग अनदेखा कर रहा है। इस क्षेत्र में बिजली की समस्या जस की तस बनी हुई है। इस मौके पर पहुंचे बिजली विभाग के डीई एम. एल. साहू ने ग्रामीणों की समस्या सुनी और उनकी समस्या को अविलम्ब दूर करने का आश्वासन दिया है। साथ ही कहा है कि आगे ऐसी समस्या नहीं होगी। तब आक्रोशित ग्रामीण किसान शांत हुए और बिजली कार्यालय का घेराव समाप्त किया गया।



**इधर बकमा क्षेत्र के लोगों ने दी बिजली कार्यालय का घेराव करने की चेतावनी**

बागबाहरा विकासखंड के ग्राम पंचायत बकमा, टोन्गोपानीकला, भालूचुंवा, घुंचापाली, कसेकेरा , भोथा, खोपली, सोनापुटी, कोसमर्रा, बोकरामुड़ा, हाथीबाहरा, घोंटियापानी, टेका, भलेसर, द्वारतराकला, बोईरगांव, पतेरापाली-सराईपाली के ग्रामीण किसान अघोषित बेजा बिजली कटौती एवं लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे है। किसानो की यह बिजली समस्या दिनोदिन बढ़ती चली जा रही है। वहीँ दूसरी ओर क्षेत्र में बारिश नहीं होने से किसान जोरो से परेशान हैं। खेतों में पानी की कमी के चलते दरार पड़ने लगी है। तेज धूप एवं पानी के अभाव में धान की फसल मुरझाकर पीला पड़ रहा है। इन सारी समस्याओं से जूझ रहे क्षेत्र के आक्रोशित ग्रामीण किसानो ने कोमाखान के बिजली कार्यालय का घेराव करने की चेतावनी दी है। ग्राम पंचायत बकमा की सरपंच श्रीमती वीणा मिलन साहू, उपसरपंच मनीता नायक, पूर्व सरपंच सरवर कुरैशी खान, ग्राम पंचायत खोपली के सरपंच रमन लाल वर्मा, ग्राम पंचायत भालूचुंवा के सरपंच अंजोर सिंह ध्रुव, ग्राम पंचायत द्वारतराकला के सरपंच भूखन लाल सिन्हा, ग्राम पंचायत भलेसर के सरपंच बलराम सिन्हा, ग्राम पंचायत खैरटकला के सरपंच सुरेश पटेल, ग्राम पंचायत कोसमर्रा के सरपंच एवन लाल साहू, ग्राम पंचायत बोकरामुड़ाकला के सरपंच तुकनंदन सिन्हा, ग्राम पंचायत घोंटियापानी के सरपंच प्रतिनिधि समारू राम ओटी, ग्राम पंचायत टोन्गोपानीकला के सरपंच प्रतिनिधि युगल साहू आदि ने बताया कि क्षेत्र में हो रहे लो वोल्टेज एवं बिजली कटौती के कारण पंखे चलना तो दूर लाइट भी नहीं जल रहे है। किसानो के मोटर पम्प भी नहीं चल रहा है। खेतो में दरार पड कर फसल मुरझा रहे है। धान की फसल पीले पड़ रहे हैं। मोटर पंप नहीं चलने से पीने के पानी की समस्या भी खड़ी हो गयी है। जिसके कारण ग्रामीण किसानो में बिजली विभाग के प्रति गुस्सा दिनोदिन बढ़ता चला जा रहा है। बिजली विभाग के जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारी उनकी समस्याओं को नहीं सुन रहे हैं। इसी अनदेखा के चलते आक्रोशित ग्रामीण किसानो ने कोमाखान के बिजली विभाग के कार्यालय का घेराव करने की चेतावनी दी है।

# सूखे ने बढ़ाई किसानों को चिंता, बारिश के बूंदो के लिए तरस गए मैनपुर-देवभोग के किसान

- तालाब, कुआ, नदी नाले भी सूखे पड़े, फसल बचाने नदी, नाले, कुएं से पानी पहुंचाने की जहोद्दत
- निस्तार जल को लेकर अभी से मचने लगी हाहाकार



**गरियाबंद,** 3 सितम्बर (देशबन्धु)। गरियाबंद जिले के पिछले 45 वर्षो के इतिहास में पहली बार ऐसी स्थिति बनी है कि जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर और देवभोग क्षेत्र में सूखे की माड़ ने किसानों को जकजोर के रख दिया है। औसत से कम हुई वर्षा और सूखे के हालात ने किसानों के माथे में चिंता की गहरी लकीर खींच दी। बारिश के कमी के चलते एक ओर जहां फसल के लिए पर्याप्त पानी नही मिल रहा वही फसल बचाने तालाब, कुआ, नदी नाले से भी पानी सींचने किसानों को जहोद्दत करनी पड़ रही है। कारण कि बारिश के कमी के चलते ये भी अब सूखने लगे है। ताजा हालात ये है कि अब अंचल में निस्तारी के जल को लेकर भी हाहाकार मचने लगा हैं। ग्रामीण ही किसानों को पानी सींचने मनाही कर रहे।

उल्लेखनीय है कि मानसून के बाद जुलाई और अगस्त में अच्छी बारिश होती है। माना जाता है कि फसल के दृष्टिकोण से ये महीना काफी महत्वपूर्ण होता है परंतु जिले के मैनपुर देवभोग क्षेत्र में जुलाई के सावन के बाद अगस्त का महीना भी बेरुखी के साथ सूखा बीत गया। आसमान में बारिश की उम्मीद लेकर टकटकी लगाए ताकती किसानों की आंखे इंतजार करते करते थक गई। पूरे माह लोग बारिश के बूंद बूंद पानी के लिए तरस गये। स्थिति ये है की अब किसान का भी हौसला जवाब देने लगा है, बारिश को लेकर किसानों की आस लगभग टूट चुकी हैं। किसान अब सरकार की तरफ सूखाग्रस्त घोषित करने और मुआवजा देने के उम्मीद से देख रही है। दरअसल किसानों को उम्मीद थी कि सावन के अंतिम हफ्ते या अगस्त के आखिरी में बारिश होगी लेकिन मौसम भी लगातार किसानों को धोखा दिया। कई बार आसमान में काली घटा छाई लेकिन मेघ बगैर बरसे ही वापस लौट गए।

मैनपुर क्षेत्र में सिंचाई के साधन का अभाव, दर्जनों सिंचाई परियोजना अधूरी - बारिश के कमी के चलते मैनपुर, देवभोग और अमलीपदर क्षेत्र में तेजी से जलस्तर नीचे जा रहा है। नदी, नाले, कुआ, तालाब में जलस्तर गिर चुका है, सूखे पड़े हुए है। क्षेत्र में सिंचाई का कोई साधन नही है, जिससे तालाबों को पानी भरा जा सके। अभी भी तहसील मुख्यालय सहित विकासखण्ड के सैकडो तालाब सुखा पडा हुआ है, यदि इसी तरह मौसम रहा तो आने वाले दिनो में मवेशियों के सामने भी पानी की भारी किल्लत होगी। अंचल के गांवो में तालाबो में पानी कम होने के कारण निस्तारी की गंभीर समस्या बनी हुई है। मैनपुर क्षेत्र में दर्जनों सिंचाई परियोजनाएं का निर्माण कार्य आज से चार दशक पहले चालू किया गया था लेकिन अब तक इन सिंचाई परियोजनाएं अधूरे पड़े हुए हैं ।

30 हजार हेक्टेयर में फसल खतरे में - मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में लगभग 30 हजार हेक्टेयर में किसान की खेती करते है लेकिन यहां पिछले 45 वर्षो के इतिहास में पहली बार ऐसी स्थिति है कि रोपाई और बयासी का कार्य भी नही हो पाया है। क्षेत्र में जो किसान धान की खेती किये है, उनके धान के फसल तेज धुप और खेत में दरारों के कारण खराब होने लगी है। धान की फसल मुरझा रही है।

लो वोल्टेज के चलते मोटर पम्प नही चल पा रहे है - मैनपुर क्षेत्र के किसान पहले से सिंचाई सुविधा नही होने के कारण परेशान है। अब उपर से कुछ किसान जो कर्ज लेकर खेतो में टयुबवेल खनन किये है उससे अपने फसलों को बचाने के लिए दिनरात एक कर दिये है। परंतु लगातार लो वोल्टेज के कारण मोटर पम्प नही चल पा रहा है और किसानों के फसल सुखता जा रहा है।

कुएं में और तालाबों में थोड़ा जो पानी बचा है उसी में डीजल पंप के सहारे सिंचाई का जुगाड़- मैनपुर,अमलीपदर, देवभोग क्षेत्र में नदी नाले तालाब कुआं अभी भी सूखे पड़े हुए हैं। लेकिन कुछ कुए और तालाबों में नाम मात्र का पानी है। आसपास के किसान डीजल पंप के सहारे वहां से पानी खींचकर थोड़ी बहुत फसल को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन इससे भी गांव में विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है क्योंकि अन्य ग्रामीण इससे मना कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि तालाब और कुएं में नाम मात्र का पानी बचा है यदि उस पानी को भी कुछ किसान सिंचाई में लगा देंगे तो आने वाले दिनों में मवेशियों के सामने पानी की भारी दिक्कत उत्पन्न हो जाएगी।

सबसे कम बारिश मैनपुर और देवभोग में दर्ज की गई है- कार्यालय भू अभिलेख शाखा गरियाबंद से मिली जानकारी के अनुसार 01 जून 2023 से 31 अगस्त 2023 तक सबसे कम वर्षो गरियाबंद जिले के मैनपुर और देवभोग में दर्ज किया गया है, मिली जानकारी के अनुसार 31 अगस्त 2023 की स्थिति में मि.मी के अनुसार मैनपुर में औसम वर्षो प्रतिशत 56.05 प्रतिशत अमलीपदर में 46.01 प्रतिशत, देवभोग में 52.04 प्रतिशत छुरा में 86.03 प्रतिशत,राजिम में 121.09 प्रतिशत गरियाबंद में 107.0 प्रतिशत दर्ज किये जाने की जानकारी मिली है।

किसान बता रही 45 वर्षो को स्थिति- इस क्षेत्र के वरिष्ठ बुजुर्ग किसान थानुराम पटेल ने बताया आज से 45-46 वर्ष पहले ऐसे सुख देखने को मिला था। पहली बार है जब मैनपुर क्षेत्र में सावन के महीने में पानी नहीं गिरा। अभी भी नदी नाले तालाब कुआं सूखा पड़ा हुआ है। गरियाबंद जिला प्रशासन के साथ सरकार को चाहिए कि इस क्षेत्र के लोगों के लिए कुछ विशेष कार्य योजना बनाया जाए नहीं तो आने वाले दिनों में पीने की पानी के लिए लोगों को तरसना पड़ेगा।

### क्या कहते हैं कृषि अधिकारी

वरिष्ठ कृषि अधिकारी भावेश शांडिल ने बताया मैनपुर अमलीपदर क्षेत्र में जहां सिंचाई की सुविधा नहीं है, वहां खेतों में बड़ी-बड़ी दरारें आ गई है। धान के फसल पीले पड़ चुके हैं। कृषि अधिकारी ने बताया टिकरा, भारी वाले क्षेत्र में धान की फसल 50 से 60 प्रतिशत प्रभावित हो चुकी है।

### रिपोर्ट बना रहे - एसडीएम

मैनपुर एसडीएम हितेश पिस्दा ने बताया मैनपुर अमलीपदर क्षेत्र में बहुत कम बारिश दर्ज किया गया है। यहां की वस्तु स्थिति से रिपोर्ट बनाकर शासन स्तर पर भेजा जा चुका है एक सप्ताह बाद और जानकारी भेजी जाएगी।

# गुरुर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बंदरों के आतंक से खपरैलयुक्त घरों को पहुंच रहा नुकसान



**गुरुर,** 3 सितम्बर (देशबंधु)। गुरुर नगर से ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों बंदरों का आतंक लगातार जारी है। बंदरों का झुंड एक ओर से दूसरी ओर उछल कूद के कारण सबसे ज्यादा खपरैल युक्त घरों को नुकसान पहुंच रहा है।

वही ब्लॉक मुख्यालय गुरुर में संचालित स्वास्थ्य विभाग, जनपद पंचायत, पुलिस थाना, कृषि विभाग, तहसील कार्यालय, शिक्षा विभाग अन्य कार्यालयों के पास भी बंदरों का आतंक जारी है, जहां बंदरों के झुंड द्वारा शासकीय कार्यालय में विद्युत कनेक्शन एवं इंटरनेट कनेक्शन को भी नुकसान पहुंचने से यहां शासकीय कार्यालयों में कामकाज प्रभावित हो रहा है। आज भी यहां उपरोक्त स्थानों पर बंदरों के कारण आम नागरिकों को परेशानी एवं शासकीय कार्य प्रभावित हुआ।

बता दे कि क्षेत्र में भोजन पानी की तलाश में बंदरों का झुंड जंगल से निकलकर रहवासी क्षेत्र की ओर आने लगा है, गुरुर विकासखंड के कुछ ग्रामों में बंदरों को भगाने के लिए मजदूर लगाने की भी जानकारी मिल रहा है लेकिन इसके बाद भी क्षेत्रवासियों को बंदरों के आतंक से राहत नहीं मिल पा रहा है। कई बार यहां बंदरों का झुंड खाद्य सामग्री को भी नुकसान पहुंचा रहा है। वही गुरुर विकासखंड के ग्राम छेड़िया, पेन्वरो, पुरुर जैसे अन्य गांव में उछल कूद करने के दौरान दर्जनों बंदर करंट की चपेट मे भी आ चुके हैं, ऐसे में क्षेत्रवासियों ने बंदरों के आतंक से निजात दिलाने के लिए वन विभाग से मांग की है।

**NECC**

| 04.09.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 4.55 | 80 | 165 |
| चिल्हर | 5.50 | 95 | 190 |

डिलीवरी 470 सैकड़ा
दर्जन अंडा 65 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA
दि. 03 अगस्त का अंडा दर 4.50 पढ़ा जावे




प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

एक देसी पहलवान के किसी अनजान नंबर से फोन आया।
**महिला**- क्या आप शादी शुदा हो?
**देसी पहलवान**- नहीं तो, लेकिन आप कौन हो।
**महिला**- तुम्हारी पत्नी, घर आना फिर बताती हूं।

## संपादकीय

### छग की चुनावी हलचलें हुई तेज़

केन्द्र सरकार द्वारा कई विधानसभाओं चुनावों के साथ लोकसभा चुनाव कराये जाने की अटकलों के बीच छत्तीसगढ़ विस के चुनावों का अनौपचारिक आगाज़ हुआ सा जान पड़ता है। प्रदेश में मतदाता सूचियों के संक्षिप्त पुनरीक्षण का समय जहां 10 सितम्बर तक बढ़ा दिया गया है (जो पहले 30 अगस्त तक था), तो वहीं राज्य के विभिन्न राजनैतिक दलों की चुनावी गतिविधियां तेज़ हो गई हैं। जब भी चुनाव हों, उम्मीद की जाए कि लोग अपने मताधिकार का प्रयोग स्वेच्छापूर्वक और विवेकपूर्ण तरीके से करेंगे ताकि उनके जीवन को संवारने वाली सरकार उन्हें मिल सके। संशोधित मतदाता सूची 4 अक्टूबर तक प्रकाशन का ऐलान हो चुका है।

संसद के 18 से 22 सितम्बर को आहूत विशेष सत्र से देश कयास लगा रहा है कि इस साल पड़ने वाले 5 राज्यों के चुनाव, जिनमें छत्तीसगढ़ भी शामिल है और वर्ष 2024 में होने जा रहे 4 राज्यों के चुनाव लोकसभा के साथ करा लिये जायेंगे। 'एक देश एक चुनाव' के नाम से इस कार्यक्रम के लिये एक समिति भी बना दी गई है, जिसकी अध्यक्षता पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद कर रहे हैं। जो भी हो, लोकसभा का चुनाव चाहे अपने तयशुदा समय पर यानी अगले साल हो अथवा वे पहले कराए जायें, छग के चुनाव तो इसी वर्ष के अंत में हो जाने हैं। सियासी हलचलों की बात करें तो भारतीय जनता पार्टी ने अपने कुछ उम्मीदवार काफी पहले घोषित कर ही दिये हैं और कांग्रेस की सूची भी इस मामले में लगभग तय है कि जहां से उसके विधायक पिछला चुनाव जीते हैं, उनमें से ज्यादातर फिर से चुनाव लड़ेंगे। हालांकि ऐसे भी संकेत हैं कि राहुल गांधी की मंशा के अनुरूप बड़ी तादाद में युवा उम्मीदवारों को उतारा जा सकता है। 6 सितम्बर तक कांग्रेस की भी पहली सूची आ जाने की बात कही जा चुकी है।

शनिवार को राहुल गांधी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ में बड़े चुनावी कार्यक्रम कर चुके हैं। राहुल ने नया रायपुर में युवाओं के एक बड़े जमावड़े को राजीव युवा मितान सम्मेलन के नाम से आयोजित समारोह में सम्बोधित किया, तो वहीं अमित शाह रायपुर के दीनदयाल सभागार में भाजपा द्वारा आयोजित 'अउ नइ सहिबो, बदल के रहिबो!' नाम से आयोजित सम्मेलन में छग की कांग्रेस सरकार के खिलाफ आरोप पत्र पेश किया जिसमें कांग्रेस सरकार पर अनेक आरोप लगाये गये हैं। हालांकि उसके पहले ही कांग्रेस ने भाजपा पर 212 बिंदुओं पर आरोप दाग दिये हैं। काफी कवायदें आम आदमी पार्टी की भी हो रही हैं जो सभी 90 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। अजीत जोगी के बिना पहली बार चुनाव लड़ने जा रही जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ का भी ऐसा ही इरादा है। जो भी हो, चुनाव सबके लिये खुले और निष्पक्ष होने चाहिये।

# सिरहाट्टगुनिया हत्या मामले का हुआ खुलासा

## 5 आरोपियों का खून से सना कपड़ा बरामद, 95000 में दी गई थी हत्या की सुपाड़ी







**जगदलपुर,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। भानपुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खांडसराय के सिरहाट्टगुनिया काम करने वाले मंगडूराम बघेल की हत्या के लिए ग्राम खण्डसरा मरदियापारा निवासी रामधर मण्डावी, मनीराम बघेल, कसरू मण्डावी, सुकमन पोड़ामी, का मानना था कि गांव में जो भी मौत होता है वह मंगडूराम बघेल का सिरहागुनिया, जादू टोना करने के कारण होता है। क्योंकि बीते कुछ वर्षों में इन चारों के घर में 1-2 सदस्यों कि असामयिक मृत्यु हुई है। इन चारों का मानना था कि इनके परिवार के सदस्यों की मृत्यु का कारण मंगडूराम बघेल है।

इस संदेह पर इन चारों ने एक राय होकर मंगडूराम बघेल को जान से मारने की योजना बनाकर, ग्राम सोरगांव निवासी कालीचरण कश्यप और ग्राम कतावण्ड थाना अनंतपुर जिला कोण्डागांव के विजय मण्डावी से सम्पर्क कर मंगडूराम बघेल को जान से मारने हेतु 95,000/- हजार रूपये में सौदाबाजी किये। इन चारों के द्वारा सौदे की रकम में से 40.000/- हजार रूपये कालीचरण कश्यप और विजय मण्डावी को एडवांस में दिये। शेष सौदे की रकम 45,000 / रूपये को काम खत्म होने के बाद दिये।

जिला बस्तर के थाना भानपुरी के दुरस्त ग्राम खण्डसरा के मरदियापारा के रहने वाला मंगडूराम बघेल अपने परिवार के साथ रहकर कृषि कार्य के साथ सिरहागुनिया का भी काम किया करता था।8 अगस्त को दोपहर में अपने घर से खण्डसरा बाजार जाने के लिये निकला था जो वापस घर नहीं आई आया, तो परिजनों के द्वारा पता तलाश करने के बाद पुलिस में सूचना दिया। मंगडूराम बघेल के बड़े बेटे तुलाराम बघेल के द्वारा 10 अगस्त को च्सूचना देने पर थाना भानपुरी में गुम इंसान कायम किया गया, और पतासाजी हेतु पुलिस टीम लग गई। पतासाजी के दौरान 13 अगस्त को ग्राम सालेमेटा के कोसारडेडा डेम के पास सड़े गले हालत में पुरुष का शव मिलने पर तुलाराम बघेल को बुलाकर पहचान करवाने पर उसने अपने पिता मंगडूराम बघेल के रूप में पहचान किया। शव मिलने पर पुलिस के द्वारा मर्ग कायम कर जांच पर लिया गया। प्रथम दृष्ट्या प्रकरण सदेहास्पद प्रतीत होने पर उप महानिरीक्षक व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्रीमान जितेन्द्र सिंह मीणा के द्वारा शीघ्रातिशीघ्र खुलासा करने हेतु निर्देशित करने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता पॉल के सतत् मार्गदर्शन में गठित विशेष टीम में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी भानपुरी श्रीमान घनश्याम कामडे, अनुभवी उप पुलिस अधीक्षक मोहम्मद नासिर बाठी, के नेतृत्व में थाना प्रभारी भानपुरी निरीक्षक किशोर केवंट, थाना बकावण्ड प्रभारी चन्द्रशेखर श्रीवास, उनि दिलीप ठाकुर, उनि लक्ष्मीनाथ ध्रुव, प्रधान आरक्षक संतोष रत्नम, आरक्षक समरथ मरकाम, वंशीधर कर्मा, चितूराम कश्यप, श्यामलाल कश्यप, दीनबन्धु ठाकुर को शामिल कर जांच पतासाजी प्रारंभ किया गया। दौरान जांच के विशेष टीम ने मृतक मंगडूराम बघेल से सम्बंधित समस्त तथ्यों की जांच ने किया तो यह तथ्य सामने आया कि मृतक मंगडूराम बघेल गांव में बैगा सिरहागुनिया, का काम किया करता था। उसके इस काम से गांव के कुछ लोग खुश नहीं थे और उससे रजिंश रखते थे। ग्राम खण्डसरा मरदियापारा में पुलिस की टीम कैम्प कर ग्रामीणों से बारिकी से पुछताछ करने के दौरान विश्वस्त सूत्रों से प्रकरण में अहम सुराग >> शेष पृष्ठ 9 पर>

# भाजपा महिला कार्यकर्ताओं ने फुटकर व्यवसायियों को बांधा रक्षासूत्र



**जगदलपुर,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने रविवार को संजय बाजार क्षेत्र में फुटकर व्यवसायी, मेहनतकश आटो चालक, सीआरपीएफ जवानों को रक्षा सूत्र बांधा और उनके दीर्घ व उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही रक्षा बंधन की बधाई दी। भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा मिश्रा ने कहा कि महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत के निर्देशानुसार महिला मोर्चा की कार्यकर्ता बहनों ने देश की अर्थव्यवस्था मजबूत करने वाले परिश्रमी लघु व्यवसायी भाईयों, देश की सुरक्षा में दिन रात डटे सीआरपीएफ जवानों को रक्षा सूत्र बांधा, उनके सदैव सुरक्षित रहने व सुख समृद्धि की मंगलकामना की है। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से ममता राणा, लक्ष्मी कश्यप, डाकेश्वरी पांडे, माधवी मंडल, नीलेश्वरी भगवतकर, गंगोत्री, सुकदई कश्यप आदि उपस्थित रहे।

# सरगीपाल आत्मानंद स्कूल में मनाया गया साक्षरता सप्ताह एवं स्वच्छता पखवाड़ा



**जगदलपुर,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट, हिन्दी माध्यम शाला सरगीपाल वि. खं. बकावंड में इन दोनों साक्षरता सप्ताह व स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा। साक्षरता सप्ताह के अन्तर्गत 2 सितम्बर को ग्रंथालय में पुस्तकों का वाचन कराया गया। स्वच्छता पखवाड़ा के अर्न्तगत बच्चों और शिक्षकों ने शपथ ली कि वे अपने आस पास स्वच्छता बरकरार रखेगे और रियूज, रिड्यूस, रिसाइकल प्रक्रिया से कचरे को सही काम में लायेंगे। दूसरे दिन बच्चों के लिए साक्षरता उल्लास पर आधारित संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम सरपंच जन भागीदारी समिति के सदस्यों ने भाग लिया। प्राचार्य सुजाता नायडु ने सभा को संबोधित करते हुए साक्षरता और स्वच्छता का महत्व बताया। शपथ ग्रहण व्यायाम शिक्षक श्री वर्मा के द्वारा कराया गया। कार्यक्रम में प्रदीप पाढी, सुश्री रेणु बाला, श्रीमती सेठिया, श्रीमती मिश्रा, श्री जैन व संस्था के सभी शिक्षक- शिक्षिकाएँ उपस्थित थी।

# ऐतिहासिक सरोवर दलपत सागर स्वच्छता महाअभियान में सभी लोगों ने निभाई सहभागिता



**जगदलपुर,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। बस्तर की ऐतिहासिक धरोहर दलपत सागर के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में कलेक्टर विजय दयाराम के. के मार्गदर्शन में चलाये जा रहे स्वच्छता महाअभियान में रविवार को जगदलपुर नगर के सभी लोगों ने सक्रिय भूमिका निभायी। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ प्रकाश सर्वे, नगर निगम आयुक्त हरेश मंडावी, एसडीएम नंद कुमार चौबे सहित जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों एवं नगर निगम के अधिकारियों-कर्मचारियों, राज्य आपदा मोचन बल के जवानों, युवोदय के वॉलिंटियर्स, समाजसेवी संगठनों के पदाधिकारियों और सदस्यों के साथ ही बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक साफ-सफाई कार्य में भाग लेकर ऐतिहासिक सरोवर दलपत सागर स्वच्छता अभियान में महत्ती योगदान दिया। इस मौके पर सभी लोगों ने सुबह से ही दलपत सागर के रानी घाट के समीप एकत्रित होकर सरोवर से जलकुंभियों को निकालने के लिए लगातार हाथ बंटाया। रविवार को सभी ने अधिक समय तक ज्यादा जलकुंभियों को निकालने की बात कहते हुए आगामी रविवार को फिर से ज्यादा लक्ष्य रखने का संकल्प लिया।

# गोदाम से खाद चोरी के मामले में शातिर 7 चोर कोतवाली पुलिस के गिरफ्त में

**जगदलपुर,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। खाद गोदाम से चोरी करने वाले आरोपियों को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली है। प्रार्थी रमेश कुमार निवासी अनुकुल देव वार्ड करकापाल ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 3 जुलाई को रात्रि 10 बजे से 4 जुलाई के 6 बजे सुबह आदिम जाति सहकारी समिति मर्यादित खाद गोदाम मंगडुकचोरा का शटर उठाकर 40 बोरा पोटास को अज्ञात चोर द्वारा चोरी करने की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर अनुसंधान में लिया गया था।

मामले में गठित टीम द्वारा पतासाजी लगातार की जा रही थी। इस बीच मुखबीर द्वारा संदेहियों की ग्राम बाबू सेमरा और बुरुंदवाड़ा सेमरा होने की सूचना मिलने पर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर उनके दिशानिर्देशन पर आरोपी को पड़कने के लिये टीम रवाना किया गया। टीम के द्वारा संदेहियों का पहचान कर, उसे घेराबंदी कर पकड़ा गया जिनसे पूछताछ करने पर अपना-अपना नाम मंगल सिंह, हीरालाल बघेल, सोहन बघेल निवासी बुरूंदवाडा व गोलू बघेल उर्फ रवि, जयमन कश्यप, तरूण नाग उर्फ गंटू निवासी बाबू सेमरा तथा अमृत मण्डल निवासी कुम्हारपारा गुरूघासी दास वार्ड जगदलपुर का रहने वाला बताये। जिनसे चोरी के संबंध में विस्तृत पुछताछ करने पर बताया कि सभी ने घटना दिनांक को गोदाम में रखा 40 बोरी खाद को शटर ताला तोड़कर चोरी किये जिसे आटो बुलाकर ले जाकर 30 बोरा बेच देना स्वीकार किये है। आरोपियों के निशानदेही पर 10 बोरा पोटास खाद व नगदी रकम 25,000 रूपये को बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है जिसे न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पर रवाना किया गया है। आरोपियों के पास से 10 बोरा पोटास खाद कीमती करीबन 17,000 एवं नगदी रकम 25,000/-रूपये कुल जुमला - 42,000/-रूपये बरामद किया गया है।



**आरोपियों के कब्जे से 10 बोरा पोटास एवं नगदी रकम 25,000 रुपए बरामद**

# 11वीं संभागस्तरीय जूडो प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न




**उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित**

**जगदलपुर,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। जिला जूडो संघ ऑफ बस्तर द्वारा आयोजित दो दिवसीय जूडो प्रतियोगिता आज सफलतापूर्वक संपन्न हो गया, जिसके मुख्य अतिथि योगेंद्र पांडे वरिष्ठ भाजपा नेता, विशिष्ट अतिथि राणा घोष अध्यक्ष जिला फुटबॉल संघ, अमित जैन डायरेक्टर संस्कार स्कूल, अभिषेक अवस्थी संचालक सी. वी. रमन विश्वविद्यालय जगदलपुर, सरजीत सिंह बख्शी महासचिव जिला जूडो संघ दंतेवाड़ा तथा किरण देव अध्यक्ष जिला जूडो संघ ऑफ बस्तर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। नगर के वीर सावरकर भवन में आयोजित उक्त प्रतियोगिता में बस्तर संभाग से करीब 250 जूडो खिलाड़ी व 25 अधिकारी भाग लिया।

मुख्य अतिथि योगेंद्र पांडे सभी खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज जूडो खेल बस्तर जिले के लिए नया नहीं है। आज से 20 साल पहले इस खेल का बस्तर से परिचय हुआ और आज ये खेल इस जिले का लोकप्रिय खेल हो गया है जिसमें खिलाड़ी खेलने के साथ साथ अपना भविष्य सँवार रहे हैं। विशिष्ट अतिथि राणा घोष ने कहा कि जूडो खेल को हमने कड़ी मेहनत से सँवारा हैं। आज बस्तर के खिलाड़ी राज्य स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर अपना नाम कर रहे है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला जूडो संघ ऑफ बस्तर के अध्यक्ष किरण देव ने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा खिलाड़ी बच्चों को यहां तक पहुंचने में कोच के साथ-साथ परिजनों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहता है। इस आयोजन के लिए मैं आयोजक अब्दुल मोइन तथा उनके सभी साथियों को बधाई देते हुए आप सभी को बताना चाहता हूं कि जिला जूडो संघ का जब गठन किया गया था तो मुझे अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई थी। मुझे गर्व है कि मैं ऐसे संघ का अध्यक्ष हूं, जिसके खिलाड़ी आज जिला ही नही बल्कि राज्य स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बना रहे हैं। इसलिए आज जूडो खेल बस्तर संभाग में अधिक प्रचारित खेल है। प्रतियोगिता का सफल संचालन के लिए निर्णायक कविता, मकसूदा हुसैन, सुमन राव, शैलेन्द्र सिंह ठाकुर, नवीन ठाकुर, भुवनेश्वर ठाकुर, नीलेश कुंडे, मनोनीत, जतिन यादव, अमन चंदेल,, पुष्पांजलि नाग, सपना, ने गोपल शार्दूल ने अहम भूमिका निभाई। जिला जूडो संघ ऑफ बस्तर के सचिव अब्दुल मोईन ने जानकारी देते हुए बताया कि >> शेष पृष्ठ 9 पर>

# रोका-छेका अभियान के तहत 366 पशुओं को भेजा गया कांजी हाऊस एवं गौठानों में

**741 गायों को पहनाया गया रेडियम बेल्ट, 699 गायों का हुआ टैगिंग**



**जगदलपुर,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। रोकाङ्कछेका अभियान के तहत कलेक्टर के नेतृत्व में सड़क दुर्घटना में पशुधन एवं जनहानि को नियंत्रण करने के लिए पशुधन विकास विभाग एवं नगरीय प्रशासन के द्वारा संयुक्त रूप से अभियान चलाया जा रहा है। घुमंतु पशु जो राष्ट्रीय राज्य मार्गों एवं मुख्य मार्गों पर विचरण करते है या बैठते है उन्हें रेडियम बेल्ट पहनाकर टैगिंग करने के पश्चात कांजी हाऊस एवं गौठानों में विस्थापन की कार्यवाही की जा रही है। घुमंतु पशुओं को लगाये गये रेडियम की पट्टी होने के कारण रात के समय मार्गों में विचरण दरम्यान वाहनों के प्रकाश से रेडियम पट्टी चमकने से वाहन चालक सावधान हो जाते है एवं दुर्घटना होने से बचाया जा सकता है। नगरीय क्षेत्र के अधिकारियों द्वारा मुनादी करवा कर पशुओं को फसल से बचाने, पशुओं को खुले में न छोडने एवं पशुओं को सड़क दुर्घटनाओं से बचाने के लिए पशु पालकों से रेडियम बेल्ट आवश्यक रूप से लगवाने की अपील की जा रही है। 2 सितंबर को तक कुल 741 पशुओं में रेडीयम बेल्ट पहनाकर एवं 696 टैगिंग किया जाकर कुल 366 पशुओं को कांजी हाऊस एवं गौवानों में विस्थापन का कार्य किया गया। इस अभियान में स्थानीय जनों का सहयोग प्राप्त किया जा रहा है।

जिला प्रशासन एवं नगरी निकाय प्रशासन के द्वारा मवेशी मलीकियों के खिलाफ कड़ा कार्रवाई नहीं किए जाने के चलते सड़कों पर मवेशियों का जमावड़ा कम नहीं हो रहा है। आम जनों का कहना है कि जिस भी पशुधन मलिक के मवेशी सड़कों पर पाए जाते हैं उनके खिलाफ अधिक से अधिक जुर्माना और कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए तभी इस अभियान को सफलता मिलेगी।

# जगदलपुर से उड़ान योजना को एक्सटेंशन दिए जाने की मांग



**ज्योतिरादित्य सिंधिया को बाफना ने लिखा पत्र**

**जगदलपुर,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक संतोष बाफना ने पहल करते हुए केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को पत्र लिख जगदलपुर से उड़ान योजना को एक्सटेंशन दिये जाने की मांग की है। पूर्व विधायक बाफना ने केन्द्रीय मंत्री सिंधिया को पत्र लिखकर बताया है कि, नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना (आरसीएस) के तहत् बस्तर आदिवासी अंचल को प्रदेश की राजधानी रायपुर एवं हैदराबाद के लिए हवाई सेवा की सौगात मिली है। जिससे बस्तर के आम आदमी को इन दोनों मार्गों पर किफायती, आर्थिक रूप से व्यवहार्य और लाभदायक हवाई सेवा की सुविधा प्राप्त हो रही है। परंतु हाल ही में समाचार पत्रों में छपि खबरों से ज्ञात हुआ है कि, बस्तर (जगदलपुर) से संचालित होने वाली हवाई सेवा के लिए एलायंस एयर के साथ हुआ अनुबंध एक निश्चित समयवाधी के लिये था और आगामी 21 सितम्बर 2023 के पश्चात् इस योजना के तहत् चयनित एयरलाइंस को वित्तीय प्रोत्साहन एवं क्षेत्रवासियों को हवाई किराये में मिलने वाली किफायती रियायत भी समाप्त हो जाएगी और केवल कमर्शियल रूप से ही हवाई सेवा का संचालन किया जायेगा।

भारत सरकार की उड़ान योजना दूरस्थ एवं अन्य सुविधाओं से वंचित बस्तर जैसे आदिवासी अंचल के लिए एक नई सुबह की शुरूआत है। इस योजना की शुरूआत वर्ष 2016 में की गई थी और इसे 10 वर्षों तक जारी रखकर दूर दराज के लोगों को किफायती कीमत पर हवाई सफर कराना। उनका समय बचाने के साथ में कनेक्टिविटी बढ़ाते हुए स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने का उद्देश्य था। परंतु अब यह योजना बंद करने होने की कगार पर पहुँच गई है। और अब इस योजना के तहत् क्षेत्रवासियों को मिलने वाले लाभ पर विराम लगाने की खबरें चल रही है, जो कि अत्यन्त ही दुखद् है।

बस्तर के संबंध में कुछ महत्वपूर्ण बिन्दु बाफना ने केन्द्रीय मंत्री के समक्ष रखे हैं जिसमें उन्होंने कहा है कि, वर्तमान में बस्तर में आवागमन की न्यूनतम सुविधाएं हैं। सड़क के अलावा वायु सेवा से ही इस क्षेत्र में आवागमन बढ़ा है। उड़ान योजना 30 प्रतिशत स्थानों पर ही सफल रही है। हैदराबाद-जगदलपुर-रायपुर उसमें से एक है। वायु सेवा से बस्तर के पर्यटन व आतिथ्य सेवा से देश-विदेश के लोग इस अंचल से जुड़ रहे हैं जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिल रहा है। साथ ही वायु सेवा से पर्यटन मानचित्र में बस्तर स्थापित हो रहा है। रायपुर, छत्तीसगढ़ प्रदेश की राजधानी है तो हैदराबाद अंतर्राष्ट्रीय वायु सेवा केन्द्र है। विद्यार्थियों एवं मरीजों के लिए अत्यन्त ही सुविधाजनक वायु सेवा है। बस्तर (जगदलपुर) के समीप लगभग 25 हजार करोड़ की लागत से भारत का सबसे बड़ा एनएमडीसी का इस्पात संयंत्र स्थापित है जिसमें लगभग 20 वर्षों के बाद उत्पादन भी प्रारंभ हो चुका है तथा इस इस्पात संयंत्र के उद्घाटन की औपचारिकता ही शेष रह गई है और नगरनार इस्पात संयंत्र का उद्घाटन देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के करकमलों से आगामी दिनों में होना है। भारत के सबसे बड़े नगरनार इस्पात संयंत्र के मद्देनजर सुविधा और बढ़ानी चाहिए, न कि >> शेष पृष्ठ 9 पर>

# प्रत्याशी चयन के अंतिम दौर में वन नेशन–वन इलेक्शन का राग

**दंतेवाड़ा,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के लिए राजनीतिक दलों की तैयारियां लगभग अंतिम दौर में है। प्रत्याशी चयन की कवायद हो रही है। दंतेवाड़ा विधानसभा के लिए भी कांग्रेस और भाजपा ने प्रत्याशी चयन के लिए अपने आपको पूरी तरह तैयार कर लिया है, केवल घोषणा शेष है। दावेदारों की धड़कने तेज हो गई हैं, लेकिन केन्द्र सरकार द्वारा वन नेशन–वन इलेक्शन के प्रस्तावित बिल के लिए संसद के विशेष सत्र बुलाने के निर्णय के बाद विधानसभा चुनाव टलने की भी संभावना जतायी जा रही है।

विशेष सत्र में यह बिल आएगा या नहीं, इस पर भी संदेह है, लेकिन केन्द्र सरकार इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में कमेटी गठित कर दी गई है। छत्तीसगढ़ का मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल 4 जनवरी को खत्म हो रहा है, इससे पूर्व नई विधानसभा का गठन जरूरी है। चुनाव नवंबर में प्रस्तावित करते दिसंबर में परिणाम की घोषणा होनी थी। छत्तीसगढ़ के साथ ही चार अन्य राज्यों का भी चुनाव है, इसलिए परिणाम में देरी संभावित है। इस लिहाज से अक्टूबर के पहले सप्ताह में आचार संहिता प्रभावशील होने की उम्मीद की जा रही थी। इधर मतदाता सूची पुनरीक्षण की अवधि और बढ़ा दी गई है। केन्द्र सरकार ने वन नेशन–वन इलेक्शन के लिए पहल तेज कर दी है। ऐसे में चुनाव टलने की सुगबुगाहट है। लोकसभा के साथ विधानसभा चुनाव फरवरी में करायें जायेंगे, यह चर्चा भी हो रही है। ऐसे में मौजूदगा सरकार को एक्सटेंशन मिलेगा या फिर राष्ट्रपति शासन लागू होगा ? यह भी महत्वपूर्ण सवाल है। इस पूरी चर्चा के बीच कांग्रेस और भाजपा दोनों की राजनीतिक गतिविधियां जारी तो हैं, लेकिन थोड़ी सुस्ती भी दिख रही है। भाजपा ने अपने प्रत्याशियों की पहली सूची जारी की और दूसरी सूची रक्षा बंधन के ठीक बाद आने की तैयारी थी, लेकिन अब तक सूची का पता नहीं है। भाजपा के दावेदार बड़ी उम्मीद लगाए बैठे है। दंतेवाड़ा विधानसभा के लिए श्रीमती ओजस्वी मंडावी, नंदलाल मुड़ामी, चैतराम अटामी, रामू नेताम, श्रवण कड़ती जैसे दावेदारों के नाम प्रमुखता से लिये जा रहे हैं। भाजपा इन्हीं में से किसी एक पर मुहर लगायेगी, इस बात के संकेत पिछले दिनों ओड़ीसा से आए प्रवास विधायक ने दिये थे। इधर कांग्रेस में भी प्रत्याशियों के लिए स्क्रीनिंग की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। दंतेवाड़ा में कांग्रेसियों के लिए यह राहत भरी बात है कि कर्मा परिवार में अंततः एक नाम के लिए सहमति बन गयी और विधायक श्रीमती देवती कर्मा ने भी छविन्द्र कर्मा के लिए अपनी सहमति जतायी है। अन्य सदस्य भी इसी बात पर सहमत हैं। पैनल में अन्य नाम भी नियमानुसार शामिल हैं। (यह जानकारी जिला कांग्रेस अध्यक्ष अवधेश गौतम ने दी है।)

उल्लेखनीय है कि प्रत्याशियों की घोषणा दोनों ही दल शीघ्र ही करेंगे, ऐसी उम्मीद तो सभी को है, लेकिन लोकसभा के विशेष सत्र में क्या नया संकेत मिलता है, इस पर भी सबकी निगाहें रहेंगी। जीत–हार की बात करें तो दंतेवाड़ा में कांग्रेस और भाजपा दोनों के जीतने या हारने के अपने–अपने कारण हैं। परिवार को लेकर भाजपा के आरोपों पर कांग्रेस ने एक नाम पर सहमति जताकर करारा जवाब दिया है। अब भाजपा अपनी गुटबाजी, स्थानीय स्तर पर निष्क्रियता तथा सार्थक विपक्ष की भूमिका नहीं निभा पाने के आरोपों का जवाब जनता को कैसे देगी ? यह महत्वपूर्ण सवाल है।

- कांग्रेस–भाजपा दोनों के दावेदारों की धड़कने तेज
- विधानसभा चुनाव टलने की आशंका से सभी परेशान

# श्रृंखला साहित्य मंच के कवि स्व. शिवानंद महंती का रचना संग्रह 'कुछ ही क्षणों का' हुआ विमोचन

**पिथौरा**, 3 सितंबर (देशबन्धु)। स्थानीय तेग बहादुर भवन में श्रृंखला साहित्य मंच द्वारा श्रृंखला साहित्य मंच के वरिष्ठ कवि स्व. शिवानंद महांति के प्रथम पुण्य तिथि अवसर पर उनकी रचना संग्रह कुछ ही क्षणों में क्षणिका संग्रह प्रकाशक श्रृंखला साहित्य मंच संपादित वरिष्ठ साहित्यकार पत्रकार स्वराज्य करुण का विमोचन मुख्य अतिथि जी. आर. राणा सेवा निवृत्त अपर कलेक्टर महासमुंद, सभा अध्यक्ष डॉ. चित्तरंजन कर वरिष्ठ साहित्यकार भाषा विज्ञानी रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर, विशेष अतिथि ईश्वर सिंह दोस्त हिंदी साहित्य अकादमी अध्यक्ष छत्तीसगढ़, पीसी रथ वरिष्ठ पत्रकार के कर कमलों से हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तस्वीर पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन से हुआ । इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों व साहित्यकारों ने स्व शिवानंद को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुये उनकी रचनाओं व व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुये उनके निधन पर शोक व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व भी उनकी एक काव्य संग्रह संशय के बादल भी प्रकाशित हो चुकी है। कार्यक्रम के दौरान कवि शिवानंद महांति की माता श्रीमती उर्मिला महांति का उपस्थित अतिथियों ने सम्मान किया। इस अवसर पर रचना संग्रह के संपादक स्वराज्य करुण ने अपने संबोधन में कहा कि किसी एक क्षण की भावुकता में रची गयी छोटी कविता ही क्षणिका है । अपने आस पास के परिवेश से कवि में यह भावुकता क्षण भर में आती है , तब अपनी इस भावुकता के क्षणिक उफान में कवि के शब्द क्षणिका के रूप में अभिव्यक्त होते हैं । आगे उन्होंने प्रकाशक श्रृंखला साहित्य मंच के सदस्यों को इस उपलब्धि पर बधाई दी । श्रृंखला के अध्यक्ष वरिष्ठ साहित्यकार प्रवीण प्रवाह ने अपने उदबोधन में श्रृंखला के गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुये कवि शिवानंद महांति के रचना धर्मिता पर विस्तार से चर्चा करते हुये उन्हें सहज , सरल , हँसमुख , मिलनसार व्यक्तिव के धनी कहा । दिवंगत कवि के भ्राता मधु महांति ने एक दुर्घटना में घटित घटना का वर्णन करते हुये रचना संग्रह के शीर्षक च्च कुछ ही क्षणों में का भाव पूर्ण वर्णन किया। आयोजन में साहित्यकार, शिवशंकर पटनायक, अशोक शर्मा , रूपेश तिवारी , शशि डड़सेना, हबीब समर, सुरेश महांति आदि ने भी विचार व्यक्त करते दिवंगत कवि को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का संचालन उमेश दीक्षित वरिष्ठ साहित्यकार , करारोपण अधिकारी, तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी अध्यक्ष व आभार शशि डड़सेना ने किया ।विमोचन समारोह में बन्धु राजेश्वर खरे महासमुंद , बागबाहरा के हबीब समर , रूपेश तिवारी ,ग्राम सांकरा (जोंक)निवासी जवाहर लाल नायक , श्रृंखला साहित्य मंच के, अनूप दीक्षित, कैलाश बंसल,संतोष गुप्ता, शंकर गोयल बंटी छत्तीसगढ़िया, एफए नंद, निर्वेश दीक्षित,संजय गोयल, गुरप्रीत कौर, जीतेश्वरी साहू, सरोज सावऔर मंच के अनेक सदस्य ,दिवंगत कवि की वयोवृद्ध माता उर्मिला महांती ,मधुसूदन महान्ती,रितेश महान्ती और आकाश महान्ती सहित महान्ती परिवार के सदस्यगण समीपवर्ती ओड़िशा राज्य से आए उनके परिजन और महासमुंद जिले के अनेक साहित्यकार तथा प्रबुद्ध नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



# भाटापारा में जिला स्तरीय कराते स्कूल गेम्स का आयोजन

## 36 बच्चे हुए संभाग के लिए चयनित



**भाटापारा,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। मयूर स्कूल में जिला स्तरीय कराते खेल का हुआ आयोजन जिसमें भाटापारा सिमगा पलारी कसडोल एवम् जिला के अन्य विकासखंडों से बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। 2 सितंबर 2023 को मयूर स्कूल भाटापारा में स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित जिला स्तरीय कराते खेल में 50 बच्चो ने भाग लिया जिसमें 36 बच्चों का चयन संभाग के लिए हुआ जिसमें बालक वर्ग में 17 एवं बालिका वर्ग में 19 लोगों का चयन किया गया।

भाटापारा विकासखंड क्रीड़ाधिकारी आलोक गुप्ता , पलारी क्रीड़ाधिकारी हेमलता साहू क्रीडा शिक्षक अखिलेश कुमार कैवर्त्य,तरुण सेन चंद्रकांत बांगडे , यास्मीन अफरोज उपस्थित रहे एवं अतिथि के रूप में चैंपियन मार्शल आर्ट अकेडमी के प्रबंधक विक्रम सिंह चौहान मौजूद रहे। जिला कराते संघ सचिव ऋषभ सिंह चौहान के दिशा निर्देश में कार्यक्रम को पूर्ण किया गया। एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में चैंपियन मार्शल आर्ट अकेडमी के सचिव नेमीचंद साहू ,महेश राजपूत , हर्ष देवांगन, योगेश कुर्रे, प्रीतेश देवदास, लिवंशी देवदास, धनंजय पांडेय, विपिन साहू गौरव साहू, शिवम् तिवारी, दिनेश साहू सभी ने अपना योगदान दिया।

# वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार व कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न रोकथाम पर कार्यशाला

**कोण्डागांव,** 3 सितम्बर (देशबन्धु)। तालुक विधिक सेवा समिति केशकाल के अंतर्गत न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी व्यवहार न्यायालय केशकाल श्रीमती अंजली सिंह के मुख्य आतिथ्य में वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार एवं महिलाओं का कार्य स्थल पर लैंगिक उत्पीड़न रोकथाम एवं प्रतिषेध अधिनियम 2013 विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। उपस्थित अधिकारीगण अनुविभागीय अधिकारी केशकाल शंकरलाल सिंहा, तहसीलदार केशकाल आशुतोष शर्मा, केशकाल जिला बाल संरक्षण अधिकारी नरेंद्र सोनी, सी.ई.ओ.जनपद पंचायत केशकाल रामेश्वर महापात्र, अवनी कुमार विश्वाल, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं महिला बाल विकास कोण्डागांव संरक्षण अधिकारी श्रीमती सावित्री कोर्राम एवं रिटेनर अधिवक्ता केशकाल श्रीमती मनीष तिवारी द्वारा उक्त विषय पर विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में पीएलवी अनिल मांडवी, अमृत नरेटी एवं कुमारी लैला मरकाम केशकाल भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी व्यवहार न्यायालय केशकाल द्वारा उक्त विषयों पर अहम जानकारियां दी गई एवं पोक्सो एक्ट 2012 में वर्णित बच्चों के प्रति हो रहे यौन अपराधों पर विशेष प्रकाश डाला गया, अपराध की गंभीरता को स्पष्ट करते हुए सख्त दंड व्यवस्था एवं त्वरित कार्यवाही की जानकारी दी गई। घरेलू हिंसा अधिनियम 2007 पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया महिलाओं को प्राप्त अधिकारों एवं हितों के संरक्षण हेतु पारित उक्त अधिनियम में वर्णित हिंसा के खिलाफ शिकायत, दंड व्यवस्था एवं त्वरित कार्यवाही की जानकारी विभिन्न विभागों से आए महिला एवं पुरुष कर्मचारियों को दी गई। सभी अधिकारी गणों द्वारा विषय से संबंधित अपराध, उसकी प्रवृत्ति गंभीरता, दंड व्यवस्था आदि से अवगत कराया गया। रिटेनर अधिवक्ता मनीष तिवारी, केशकाल द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों संबंधित अधिनियम की बुजुर्गों को मिलने वाली तमाम तरह की सुविधाओं का विस्तारपूर्वक वर्णन किया गया। वरिष्ठ नागरिक संरक्षण अधिनियम 2005 के तहत जानकारी दी गई कि माता–पिता को यदि संतान द्वारा घर से निकाल दिया जाए, तो वह उक्त अधिनियम द्वारा बच्चों के खिलाफ कार्यवाही की मांग कर सकते हैं, गुजारा भत्ता की मांग कर सकते हैं, बच्चों द्वारा शारीरिक प्रताड़ना पर पुलिस की मदद ले सकते हैं, पुलिस मामले को ना सुने तो ऐसी स्थिति में मजिस्ट्रेट या फैमिली कोर्ट में अपील कर सकते हैं। आयकर में छूट, स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं, पेंशन से जुड़ी जानकारियों को वविस्तृत रूप से बताया गया। महिलाओं का कार्य स्थल पर लैंगिक उत्पीडन, रोकथाम, निवारण, प्रतिषेध अधिनियम 2013 में उल्लेखित यौन उत्पीडन की परिभाषा, पीडित हेतु कानून व्यवस्था, आरोपी हेतु दंड व्यवस्था का उल्लेख किया गया शिकायत कहां और कैसे किया जाए इस बात की जानकारी दी गई।



# विधायक ने स्व. महंती को श्रद्धांजलि दी



**पिथौरा,** 3 सितंबर। पिथौरा के प्रतिष्ठित साहित्यकार स्व. शिवानंद महंती के प्रथम पुण्य स्मृति दिवस पर अपने रायपुर प्रवास के कारण सम्मिलित नहीं हो पाने के वजह से आज दूसरे दिन बसना विधायक एवं वन विकास निगम के अध्यक्ष राजा देवेंद्र बहादुर ने स्व शिवानंद महंती के निवास पर पहुंचकर शिवा महांती को श्रद्धांजलि अर्पित कर परिवार के सदस्यों से मिलकर उन्हें सांत्वना दिया। परिवार के सदस्यो ने आदरणीय विधायक महोदय को शिवा महांती की किताब कुछ ही क्षणों में भेंट की। विधायक देवेंद्र बहादुर के साथ पिथोरा नगर पंचायत के अध्यक्ष आत्माराम यादव विधायक प्रीतिनिधि अजय नंद दिनेश नामदेव शैलू डडसेना उपस्थित रहे।

# अन्य प्रांतों से आए श्रद्धालु राजिम को ही जिला समझ कर सुख-सुविधाओं के साधन खोजते हैं

**राजिम,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। तीर्थो के राजा प्रयाग नगरी राजिम की प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ या फिर पूरे हिंदुस्तान में ही नहीं बल्कि विदेश में भी इन्हें जाना जाता है नतीजा प्रतिदिन देश–विदेश के बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं पर्यटक यहां पहुंच रहे हैं। इन दिनों धर्मनगरी राजिम का दृश्य भी अत्यंत सुहावना है। तीन नदियां सोंढूर, पैरी एवं महानदी के संगम में पानी भरा हुआ है। जिसके कारण श्रद्धालु सीधे लक्ष्मण झूला से होकर विश्व के प्रसिद्ध पंचमुखी कुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर पहुंच रहे हैं और दर्शन पूजन का लाभ ले रहे थे। बताना जरूरी है कि कुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर का निर्माण छठवीं–सातवीं शताब्दी माना गया है। महामंडप में शिलालेख उत्कीर्ण है। कलचुरी कालिन भगवान राजीव लोचन का विशाल मंदिर के साथ ही अनेक मंदिर यहां मौजूद है जिसमें मूर्ति कला के शानदार नमूना देखने को मिलता है। इस नगरी की अनेक खूबियां तथा पौराणिक महत्व श्रद्धालुओं को बरबस अपनी ओर खींच लाते हैं। उड़ीसा से पहुंचे लोगों ने लक्ष्मण झूला से होकर महादेव का दर्शन किया। उन्होंने सबसे पहले त्रिवेणी संगम में स्नान किया पश्चात भगवान राजीव लोचन का भी दर्शन पूजन किया। सभी श्रद्धालु अत्यंत प्रसन्न थे। इनमें से कुछ लोगों ने बताया कि हम पहली बार लक्ष्मण झूला चढ़े हैं बहुत अच्छा लगा और सबसे बड़ी चीज स्नान व दर्शन से मन प्रसन्न हो गया है। दुर्ग जिले के गांव से श्रद्धालु राम वन गमन परिपथ के अंतर्गत रामचंद्र की विशाल प्रतिमा को देखकर अभिभूत हो गए। वह लगातार वहां बैठकर सेल्फी ले रहे थे। अनुमान के मुताबिक सुबह से लेकर देर शाम तक 50 हजार श्रद्धालुओं के पहुंचाने की जानकारी मिली है। दिनों दिन धर्म नगरी में पर्यटकों की संख्या बढ़ती जा रही है। यहां आकर लोग शांति का अनुभव कर रहे हैं तथा हरि और हर दोनों से अपनी मन की बात जरूर कर रहे हैं। कहना होगा कि प्रतिदिन पहुंच रहे श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की बढ़ती संख्या के बावजूद यहां पर्यटन विभाग का अभी तक कोई कार्यालय नहीं है। जिनका मलाल पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को जरूर हो रही है।

जानकारी के मुताबिक जिला मुख्यालय यहां से 45 किलोमीटर दूर गरियाबंद में है लेकिन यहां भी कोई पर्यटन विभाग का कार्यालय मौजूद नहीं है अलबत्ता राजधानी रायपुर की दूरी भी 45 किलोमीटर है। कई बार जानकारी के अभाव में पर्यटक भटक जाते हैं। जिले के पर्यटन क्षेत्र की जानकारी लोगों तक ठीक से नहीं पहुंच पा रही है। पहुंचे कुछ लोगों ने कहा कि यहां ठहरने के लिए कोई बड़ा सा होटल भी मौजूद नहीं है। छोटे–छोटे होटल या फिर धर्मशाला में रुककर रात्रि विश्राम करना पड़ेगा। इनमें से कुछ लोगों ने तो राजिम को जिला समझ रहे थे और कह रहे थे कि जिले जैसी सुविधाएं नहीं है लेकिन उन्हें बताया गया कि यह गरियाबंद जिले में है और जिला मुख्यालय की दूरी यहां से 45 किलोमीटर है। तब उन्होंने कहा कि धर्म नगरी होने के कारण सरकार को इन्हें जिला बना देना चाहिए।



- श्रद्धालुओं ने कहा- धर्म नगरी होने के कारण राजिम जिला बना देना चाहिए
- तीर्थो के राजा प्रयाग नगरी राजिम बना पर्यटकों के लिए पसंदीदा जोन सुबह से शाम रात तक रहती है भीड़

# 5 को प्राइवेट स्कूलों में नहीं मनाया जाएगा शिक्षक दिवस, स्कूल भी रहेंगे बंद

**गरियाबंद,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्राइवेट स्कूलों को चार साल से आरटीई की राशि नहीं मिली है। इस लेकर कई बार शासन प्रशासन से मांग की जा चुकी है। परंतु लगातार उनकी मांगों को लेकर शासन प्रशासन की अनदेखी के चलते हैं नाराज प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने बड़ा फैसला लिया है। एसोसिएशन ने पांच सितंबर को प्राइवेट स्कूलों को बंद रख शिक्षक दिवस नहीं मानने का फैसला किया है।

गरियाबंद प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष स्टेफड बंस ने बताया कि 3 सितंबर को प्रदेश के प्राइवेट स्कूल प्रमुख लोगों की बैठक रायपुर में आहूत की गई। जिसमें अपनी मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन की रूपरेखा तय की गई। इसी क्रम में सर्वप्रथम 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के दिन स्कूल बंद कर शिक्षक दिवस कार्यक्रम नही मनाने का फैसला किया गया है। स्टेफड बंस ने बताया कि चार सालों से राज्य सरकार ने आरटीई की राशि रोक कर रखी गई है। इसके चलते हम शिक्षकों को समय पर न तो वेतन दे पा रहे हैं न ही उन्हें उचित मानदेय दे पा रहे हैं, तो कैसा सम्मान। पिछले 12 वर्षों से आरटीई की राशि में कोई वृद्धि भी नहीं की गई है।जबकि महंगाई कहां से कहां पहुंच गई है। वही दूसरी ओर आरटीई में प्रवेश देने शासन का जबरदस्त दबाव रहता है। जब हमारे स्कूलों के 25 प्रतिशत छात्रों का पैसा स्कूलों को मिलेगा ही नहीं, तो स्कूल चलेगा कैसे। बार–बार स्कूलों की कमियां बताकर पैसा को रोक दिया जाता है। अब प्रदेश संगठन ने वृहद आंदोलन तय किया है। पांच सितंबर को स्कूल बंद रखकर शिक्षक दिवस न मना कर काली पट्टी लगाकर विरोध करेंगे और अपनी मांग प्रदेशवासियों के समक्ष रखेंगे। इस आंदोलन के परिपेक्ष्य में गरियाबंद जिले के भी सभी प्राइवेट स्कूल इस आंदोलन में सम्मिलित होंगे।



- शासन–प्रशासन की अनदेखी के चलते नाराज प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन का बड़ा फैसला
- चार सालों से आरटीई की राशि नहीं मिलने से है नाराज

## प्रादेशिकी का शेष...

### सिरहा, गुनिया हत्या मामले...

मिला, और इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुये पुलिस टीम के द्वारा सोरगांव निवासी कालीचरण कश्यप को अपने च्अभिरक्षा में लेकर कड़ाई से पुछताछ करने पर मामले में खुलासा हुआ।

### 11 वीं संभागस्तरीय जूडो प्रतियोगिता...

इस प्रतियोगिता में विगत कई वर्षों से निरंतर जूडो प्रतियोगिता का आयोजन जिला जूडो संघ ऑफ बस्तर द्वारा संभाग मुख्यालय जगदलपुर में करके खिलाड़ियों को खेल प्लेटफार्म देने तथा उनकी प्रतिभा को निखारने, गलत गतिविधियों से दूर रखने के उद्देश्य से इस प्रतियोगिता का आयोजन करते आ रही है ।प्रतियोगिता में खिलाडी भाग लेकर राज्यस्तरीय व राष्टीय स्तर की प्रतियोगिता में भी भाग लेकर बस्तर का नाम रौशन कर रहे है । दो दिवसीय जूडो प्रतियोगिता में सब जूनियर, जूनियर, व सीनियर (बालक/बालिका) वर्ग के खिलाड़ियों के बीच मुकाबला कराया गया । जिसमें सभी विजयी खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा पदक तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा चैंपियन ऑफ चैंपियन की ट्रॉफी जय क्रिस्टा स्कूल पहुरबेल तथा द्वितीय विद्या ज्योति स्कूल के खिलाड़ियों ने प्राप्त किया ।

### जगदलपुर से उड़ान योजना...

कम करना चाहिए। क्षेत्र में व्यापार, उद्योग को बढ़ावा देने के लिए नियमित वायु सेवा आवश्यक है। नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण वायु सेवा बढ़नी चाहिए। बाफना ने कहा है कि, हवाई कनेक्टिविटी के क्षेत्र में बस्तर ने उल्लेखनीय वृद्धि की है। संवेदनशील क्षेत्र होने के साथ ही यातायात सुविधाओं की बस्तर में अत्यन्त कमी है और बस्तरवासियों के लिए उड़ान योजना के तहत् किफायती कीमत पर रायपुर व हैदराबाद पहुँचकर देश के विभिन्न स्थानों तक पहुँचने में मिलने वाली यह सुविधा किसी वरदान से कम भी नहीं है। इसलिए बस्तर से उड़ान योजना को एक्सटेंशन दिये जाने की जरूरी पहल की जाये।

# दंतेवाड़ा की ऊषा व खेमलाल को राज्यपाल पुरस्कार

**दंतेवाड़ा,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। प्रदेश के सुदूर दंतेवाड़ा जिले में ज्ञान की रोशनी से बच्चों के मन, मस्तिष्क को आलोकित करने यहां के शिक्षक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। कलेक्टर विनीत नंदनवार ने अपनी पदस्थापना के तुरंत बाद ही शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार को प्रोत्साहित किया। इसी का परिणाम है कि जिले के बच्चे इंजीनियरिंग और चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में देश के महत्वपूर्ण संस्थानों में अध्ययन कर रहे हैं। यहां के बच्चों को गढ़ने में शिक्षकों का योगदान प्रभावी रहा है। इस बार शिक्षक दिवस पर राज्यपाल पुरस्कार से जिले के दो शिक्षकों को पुरस्कृत किया जा रहा है। राजधानी के आयोजन में महामहिम राज्यपाल विश्व भूषण हरिचंदन के हाथों इन्हें सम्मान मिलेगा। यह पल दंतेवाड़ा जिले के लिए गौरव का रहेगा।

जिले की शिक्षिका श्रीमती ऊषा भूआर्य और शिक्षक खेमलाल सिन्हा को राज्यपाल पुरस्कार मिलने जा रहा है। श्रीमती भूआर्य गीदम ब्लाक के उच्च प्राथमिक शाला बुधपदर में उच्च श्रेणी शिक्षक हैं, वहीं खेमलाल सिन्हा कटेकल्याण ब्लाक के प्राथमिक शाला नाकापारा मोखपाल में शिक्षक हैं। श्रीमती ऊषा ने कोरोना काल में नवाचार के माध्यम से बच्चों को शिक्षा से जोड़े रखा और ऑन लाईन पढ़ाई में भी मददगार बनीं। वो बताती हैं कि

एक समय ऐसा आया कोविड–19 के समय में बच्चों तक शिक्षा पहुंचाने में दिक्कत हो रही थी, इसके बाद पढ़ई तुंहर द्वार के माध्यम से बच्चों के साथ नवाचार करके विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को शिक्षा से जोड़कर रखा गया। इसमें ऑनलाइन–ऑफलाइन, पालको और बच्चों को जोड़कर रखना, मिट्टी के खिलौने बनाना, जमीन पर चित्र अक्षर शब्द लिखकर पढ़ना, कागज के खिलौने पत्तल दोना, छिंद पत्तों से हार बनाना, नए–नए खेलो को पढ़ाई में शामिल करना, टी.एल.एम. पर मोहल्ला की दीवारों पर प्रिंट रिंच वातावरण बनाना प्रमुख हैं। इसी तरह समर कैंप से शिक्षा देकर बच्चों की उपस्थिति शत प्रतिशत रखी गई। इसके बाद पर्यावरण के संरक्षण के लिए बच्चों को जागरूक किया गया। कोरोना की विषम परिस्थिति को एक अवसर के रूप में स्वीकार कर अपनी दृढ़ इच्छा शक्ति का उपयोग करते बच्चों को एक बेहतर नागरिक बनाने की दिशा में लगातार मेहनत कर रही हैं।

इसी तरह मोखपाल प्राथमिक शाला के खेमलाल सिन्हा को भी राज्यपाल पुरस्कार मिल रहा है। इस संस्था में श्री सिन्हा 17 साल से पदस्थ हैं। इन्होंने शाला प्रबंधन समिति के माध्यम से बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बाल संसद का गठन कर गांव में शाला त्यागी बच्चों को स्कूल से जोड़ने का काम हुआ और इसी का नतीजा है कि गांव में कोई भी बच्चा स्कूल से वंचित नहीं है। इस स्कूल में बच्चों की उपस्थिति शत प्रतिशत रहती है। केवल पढ़ाई ही नहीं बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए योगा, चित्रकला, मूर्तिकला, सांस्कृतिक कार्यक्रम, इको क्लब, पालक–बालक सम्मेलन, अंगना में शिक्षा जैसे नवाचार ने अहम भूमिका निभाई है। बच्चों को ब्लाक और जिला स्तर पर कबाड़ से जुगाड़ प्रदर्शनी में प्रशस्ति पत्र प्राप्त हुआ है। कोरोना काल में जब बच्चे शिक्षा से वंचित हो रहे थे तब शाला प्रबंध समिति और पालकों के सहयोग से मोहल्ला क्लास का संचालन हुआ। इसका अवलोकन शिक्षा सचिव डॉ. आलोक शुक्ला ने भी किया और सराहना की। स्वच्छता और उत्कृष्ट कार्य के लिए राज्य स्तर पर संस्था का चयन सुघ्घर पढ़वईया अभियान के लिए हुआ।

खेमलाल सिन्हा ने बच्चों को स्वयं के व्यय से पढ़ाई के लिए जरूरी कापी, स्कूल यूनिफार्म और जूते का वितरण भी किया। आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए मदद भी की। राज्यपाल पुरस्कार से पुरस्कृत हो रहे इन दोनों शिक्षकों ने इसका पूरा श्रेय अपने उन होनहार बच्चों को दिया है, जिनका भविष्य संवारने इन्होंने अपना सब कुछ न्यौछावर किया है। इस महत्वपूर्ण सम्मान के लिए कलेक्टर विनीत नंदनवार, सीईओ जिला पंचायत कुमार विश्वरंजन, जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद ठाकुर, डीएमसी एसएल सोरी तथा सभी सहयोगी शिक्षक साथियों ने दोनों शिक्षकों को अपनी अग्रिम शुभकामनाएं दी हैं।



- शिक्षक दिवस पर राजधानी में होंगे पुरस्कृत
- कोरोना काल में बच्चों को शिक्षा से जोड़ने नवाचार की सराहना

# वनभूमि पाने की होड़ में सलना के ग्रामीण काट रहे हरे-भरे पेड़-पौधों को

**कोण्डागांव**, 3 सितंबर (देशबन्धु)। वन भूमि पाने की होड़ में जहां एक ओर ग्राम सलना के ग्रामीण हरे-भरे पेड़-पौधों को काटते और वहीं वन की सुरक्षा हेतु तैनात वन विभाग के जिम्मेदार कर्मचारी-अधिकारी मौन साधे नजर आ रहे होने का मामला सामने आया है। वर्तमान में प्रकाष में आया यह मामला जिले के तहसील माकड़ी एवं वन विभाग के नजरीए से दक्षिण वन मण्डल कोण्डागांव के वन परिक्षेत्र माकड़ी के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सलना एवं उसके आश्रित ग्राम सिवनी के मध्य स्थित वन क्षेत्र का है, जहां वर्श 2023 में भी वन भूमि पर खड़े हरे-भरे पेड़-पौधों को काटकर अतिक्रमण किए जाने का सामुहिक कार्यक्रम चल रहा है। उपरोक्त जानकारी से प्रेस को अवगत कराने वाले जागरुक ग्रामीणों ने नाम उजागर न करने की षर्त पर आगे बताया कि वर्तमान में ग्राम सिवनी के समीप वन क्षेत्र में किए जा रहे अतिक्रमण को वन समिति अध्यक्ष हमरुराम, रामलाल, धनर एवं सुनधर के संरक्षण में ग्राम सलना के लगभग 50 से अधिक ग्रामीण सामुहिक रुप से अंजाम दे रहे हैं। वन क्षेत्र में किए जा रहे इस अतिक्रमण को लेकर सिवनी के ग्रामवासी आपत्ति करने का प्रयास करने के क्रम में दो बार बैठक का आयोजन कर चुके हैं, जिसमें अतिक्रमणकारी भी उपस्थित हुए। अतिक्रमणकारियों को वनक्षेत्र में खड़े हरे-भरे पेड़-पौधों को काटने से मना करने पर नेतागिरी में उतरकर गाली गलौज तक करने लगे। अतिक्रमणकारियों के द्वारा किए गए गाली गलौज की सुचना पुलिस थाना माकड़ी में दी जा चुकी है, लेकिन पुलिस अधिकारियों के द्वारा षांति भंग हो सकने की सम्भावना को टालने के लिए अब तक कोई कार्यवाही नहीं की जा सकी है। ऐसे ही वन विभाग के कर्मचारी भी आकर अतिक्रमणकारियों को समझाईष दे चुके हैं, लेकिन अतिक्रमणकारियों के द्वारा वन विभाग के कर्मचारियों को ही धमका दिया गया और वे भी नेतागिरी की धौंस में आकर मौन साधकर बैठ गए हैं।



**वन की सुरक्षा हेतु तैनात वन कर्मचारी अधिकारी नजर आ रहे मौन**

ज्ञात हो कि कोण्डागांव जिले के लगभग सभी गांवों के ग्रामीणजन काफी संख्या में वर्श 2008-10 से आज दिनांक तक जिला कार्यालय में पहुंच कर कलेक्टर से यह दुहाई देकर कि वे वर्श 2005 के पुर्व से वन भूमि पर काबिज है, वनाधिकार प्रपत्र देने की मांग करते नजर आ रहे हैं। वहीं वनाधिकार प्रपत्र मिलने की आस में वर्तमान में भी वनक्षेत्र में खड़े हरे-भरे पेड़-पौधों को काटने और अतिक्रमण किए जाने का क्रम जारी है। वन क्षेत्र में अतिक्रमण के मामलों में जिले के वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी भी मनमानीपुर्वक कार्यवाही करते नजर आ रहे हैं। ऐसा आरोप इसलिए क्योंकि वन विभाग के कर्मचारी किसी अतिक्रमणकारी पर कानूनी कार्य करते हुए जेल तक भेज देते हैं, तो कुछ को केवल समझाईष और पी.ओ.आर. काटकर छोड़ देते हैं। सम्भवतः ऐसे ही कारणों से वन क्षेत्र में अतिक्रमण कर रहे लोगों का मनोबल बढ़ता जा रहा है। अब देखने वाली बात यह होगी कि ग्राम सलना एवं सिवनी के वन क्षेत्र में हो रहे अतिक्रमण वाले मामले में वन विभाग के अधिकारीगण अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध किस तरह की कार्यवाही करते हैं?

# पीसीसी सचिव बनने के बाद जनक नंदन कश्यप पहुंचे भानुप्रतापपुर, समर्थकों ने किया जोरदार स्वागत



**भानुप्रतापपुर**, 3 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नव-नियुक्त छत्तीसगढ़ प्रदेश सचिव बनने के बाद प्रथम भानुप्रतापपुर नगर आगमन पर उनके समर्थको के साथ ही कांग्रेस ,युवा कांग्रेस के ऊर्जावान सदस्यों के द्वारा रेस्टहाउस भव्य आतिशबाजी, ढोल-नगाड़ा के साथ स्वागत कर मिठाई बांटकर उनका स्वागत किया गया।

प्रदेश सचिव बनकर प्रथम भानुप्रतापपुर आगमन पर जनक नंदन कश्यप ने कहा कि च्प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, कांकेर जिले के गौरव मुख्यमंत्री जी के सलाहकार राजेश तिवारी जी व जिले के विधायक शिशुपाल शोरी,अनुप नाग, सावित्री मंडावी एवं बिरेश ठाकुर व प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं ने मुझ पर विश्वास कर इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी है सभी के विश्वास पर मैं खरा उतरने की पूरी कोशिश करूंगा एवं आगामी विधानसभा चुनाव में कांकेर जिले के तीनों विधानसभा सीट को जीतकर हम लोग भूपेश बघेल को पुनः मुख्यमंत्री बनाएंगे।ज्ज आयोजित स्वागत समारोह युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव पंकज राज वाधवानी के नेतृत्व में हुआ जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील पाढ़ी ,ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ठाकुर, राजकुमार ठाकुर,अमृत संचेती, राजेश तिवारी जिला उपाध्यक्ष कृषणा टेकाम जनपद उपाध्यक्ष सुना राम तेता, प्रदेश अध्यक्ष सरपंच संघ-चेतन मरकाम विधानसभा अध्यक्ष आकाश यदु ,ऐलरमएन भगवती गजेंद्र सेवा दल अध्यक्ष जितेंद्र बेजमिन, पूर्व पार्षद सुरेश पंजवानी, तुषार, ठाकुर वरिष्ठ नेता हितेश तिवारी ,फुरकान अहमद, नवनीत ठाकुर, ऐलडरमैंन नमन जैन, अमर कलाम,जिला महासचिव प्रकाश नुरेटी, धर्मेंद्र तिवारी, रविद्र फंडियाल, ध्रमेंद्र टांडिया सचिव निलेश कटझरें, निजी महामंत्री वेदप्रकाश देवागन,शुभम ठाकुर, रवी दुग्गा,प्रमोद उईकें, उमंग जैन मनीष मंडावी, खिलेश साहू, नितेश मंडावी, राहुल नरेटी, प्रवीण नुरेटी, शेखर डूबे, नीरेंद्र नेताम,महिला कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष किरण डोंगरे,सीमा सेन गुप्ता विजय बघेल गोलु डडसेना सभी युवा कांग्रेस के साथी सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मिट्टी का मकान गिरने से एक की मौत, दो घायल



**कोण्डागांव**, 3 सितम्बर (देशबन्धु)। कोंडागांव जिले में रविवार की सुबह से रुक-रुककर हो रही बारिश के बीच जिला मुख्यालय से तकरीबन 15 किलोमीटर दूर के तहसील कोंडागांव के ग्राम सातगांव में एक मिट्टी का मकान गिर गया और दीवार में तीन लोग दब गए। जिसमें से एक की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना दोपहर 3.30 बजे की है, जब जगतराम सेठिया पिता रामसिंग सेठिया 75 वर्श अपनी पत्नी रामदई सेठिया 65 वर्श व राखी पर अपने मायके आई बेटी हीरामती पांडे पति घनश्याम पांडे 47 वर्श निवासी कमेला अपने मिट्टी के पुराने मकान में आग ताप रहे थे, कि तभी बारिश की वजह से मकान की दीवार अचानक भरभराकर गिर गया और गिरने वाले दीवार के नीचे तीनों दब गये, जिससे वृद्ध जगतराम की मृत्यु हो गयी, वहीं रामदई व हीरामती घायल हैं, जिनका उपचार जिला अस्पताल में किया जा रहा है।

# स्वा. कर्मचारियों की बर्खास्तगी पर पूरे समाज में नाराजगी

**कोण्डागांव**, 3 सितम्बर (देशबन्धु)। स्वास्थ्य कर्मचारियों की बर्खास्तगी पर पुरे समाज में नाराजगी और सभी समाज व कर्मचारी संगठनों में भी भारी आक्रोश नजर आने लगा है।

छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य फेडरेशन की अगुवाई में स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर, स्टाफ नर्स, स्वास्थ्य संयोजक 21 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। चूंकि कांग्रेस सरकार ने 2018 के अपने चुनावी घोषणा पत्र में स्वास्थ्य कर्मियों के वेतन विसंगति को दूर किए जाने का उल्लेख किया है और कांग्रेस सरकार द्वारा घोषणा पत्र में किए गए वादों में षामिल अपनी मांगों को मनवाने के लिए ही प्रदेश के सभी 45000 स्वास्थ्य कर्मचारी हड़ताल पर हैं। मांग पूरी करने के बजाए सरकार एस्मा लगाकर सभी कर्मचारी-अधिकारीयों को बिना चर्चा के बर्खास्त कर रही है, जबकि पूर्व में चर्चा, पत्राचार, आवेदन, निवेदन, सम्मलेन आदि के माध्यम से अपनी मांगों को वर्तमान भूपेश बघेल सरकार के समक्ष रखा गया और उनके मंत्री मंडल एवं सारे विधायकों से माँग को पूरा करने के सम्बन्ध में सहमति पत्र को विधायकों के माध्यम से सरकार/मुख्य मंत्री तक पहुंचाकर मांग पुरी करने का आग्रह किया गया। सभी तथ्यों के संज्ञान में होते हुए भी आज पर्यन्त मुख्य मंत्री छ.ग.षासन के द्वारा कर्मचारी संघ के प्रांतीय पदाधिकारियों के बीच कोई मध्यस्थता नहीं हुई है।



**सभी समाज व कर्मचारी संगठनों में भी दिखा आक्रोश**

जबकि छत्तीसगढ़ फेडरेषन संघ के 12 घटकों द्वारा कई बार पत्राचार/आवेदन निवेदन एवं पांचों संभाग में संभाग स्तर पर सम्मेलन किया जा चुका है, फिर भी सरकार अनभिज्ञता दिखा रही है। 11 अगस्त को एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल कर मुख्य मंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया एवं 10 दिनों के भीतर मांगों पर कोई विचार नहीं करने पर 21 अगस्त 2023 से अनिश्चितकालीन हड़ताल का छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य फेडरेषन ने विज्ञप्ति जारी कर छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य सचिव, स्वास्थ्य सचिव के नाम पर विधिवत ज्ञापन सुचना देकर 21 अगस्त को अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। सरकार संवेदनशीलता का परिचय देते हुए जनहित को ध्यान में रखकर एवं हड़ताली ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक, डॉक्टर्स, नर्सेस के साथ सहानुभूति पूर्वक निर्णय लेकर समाधान कर सकती थी, किन्तु सरकार दमनात्मकपूर्वक हड़ताली स्वास्थ्य कर्मियों पर एस्मा कानून लगाकर पुरे प्रदेश के कर्मचारियों को बर्खास्त/निलंबन कर रही है। जिसकी घोर निंदा सभी समाज प्रमुख एवं कर्मचारी संगठन कर रहे हैं और समस्त समाज व कर्मचारी संगठनों में आक्रोश नजर आ रहा है, सभी ने इस कार्यवाही को अनैतिक बताया है।

# रामकृष्ण मिशन विवेकानंद विद्यापीठ नारायणपुर में मनाया संस्कृत सप्ताह



**नारायणपुर**, 3 सितंबर (देशबन्धु)। रामकृष्ण मिशन विवेकानंद विद्यापीठ नारायणपुर में संस्कृत सप्ताह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में इस क्षेत्र के सम्माननीय समाज सेवी श्री हरेराम मिश्रा जी उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सुश्री पांचाली भट्टाचार्य, प्राचार्या, माँ सारदा विद्यामंदिर, ओरछा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विवेकानंद विद्यापीठ के प्राचार्य स्वामी कृष्णामृतानन्द ने किया। अन्य अतिथियों में साधुवृन्द स्वामी मुक्त्यानंनद, ब्र. जनार्दन चैतन्य, ब्र गोपालचैतन्य एवं विद्यापीठ के शिक्षक शिशिकायें उपस्थित थे। विवेकानंद विद्यापीठ नारायणपुर एवं विवेकानंद विद्यामंदिर कुंदला के विद्यार्थियों ने संस्कृत भाषा में श्लोक आवृत्ति, संभाषण, सूक्ति पाठ एवं संस्कृत भाषा के विषय में भाषण की प्रस्तुति दी। लगभग 500 विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में भाग लिया। मुख्य अतिथि श्री हरेराम मिश्रा जी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा, आज हमारे देश में संस्कृत भाषा को बढ़ावा देने एवं और इसकी रक्षा करने की जरूरत है। हर घर में संस्कृत भाषा में संभाषण करने के लिए लोगों को प्रेरित करना होगा।

# बोर्ड परीक्षाओं के बेहतर परीक्षा परिणामों के लिए मिशन 95 प्लस कार्यशाला

**कोण्डागांव**, 3 सितम्बर (देशबन्धु)। सत्र 2023-24 की बोर्ड परीक्षाओं के परीक्षा परिणामों को बेहतर करने के उद्देश्य से मिशन 95 का आयोजन स्थानीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी विद्यालय जामकोट पारा कोंडागांव में किया गया। जिला मीडिया प्रभारी शिक्षक शैलेंद्र ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि मिशन 95 की सफलता सुनिश्चित करने हेतु जिले के भौतिकी, जीव विज्ञान, गणित, अंग्रेजी, रसायन, वाणिज्य, अर्थशास्त्र और कृषि संकाय के विषय विशेषज्ञों की टीम गठित की गई। प्रत्येक टीम में दस विषय विशेषज्ञों को शामिल किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी कोंडागांव मधुलिका तिवारी ने बताया कि मिशन 95 का उद्देश्य जिले में अध्यनरत छात्रों के शत प्रतिशत परिणामों के साथ ही अधिक से अधिक बच्चों को मेरिट में लाना है। मिशन 95 के अंतर्गत प्रत्येक विषय के विषय विशेषज्ञ समिति द्वारा समिति प्रमुख का चुनाव किया जाएगा एवं आने वाले समय में समिति प्रमुख के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में समिति के सारे सदस्य कार्य करेंगे। 08 सितंबर 2023 को स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जामकोटपारा में समिति प्रमुख के विषय एक्सपर्टों की एक बैठक संपन्न होगी, जिसमें विषय एक्सपर्ट ब्लू प्रिंट, पिछले तीन साल के बोर्ड परीक्षा के प्रश्न पत्र, माध्यमिक शिक्षक मंडल द्वारा जारी प्रादर्श प्रश्न पत्रों के साथ उपस्थित होंगे। विषय एक्सपर्ट समिति प्रमुख द्वारा उनको आबंटित यूनिट पर ही पूरी तरह फोकस करेंगे एवं ब्लू प्रिंट के आधार पर यूनिट से पूछे जाने वाले संभावित प्रश्न की सूची तथा प्रश्नों के आदर्श उत्तर का निर्माण करेंगे। विषय एक्सपर्ट द्वारा हस्तलिखित प्रश्न एवं आदर्श उत्तर का पीडीएफ तैयार कर समिति प्रमुख को ईमेल व्हाट्सएप के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा। समिति प्रमुख द्वारा विषय एक्सपर्टों से प्राप्त प्रश्न उत्तर जिले के समस्त विषय शिक्षकों को साझा किया जायेगा। विषय शिक्षकों का दायित्व होगा कि परीक्षा तिथि के पूर्व बच्चों को उन प्रश्नों का रीविजन करवा देवें। उन्हें उन प्रश्नों के उत्तर समझा देवें। निर्धारित परीक्षा तिथि को परीक्षा के आधे घंटे पूर्व ब्लू प्रिंट के अनुरूप निर्धारित अंकों के आधार पर समिति प्रमुख द्वारा बीस अंकों के प्रश्न विषय शिक्षकों को व्हाट्सएप के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा। बीस अंक के प्रश्नों को हल करने के लिए निर्धारित समय पैंतालीस मिनट होगा। परीक्षा के लिए निर्धारित समय के उपरांत अधिकतम दो घंटे के अंदर विषय शिक्षक द्वारा उत्तर की चेकिंग कर विद्यार्थी द्वारा प्राप्तांकों को गूगल शीट में एंट्री करना होगा। गूगल लिंक पृथक से उपलब्ध कराया जाएगा। जिला स्तर पर गठित टीम के द्वारा विद्यार्थियों के प्राप्तांकों का विश्लेषण कर पूरे जिले में सभी विषय में 95 प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। इस प्रकार लगातार तीन यूनिट टेस्ट में सभी विषयों में 95 अंक प्राप्त करने वाले छात्रों की सूची तैयार कर उन छात्रों को अतिरिक्त मार्गदर्शन देने की व्यवस्था की जाएगी, जिससे बच्चे मेरिट में स्थान बना सकें। ज्ञात हो कि बोर्ड परीक्षा कक्षा दसवीं में सत्र 2023 में 86.95 प्रतिशत परिणाम के साथ राज्य में कोंडागांव जिले का सातवां स्थान रहा, जबकि बारहवीं की परीक्षा में 84.55 प्रतिशत के साथ तेरहवां स्थान रहा। जिले से कोई भी विद्यार्थी मेरिट सूची में स्थान बनाने में सफल नहीं हो पाया जबकि जिले में दसवीं में 95.17 प्रतिशत एवं बारहवीं में 92.60 प्रतिशत अंक छात्रों ने अर्जित किया था।



# शराब के अवैध परिवहन पर पुलिस की कार्रवाई

## ग्राम सूलेंगा में शराब परिवहन करते हुए 1 आरोपी पर कार्रवाई

**नारायणपुर**, 3 सितंबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा (भा.पु.से) के नेतृत्व में नारायणपुर पुलिस के द्वारा आपराधिक तत्वों के विरूद्ध कार्रवाई किया जा रहा है। इसी तारतम्य में शराब के अवैध परिवहन पर कार्यवाही करने में नारायणपुर पुलिस को सफलता मिली है। ज्ञात हो कि सूचना प्राप्त हुआ था कि किसी व्यक्ति के द्वारा नारायणपुर में शराब का अवैध परिवहन किया जा रहा है, सूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री निखील राखेजा (भा.पु.से.), हेमसागर सिदार, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) नारायणपुर लोकेश बंसल के मार्गदर्शन में, थाना प्रभारी नारायणपुर दिनेश चन्द्रा के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्यवाही हेतु रवाना किया गया था। उक्त टीम के द्वारा ग्राम सुलेंगा में संदिग्ध वाहन की पहचान कर बोलेरो क्र. ष्ट्ग 21 स्न 2568 को रोका गया। जिसमें एक व्यक्ति मिला, जिससे पुछताछ करने पर उसने अपना नाम जितेन्द्र सिन्हा निवासी सुलेंगा होना बताया। जिसके बोलेरो वाहन क्र. ष्ट्ग 21 स्न 2568 की चेकिंग करने पर वाहन में देशी प्लेन शराब - 88 लीटर एवं गोल्डन गोवा व्हिस्की - 52 लीटर कुल 140 लीटर देशी शराब / व्हिस्की मिला। जिस संबंध में पुछताछ करने पर अपने पास उक्त शराब परिवहन के संबध में वैधानिक जवाब प्रस्तुत नही किया गया। मामले में आरोपी का कृत्य 34 (2) आबकारी एक्ट का होना पाये जाने से आरोपी जितेन्द्र सिन्हा के कब्जे से कुल 140 लीटर देशी प्लेन शराब एवं गोल्डन गोवा व्हिस्की, 01 नग बोलेरो वाहन, 01 नग मोबाईल बरामद कर जप्त किया गया है। जप्तशुदा शराब की कीमत 73,000/- रूपये आंकी गई है। आरोपी जितेन्द्र सिन्हा के विरूद्ध थाना नारायणपुर में 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।



# ज्ञान ज्योति विद्यालय में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

**गुरुर**, 3 सितंबर। गुरुर नगर में संचालित ज्ञान ज्योति उचचतर माध्यमिक विद्यालय गुरूर में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान विद्यालय के बच्चों द्वारा रैली क्विज, रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता में भी प्रदर्शन कर मतदाताओं को जागरूक किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्यारेलाल साहू के निर्देशन में चलाया गया। इस अवसर पर संस्था के प्रबंधक पीएल साहू, शिक्षिका भारती ठाकुर, ओमेंद्र यादव, गायत्री साहू, ममता साहू, वर्षा साहू एवं अन्य स्टाफ तथा बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



# स्वछता पखवाड़ा, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बच्चों ने स्वच्छता का दिया संदेश

**कुम्हारी**, 3 सितंबर। स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में शुक्रवार को स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया जो शासन के निर्देशानुसार 1 सितम्बर से 15 सितम्बर तक चलेगा। आज बच्चों एवं शिक्षकों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए शपथ दिलाई गई जिसमें बच्चों ने प्लास्टिक मुक्त भारत बनाने का संकल्प लिया एवं तीन आर रिड्यूस, रीयूज रिसाइकल का संकल्प लिया गया। हाई स्कूल के बच्चों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य श्रीमती लता रघुकुमार एवं समस्त शिक्षकों ने भाग लिया।

# चुनाव को देखते स्थायी वारंटियों पर कार्रवाई

**दंतेवाड़ा**, 3 सितंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव को देखते हुए विशेष अभियान चलाकर स्थायी वारंटियों पर कार्रवाई की जा रही हैं। जिले के विभिन्न थानों से कुल 21 स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस का कहना है कि कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। ये वारंटी लंबे समय से फरार चल रहे थे।

एसपी गौरव राय, एडिशनल एसपी आरके बर्मन के निर्देशन एवं डीएसपी आशारानी, कमलजीत पाटले, राहुल उइके, गोविंद दीवान तथा कृष्णा चंद्राकर के मार्ग दर्शन में यह अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत थाना दन्तेवाड़ा के अप.क्र. 17/2010 धारा 457, 380 के स्थायी वारंटी कमलू तामो, अप.क्र. 63/2019 धारा 323, 325, 506बी, 34 भादवि. के स्थायी वारंटी बाघा नाग, अप.क्र. 80/2013 धारा 458,294,506,34 भादवि0 के स्थाई वारंटी मनीराम नाग, प्र.क्र.226/2001 .धारा 302 भादवि के स्थायी वारंटी सोड़ी कोसा पिता बोन्डु उम्र 35 वर्ष सा. डोंगरीपारा गाटम एवं अन्य 9 स्थायी वारंटी, थाना अरनपुर के अप.क्र. 06/2008 धारा 147, 148, 149, 307, 395, 323, 325, 224, 294, 128, 129, 130 भादवि., 25, 27 आर्म्स एक्ट के स्थायी वारंटी कवासी जोगा पिता कवासी भीमा उम्र 49 वर्ष सा. अचेली, थाना बचेली के अप.क्र. 51/2019 धारा 294, 323, 506बी भादवि. के स्थायी वारंटी हुंगाराम उर्फ उंगा मंडावी पिता स्व. लखमा मण्डावी उम्र 30 वर्ष काठमाण्डु आकाश नगर,(2.) अप.क्र.117/2008, 16/2007,53/2006, 26/2003, कुल 5 आरोपी थाना कुआकोण्डा के (1) अप.क्र. 21/2009 धारा 138 एनएम., के वारंटी बजरंग सिंह ठाकुर पिता बुधराम सिंह ठाकुर बाबूपारा बडेगुडरा को पता तलाश कर माननीय न्यायालय पेश किया गया एवं स्थायी वारंटी जिसकी मृत्यु हो गयी है- (1) अप.क्र. 06/2008 धारा 427, 147, 148, 149, 458 भादवि., 25 आर्म्स एक्ट के वारंटी ताती भीमा पिता गंगा उम्र 21 वर्ष जाति मुरिया सा. अचेली थाना किरन्दुल हाल थाना अरनपुर, (2) अप.क्र. 06/2008 धारा 427, 147, 148, 149, 458 भादवि., 25 आर्म्स एक्ट के वारंटी कवासी जोगा पिता कवासी भीमा उम्र 26 वर्ष जाति मुरिया सा. अचेली थाना अरनपुर (3) अप.क्र. 15/1997 धारा 188 भादवि. के वारंटी बिन्द्रा प्रसाद गुप्ता पिता गया प्रसाद गुप्ता उम्र 26 वर्ष सा. बस स्टेण्ड गीदम, (4) अप.क्र. 230/1986 धारा 324 भादवि. के वारंटी राजेन्द्र उर्फ राजू पिता भागचंद जैन उम्र 23 वर्ष सा. गीदम, (5) अप.क्र. 209/1989 .धारा 324 भादवि. के वारंटी जी. लिंगैया पिता मिलैया उम्र 40 वर्ष सा. गीदम जिला दन्तेवाड़ा, (6) अप.क्र.13/2016 धारा 147, 148, 149, 307, 302 भादवि., 25, 27 आर्म्स एक्ट के वारंटी मुरा नाग पिता चेरंगा उम्र 30 वर्ष सा. मारजूम पटेलपारा थाना तोंगपाल जिला सुकमा का पता कर मृत्यु होने पर वारंट न्यायालय वापस किया गया।

- जिले भर में विभिन्न थानों से 21 गिरफ्तार
- लंबे समय से चल रहे थे फरार

# अधिग्रहित भूमि मुआवाजा में अनियमितता को लेकर, हाईकोर्ट जाने की तैयारी में किसान

**कोण्डागांव**, 3 सितम्बर (देशबन्धु)। अधिग्रहित भूमि के मुआवाजा में अनियमितता को लेकर स्थानीय उच्च अधिकारी एवं जनप्रतिनधियों से कई बार अर्जी देकर आग्रह कर चुकने बाद भी सुनवाई नहीं होने से पीड़ित किसान हाईकोर्ट जाने की तैयारी में जुटे दिखने पर, करोड़ों के बाईपास पर ग्रहण लगने की सम्भावना बलवती होती नजर आने लगी है। करोड़ों की लागत से बनने जा रहे कोण्डागांव बाईपास को अब ग्रहण लग सकता है। इसके पीछे कोई और नहीं बल्कि इस बाईपास निर्माण के दौरान जिन किसानों की जमीन का अधिग्रहण किया जा रहा है, वे शासन-प्रशासन के रवैये से काफी नाराज हैं। पीड़ित ग्रामीणों ने बताया कि इस बाईपास में लगभग 93 किसान ग्राम पलारी, डोगरीगुड़ा, कोण्डागांव, खूटडोबरा सहित अन्य गांव के किसान शामिल हैं, जिनकी जमीन इस बाईपास निर्माण होने से चली जाएगी। किसान बाईपास निर्माण का विरोध नहीं कर रहे हैं, लेकिन वे वर्ष 2021 से ही उचित मुआवजा देने की मांग करते आ रहे हैं, लेकिन आजतक इन किसानों की मांग पर कोई सुनवाई नहीं हुई है। पीड़ित किसानों ने बताया कि वे अपनी मांग को लेकर कई बार अधिकारी व हमारे चुने गए जनप्रतिनिधियों के पास आवेदन लेकर गए, लेकिन किसी ने हमारी एक न सुनी और भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू कर दिये हैं, जिसका हम किसान विरोध करते आ रहे हैं, हमारी भूमि का उचित मुआवजा दिया जाए, जिससे कि हमारी आगे की जिदंगी भी चलती रहे। किसानों ने बताया कि वे जिस जमीन पर खेती किसानी करते आ रहे हैं। वे नहीं बल्कि पूर्वजों से चले आ रहे परपंरागत तरीके से खेती-किसानी कर रहे हैं, लेकिन मुआवाजा की राशि कम होने और जमीन चले जाने से उन्हें कई तरह की परेशानियों का समाना भविष्य में करना पड़ सकता है। इसलिए वे अब अपनी मांगों को लेकर हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाने की तैयारी में हैं।



- नहीं सुन रहे, स्थानीय अधिकारी व जनप्रतिनधिगण
- करोड़ों के बाईपास पर लग सकता है ग्रहण

**क्या कहते हैं पीड़ित किसान-**

डोंगरीगुडा के पीड़ित किसान सकरूराम कहते हैं कि हमारी सुनवाई अब तक नहीं हुई है, जिससे हम परेशान और अपने व परिवार के भविष्य को लेकर काफी चिंचित हैं। अब हमारे पास एक ही सहारा है कि हम इस बाईपास निर्माण का विरोध करें जो हम भी नहीं चाहते, लेकिन हमारी यह मजबूरी बन गई है। पलारी के किसान सुखदास ने बताया कि हमारी सुनवाई जब स्थानीय स्तर पर नहीं हो रही है, तो हम अपनी मांग को लेकर हाई कोर्ट जाने की तैयारी में है। हमारी एक ही मांग है कि हमें मुआवाजा राशि एक समान दिया जाए, इसमें किसी तरह से अनियमितता न हो।

# कैपिटल ज़ोन

**उल्टा पुल्टा**

पति- तेरे पिता की जले पर नमक छिड़कने की आदत नहीं गई।
पत्नी- क्यों क्या हुआ?
पति- आज फिर से पूछ रहा था कि मेरी बेटी से शादी करके तुम खुश तो हो न?

**संपादकीय**

## छग की चुनावी हलचलें हुई तेज़

*केन्द्र सरकार द्वारा कई विधानसभाओं चुनावों के साथ लोकसभा चुनाव कराये जाने की अटकलों के बीच छत्तीसगढ़ विस के चुनावों का अनौपचारिक आगाज़ हुआ सा जान पड़ता है। प्रदेश में मतदाता सूचियों के संक्षिप्त पुनरीक्षण का समय जहां 1 सितम्बर तक बढ़ा दिया गया है (जो पहले 3 अगस्त तक था), तो वहीं राज्य के विभिन्न राजनैतिक दलों की चुनावी गतिविधियां तेज़ हो गई हैं। जब भी चुनाव हों, उम्मीद की जाए कि लोग अपने मताधिकार का प्रयोग स्वेच्छापूर्वक और विवेकपूर्ण तरीके से करेंगे ताकि उनके जीवन को संवारने वाली सरकार उन्हें मिल सके। संशोधित मतदाता सूची 4 अक्टूबर तक प्रकाशन का ऐलान हो चुका है।*

*संसद के 18 से 22 सितम्बर को आहूत विशेष सत्र से देश कयास लगा रहा है कि इस साल पड़ने वाले 5 राज्यों के चुनाव, जिनमें छत्तीसगढ़ भी शामिल है और वर्ष 224 में होने जा रहे 4 राज्यों के चुनाव लोकसभा के साथ करा लिये जायेंगे। 'एक देश एक चुनाव' के नाम से इस कार्यक्रम के लिये एक समिति भी बना दी गई है, जिसकी अध्यक्षता पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद कर रहे हैं। जो भी हो, लोकसभा का चुनाव चाहे अपने तयशुदा समय पर यानी अगले साल हो अथवा वे पहले कराए जायें, छग के चुनाव तो इसी वर्ष के अंत में हो जाने हैं। सियासी हलचलों की बात करें तो भारतीय जनता पार्टी ने अपने कुछ उम्मीदवार काफी पहले घोषित कर ही दिये हैं और कांग्रेस की सूची भी इस मामले में लगभग तय है कि जहां से उसके विधायक पिछला चुनाव जीते हैं, उनमें से ज्यादातर फिर से चुनाव लड़ेंगे। हालांकि ऐसे भी संकेत हैं कि राहुल गांधी की मंशा के अनुरूप बड़ी तादाद में युवा उम्मीदवारों को उतारा जा सकता है। 6 सितम्बर तक कांग्रेस की भी पहली सूची आ जाने की बात कही जा चुकी है।*

*शनिवार को राहुल गांधी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ में बड़े चुनावी कार्यक्रम कर चुके हैं। राहुल ने नया रायपुर में युवाओं के एक बड़े जमावड़े को राजीव युवा मितान सम्मेलन के नाम से आयोजित समारोह में सम्बोधित किया, तो वहीं अमित शाह रायपुर के दीनदयाल सभागार में भाजपा द्वारा आयोजित 'अउ नइ सहिबो, बदल के रहिबो!' नाम से आयोजित सम्मेलन में छग की कांग्रेस सरकार के खिलाफ आरोप पत्र पेश किया जिसमें कांग्रेस सरकार पर अनेक आरोप लगाये गये हैं। हालांकि उसके पहले ही कांग्रेस ने भाजपा पर 212 बिंदुओं पर आरोप दाग दिये हैं। काफी कवायदें आम आदमी पार्टी की भी हो रही हैं जो सभी 9 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। अजीत जोगी के बिना पहली बार चुनाव लड़ने जा रही जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ का भी ऐसा ही इरादा है। जो भी हो, चुनाव सबके लिये खुले और निष्पक्ष होने चाहिये।*

# 75 सीटों के साथ सरकार बनाना हमारी चुनौती : सैलजा

## प्रदेश कार्यकारिणी की विस्तारित बैठक में जुटे कांग्रेसी कार्यकर्ता, नेता




**रायपुर,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस की विस्तारित कार्यकारिणी की बैठक में प्रभारी कुमारी सेलजा, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, उप मुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, मंत्री ताम्रध्वज साहू, प्रभारी सचिव डॉ. चंदन यादव, मंत्री मोहन मरकाम, नंदकुमार साय की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में वरिष्ठ नेताओं ने अपना उद्बोधन दिया और फिर से सरकार बनाने का संकल्प लिया।

एआईसीसी के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि हमारे पास 75 सीटों के साथ फिर सरकार बनाने की चुनौती है आप लोग चुनौती से अनभिज्ञ नहीं है। आप लोगों ने बहुत से चुनौतिया देखी है। आप लोगों ने 15 साल तक भाजपा की सरकार का सामना किया, हिम्मत नहीं हारे और विजय प्राप्त की। आपको कोई भी जिम्मेदारी कांग्रेस पार्टी देती है उसका आप अच्छे से जिम्मेदारी निभाते है। आप कांग्रेस पार्टी का सिपाही बने रहे और यही कारण है की आपकी पहचान बनी रही। हम सबकी पहचान है कांग्रेस पार्टी। हम जो कुछ भी है अपनी कांग्रेस पार्टी के कारण है। आप पार्टी के सच्चे सिपाही है। ये जो तिरंगा गले में पहना है उससे हमारी पहचान होती है आदर सम्मान भी मिलता है। गौरव महसूस होता और हमारा आत्मविश्वास बढ़ता है। हमें गर्व है कि हम कांग्रेस पार्टी के सच्चे सिपाही है, पार्टी हमें जो भी काम देती है उसे हम गौरव के साथ, आत्मविश्वास के साथ करते है। कांग्रेस पार्टी में काम करके ब्लॉक से लेकर बड़े-बड़े पदो पर जा सकते है। सबके सहयोग के साथ मिलकर काम करना है। पार्टी का कोई भी काम छोटा नहीं होता है हर काम महत्वपूर्ण होता है।

7 सितंबर को भारत जोड़ो यात्रा की वर्षगांठ मनायेंगे। राहुल गांधी ने ऐतिहासिक कार्यक्रम करके दिखाया है जिसमें देश को जोड़ा मोहब्बत में। इस भारत जोड़ो पदयात्रा से लोगों की सोच में बदलाव आया। आप लोगों ने हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा का सफल आयोजन भी किया।

हम छत्तीसगढ़ की रेल सुविधाओं को लेकर बड़ा आंदोलन करेंगे। छत्तीसगढ़ में 64000 फेरे ट्रेनों के रोक दिया गया है इसका सीधे-सीधे नुकसान आम छत्तीसगढ़ के लोगों का हुआ है। 24 ट्रेने अभी रोक दी है। इनके खिलाफ भी कांग्रेस आवाज उठायेगी।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि प्रभारी कुमारी सैलजा जी के नेतृत्व में सेक्टर, जोन के पदाधिकारी का प्रशिक्षण हुआ। संकल्प शिविर कार्यक्रम चल रहा है। भरोसे का सम्मेलन हुआ, राजीव युवा मितान का सम्मेलन हुआ जो युवाओं के लिये ऐतिहासिक सम्मेलन था।

8 सिंतबर को राजनांदगांव में भरोसे का सम्मेलन होने वाला है जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे आयेंगे। 7 सितंबर 2022 को राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो पदयात्रा की शुरूआत की थी। राहुल गांधी ने कांग्रेस के मूल सिद्धांत को लेकर लोगों के बीच गये। राहुल गांधी ने नारा दिया था कि जोड़ो-जोड़ो भारत जोड़ो, नफरत छोड़ो भारत जोड़ो।

भाजपा जिस तरह से हमलावर हुये अफवाह फैलाये, झूठ बोले। धान खरीदी राज्य सरकार करती है केंद्र सरकार सिर्फ चावल खरीदी है। प्रधानमंत्री वोट पाने के लिये झूठ का सहारा ले रहे है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाये। भाजपा के आरोप पत्र में भाजपा के कार्यकर्ता भी उपस्थित नहीं था क्योंकि उनके आरोप पत्र पर भाजपा के कार्यकर्ता को विश्वास नहीं था। भाजपा की सरायपाली की सभा में लोग इकट्ठा नहीं हुये थे तो उन्होंने उड़ीसा से भीड़ लाया गया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने बैठक को संबोधित करते हुये कहा कि प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी की पहली बैठक में नवनियुक्त सभी पदाधिकारियों को बधाई देता हूं। आसन्न विधानसभा चुनाव 2023 के लिये सभी काम करना है। एआईसीसी ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारी को बड़ी जिम्मेदारी दी है। पूरे प्रदेश में जाकर काम करना है और छत्तीसगढ़ में 2023 में दोबारा कांग्रेस की सरकार बनाना है। इन जिम्मेदारी को बखूबी और ईमानदारी के साथ निभाना है। विधानसभा चुनाव में जाना है। क्षेत्र में तैयारी के साथ पहला दायित्व पार्टी को पर्याप्त समय दे और चुनाव की रणनीति बनाये। पीसीसी द्वारा जो काम दिया जाएगा उनको बूथ लेवल तक पहुंचाना है। विधानसभा चुनाव में महासचिव, संयुक्त महासचिव, जिला एवं लोक सभा संभाग के सभी लोगों को जिम्मेदारी दी जायेगी। 1 माह में 10 दिन विधानसभा क्षेत्रों में जाकर काम करना है। देश में जो हालात है रेल के मामले को लेकर आने समय में धरना प्रर्दशन करना है। 7 सितंबर को भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ है।

भारत जोड़ो यात्रा की ऐतिहासिक वर्षगांठ 7 सिंतबर को जिला स्तर पर भारत जोड़ो यात्रा सम्मेलन के रूप में होगी। कांग्रेस सरकार के काम को जन-जन तक पहुंचाना है। पार्टी की मजबूती के लिये काम करना है। 75 प्लस सबको मिलकर जिताना है। पार्टी जिसको भी टिकट दे सब को मिलकर काम करना है।

# भाजपा के कार्यकर्ताओं को ही विश्वास नहीं, जनता को कैसे दिला पाएंगे : भूपेश

## सीएम बघेल का भाजपा के आरोप पत्र पर सियासी हमला

**रायपुर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कोल ब्लॉक रद्द करने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मांग और राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा जमीन देने के लिए श्री बघेल को लिखी गई चिट्ठी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पहले तो जवाब दें कि वे राजस्थान की मांग पर जमीन दे रहे हैं या नहीं? कांग्रेस की नूरा कुश्ती एक बार फिर सामने आ गई है।



नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि भूपेश बघेल एक तरफ तो राजस्थान के कांग्रेसी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के आग्रह पर कोल ब्लॉक खनन के लिए पेड़ काटने एनओसी देते हैं और कहते हैं कि बिजली चाहिए तो कोयला जरूरी है। विरोध करने वाले पहले अपने घर की बिजली बंद कर लें, फिर राजनीति करें। दूसरी तरफ वे केंद्र सरकार से मांग करते हैं कि आवंटित कोल ब्लॉक निरस्त किए जाएं! एनओसी किसने और क्यों दी, जनता जानती है। उन्होंने कहा कि हसदेव के जंगलों की कटाई की एनओसी देने वाले भूपेश बघेल की झूठ की दुकान 3 माह में बंद होने वाली है। कांग्रेस का दोहरा चरित्र जनता के सामने है। कांग्रेस पहले अपना स्वार्थ सिद्ध करती है और फिर शोर मचाती है। भूपेश बघेल किस स्तर की राजनीति करते हैं, वे चालबाजियों में कितने माहिर हैं, यह छत्तीसगढ़ की जनता ने पौने पांच साल में अच्छी तरह अनुभव कर लिया है। अब जनता के सामने उनकी कोई चालाकी चलने वाली नहीं है।

नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि कांग्रेस में राहुल-सोनिया गांधी से लेकर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव तक सब के सब नौटंकी कर रहे हैं। इनके राजस्थान के मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री की शिकायत सोनिया गांधी से करते हैं कि वे छत्तीसगढ़ में राजस्थान के लिए आवंटित कोल ब्लॉक की एनओसी रोककर रखे हुए हैं। उनके साथ क्या सौदेबाजी हुई, यह भूपेश बघेल बतायें कि सोनिया दरबार में मामला पहुंचने के बाद एनओसी मिल गई। पेड़ों का कत्लेआम शुरू हो गया। लाखों पेड़ कट गए। दूसरा ड्रामा यह कि सिंहदेव कहते थे कि पेड़ बचाने पहली गोली वे खाएंगे। भूपेश बघेल कहते थे कि पेड़ क्या डंगाल भी नहीं कटेगी। तब आखिर क्या हुआ कि डंगाल तो क्या पूरा जंगल कट रहा है। क्या उप मुख्यमंत्री बनने के बाद सिंहदेव मीठी वाली गोली खा रहे हैं। तीसरा ड्रामा यह कि राहुल गांधी कहते थे कि पेड़ नहीं कटने दूंगा। लेकिन जब भूपेश बघेल ने लाखों पेड़ काटने की अनुमति दे दी तब विदेशी धरती पर राहुल गांधी की कोरी बकवास के बीच सवाल सामने आया कि हसदेव में आपकी भूपेश सरकार ने पेड़ काटने की इजाजत क्यों दी है तो उन्होंने कहा था कि इस पर कार्यवाही करेंगे। राहुल गांधी भारत आकर चुप्पी साध गए। भूपेश बघेल बतायें कि क्या डील हुई? राहुल की सीधी डील हुई या भूपेश बघेल और अशोक गहलोत ने मध्यस्थता की।

# कांग्रेस भवन में हंगामा

## मंत्री गुरू रूद्र कुमार के खिलाफ कार्यकर्ताओं ने की जमकर नारेबाजी

**रायपुर,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में चुनावी माहौल है। बड़े-बड़े नेता टिकट के लिए ताल ठोक रहे हैं। इसी बीच कैबिनेट मंत्री गुरु रुद्र कुमार की दावेदारी का विरोध जताने कांग्रेस भवन के बाहर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता इकट्ठा हुए। इस दौरान जमकर नारेबाजी भी की।



बता दें कि, कैबिनेट मंत्री गुरु रुद्र कुमार नवागढ़ विधानसभा से दावेदारी कर रहे हैं, जिसका विरोध शुरू हो गया है। सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता रायपुर कांग्रेस कार्यालय पहुंचकर नवागढ़ विधानसभा में गुरु रुद्र कुमार को प्रत्याशी नहीं बनाने की मांग कर रहे हैं।

कार्यकर्ताओं की मांग है कि, स्थानीय विधायक गुरुदयाल बंजारे को प्रत्याशी बनाया जाए। जिसे लेकर कार्यकर्ता प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कुमारी शैलजा और सीएम भूपेश बघेल को ज्ञापन सौपेंगे।

# छत्तीसगढ़ी को आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग

## एमए छत्तीसगढ़ी छात्र संगठन ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से की मुलाकात

**रायपुर,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। एमए छत्तीसगढ़ी छात्र संगठन ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर छत्तीसगढ़ी को आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग की। एमए छत्तीसगढ़ी छात्र संगठन के पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति को पत्र भेजकर समय मांगा था, जिसे स्वीकार करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रायपुर प्रवास के दौरान मिलने का समय दिया था। 1 सितंबर को राजभवन में राष्ट्रपति से छात्र संगठन के पदाधिकारियों ने मुलाकात की।



संगठन के अध्यक्ष ऋतुराज साहू ने बताया कि पूर्व मे ही राज्य की भाषा छत्तीसगढ़ी को आठवीं अनुसूची मे शामिल करने के लिए राष्ट्रपति को एक चिट्ठी लिखकर अवगत कराया गया था, जिसे पढ़कर हमें मिलने का समय तुरंत ही प्रदान किया गया। इस दौरान संगठन की ओर राष्ट्रपति को बैलगाड़ी का प्रतीक भी भेंट किया गया। गौरतलब है की राज्य की भाषा छत्तीसगढ़ी अब तक आठवीं अनुसूची मे शामिल नहीं है, जिसे शामिल करने के लिए लंबे समय से मांग की जा रही है।

# कांग्रेस के काले दस्तावेज में उसका रामद्रोही चेहरा बेनकाब : बृजमोहन अग्रवाल

रायपुर, 3 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री, वरिष्ठ विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि भाजपा सत्य की राजनीति करती हैं। सत्य ही धर्म है। कांग्रेस असत्य की राजनीति करती है। भूपेश बघेल का डीएनए ही रामद्रोही है। कांग्रेस का चरित्र हिंदू विरोधी है। इसका प्रमाण यह है कि कांग्रेस द्वारा जारी बुकलेट में राम मंदिर पर सवाल खड़े किए गए हैं। कांग्रेस वोट लेने के लिए कालनेमि की तरह राम राम जपती है और तब भी उसका विद्रूप चेहरा उसके दस्तावेज के रूप में सामने आ जाता है। कांग्रेस और छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार हिंदू विरोधी एजेंडे पर काम कर रही है। कालनेमि कांग्रेस को जनता रूपी हनुमान की गदा पड़ने वाली है।

कांग्रेस की छत्तीसगढ़ इकाई ने अपने कथित 'काला चिट्ठा' के बिंदु क्रमांक 82 में पूछा है कि धर्म के नाम पर राजनीति कब तक होती रहेगी? अब हम कांग्रेस से पूछना चाहते हैं कि क्या कांग्रेस अधर्म और पाप की राजनीति ही चलने देना चाहती है? हिन्दू द्रोह की पापी राजनीति में गले तक डूबी कांग्रेस के चेहरे चाहे जितने हों, चाहे वह जितने मुखौटे लगा ले, लेकिन यह स्पष्ट है कि कांग्रेस को छत्तीसगढ़ में वोट देना वास्तव में हिन्दू धर्म को समाप्त करना है। कांग्रेस ने जो काला चिट्ठा जारी किया, उससे एक बार फिर समझ में आ गया कि कांग्रेस रामद्रोही है। इसी तरह उस काले दस्तावेज के बिंदु क्रमांक 83 में कांग्रेस पूछती है कि राम मंदिर बन जाने से युवाओं को नौकरी शिक्षा और बेटियों को सुरक्षा मिल जाएगी? यह वही लाइन है जिसे हिन्दूद्रोही तत्व लगातार दुहराते रहे हैं।



उन्होंने कहा कि अब जब छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सुनिश्चित हार करीब है, तब एक बार फिर स्पष्ट हो गया है कि कालनेमि के समान वोट के लिए अपना चेहरा बदलने की कोशिश करने वाली कांग्रेस अंत समय में अपने असली दानवी रूप में सामने आ गयी है। स्वतन्त्रता के बाद अभी तक सैकड़ों ऐसे उदाहरण हैं, जिससे कांग्रेस ने यह बार-बार साबित किया है कि उसे हिंदू धर्म और आराध्य प्रभु श्री राम से घृणा है।

बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि इन दिनों देश में एक घमंडिया गठबंधन बना है। यह गठबंधन वास्तव में देश और सनातन धर्म के खिलाफ एक बड़ी साजिश के तहत सामने आया है। कांग्रेस सम्मिलित इस गठबंधन के नेता और तमिलनाडू के मुख्यमंत्री के बेटे उदयनिधि ने हिन्दू धर्म को मलेरिया, डेंगू और कोरोना कहते हुए उसको ख़त्म करने की बात कही है। भारतीय जनता पार्टी हिंदू धर्म और देश के खिलाफ चल रही ऐसी साजिश की भर्त्सना करती है और इसे किसी भी कीमत पर सहन नहीं करने की चेतावनी देती है।

कांग्रेसियों को यह नहीं भूलना चाहिए कि धर्म के नाम पर देश के दो टुकड़े आप ने ही किया। 2007 में कांग्रेस सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा देकर कहा था कि राम सीता हनुमान और बाल्मीकि काल्पनिक किरदार हैं। इसलिए रामसेतु का कोई धार्मिक महत्व नहीं माना जा सकता। उसके पहले संसद में प्रदर्शन करने जा रहे नागा साधुओं पर इंदिरा गांधी ने जनरल डायर की तरह गोलिया चलवाई थीं। कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट में राम मंदिर की सुनवाई जुलाई 2019 तक टालने का अनुरोध किया था। कांग्रेस कभी राम मंदिर निर्माण के पक्ष में ही नहीं थी। कांग्रेस नेता सुशील शिंदे ने हिंदू आतंकवाद नाम का शब्द गढ़ा था ताकि हिंदुओं को बदनाम करके विश्व भर में फैले मुस्लिम आतंकवाद की तरफ से ध्यान भटका सके।

राहुल गांधी ने 2014 में कांग्रेस के महिला सम्मेलन में कहा था कि जो लोग मंदिर जाते हैं वही लोग लड़कियां छेड़ते हैं। पूरा प्रदेश जानता है कि प्रभु श्री राम के बारे में अपशब्द कहने वाला खुलेआम घूम रहा है। लॉकडाउन में नंद कुमार बघेल ने कहा था कि मोदी राम से बड़ा दुष्ट है।

छत्तीसगढ़ में जब से कांग्रेस की सरकार आई है, तब से लगातार बहुसंख्यक वर्ग पर अत्याचार हो रहे हैं। हम कांग्रेस सरकार से मांग करते हैं कि या तो अपने हिंदू विरोधी एजेंडा पर खुलकर आ जाए या अपने कार्यों के लिए माफी मांगे।

# उद्योगों से संपत्ति कर नहीं लेगी सरकार

## उरला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने किया स्वागत

**रायपुर,** 3 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में औद्योगिक क्रांति हेतु राज्य सरकार ने एक और सार्थक पहल करते हुए उद्योग विभाग द्वारा विकसित औद्योगिक क्षेत्रों के उद्योगो को संपत्ति कर के भार से पूर्ण मुक्ति प्रदान करने हेतु मंत्रिपरिषद की बैठक में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर सम्मानीय मंत्रिमंडल द्वारा सर्वसहमति से सहमति प्रदान की। इसका उरला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन स्वागत करता है। एवं हमारे यशस्वी मुख्यमंत्री एवं संपूर्ण मंत्रीमंडल का हृदयांतर से आभार व्यक्त करता है।



उरला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष अश्विन गर्ग ने बताया कि सी.एस.आई.डी.सी. के द्वारा उद्योगों से मेंटेनेस चार्ज के साथ ही नगर निगम के द्वारा संपत्ति कर की डिमांड दोहरा करारोपण के समान है। पिछले एक दशक से उरला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन इस दोहरे करारोपण को हटाये जाने की मांग करता आ रहा है, जिसका समर्थन छ.ग. के सभी औद्योगिक संगठनों ने हमें प्रदान किया। उरला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन शासन एवं प्रसासनिक अधिकारियों के साथ समय-समय पर बैठक कर संपत्ति कर हटाये जाने हेतु सार्थक चर्चा एवं अनुरोध करता रहा है। अंततः मुख्यमंत्री ने राज्य के विकास को गति देने के लिये तत्काल निराकरण कर हमें आश्वासन प्रदान किया एवं गणतंत्र दिवस के अवसर पर ऐतिहासिक घोषणा की एवं मंत्रिपरिषद की मीटींग में सम्मानीय मंत्रिगण ने सर्वसहमति प्रदान कर उरला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की बहुप्रतिक्षीत मांग को पुरा किया। जिसका संपूर्ण उद्योग जगत पुरजोर तरीके से स्वागत करता है। देश के परिपेक्ष्य में यह फैसला ऐतिहासिक एवं अनुकरणीय है। इससे सुक्ष्म एवं लघु उद्योगों में नई उर्जा का संचार होगा।

मुख्यमंत्री की दुरदर्शिता एवं सकारात्मक सोच के कारण ही कोरोना काल में जब पूरे देश में उद्योग बंद थे, मजदुरो का पलायन जारी था एवं हाहाकार मचा हुआ था तब छ.ग. ही एक ऐसा राज्य रहा जहां उद्योग निरंतर चालु रहे एवं मजदुरों ने भी पलायन नही किया। मुख्यमंत्री द्वारा समय-समय पर उद्योगों के हित में सार्थक योजनाएं बनायी गयी है जैसे:- उद्योग नीति 2019-24, औद्योगिक भूमि की फ्री होल्ड पॉलिसी, नये उद्योगों हेतु पूंजीगत अनुदान, गांव गांव में कुटीर उद्योगों की स्थापना इत्यादि।

जिससे प्रदेश के औद्योगिकी करण में एक नई क्रांति का संचार हुआ एवं नए उद्योगों की स्थापना हेतु अनेक डव्न् हुए है एवं प्रदेश में रोजगार के अवसर बढ़ रहें है जिसमें राज्य का लगातार विकास हो रहा है।

उरला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन इस ऐतिहासिक फैसले के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का कोटिश-कोटिश नमन करता है एवं हृदय से आभार व्यक्त करता है, साथ ही टी.एस. सिंहदेव, मोहम्मद अकबर, कवासी लखमा, शिवकुमार डहरिया, सत्यनारायण शर्मा का भी हृदय से आभार व्यक्त करता है।

## दोस्त की बहन के साथ छेड़छाड़, युवक की पिटाई एक गिरफ्तार

**रायपुर,** 3 सितंबर। शहर से लगे सेजबहार मुजगहन इलाके में दोस्त की बहन के साथ छेड़छाड़ कर रहे युवकों को देखकर एक छात्र ने रोका तो बलवा हो गया। मारपीट में घायल छात्र की शिकायत पर पुलिस ने छह से अधिक हमलावरों के खिलाफबलवा मारपीट का केस दर्ज करने के साथ मुख्य हमलावर को गिरफ्तार कर लिया। मुजगहन पुलिस थाना प्रभारी दीपेश जायसवाल ने बताया कि ग्राम धनेली के मंदिरपारा निवासी कुलदीप वर्मा 19 खेती किसानी के साथ पीजीडीसीए का छात्र है। शुक्रवार को दोपहर तीन बजे वह गांव के मेडिकल स्टोर्स के पास गया था वहां पर बोरियाकला निवासी दोस्त चेतन उर्फ राजा साहू की बहन कुमारी रानू साहू भी आई थी। मारपीट से कुलदीप के सिर, पीठ,गला और बांए पैर में चोट आई। मारपीट करते देख उसकी मां सुलेखा वर्मा और बड़ी मां लता वर्मा ने बीच.बचाव कर छुड़ाने की कोशिश की तो बदमाशों ने उनकी भी पिटाई कर दी ।पुलिस ने बलवा,मारपीट मामले में योगेश साहू को गिरफ्तार कर लिया,जबकि फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# कर्मचारियों का निलंबन लोकतंत्र की हत्या : फेडरेशन

## समाधान के स्थान पर दमन, फेडरेशन करेगा अनशन

**रायपुर,** 3 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य फेडरेशन के आव्हान पर आंदोलनरत स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को निलंबित अथवा बर्खास्त करने की कार्यवाही को छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने लोकतंत्र की हत्या निरूपित किया है। फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा,सचिव राजेश चटर्जी एवं प्रवक्ता चंद्रशेखर तिवारी का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी विगत वर्षों से अपने सेवालाभ एवं सुविधाओं में सुधार की माँग कर रहे हैं। कोरोना योद्धाओं के अलंकार से सम्मानित स्वास्थ्य कर्मचारियों को निलंबित अथवा बर्खास्त करना अमानवीय कृत्य की पराकाष्ठा है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी राज्य सरकार के लोकतांत्रिक छबि को दमनकारी बनाने का कृत्य कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों पर हो रहे दमनात्मक कार्यवाही के विरोध में छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन 4 सितंबर सोमवार से प्रदेशव्यापी विरोध का शंखनाद कर रहा है। स्वास्थ्य कर्मचारियों के निलंबन एवं बर्खास्तगी को वापस लेने प्रथम चरण में सभी जिला मुख्यालय में कलेक्टर एवं ब्लॉक मुख्यालय में एस डी एम को ज्ञापन दिया जायेगा।

उन्होंने बताया कि,छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य फेडरेशन के बैनर तले स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी 13 दिनों से धरना स्थल तूता में प्रदर्शन कर रहे हैं। सरकार को समाधान के दिशा में पहल करने था ।लेकिन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी लोक स्वास्थ्य सेवक के विरुद्ध दमनात्मक कार्यवाही किया जाना छत्तीसगढ़ के इतिहास में किसी भी विभाग के कर्मचारियों पर हो रही यह कार्यवाही सबसे बड़ी कार्यवाही है ।वेतन विसंगति समेत पांच मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे जिले के स्वास्थ्य कर्मचारी सहित प्रदेश भर के कई स्वास्थ्य कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया गया है ।छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य फेडरेशन के तत्वाधान में अपनी मांगों को लेकर किया जा रहे हैं हड़ताल को छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा दमनात्मक कार्रवाई कर कुचला जा रहा है,यह लोकतांत्रिक व्यवस्था के विरुद्ध है। यदि स्वास्थ्य कर्मचारियों के विरुद्ध किये गए दमनकारी कार्यवाही को सरकार ने वापस नहीं लिया तो फेडरेशन राज्यव्यापी अनशन करेगा।

## तीन दिवसीय आर्ट, लिट्रेचर व फिल्म फेस्टिवल का आगाज




**रायपुर,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। तीन दिवसीय रायपुर आर्ट, लिट्रेचर एंड फिल्म फेस्टिवल का आयोजन आज से दीनदयाल आडिटोरियम (RAIPUR NEWS) में शुरू हुआ। जिसकी तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। इस दौरान 80 से अधिक राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय के साथ ही क्षेत्रीय भाषाओं के फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। फेस्टिवल के डायरेक्टर कुणाल शुक्ला ने बताया कि फिल्म फेस्टिवल में छत्तीसगढ़ की पहली फिल्म कहि देबे संदेश का प्रदर्शन (RAIPUR NEWS) में हुआ साथ ही कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, एएएफटी यूनिवर्सिटी, कलिंगा यूनिवर्सिटी रायपुर के छात्र-छात्राओं को बनाई गई शॉर्ट फिल्मों का प्रदर्शन भी किया गया। अंतरराष्ट्रीय फिल्मों की बातें करेंगे तो अमेरिका और ईरान की फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। आयोजन का यह दूसरा साल है और फेस्टिवल के आखिरी दिन फिल्म अभिनेत्री अमीषा पटेल के साथ छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी शामिल होंगे।

## कुशाग्र सखी मंच और छत्तीसगढ़ अग्रवाल समाज कुशालपुर इकाई ने किया करुभात व तीजोत्सव कार्यक्रम का आयोजन

### खेले गए विभिन्न प्रकार के खेल

**रायपुर,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। शनिवार को कुशाग्र सखी मंच, छत्तीसगढ़ अग्रवाल समाज कुशालपुर इकाई महिला संगठन के द्वारा करुभात एवं तीजोत्सव का कार्यक्रम सखी सुधा अग्रवाल के फॉर्महाउस शुभिका पार्क भांठागॉव में सफलतापूर्वक आयोजन हुआ ।कार्यक्रम में विंध्या अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रही।



कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रकार के गेम्स मनोरंजन के लिए खेले गए। ड्रेस कोड में लाल रंग साड़ी की मैचिंग प्रतियोगिता में दीप्ति अनिल अग्रवाल, कंचन अग्रवाल एवं सरिता अग्रवाल ने क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। वन मिनट लकी गेम में रत्ना अग्रवाल प्रथम और मीना ईश्वर अग्रवाल द्वितीय स्थान पर रहीं। तंबोला हाऊजी, सावन झूला और सेल्फी प्वाइंट भी आकर्षण का केंद्र रहे। समिति की सभी सखियों ने 30 प्रकार के विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजनों का भोज अपने घर से बनाया और साथ में भोजन कर आनंद उठाया। मुख्य अतिथि द्वारा कार्यक्रम को सराहा गया। मंच द्वारा मुख्य अतिथि विंध्या अग्रवाल एवं कार्यक्रम प्रभारी सुधा अग्रवाल को भेंट के रूप में स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान शानदार 55 सखियों की उपस्तिथि रही। अध्यक्ष ज्योति अग्रवाल द्वारा धन्यवाद ज्ञापन कर कार्यक्रम को समाप्त किया गया। उपस्थिति सदस्यों में आशा, अनिता , अंजू, अन्नू, अर्चना, बरखा, छाया, दीप्ती अनिल अग्रवाल, दीप्ति संजय अग्रवाल, गायत्री, गीता , हेमलता, कंचन, मधु, मनीषा, मीना (आकाश), मीना (ईश्वर) , मीना (सुभाष), निकिता, पायल, पिंकी, प्रमिला (सुनील) , प्रमिला (श्रद्धा) , प्रभा, रत्ना, रेखा, शकुन, सरिता, सरस्वती, सीमा , शोभा, श्वेता , सुधा,नीरू, खुशबू, मधु (अजय), गिरजा, आशा रानी, वंदना, मधुलिका, प्रतिमा (दिनेश) प्रतिभा थे।

## नाले में मिली दो युवकों की लाश, इलाके में फैली सनसनी



**रायपुर,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के जांजगीर चांपा के खैरताल शिवरीनारायण मार्ग कटौद गांव के कोकड़ी नाला में 2 लोगों की लाश मिलने से गांव में सनसनी फ़ैल गई। मृतक की पहचान रवि केंवट उम्र 23 वर्ष और देवा यादव उम्र 22 वर्ष कटौद निवासी के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार सरिया चोरी करते समय बिजली करंट की चपेट में आने से दोनों की मौत हुई है। मृतक अपने साथियों के साथ मिलकर रात में चोरी की नियत से पुलिया के पास गए थे। मृतक व्यक्तियों के साथ में अन्य लोग भी शामिल थे, जो घटना के बाद कुछ सामग्री लेकर भाग निकले। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कटर के माध्यम से काटा गया है। कटे हुए सरिया के टुकड़े शव के पास अभी भी पड़े हुए हैं। फिलहाल नवागढ़ पुलिस मौत मामले की जांच शुरु कर दी है।

## प्लास्टिक कंपनी के वर्कर से लूट

**रायपुर,** 3 सितंबर। रायपुर के धरसीवां थाना क्षेत्र में एक प्लास्टिक कंपनी में काम करने वाले कर्मी के साथ लूट का मामला सामने आया है। ये कर्मचारी रात में खाना खाकर कंपनी के बाहर टहल रहा था। इतने में तीन लुटेरे वहां पहुंच गए। उन्होंने चाकू अड़ाकर कर्मचारी का मोबाइल लूट लिया। ये पूरी घटना केसरा राम भामू के साथ हुई हैं। उसने धरसींवा पुलिस को बताया कि वो प्लास्टिक लिमिटेड कंपनी में काम करता है। 1 अगस्त की रात खाना खाकर कंपनी के बाहर सड़क पर टहल रहा था। इस दौरान वह मोबाइल पर बातचीत कर रहा था। तभी बाइक में तीन युवक वहां पहुंचे। उन्होंने चाकू निकालकर केसर के गले में अड़ा दिया। फिर उससे मोबाइल लूट लिया। लुटेरों ने हड़बड़ाहट में अपनी बाइक वहीं पर छोड़कर भाग निकलें। इसके बाद पुलिस में सौरभ शर्मा उत्तम वैष्णव और तोरणा धुव्र को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

## हड़ताली कर्मचारियों पर सरकार के दमनचक्र बंद होने तक आज से पुनः तूता में धरना प्रदर्शन

**रायपुर,** 3 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य फेडरेशन के आवाहन पर 21 अगस्त से जारी अनिश्चितकालीन आंदोलन के दौरान देश के शीर्ष नेताओं के रायपुर प्रवास के कारण धरना स्थल तूता से स्टेडियम कर दिया गया था। इस बीच में राज्य सरकार, स्वास्थ्य विभाग व जिलों के कलेक्टर बर्खास्तगी, एफआईआर आदि दमनात्मक कार्यवाही कर रहे हैं। अब शीर्ष नेतृत्व का प्रवास समाप्त हो चुका है। इसलिए आज से नया रायपुर तूता में ही पूर्ववत धरना प्रदर्शन जारी रहेगा, जब तक मांगे पूरी नहीं होगी तथा दमन चक्र बंद नहीं होंगे। कर्मचारी नेता विजय कुमार झा ने बताया है कि आंदोलनकारी टार्जन गुप्ता, इकबाल हुसैन, डॉ वी के पेंगवार, प्रवीण डिढवाशी, डॉ केशव साहू, रीना राजपूत प्रदेश अध्यक्ष कल्याण संघ,सुमन शर्मा, आर के अवस्थी आदि के नेतृत्व में गे्ड पे में सुधार व वेतन विसंगति दूर करने की मांग के लिए आंदोलन कर रहे हैं।

## भाजपा में दागी, चिन्हित, विवादित एवं आयातित लोगों का जमावड़ा : अजय साहू

**रायपुर,** 3 सितम्बर (देशबन्धु)। कांग्रेस नेता एवं भनपुरी के पूर्व उपसरपंच अजय साहू ने भाजपा को दागी, चिन्हित, विवादित एवं आयातित लोगों का जमावड़ा बताते हुए कहा कि ये लोग जल, जंगल एवं जमीन के मालिक आदिवासी भाईयों, दलित, शोषित, पिछड़ों एवं गरीबों की हित चिन्तक कभी नहीं हो सकते, क्योंकि इनके अंदर सेवा की भावना न होकर लाभ की भावना छिपी रहती है। ये लोग श्री राम का नाम भी भक्ति भावना से प्रेरित होकर नहीं लेते बल्कि सत्ता सुख प्राप्त करने के लिए भगवान का नाम लेते हैं। श्री राम मंदिर का निर्माण निष्काम भाव से संतों से न करवाकर सत्ता सुख प्राप्त करने हेतु सकाम भाव से स्वयं करवा रहे हैं। सकाम एवं निष्काम में जमीन आसमान का अंतर होता है। सकाम व्यक्ति के भीतर लोभ समाया रहता है जो एक दिन पतन का कारण बनता है। यह सभी को मालूम है कि पनामा पेपर का दागी कौन है तथा इंदिरा प्रियदर्शिनी बैंक तथा चांवल घोटाले का चिन्हित कौन है। श्री साहू ने कहा कि पंद्रह साल तक भाजपा की सरकार रहीं जो एक आदिवासी नेता के त्याग एवं तपस्या के कारण बनी थी उसे तिस्कृत कर एक गैर आदिवासी को मुख्यमंत्री बना दिया गया। इसी तिरस्कार एवं अपमान के चलते उस आदिवासी नेता ने भाजपा का त्याग कर दिया जिसे सभी जानते हैं। अब देखना ये है कि ये सब किस मुंह से अपने आपको आदिवासी हितैषी होने का प्रचार करते हैं। श्री साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 15 साल तक भाजपा की सरकार रही। उन्हें कौशल्या मंदिर एवं राम वन गमन पथ याद नहीं रहा। ऐसे लोग अपने आपको श्री राम भक्त कहते हैं। ऐसे लोगों को भक्ति का भ भी मालूम नहीं है। ऐसे तत्व सिर्फ सत्ता के स्वार्थ के लिए श्रीराम नाम जो अत्यन्त पावन है उसका दुरूपयोग करते हैं। छत्तीसगढ़ की आम जनता ऐसे लोगों की कुत्सित एवं स्वार्थी भावना को अच्छे से समझ रही है। आगामी चुनाव में दलित, पीड़ित, शोषित, पिछड़े एवं आदिवासी भाई इसका माकूल जवाब देंगे। ऐसे तत्वों को छत्तीसगढ़ के लोगों के बुद्धि एवं पराक्रम पर भरोसा नहीं है तभी तो बाहरी लोगों को प्रदेश में बुलाकर सर्वे एवं अन्य गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। एक आम छत्तीसगढ़िया इससे काफी कुपित है। यही कारण है कि दिल्ली के नं. 2 के रायपुर आगमन पर उन्हें सुनने पन्द्रह सौ लोग भी नहीं पहुंचे। वहीं राहुल गांधी की सभा में जनसमुदाय का समुद्र हिलोरे भार रहा था।



### एटीएम भरो कार्यक्रम

## भाजयुमो अध्यक्ष गोविंदा गुप्ता के नेतृत्व में प्रदेश सरकार के घोटालों पर विरोध दर्ज




**रायपुर,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। भाजयुमो अध्यक्ष गोविंदा गुप्ता के नेतृत्व में भाजयुमो के समस्त कार्यकर्ताओं ने आज सांकेतिक एटीएम बनाया एवं बारी-बारी से उसमें नोट डालने लगे। मीडिया प्रभारी आकाश तिवारी ने बताया कि प्रदेश में जिस घोषणा पत्र के सहारे सत्ता में आयी कांग्रेस अपने वादे पूरे तो नहीं कर पाई पर घोटालों का आंकड़ा घोषणा पत्र में 36 वादों से भी ज्यादा निकल आया है। एक के बाद एक लगातार घोटाले सामने आने लगे हैं कोयला घोटाला, राजस्व घोटाला, महादेव एप घोटाला ऐसे बहुत से घोटालों में हज़ारों करोड़ो रूपये की लेनदारी केंद्रीय जांच एजेंसी के सामने आई है।

भाजयुमो अध्यक्ष जिलाध्यक्ष गोविंदा गुप्ता ने कहा कि प्रदेश के युवाओं, किसानों और माताओं के हक़ का पैसा, प्रदेश की जनता का पैसा, मुख्यमंत्री बघेल सीधे सोनिया गांधी और उनके परिवार तक भेज रहे हैं। ऐसा हो ही नही सकता कि प्रदेश में घोटाले हों और मुख्यमंत्री अनजान हो। घोटालों में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के करीबियों के नाम सामने आया हैं। वहीं भूपेश सरकार के संरक्षण में ही रायपुर के महापौर एजाज ढेबर के भाई अनवर ढेबर 2000 करोड़ के शराब घोटाले के आरोपी है। यह पूरा तंत्र भ्रष्टाचार में भीगा हुआ है जल्द प्रदेश की जनता भूपेश सरकार को अलविदा करेगी।

# प्रदेश में जमकर बरसेंगे बादल

## मौसम विभाग ने 2 दिनों के लिए दी भारी बारिश की चेतावनी



**रायपुर,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। बादलों ने फिर जमकर बरसने का मन बना लिया है। शनिवार देर शाम अचानक बदले मौसम के मिजाज से बादल न केवल जमकर गरजे बल्कि झूमकर बरसे भी। यह सिलसिला रविवार सुबह भी जारी रहा। बादलों ने जमकर गरजने के साथ झूमकर बरसना शुरू किया। थोड़ा सा बरसने से मनमौजी बादलों का मन नहीं भरा,सुबह से दोपहर तक जमकर बरसने के साथ गरजते भी रहे। इसके बाद रिमझिम रिमझिम झड़ी लगी हुई है। मौसम ऐसा है कि ये बादल कभी भी जमकर बरसने का मन बना सकते हैं।

इस बीच मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटे और अगले 48 घंटे में भारी बारिश की चेतावनी दी है इस संबंध में मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर ने राहत आयुक्त छत्तीसगढ़ शासन को भी सूचित कर दिया है मौसम विभाग ने 4 सितंबर को सुबह 8ः30 बजे तक यलो अलर्ट जारी किया गया है। इसमें राजधानी रायपुर सहित जशपुर,बलरामपुर,रायगढ़, जांजगीर, बलौदा बाजार, महासमुंद,गरियाबंद, बस्तर बीजापुर और सुकमा में मध्यम से भारी बारिश होने की चेतावनी दी गई है। इसी तरह 4 सितंबर सुबह 8ः30 बजे से 5 सितंबर को सुबह 8ः30 बजे तक प्रदेश के सरगुजा, जशपुर, कोरिया, सूरजपुर, पेंड्रा, कबीरधाम, बस्तर और सुकमा जिले में भारी बारिश होने की संभावना जताई गई है।

### गौठान में आकाशीय बिजली गिरने से 10 मवेशियों की मौत



ग्राम पंचायत हानपतरी के आश्रित ग्राम हिंगनपुरी के गौठान में आकाशीय बिजली गिरने से 10 मवेशियों की मौत हो गई है। दुर्गकोंदल ब्लॉक के ग्राम पंचायत हानपतरी के आश्रित ग्राम हिगन पुरी के गौठान में आकाशीय बिजली गिरने से 10 मवेशियो की मौत हो गई है। वही पर आज अचानक मौसम परिवर्तन होने से गरज के साथ बारिश हुई, जिससे बिजली भी गुल होने से उमस भरी गर्मी से थोडा लोगों को राहत महसूस हुई वही पर आस पास क्षेत्रों में बहुत दिनों से बारिश नहीं होने से किसान भाई भी परेशान थे, आज अचानक हुई बारिश से सभी को राहत महसूस हुई और बिजली भी दोपहर से बंद हो गई जो कि रात नौ बजे के आसपास आई।

# त्यौहारी सीजन में दर्जनों ट्रेनें रद्द

## ट्रेनों में पैर तक रखने की जगह नही, यात्री हलाकान

**रायपुर,** 3 सितंबर। रेल प्रशासन विकास कार्य का हवाला देकर हर सप्ताह दर्जनों ट्रेनें रद्द कर रही है। ऐसे में फेस्टिव सीजन होने के चलते बचे खुचे ट्रेनों में पैर रखने तक को जगह नही है। कई यात्री तो स्लीपर से लेकर जनरल कोच तक जान जोखिम में डालकर यात्रा करने को मजबूर है।




एक तो त्योहारी सीजन उसपर रेलवे के द्वारा हर सप्ताह जरूरी कामकाज व मेंटेनेंस के नाम पर ट्रेनों को बंद कर दिया जाना। यात्री सुविधाओं के मामले में रेलवे के यह दोनों बातें किसी को पच नही रही है। इसका उदाहरण रविवार को रायगढ़ से गोंदिया के बीच चलने वाली जनशताब्दी, कोरबा रायपुर हसदेव एक्सप्रेस, अहमदाबाद व भगत की कोठी सुपरफास्ट एक्सप्रेस में में देखने को मिल रहा है। जोनल मुख्यालय स्टेशन पर इन चारो ट्रेनों के आगमन का समय काफी मिलता जुलता है। लेकिन एक ट्रेन निकलने के बाद दूसरी ट्रेन में भी भीड़ के चलते लोगों को बैठने के लिए सीट नहीं मिल रही है। भीड़ की मारामारी का आलम कुछ ऐसा है कि इन दोनों ट्रेनों की बुकिंग तुरंत पूरी हो जा रही है।

ऑनलाइन रिजर्वेशन भी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है जिसके चलते महिलाओं बच्चों और खासकर बुजुर्गों को यात्रा करने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है ।हमारे कैमरे में कैद इस तस्वीर को आप खुद देख सकते है कि किस तरह ट्रेन आते ही यात्री बड़ी संख्या में स्लीपर से लेकर जनरल कोचों पर चढ़ने के लिए टूट पड़ते है ।वहीं ट्रेन के अंदर तो पांव तक रखने की जगह नजर नही आ रही है ।इसके चलते महिलाओं से लेकर बच्चे व बुजुर्ग तक या तो खड़े होकर यात्रा कर रहे है या फिर अपने खुद के साधन में या फिर शौचालय के पास बैठे हैं यात्रा कर रहे है।

गौर करने वाली बात यह है कि एक तो लंबे समय से बिगड़ी ट्रेनों की चाल सुधर नहीं पाई है ।उसपर ट्रेनों के रद्द का सिलसिला थमने का नाम नही ले रहा है। उसपर रेलवे है जो बचे खुचे शेष ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाकर यात्रियों को बेहतर सुविधा देने का ढकोसला कर रहा है,,वही इसकी सच्चाई तो कुछ और ही बयां कर रही है ।रद्द ट्रेनों के अलावा जो ट्रेन चल रही है उनमें क्षमता से अधिक भीड़ नजर आ रही है ।जिस पर मजबूरी वश लोग जान जोखिम में डालकर यात्रा कर रहे हैं ।जिस तरह का आलम नजर आ रहा है उससे निश्चित ही कोई बड़े हादसे की भी सम्भावना बनी हुई है।

# बलात्कारियों को फांसी दो

## 2 बहनों से दरिंदगी को लेकर फूटा गुस्सा, सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग






**रायपुर,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। राजधानी में दो युवतियों के साथ बलात्कार के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने विरोध प्रदर्शन कर पुतला दहन किया सरकार और कानून व्यवस्था के खिलाफनारे लगाए साथ ही सभी आरोपियों को फांसी देने की मांग की इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में एबीवीपी के कार्यकर्ता शामिल हुए इतना ही नहीं बलात्कारियों को फांसी देने की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ी महिला समाज ने भी आक्रोश रैली निकाली सभी ने एक स्वर में बलात्कारियों के खिलाफसख्त से सख्त कार्रवाई कर फांसी देने की मांग की छत्तीसगढ़ी महिला समाज की अध्यक्ष मालती परगनिया ने कहाए रक्षाबंधन के पवित्र दिन जब भाई बहन एक दूसरे को राखी बांध रहे थेण् ऐसे पवित्र दिन में दो बहनों के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला बेहद ही निंदनीय है यह पूरे समाज को शर्मसार करने वाली घटना है हम न्यायपालिका और सरकार से मांग करते हैं कि बलात्कारियों को बीच चौराहे पर ही फांसी पर लटकाया जाए ताकि छत्तीसगढ़ में फिर कभी दुष्कर्म की घटना ना हो वहीं छत्तीसगढ़ी महिला समाज की पदाधिकारी राखी वर्मा ने कहा किए रक्षाबंधन के दिन सामूहिक बलात्कार की घटना से सभी समाज में आक्रोश है छत्तीसगढ़ी महिला समाज मांग करता है किए बलात्कारियों को बीच चौराहे पर ही फांसी देनी चाहिए ताकि अपराधिक प्रवित्तियों के लोगों के मन में भय पैदा हो और कभी भी ऐसी घटना दोबारा ना हो एबीवीपी की भव्य शुक्ला ने कहा कि अभी जो 2 दिन पहले घटना हुई हैए वह संपूर्ण छत्तीसगढ़ को शर्मसार करने वाली घटना है छत्तीसगढ़ प्रदेश अपने शांति के लिए जाना जाता है हमारे प्रदेश में 10 बजे का कोई बड़ा टाइम नहीं होता बहुत बड़ी रात नहीं होती है 10 बजे राजधानी में दो बहनों के साथ इतना बड़ी घटना होती है इसको यदि हम दुर्घटना भी कहते हैं या इस जगह ने अपराध भी कहते हैं तो यह मेरी नजरों में गलत होगाण् क्योंकि दो बहनें जो राखी का पवित्र बंधन बांध कर कर अपने घर से लौट रही थी उनके साथ ऐसी घटना रायपुर जैसे कैपिटल सिटी में होना अत्यंत शर्मनाक है इसका हम विरोध करते है साथ ही उन्होंने कहा हम सरकार से मांग करते हैं कि कोई ना कोई ऐसी नीति या कानून लाया जाएए जिससे इस मामले में त्वरित कार्रवाई की जाएण

**छत्तीसगढ़ी महिला समाज और एबीवीपी का विरोध प्रदर्शन**

### एबीवीपी ने भी जताई नाराजगी

मंदिर हसौद क्षेत्र में हुई इस दुष्कर्म की घटना को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने भी नाराजगी जताई है। एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने रविवार की शाम 5 बजे के करीब तेलीबांधा तालाब के पास इकट्ठे हुए। उन्होंने वहां सरकार के खिलाफजमकर नारेबाजी की। फिर विरोध जताते हुए पुतला दहन किया। इस प्रदर्शन के दौरान महानगर सहमंत्री एसण्निहारिका ने कहा कि दुष्कर्म की इस वारदात ने महिलाओं की सुरक्षा को लेकर कई सवाल खड़े किए हैं। इन बलात्कारियों को सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए। जिससे लड़कियों को हिम्मत और सुरक्षा का एहसास हो सके।

### फास्ट ट्रैक कोर्ट में पेश होगा चार्जशीट जुटाए जा रहे ठोस सुबूत

राजधानी रायपुर में रक्षाबंधन के दिन दो सगी बहनों के साथ सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया गया था। जिसके बाद पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं अब जेल भेजे गए दुष्कर्मियों के खिलाफमंदिर हसौद पुलिस ने जिस तत्परता के साथ कार्रवाई कीए उसी तत्परता से कोर्ट में चार्जशीट पेश करने की तैयारी में है। मंदिर हसौद पुलिस थाना प्रभारी रोहित मालेकर ने बताया कि एक महीने के भीतर चार्जशीट तैयार कर फास्ट ट्रैक कोर्ट में पेश करने की पूरी कोशिश है। ताकि कोर्ट में जल्द से जल्द मामले की सुनवाई शुरू हो सके। दुष्कर्म पीड़िताओं के बयान मजिस्ट्रेट के सामने दर्ज कराया जा चुका है। मेडिकल रिपोर्ट भी तैयार है। उनके स्वजनों के भी बयान दर्ज करने के साथ जांच की प्रक्रिया जारी है। आरोपियों के खिलाफठोस सुबूत गवाहों के बयान दर्ज करने का काम चल रहा है। कोर्ट से सभी को सजा दिलाकर पीड़िता और उनके परिवार को न्याय दिलाया जायेगा। आरोपियों में आदतन बदमाश पूनम ठाकुर, घनश्याम निषाद, लव तिवारी, नयन साहू, केवल वर्मा उर्फसोनू, देवचरण धीवर, लक्ष्मी धुव्र प्रहलाद साहू, कृष्णा साहू और युगल किशोर जेल की सलाखों के पीछे है।

# दो सगी बहनों से दुष्कर्म के आरोपियों में एक एएसआई का बेटा



**पिता उसी थाने में पदस्थ**

**रायपुर,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर के मंदिर हसौद इलाके में दो सगी बहनों के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म मामले में एक बड़ा खुलासा हुआ है। हैवानियत की हदें पार करने वाले गिरफ्तार 10 आरोपियों में पुलिस विभाग के एएसआई का बेटा भी शामिल था। जहां एक एएसआई का बेटा है वहीं इस पूरे वारदात का मास्टरमाइंड आर मुख्य आरोपी पूनम ठाकुर के पिता भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष हैं। मिली जानकारी के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी कृष्णकांत साहू एएसआई दीपक साहू का बेटा है जो वर्तमान में मंदिर हसौद थाना में ही पदस्थ है। वारदात के बाद हरकत में आई पुलिस टीम में मंदिर हसौद थाने में पदस्थ एएसआई दीपक साहू भी शामिल थे और अपने फरार बेटे की तलाश में जुटे थे। आरोपी कृष्णकांत साहू परसकोल गांव का रहने वाला है और वर्तमान में रायपुर के लक्ष्मी नगर में रहता है और वारदात का मास्टर माइंड पुनम ठाकुर का साथी है। बता दें कि वारदात के बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए रात भर पुलिस के करीब 6 टीआई और पूरी सायबर टीम ने मिलकर सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**बलात्कार के मामले में सजा काट चुका है मुख्य आरोपी:** इस पूरी वारदात का मुख्य आरोपी पूनम ठाकुर आदतन अपराधी है। इसके खिलाफ थाना मंदिर हसौद और आरंग में कुल 5 मामले दर्ज हैं। साल 2019 मे हत्या के एक मामले में रायपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था। साथ ही साल 2022 में बलात्कार के मामले में रायपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा थाए जो 17 अगस्त 2023 को ही जमानत पर रिहा हुआ था। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में 31 अगस्त गुरुवार रात में राखी बांधकर घर वापस आ रही दो सगी बहनों से दरिंदगी की गई। चाकू की नोक पर बंधक बनाकर 10आरोपियों ने बारी.बारी से सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया था। मंगेतर से भी मारपीट की गई। मोबाइल और पैसे लूट लिए गए। पीड़िता में एक की उम्र 15 वर्ष है वहीं दूसरी की 19 वर्ष है। दो से ढाई घंटे तक यह घिनौना कृत्य करने के बाद आरोपी वहां से फरार हो गए। उनके चंगुल से छूटने के बाद पीड़िता ने लगभग रात एक बजे थाने में जाकर आपबीती सुनाई। वहीं पुलिस ने सुबह होते.होते सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

# तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने बाइक सवार दंपति को मारी ठोकर

**पत्नी की मौत, पति गंभीर रूप से घायल**

**रायपुर,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। जिले में बड़ा सड़क हादसा हो गया है जहाँ एक तेज रफ्तार अज्ञात स्कॉर्पियो ने बाइक सवार दंपति को ठोकर मार दी इस हादसे में पत्नी की मौत हो गई जबकि पति गंभीर रूप से घायल है घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची है।

गोबर नवापारा थाना क्षेत्र के ग्राम लखना की घटना जानकारी के अनुसार रफ्तार अज्ञात स्कॉर्पियो ने बाइक सवार दंपति को ठोकर मार दी हादसे में पत्नी की मौत हो गई जबकि पति गंभीर रूप से घायल है घटना की सुचना पर पहुंची पुलिस ने दंपति को अस्पताल पहुंचाया बताया जा रहा है कि दंपति गरियाबंद जिले के राजिम थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अरंड के रहने है

# 3 चाकूबाज गिरफ्तार



**रायपुर,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। उरला थाना पुलिस ने आज दोपहर 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये दोनों आरोपी अलग.अलग जगहों में धारदार चाकू लेकर सड़क के बीच लोगों में आतंक फैला रहे थे। जिसके बाद पुलिस को सूचना मिलते ही इन्हें घेरा बनाकर मौके पर दबोच लिया गया। इस मामलें में गिरफ्तार आरोपी पुष्पहास उर्फरिंकू वर्मा और चंद्रशेखर कर्मकार है।

**धारदार नुकीला बटनदार चाकू बरामद**

ग्राम भ्रमण के दौरान पुलिस को मुखबीर सूचना मिली कि एक व्यक्ति मंदिर हसौद रिंग रोड नंबर 03 जायसवाल ढाबा के पास अपने हाथ मे लोहे का चाकू लेकर आने जाने वाले लोगो को डरा धमका रहा है कि सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंचकर रेड कार्यवाही कर उक्त व्यक्ति को पकड़ा जिसका नाम पता पूछने पर अपना नाम आरिफकुरेशी उर्फकाला सोनू पिता अजिम कुरेशी उम्र 20 वर्ष साकिन पुजारी स्कूल पास राजा तालाब रायपुर थाना सिविल लाईन जिला रायपुर का रहने वाला बताया। जिसके कब्जे से एक नग लोहे का धारदार नुकीला बटनदार चाकू जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी को ज्यूडिशियल रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया है।

# आगामी विधानसभा के मद्देनजर पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान





**रायपुर,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर रायपुर अभिषेक माहेश्वरी के मार्गदर्शन व नगर पुलिस अधीक्षक उरला अविनाश मिश्रा के पर्यवेक्षण में सघन चेकिंग की गई। थाना धरसीवा के सहायक उपनिरीक्षक बृजकिशोर दीक्षित प्रधान आरक्षक रवि निषाद पेट्रोलिंग स्टाफके द्वारा आगामी चुनाव को मद्देनजर रखतें हुए टोलनाका तरपोंगीं से गुजरने वाले वाहनों की सघन चेकिंग अभियान चलाते हुए संदिग्ध व्यक्ति एवं सामानों की सूक्ष्मता से जांच किया गया कोई संदिग्ध व्यक्ति एवं संदिग्ध वस्तु नही मिला है। साथ ही दोपहिया चारपहिया वाहनों की चेकिंग के लिए प्रतिदिन अलग अलग स्थानों में फिक्स नाकेबंदी पाईंट लगाकर थाना क्षेत्र के भीतर प्रवेश करने वाली समस्त गाड़ियों की बारिकी से जांच व चेकिंग की जा रही है। इसके साथ ही थाना क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थान सूनसान स्थान में जमवाड़ा लगाकर नशा करने वालों, गुटबाजी, अड्डेबाजी करने वालो, संदिग्ध व्यक्तियो, असमाजिक तत्वों, संदिग्ध व्यक्तियों के वाहनों की डिक्कीए धारदार बटनदार चाकू रखकर घुमने वालों सहित आम स्थानों पर शराब पीनेए शराब पीने हेतु स्थान उपलब्ध कराने सार्वजनिक मैदान पार्क चौक . चौराहों की लगातार चेकिंग की जा रहीं है। चेकिंग के दौरान जो भी संदिग्ध पाये जाएंगे उन पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# डेंगू के मरीज बढ़े तो टीम के साथ विधायक करने लगे एंटी लार्वा का छिड़काव



**रायपुर,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। संसदीय सचिव एवं विधायक विकास उपाध्याय अपने विधानसभा क्षेत्र में लगातार डेंगू से लड़ाई लड़ रहे हैं। निगम प्रशासन की टीम राजीव युवा मितान के साथी एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ सड़क में उतर कर गली.गली दवा का छिड़काव करते देखे जा रहे हैं। विधायक वायरल फीवर और डेंगू की संभावनाओं के बीच अपने क्षेत्र की जनता की सुरक्षा के लिए सुबह से ही एंटी लार्वा और ब्लीचिंग पावडर का छिड़काव कर रहे हैं। पिछले दिनों विधायक ने अपने विधानसभा क्षेत्र में पर्याप्त साफसफाई को लेकर आला अधिकारियों को निर्देशित भी किया था जिसका परिणाम है कि आज पूरे क्षेत्र में निगम के कर्मचारियों द्वारा व्यापक स्तर पर साफसफाई अभियान चलाया जा रहा है। विधायक सुबह से ही अपने विधानसभा क्षेत्रों की विभिन्न वार्डों का दौरा कर डेंगू बुखार से बचने के सुझाव जनता को दे रहे हैं।

**डेंगू के सिर्फ10 मरीज पर निजी अस्पतालों ने 327 का किया क्लेम:** इधर स्वास्थ्य विभाग द्वारा रायपुर जिले में अब तक सिर्फदस मरीजों में डेंगू की पुष्टि की गई है जबकि आयुष्मान के तहत क्लेम के मामले कुछ और ही आंकड़ा बता रहे हैं। अब तक आयुष्मान योजना के तहत जिले के 327 अस्पतालों ने डेंगू के मरीजों का क्लेम किया गया है। वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा डेंगू के लिए प्रति मरीज 35 हजार रुपये का पैकेज निर्धारित किया गया है। ऐसे में अब राज्य नोडल कार्यालय को लगभग एक करोड़ 14 लाख से ज्यादा की राशि का क्लेम पहुंच चुका है। वहीं इन मरीजों का क्लेम आरडी किट के आधार पर डेंगू की पुष्टि होने के बाद किया गया है जबकि स्वास्थ्य विभाग एलाइजा टेस्ट की रिपोर्ट के आधार पर ही मरीजों को डेंगू होने की पुष्टि करता है। ऐसे में इस पूरे मामले से डेंगू के इलाज के नाम पर निजी अस्पतालों में की जा रही लूट का राजफाश हो रहा है।

**रायपुर जिले में अब तक सिर्फ दस मरीजों में डेंगू की पुष्टि**

**एलाइजा रिपोर्ट नहीं होने पर नहीं मिलेगा क्लेम:** स्वास्थ्य विभाग के अफसरों के अनुसार जितने भी अस्पतालों द्वारा डेंगू संक्रमितों के इलाज का दावा किया जा रहा है उनकी एलाइजा रिपोर्ट पेश करना जरूरी है। इसके बिना क्लेम निरस्त हो जाएगा।

**मरीजों को उठानी होगी परेशानी:** वर्तमान में जितने भी मरीज अस्पतालों में भर्ती हैं और उनके क्लेम आए हैं उनके ऊपर बड़ा संकट खड़ा हो गया है क्योंकि वे अपना इलाज आयुष्मान योजना के तहत करवा रहे हैं और क्लेम विधिवत नहीं होने की वजह से अस्पतालों को उसकी राशि नहीं मिलेगी। इसकी वजह से मरीजों को अब अपनी जेब से उक्त राशि जमा करनी होगी। छग महामारी नियंत्रक डा सुभाष मिश्रा ने कहा क्लेम ज्यादा आए ह लेकिन मरीजों की संख्या वर्तमान रायपुर जिले में 10 ही है। इसके लिए वीडियो कांफ्रेंसिंग का आयोजन किया गया थाए जिसमें स्पष्ट रूप से निर्देश दिए गए हैं। एलाइजा रिपोर्ट नहीं होने पर डेंगू नहींए बल्कि वायरल के हिसाब से क्लेम दिया जाएगा।

# अवैध शराब बेचते 6 गिरफ्तार

**रायपुर,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। खरोरा थाना पुलिस को टीप मिली कि दो पहिया गाड़ी में सवार होकर दो व्यक्ति जा रहे हैं। इन्होंने अपने पास अवैध रूप से शराब रखी है। जिसके बाद पुलिस ने इनका पीछा किया और इन्हें पास में ही खेत के पास से पकड़ लिया। इन आरोपियों में एक नाबालिग और दूसरा आरोपी नरेंद्र फेकर है। इनके पास से 72 बोतल देशी शराब पुलिस ने बरामद किया है।

**राशन दुकानों में छिपाने से लेकर महिलाओं ने सब्जी के थैले में रखें थे देशी शराब**

**पेट्रोल पंप के पास अवैध शराब, गिरफ्तार:** खमतराई पुलिस ने रिलायंस पेट्रोल पंप के पास से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इस व्यक्ति ने हरे रंग के प्लास्टिक थैली में अवैध रूप से 32 बोतल देशी शराब रखी हुई थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी घनश्याम चंदेल को पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया है।

**राशन दुकान से शराब बेचते एक पकड़ाया:** धरसींवा पुलिस ने सोमनाथ वर्मा नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी धनेली गांव में राशन दुकान की आड़ में अवैध रूप से शराब बेच रहा था। जिसके बाद पुलिस ने रेड मारकर 85 बोतलें देशी शराब की जब्त की है। इस मामले में आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

**अवैध शराब बेचते 2 महिला भी गिरफ्तार:** शहर की गंज थाना पुलिस ने तेलघानी नाका ओवरब्रिज के पास से एक महिला को गिरफ्तार किया है। तो वहीं दूसरी को गंजपारा सब्जी बाजार के पास से गिरफ्तार किया गया है। ये दोनों आरोपी महिलाएं भानु बाई टंडन और राधा बेसरा सब्जी के थैले में रखकर अवैध रूप से शराब बेच रही थी। इनके पास से पुलिस ने 105 शराब की बोतले जब्त की है।

# दो कारों में टक्कर

**रायपुर,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। राजधानी के भारत माता चौक पर दो कार आपस में टकराई है। इनमें से एक कार ने साइड में खड़े बाइक वाले को भी ठोकर मारी। इस हादसे में दोनों कार और बाइक बुरी तरीके से क्षतिग्रस्त हुए है। इनमें सवार कुछ लोगों को हल्की चोट आई है। घायलों को एम्बुलेंस से मेकाहारा भेजा गया। पुलिस ने हादसे के बताया में बताया कि कार की रफ्तार तेज होने के कारण में दुर्घटना हुई है। भारत माता चौक पर लगे सीसी टीवी फुटेज इस भिड़त के मूल कारण और कारक को तलाश रही है। इसके बाद लापरवाह वाहन चालक के खिलाफकार्रवाई की जाएगी।

# महिला वेटलिफ्टरों ने जीते 9 पदक



**रायपुर,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। भारत सरकार एवं भारतीय खेल प्राधिकरण के निर्देश पर अस्मिता खेलो इंडिया वूमेंस लीग वेटलिफ्टिंग टूर्नामेंट का आयोजन छत्तीसगढ़ राज्य वेटलिफ्टिंग संघ द्वारा वनवासी कल्याण आश्रम रोहिणीपुरम रायपुर में किया गया। जहां रायपुर जिला के लगभग 15 महिला वेटलिफ्टरों ने 3 स्वर्ण पदकए 3 रजत पदक एवं 3 कांस्य पदक जितने में कामयाबी हासिल की। महिला वेटलिफ्टरो के इस कामयाबी पर रायपुर जिला संघ के संरक्षक रज्जन श्रीवास्तव] राजेंद्र सिंह यादव] बुधराम सारंग] अध्यक्ष राधे श्याम साहू व समस्त पदाधिकारियों ने सभी खिलाडियों को बधाई व शुभकामनाएं दी है। परिणाम इस प्रकार रहे . लुकेश्वरी साहू ;स्वर्ण पदक, विधि साहू ;स्वर्ण, प्रियंका साहू, स्वर्ण, चरणजीत कौर, रजत, अंजलि साहू, रजतद्ध, संजना सिंह रजत प्रार्जलि तिवारी कांस्य मेघा पाल कांस्य पदक दिव्या सिन्हे कांस्य टीम के कोच अजयदीप सारंग लकी मरकाम एवं कोमेश डाण्डे रहे।

# स्वास्थ्य कर्मियों की हड़ताल 14वें दिन भी जारी

**रायपुर,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। स्वास्थ्य कर्मियों की हड़ताल रविवार को 14वें दिन भी राजधानी से लेकर पूरे प्रदेश में जारी रही। राजधानी के कर्मचारी नवारागपुर के नूता में धरनारत रहे। सुबह बारिश की वजह से पंडाल क्षतिग्रस्त होने के कारण आज धरना होने में कुछ देरी हुई। इसे सभी नेताओं ने संबोधित किया। सोमवार का पूरे प्रदेश में स्वास्थ्य कर्मचारी बर्खास्तगी के आदेश जारी करने वाले कलेक्टरों का पुतला दहन करेंगे। कल देर शाम कवर्धा के कलेक्टर ने भी सौ कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया। वहीं तृतीय वर्ग कर्मचारीए और फेडरेशन के पदाधिकारी कल कलेक्टरों के नाम ज्ञापन सौंपेगे। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने स्वास्थ्य कर्मचारियों पर दमनात्मक कार्यवाही के खिलाफजिला ब्लॉक स्तर पर कल 4 सितंबर की दोपहरभोजन अवकाश के दौरान सीएम के नाम जिला कलेक्टर एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर विरोध दर्ज करने का निर्णय लिया है। संयोजक कमल वर्मा ने सभी कर्मचारी साथियों से नारेबाजी करते जिला ब्लाक संयोजकों से इसे सफल बनाने कहा है। संचालनालय विभागाध्यक्ष कर्मचारी कार्यकारी अध्यक्ष संतोष कुमार वर्मा ने कहा कि अपनी जायज मांगों के लिए लड़ने वाले स्वास्थ्य कर्मचारियों की बरखस्तगी की कार्यवाही किया जाना किसी भी दृष्टि से न्यायोचित नहीं है। छत्तीसगढ़ लयिक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष युद्धेखर सिंह ठाकुर ने भी इस कार्रवाई की निंदा और विरोध किया है।

# आटोनामस कालेजों में 40 फीसदी पासिंग मार्क्स को लेकर विवाद



**रायपुर,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। प्रदेश्सा के आठ आटोनामस स्वशासी कालेजों में पिछले वर्ष शुरू हुए चार वर्षीय ग्रेजुएशन कोर्स को लेकर पहले वर्ष ही विवाद की स्थिति बनी हुई है। नए कोर्स में छात्रों को पास होने के लिए कम से कम 40 प्रतिशत अंक लाना जरूरी है। 40 प्रतिशत अनिवार्यता को लेकर छात्र नाखुश है। इसी तरह पूरक पात्रता को लेकर भी छात्रों में असंतोष है। इसमें बदलाव की मांग कर चुके हैं। इसलिए पासिंग मार्क्स में बदलाव की तैयारी है। इसके तहत पासिंग मार्क्स को 40 प्रतिशत से घटाकर 36 या 33 प्रतिशत किया जा सकता है। इसके अलावा दो से ज्यादा विषयों में फेल होने बाद भी छात्र अगले सेमेस्टर में जा सकेंगे।पूरक नियमों में भी बदलाव की चर्चा है।

### छात्रों को साल बर्बाद होने का सता रहा है डर

राजधानी स्थित शासकीय नागार्जुन साइंस कालेज में विवाद के कारण सेकंड सेमेस्टर की परीक्षाएं नहीं हो पाई है। छात्रों को अपने एक साल बर्बाद होने का डर सता रहा है। बड़ी संख्या में छात्रों के फेल होने कारण भी कोर्स पर संशोधन करने पर विचार करने के लिए पिछले दिनों पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश पर बैठक बुलाई गई थी। बैठक में प्रदेश आटोनामस कालेज के प्राचार्य भी शामिल हुए थे। प्राचार्यों से भी कोर्स को लेकर सलाह.मशविरा किया गया। पुराने कोर्स में अभी पास होने के लिए 33 प्रतिशत अंकों की अनिवार्यता है। छात्रों का कहना है जब छह महीने में सेमेस्टर परीक्षाएं होनी हैए तो पूरक पात्रता के लिए विषय बढ़ाना चाहिए। इससे छात्रों को साल बर्बाद नहीं होगा।चार वर्षीय ग्रेजुएशन कोर्स में दो से ज्यादा विषय में पूरक आने पर फेल माना जाता है। इसमें दो विषय में पूरक की पात्रता दी जाती है।इसमें भी बदलाव की चर्चा है। पूरक पात्रता के विषय बढ़ाए जाएंगे।

**छात्रों के बदलाव की मांग के बाद संशोधन की तैयारी**

### अभी पास होने के लिए चाहिए 40 प्रतिशत अंक

अभी चार वर्षीय ग्रेजुएशन बीए के 100 अंक के प्रश्नपत्र में 80 नंबर थ्योरी और 20 नंबर इंटर्नल और असाइनमेंट के दिए जाते हैं।इसमें पास होने के लिए 40 प्रतिशत अंक लाना जरूरी है।यहीं नियम साइंस व कामर्स में भी लागू है। वही प्रदेश के दूसरे कालेजों में चल रहे तीन वर्षीय ग्रेजुएशन में पास होने के लिए 33 प्रतिशत अंक लाना होता है। पासिंग मार्क्स को लेकर अलग.अलग नियमों का छात्र विरोध कर रहे हैं। इसलिए आर्डिनेंस में संशोधन कर नए नियम बनाने पर विचार किया जा रहा है।

### प्रदेश के आठ कालेजों में चल रहा है नया कोर्स

प्रदेश के आठ स्वशासी कालेजों में नया ग्रेजुएशन पाठ्यक्रम चल रहा है। ये कालेज प्रदेश चार विश्वविद्यालयों से संबद्ध है। राजधानी में पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से संबद्ध शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला महाविद्यालय कालीबाड़ीए शासकीय जे योगानंदम छत्तीसगढ़ कालेज और साइंस कालेज तीन महाविद्यालय संचालित है। दुर्ग विश्वविद्यालय से साइंस कालेज दुर्ग और दिग्विजय कालेज राजनांदगांव संबद्ध है। इसके अलावा अटल बिहारी विश्वविद्यालय बिलासपुर से बिलासा गर्ल्स कालेज और साइंस कालेज है। इसके अलावा सरगुजा विश्वविद्यालय से पीजी आटोनामस कालेज अंबिकापुर संबद्ध है।

उल्टा पुल्टा

पति- तेरे पिता की जले पर नमक छिड़कने की आदत नहीं गई।
पत्नी- क्यों क्या हुआ?
पति- आज फिर से पूछ रहा था कि मेरी बेटी से शादी करके तुम खुश तो हो न?

## संपादकीय

### छग की चुनावी हलचलें हुई तेज़

*केन्द्र सरकार द्वारा कई विधानसभाओं चुनावों के साथ लोकसभा चुनाव कराये जाने की अटकलों के बीच छत्तीसगढ़ विस के चुनावों का अनौपचारिक आगाज़ हुआ सा जान पड़ता है। प्रदेश में मतदाता सूचियों के संक्षिप्त पुनरीक्षण का समय जहां 10 सितम्बर तक बढ़ा दिया गया है (जो पहले 30 अगस्त तक था), तो वहीं राज्य के विभिन्न राजनैतिक दलों की चुनावी गतिविधियां तेज़ हो गई हैं। जब भी चुनाव हों, उम्मीद की जाए कि लोग अपने मताधिकार का प्रयोग स्वेच्छापूर्वक और विवेकपूर्ण तरीके से करेंगे ताकि उनके जीवन को संवारने वाली सरकार उन्हें मिल सके। संशोधित मतदाता सूची 4 अक्टूबर तक प्रकाशन का ऐलान हो चुका है।*

*संसद के 18 से 22 सितम्बर को आहूत विशेष सत्र से देश कयास लगा रहा है कि इस साल पड़ने वाले 5 राज्यों के चुनाव, जिनमें छत्तीसगढ़ भी शामिल है और वर्ष 2024 में होने जा रहे 4 राज्यों के चुनाव लोकसभा के साथ करा लिये जायेंगे। 'एक देश एक चुनाव' के नाम से इस कार्यक्रम के लिये एक समिति भी बना दी गई है, जिसकी अध्यक्षता पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद कर रहे हैं। जो भी हो, लोकसभा का चुनाव चाहे अपने तयशुदा समय पर यानी अगले साल हो अथवा वे पहले कराए जायें, छग के चुनाव तो इसी वर्ष के अंत में हो जाने हैं। सियासी हलचलों की बात करें तो भारतीय जनता पार्टी ने अपने कुछ उम्मीदवार काफी पहले घोषित कर ही दिये हैं और कांग्रेस की सूची भी इस मामले में लगभग तय है कि जहां से उसके विधायक पिछला चुनाव जीते हैं, उनमें से ज्यादातर फिर से चुनाव लड़ेंगे। हालांकि ऐसे भी संकेत हैं कि राहुल गांधी की मंशा के अनुरूप बड़ी तादाद में युवा उम्मीदवारों को उतारा जा सकता है। 6 सितम्बर तक कांग्रेस की भी पहली सूची आ जाने की बात कही जा चुकी है।*

*शनिवार को राहुल गांधी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ में बड़े चुनावी कार्यक्रम कर चुके हैं। राहुल ने नया रायपुर में युवाओं के एक बड़े जमावड़े को राजीव युवा मितान सम्मेलन के नाम से आयोजित समारोह में सम्बोधित किया, तो वहीं अमित शाह रायपुर के दीनदयाल सभागार में भाजपा द्वारा आयोजित 'अउ नइ सहिबो, बदल के रहिबो!' नाम से आयोजित सम्मेलन में छग की कांग्रेस सरकार के खिलाफ आरोप पत्र पेश किया जिसमें कांग्रेस सरकार पर अनेक आरोप लगाये गये हैं। हालांकि उसके पहले ही कांग्रेस ने भाजपा पर 212 बिंदुओं पर आरोप दाग दिये हैं। काफी कवायदें आम आदमी पार्टी की भी हो रही हैं जो सभी 90 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। अजीत जोगी के बिना पहली बार चुनाव लड़ने जा रही जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ का भी ऐसा ही इरादा है। जो भी हो, चुनाव सबके लिये खुले और निष्पक्ष होने चाहिये।*

# उप्र के पेठा व्यवसायी की भिलाई में हत्या




**भिलाई नगर**, 3 सितंबर (देशबन्धु)। छावनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत शुक्रवार की रात को उत्तर प्रदेश से पेठा व्यवसाय करने आए युवक के मध्य जमकर विवाद हुआ। एक राय होकर 5 से 6 व्यवसाईयों ने एक की जमकर पिटाई कर दी गंभीर रूप से चोट आने पर युवक को बेहोशी की हालत में मारपीटकर्ताओ के द्वारा उसे लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहां उसकी मौत हो गई। अस्पताल से मिली सूचना पर छावनी पुलिस के द्वारा आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

थाना प्रभारी मोनिका पांडेय ने बताया कि मृतक विपिन राठौर पिता राजेन्द्र राठौर उम्र 38 वर्ष हाल पता- कैम्प 02 मिलन चौक के पास भिलाई थाना छावनी स्थायी पता- ग्राम कटगा, थाना जलालाबाग जिला सहजानपुर, उत्तर प्रदेश। मिठाई का काम करता था। मृतक अपने साथियों के साथ पेठा बनाने एवं उसका विक्रय का व्यवसाय करने भिलाई आया हुआ था और मिलन चौक में रह रहे थे। शुक्रवार की रात को उनके मध्य विवाद हुआ था। विवाद के बाद 5 से 6 साथियों के द्वारा एक राय होकर हाथ बुके एवं डंडे से विपिन राठौर की जमकर पिटाई कर दी थी उसे बेहोशी की हालत में शासकीय अस्पताल सुपेला में इलाज के लिए दाखिल कराया गया इलाज के दौरान विपिन दम तोड़ दिया। आरोपियों के द्वारा घटना को छिपाने का प्रयास किया गया। परंतु अस्पताल से मिली सूचना पर से छावनी पुलिस के द्वारा तत्काल जांच प्रारंभ की गई। मृतक के साथियों को विरासत में लेकर मामले में पूछताछ की जा रही है।

**आरोपियों से पूछताछ कर रही पुलिस**

पुलिस ने इस मामले में आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि विपिन ने रात में अधिक मात्रा में शराब पी ली थी। शराब के नशे में वो काफी हल्ला मचा रहा था। उसके साथियों ने उसे मना किया तो भी वो नहीं माना और उनसे झगड़ा करने लगा। इसी बात को लेकर उन लोगों ने मिलकर इसे बुरी तरह मारा, जिससे उसकी मौत हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक के परिजन भी उत्तर प्रदेश से भिलाई पहुंच गए हैं। रिपोर्ट के पश्चात आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीकृत किया जाएगा।

# रानीदहरा झरना में डूबने से दो युवकों की मौत



**कवर्धा**, 3 सितंबर (देशबन्धु)। थाना बोडला क्षेत्र के रानीदहरा झरना में 2 सितंबर को लगभग 4/30 शाम को अजीत कुंभकार पिता बजारू उम्र 25 साल वार्ड 15 कवर्धा निवासी अपने अन्य साथियों के साथ स्कार्पियो वाहन से पिकनिक मनाने रानीदरहा झरना में आए थे। झरना किनारे में खाना खाकर, कुछ साथी झरना के पानी में नहा रहे थे।

इसी दौरान 1 राहुल ठाकुर पिता ललित ठाकुर उम्र 25 साल साकिन देवागन पारा कवर्धा 2 शुभम झरिया पिता अशोक झरिया 25 वर्ष साकिन मठपारा कवर्धा जो कि नहाते समय झरने के पानी में डूब गया है नहीं मिल रहा है। साथियों द्वारा गमछा शर्ट का रस्सा बनकर बचाने का प्रयास किया गया लेकिन नही बचा पाए। बताते है कि अन्य साथी जो साथ में थे, दीपक चौहान 26 वर्ष, आशीष चौहान 25 वर्ष, उत्कर्ष श्रीवास्तव, हरि साहू 26 वर्ष, उदय भान, इनायत ख़ान 24 वर्ष एवम सरफराज ख़ान सुरक्षित है। घटना लगभग शाम के 5:30 बजे की बात है। कुछ साथी बचाने में लगे थे तो कुछ साथी नीचे बचाने के लिए गांव वालो के पास गए थे। डायल 112 को कॉल करके सूचना दिए जाने पर टीम मौके पर पहुंच गई, कार्यवाही जा रही है।

# राधाकृष्ण मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़




**दुर्ग**, 3 सितंबर (देशबन्धु)। राधाकृष्ण मंदिर महेश कालोनी में नवधा रामायण एवं विष्णु महायज्ञ में आज दूसरे दिन डेढ़ हजार से ज्यादा श्रद्धालु शामिल हुए। आज भी बालकांड का पाठ किया गया। आज भगवान राम का जन्मोत्सव मनाया गया। जोधपुर के पं. गोपाल आसोया और पं. सुशील आसोया ने रामायण का सामूहिक पाठ कराया।

शाम को मंदिर समिति के पदाधिकारियों के साथ विभिन्न समाज के लोगों ने महाआरती में भाग लिया। विष्णु महायज्ञ आचार्य पं. पवन द्विवेदी के सानिध्य में किया जा रहा है। समिति के प्रमुख चतुर्भुज राठी ने बताया कि सभी श्रद्धालुओं ने महायज्ञ की परिक्रमा की।

# अमित शाह क्या भ्रष्टाचारियों को उल्टा लटकाएगें पूरी भाजपा भ्रष्टाचारियों की बन गई गंगोत्री : साहू



**दुर्ग**, 3 सितंबर (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस महामंत्री राजेन्द्र साहू ने सवाल उठाया है कि केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह इसे स्पष्ट करें कि अब तक उन्होंने कितने घोटालेबाज मंत्रियों व नेताओं को उलटा लटकाया है। श्री साहू ने कहा कि केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह भ्रष्टाचारियों को धमकी तो उलटा लटकाने की देते है मगर व्यवहारिक रूप से वे ऐसे घोटालेबाजों को गले लगाते है। पूरा देश भाजपा की दोगली नीति को समझ चुका है।

श्री साहू ने इस सिलसिले में कतिपय प्रकरणों का हवाला देते हुए कहा कि सीएजी द्वारा कतिपय प्रकरणों का हवाला देते हुए पूछा कि सीएजी द्वारा हाल ही में किये गये 7 लाख करोड़ के भंडाफोड़ पर कितने मंत्रियों व अफसरों पर क्या क्या कार्रवाई की गई ? आदर्श सोसायटी मामले में जिस राज्यसभा सांसद नारायण राणे पर हेरफेर और 3 सौ करोड़ की मनी लांड्रिंग चलाने का आरोप लगाया गया था उन्हें केन्द्रीय मंत्री बनाकर क्लीनचिट क्यों दे दी गई है। पूर्व सीएम बी.एस.येदुरप्पा पर हाऊसिंग प्रोजेक्ट और खनन घोटाले में रिश्वतखोरी का आरोप था वे अभी भी भाजपा के चहेते कैसे बने है। तुणमूल नेता शुभेन्दु अधिकारी एवं हिमंता विस्वा पर लगे करोड़ रूपयों के घोटाले के आरोप होने के बावजूद उन्हें भाजपा में शामिल कर मुख्यमंत्री कैसे बना लिया गया।

# श्री सत्ती चौरा दुर्गा मंदिर में नवरात्रि की तैयारियां प्रारंभ



**दुर्ग**, 3 सितंबर (देशबन्धु)। श्री सत्ती चौरा मां दुर्गा मंदिर में 15 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक मनाये जाने वाले शारदीय नवरात्रि पर्व में ज्योति कलश स्थापना हेतु बुकिंग शुरू हो चुकी है। बुकिंग 1 अक्टूबर तक मंदिर परिसर में ही ली जायेगी। शारदीय नवरात्रि पर्व को धूमधाम से मनाने व्यापक तैयारियां प्रारंभ हो चुकी है। इस हेतु सत्ती चौरा श्री सत्ती चौरा मां दुर्गा मंदिर समिति की बैठक में अनेक निर्णय लिये गये।

शारदीय नवरात्रि पर आकर्षक लाईट व्यवस्था के साथ ही कलकत्ता के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा फूलों से आकर्षक साज सज्जा की जायेगी। मंदिर में प्रतिवर्ष 4 सौ से अधिक ज्योति कलश स्थापित किये जाते है।

समिति के वरिष्ठ सदस्य अशोक राठी ने बताया कि 15 से 24 अक्टूबर तक प्रतिदिन सुबह 9 बजे से माताजी का महाभिषेक किया जायेगा। अभिषेक हेतु भी बुकिंग चालू है। छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े कन्या भोज कराये जाने की भी तैयारियां शुरू कर दी गई है। इसके अलावा अनेक धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी कराये जायेगें। बैठक के अंत में समिति दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि दी गई।

बैठक में राजेन्द्र साहू, अध्यक्ष जिला सहकारी बैक, विठ्ठल दास भूतड़ा, गौतम जैन, गोपाल शर्मा, अशोक राठी, नवल अग्रवाल, महेश टावरी, किशोर जैन, अजय शर्मा, राजेश शर्मा, मनोज भूतड़ा, सुरेश गुप्ता, रवि पीडियार, नरेंद्र गुप्ता, प्रवीण भूतड़ा, गुड्डु कश्यप, डब्बू चंद्रवंशी, कुलेश्वर साहू, पिंकी गुप्ता, राहुल शर्मा, मनोज गुप्ता, ललित शर्मा, राजू पुरोहित, प्रकाश टावरी, सतबीर शर्मा, विकेश मिश्रा, मनोज शर्मा, बसंत शर्मा, रमेश गुप्ता, निर्मल शर्मा, ओमप्रकाश टावरी, विकाश पुरोहित, जीतू राठी, रितेश मेहरा, सुरेश देवांगन, सरोज यादव, विकाश राठी, बुधराम निर्मलकर, अर्जित शुक्ला, ईशान शर्मा, शिशु शुक्ला, मनोज टावरी, मनोज जैन, हेमा राठी, मनीष सेन, दीपक पुरोहित, सोनल सेन, प्रकाश सिन्हा एवं समित्ति के सैकड़ो सदस्य उपस्थित थे।

# राहुल की पहली पसंद भूपेश बघेल क्योंकि कांग्रेस को गुजारा भत्ता देते है : वर्मा



**दुर्ग**, 3 सितंबर (देशबन्धु)। जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने कहा है कि भारत चांद पर पहुंच गया और अब सूर्य की यात्रा पर निकल गया है और कांग्रेस नेता राहूल गांधी वहीं के वहीं रहकर देश की प्रगति पर बाधा बने हुए है। वे अभी भी अपनी संकीर्ण मानसिकता का प्रदर्शन कर रहे है। जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने रायपुर में आयोजित राजीव मितान सम्मेलन में कांग्रेस नेता राहूल गांधी को आमंत्रित कर करोड़ों रूपये के व्यय को फिजूल खर्ची की गई है। यह पैसा छत्तीसगढ़ की जनता का पैसा है जिसका दुरूपयोग जनहित के कार्यो की बलि चढ़ाकर लगाया गया है।

श्री वर्मा ने कहा है कि राहूल गांधी के छत्तीसगढ़ प्रवास एवं राजीव मितान सम्मेलन से कोई फायदा नहीं मिलने वाला है क्योकि छत्तीसगढ़ के युवा समझ गये है कि कांग्रेस कभी भी युवाओं के भले की योजना नहीं बना सकती। जिला भाजपा अध्यक्ष श्री वर्मा ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री पर राज्य का धन कांग्रेस के कार्यो में लगाने का आरोप लगाते हुए उन्हें कांग्रेस का एटीएम बताया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ कांग्रेस को गुजारा भत्ता दे रहे है यहीं उनका एक अच्छा कार्य है। कांग्रेस की राजनीति एक ही परिवार से शुरू होती है और वहीं खत्म होती है।

# महिला महाविद्यालय शिविर में किया गया छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण




**दुर्ग**, 3 सितंबर (देशबन्धु)। शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या महाविद्यालय में दो दिवसीय विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। महाविद्यालय की यूथ रेडक्रास प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम द्वारा संचालित दाई-दीदी क्लीनिक को विशेष रूप से महाविद्यालयीन छात्राओं के लिए लगाया गया। इस शिविर में महिला चिकित्सक एवं महिला स्टॉफ के द्वारा छात्राओं का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं पैथालाजीकल टेस्ट किए गए।

डॉ. रंजिता द्वारा छात्राओं के समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना गया एवं जांच कर परामर्श तथा उपचार किया गया। निःशुल्क दवाएं दी गई। इस शिविर में 170 छात्राओं ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया तथा 88 छात्राओं ने लैब टेस्ट के माध्यम से रक्त समूह, हीमोग्लोबिन जांच तथा सी. बी. सी. का टेस्ट कराया। शिविर में मनीष यादव, राजेश्वरी सिन्हा, नाशिन एवं विधि साहू ने सक्रिय सहयोग किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने चिकित्सा टीम तथा महापौर, नगर निगम, दुर्ग का आभार व्यक्त किया है। महाविद्यालय की यूथ रेडक्रास की छात्राओं की शिविर संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# यातायात उल्लंघन पर 14 वाहन चालकों पर कार्यवाही

■ **माईनर एक्ट के तहत 12 व्यक्तियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही**

**बेमेतरा**, 3 सितंबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में थाना/चौकी प्रभारियों के द्वारा बेमेतरा जिले में लगातार यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर रही है। जिसके तहत 2 सितंबर को मोटर व्हीक्ल एक्ट के थाना बेमेतरा 2 चालान में 2 व्यक्ति, थाना नवागढ 6 चालान में 6 व्यक्ति, थाना दाढी 2 चालान में 2 व्यक्ति, थाना चंदनू 2 चालान में 2 व्यक्ति, थाना परपोडी 2 चालान में 2 व्यक्ति, कुल 14 चालान में 14 वाहन चालक के विरूद्ध चालानी कार्यवाही किया गया। जिसमें यातायात के नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालक के विरूद्ध 14 प्रकरण में कुल 4,400 रूपये समन शुल्क लिया गया। इसी क्रम में 2 सितंबर को बेमेतरा जिले के समस्त थाना/चौकी के द्वारा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए थाना नवागढ 5 प्रकरण में 5 व्यक्ति, थाना नांदघाट 2 प्रकरण में 2 व्यक्ति, थाना खम्हरिया 2 प्रकरण में 2 व्यक्ति, चौकी मारो 1 प्रकरण में 1 व्यक्ति, चौकी कंडरका 2 प्रकरण में 2 व्यक्ति, चौकी देवरबीजा 1 प्रकरण में 3 व्यक्ति, के खिलाफ धारा 107,116 (3), 151 जा.फौ. के तहत कुल 12 प्रकरण में 12 व्यक्तियो के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया।

# चोरी का आरोपी मोबाईल-सायकल सहित गिरफ्तार



**बेमेतरा**, 3 सितंबर (देशबन्धु)। 2 सितंबर को ग्राम कोदवा निवासी खेलावन यादव उम्र 70 साल ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 30 अगस्त को करीबन 12 बजे किसी अज्ञात चोर ने घर के दरवाजा का ताला तोडकर घर कमरा के पठेरा में रखे मोबाईल पुरानी इस्तेमाली किमती 5,000 रूपये एवं घर के आंगन में रखे सायकल पुरानी कीमती 2,000 रूपये, कुल जुमला 7,000 रूपये को चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर थाना साजा में अपराध सदर धारा 454, 380 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

उक्त घटना के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन पर अति. पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल के द्वारा थाना साजा प्रभारी निरीक्षक मुकेश यादव एवं थाना स्टाफ को माल मुल्जिम पता तलाश कर ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# 'दारू नही दूध पीजिये अभियान'



**बेमेतरा**, 3 सितंबर (देशबन्धु)। 'बेमेतरा, नशे से आज़ाद' श्रृंखला के अंतर्गत 5000 घरों में दूध का वितरण किया जा रहा है ताराचंद माहेश्वरी समाज सेवक बेमेतरा द्वारा बीजाभाट, जेवरी, अमोरा गाँव में गली गली स्कूली छात्र, छात्राएं एवम एनसीसी के छात्र गाजे बाजे के साथ रैली निकालकर शुभारम्भ किया गया।

नशा मुक्ति की इस यात्रा में समाजसेवी ताराचंद माहेश्वरी ने बच्चो को संबोधित करते हुए कहा की नशा का हमे जीवनभर सेवन नही करना है और विनम्रता पूर्वक नशा मुक्त गांव बनाने के लिए प्रयास करना है क्योंकि नशा ही हमारे जीवन को बर्बाद करता है जिससे आर्थिक व सामाजिक प्रतिष्ठा धूमिल होती है नशे ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# दस दिनों के बाद हुई राहत की बरसात

## शहरी जनजीवन से लेकर खेतों में किसानों ने ली चैन की सांस



**दुर्ग**, 3 सितंबर (देशबन्धु)। लगभग दस दिनों की लगातार तेज धूप और उमस के बाद पिछले दो दिनों से हो रही वर्षा से लोगों ने राहत महसूस की है। खेतों में भी सूख रहे धान व अन्य पौधों में जान आई है। इधर शहरी क्षेत्रों में भी जो लोग तेज धूप व उमस से परेशान हो रहे थे उन्हें भी राहत मिली है।

उल्लेखनीय है कि सावन के अंतिम सप्ताह में बारिश न होने से किसानों व शहरी नागरिकों में भारी बैचेनी देखी जा रही थी। अभी धान के पौधों में ग्रोथ का समय है मगर वर्षा न होने से पौधे मुरझाने लगे थे। खेतों की जमीन सूखने लगी थी। जहां सिंचाई की व्यवस्था नहीं है वहां तो खेतों में दरारें पड़ने लगी थी। किसान खेतों में खाद का छिड़काव नहीं कर पा रहे थे और न ही खरपतवार की निंदाई हो पा रही थी। कल व आज की वर्षा से खेतों को नया जीवन मिला है और फसल को लेकर जताई जा रही चिंता कुछ हद तक कम हुई है मगर इसे पर्याप्त नहीं कहा जा सकता। कृषक लुकेश बघेल ने बताया कि गत दिवस और आज की वर्षा से खेतों में पानी रूकने की व्यवस्था हो गई है। मगर इस पानी को पर्याप्त नहीं कहा जा सकता। बारिश लगातार होते रहनी चाहिए।

तिरगा झोला के कृषक मुकेश बेलचंदन ने बताया कि यह वर्षा एकदम मौके पर हुई है। यदि कुछ देर और विलंब होता तो फसल को क्षति पहुंचती। जिन पौधों में धान की बाली निकलनी शुरू हो गई थी उनके लिये तो फायदेमंद है मगर जिनकी बाली नहीं फूटी थी उनके लिये यह पानी अमृत की समान है। उन्होंने बताया कि अभी एक सप्ताह और वर्षा जरूरी है।

**जिले में आज हुई 15 मिमी औसत वर्षा**

एक जानकारी के अनुसार आज जिले में 15 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। सुबह से दोपहर तक वर्षा होते रही। वर्षा के कारण सुबह तेज गरज के साथ छींटे पड़े और देखते ही देखते तेज वर्षा शुरू हो गई। आज सर्वाधिक 25 मिमी वर्षा धमधा तहसील में, भिलाई 3 तहसील में 22, दुर्ग में 15, पाटन में 12, अहिवारा तहसील में 7 मिमी, एवं बोरी तहसील में 7 मिमी वर्षा दर्ज की गई।

**शहरी क्षेत्र भी तरबतर :** आज सुबह से ही शहर में भी अच्छी वर्षा हुई। सुबह तेज बादल छाये रहे फिर वर्षा हुई। दोपहर तक कभी तेज तो कभी बूंदाबांदी वर्षा हुई। आज रविवार होने से लोगों का सपरिवार घर से निकलने घूमने जाने का कार्यक्रम रद्द रहा। घर में ही लोग मौसम का लुत्फ लेते रहे। महिलाएं घर में रहकर कल पड़ने वाले कमरछठ की तैयारियों में लगी रही। लोग जरूरत पड़ने पर रेनसूट, छाता लेकर बाजारों के लिये निकले। दोपहर मौसम खुला रहने के बाद शाम को फिर वर्षा हुई। इस वर्षा से शहर का व्यस्तम मुख्य मार्ग फरिश्ता काम्पलेक्स से श्री शिवम तक जगह जगह गड्डों में पानी भर गया जिससे लोगों को भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ा।

**मां बम्लेश्वरी का दरबार बादलों से घिरा नजर आया**

**डोंगरगढ़,** 3 सितंबर। रविवार दोपहर को हुई बारिश के पहले स्थित मां बमलेश्वरी का दरबार बादलों से गिरा नजर आया जो की आकर्षक रूप से व्याप्त था।



# किसान सम्मेलन को सफल बनाने नवाज ने ली बैठक



## खुज्जी विस क्षेत्र के मोरकुटुम्ब व बीजेपार में किया नवीन भवन का भूमिपूजन

**राजनांदगांव,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जून खड़गे के राजनांदगांव दौरे से पहले तैयारियों में तेजी आ गई है। आयोजन स्थल पर की जा रही व्यवस्थाए के साथ ही किसानो के भरोसे के सम्मेलन आयोजन को सफल बनाने के लिए जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष नवाज खान भी लगातार दौरा कर किसानो को इसमें शामिल होने के लिए आमंत्रित कर रहें है। इसके साथ ही आयोजन को लेकर लगातार बैठके भी ले रहें है, रविवार के दिन उन्होंने छुरिया ब्लॉक अंतर्गत पांच बैंक शाखा में शामिल सभी सहकारी समितियों की बैठक ली। इस बीच उन्होंने खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मोरकुटुम्ब एवं बीजेपार में किया नवीन भवन का भूमिपूजन भी किया।

उल्लेखनीय है कि आठ सितंबर को राजनांदगांव विस के ठेकवा में आयोजित भरोसे के सम्मेलन आयोजन में एक लाख किसानो के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। इतनी बड़ी संख्या में किसानो को आयोजन स्थल तक लाने के लिए जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष नवाज ने जिम्मा उठाते हुए लगातार तैयारी की जा रही है। वहीं रविवार को उन्होंने दो नवीन भवन का भी भुमिपूजन किया, इनमें मोरकुटुम्ब एवं बीजेपार में शासकीय प्राथमिक शाला अतिरिक्त भवन भूमिपूजन में नवाज भाई के साथ,राजकुमारी सिन्हा,मदन नेताम,सुनील लारोकर,लादूराम तुमरेकी,कलीराम चंद्रवंशी,रुखम कोर्राम,हेमंत यादव,अमित अग्रवाल,सरपंच रेखा कुंजाम,हरदेव कतलाम,सुरेश शोरी,मायाराम साहु, सरपंच हेमसिंग निर्मलकर, मालिक निर्मलकर,छगन लाल तीतराम,मोतीराम साहु,सुंदर लाल मंडावी,मायाराम साहु,ज्ञान सिंह शोरी, चैनसिंग शोरी,धनवाराम पड़ोटी,रूपचंद ऊइके,लखन कुंजाम,जाहरित साहु,नंदूराम निर्मलकर,ग्राम पटेल देवेंद्र पाल,सरोज पाल,घासी पाल,हिराऊ अरकरा राजेश यादव, छन्नू कौचे व मोरकुटुम्ब एवं बिजेपार के ग्रामवासी सम्मिलित हुए।

**ग्रामीणों ने किया स्वागत**

अपने दौरा कार्यक्रम के तहत जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष नवाज खान छुरिया में समीक्षा बैठक लेने के बाद जब ग्राम मोरकुटुम्ब के लिए निकले, इस बीच बजरंगपुर के ग्रामवासियों ने नवाज का रास्ते में ही जोरदार स्वागत किया। ग्राम पंचायत मोरकुटुम्ब के ग्रामवासी अत्यधिक उत्साहित नजर आए और सभी ग्रामवासियों ने भूपेश है तो भरोसा है नवाज है तो विश्वास है जैसे नारे भी मौके पर लगाए।

**इन समितियो की ली बैठक**

रविवार को जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष नवाज द्वारा लालबहादुर नगर, छुरिया, गैंदाटोला, चौकी एवं खुज्जी शाखा के अधिनस्थ आने वाली सभी सहकारी समितियों के कर्मचारियों की बैठक ली। इस बैठक के दौरान उन्होंने किसानो के भरोसे के सम्मेलन को लेकर तैयार की गई रुपरेखा के बारे में जानकारी देने के साथ ही किसानो के आयोजन स्थल तक पहुंचने को लेकर विस्तृत में चर्चा की।

# पनियाजोब जलाशय का कैनाल हुआ क्षतिग्रस्त

## कई मिलियन पानी व्यर्थ में लगातार बह रहा



**डोंगरगढ़,** 3 सितंबर। ब्लॉक का सबसे बड़े पनियाजोब जलाशय का कैनल क्षतिग्रस्त होने से कई मिलियन पानी व्यर्थ में बह गया है आसपास के ग्रामीणों की माने तो शुक्रवार को अत्यधिक गेट की चूड़ी खुल जाने से पानी का बहाव तेज हो गया। पिछले लंबे समय से बांध का गेट खराब होने के कारण आए दिन बेफिजूल पानी बहता रहता है। धीरे-धीरे यह कैनाल अपनी मजबूती खो रहा है। 40 से 50 साल पुराना इस पनियाजोब जलाशय मे कैनाल से लेकर बांध का गेट तक खस्ताहाल हो गया है। जिसे मरम्मत कि सख्त आवश्यकता है ग्रामीण जैन लाल देवांगन, सुन्दर पटेल, खोमन पटेल, तरुण यादव, अजित मंडावी, अनिल कुर्मी, उदय राम, डोगरा सिंह, ग्राम पटेल कोबारा नेताम ,सहदेव साहू व सुनील चौहान नें बताया कि नहर की मरम्मत अति आवश्यक है परंतु विभाग का फण्ड न होने का रोना लगातार तीन से चार साल से जारी है। ग्रामीणों कि माने तो जल संसाधन विभाग किसानों के शिकायत पर अमल करने की जगह उसे ही डरा धमका कर पानी के एवज में अवैध वसूली का काम करता है । 1971 में बना या जलाशय 50 साल से भी अधिक पुराना हो चुका है जिसकी सिंचाई क्षमता 3375 एकड़ से अधिक की बताई जाती है । विभाग इस जलाशय से लाखो की कर वसूली कर रहा है। लेकिन इसके मरम्मत के लिए विभाग के पास फंड कि कमी है। विभाग की लापरवाही के कारण ही बताया जाता है कि जलाशय का बहुत सा पानी किसानों तक पहुंच ही नहीं पाता और बर्बाद हो जाता है। अगर इसकी मरम्मत समय-समय पर की जाती तो इस जलाशय से काफी किसानों को फायदा होता। शहरवासियों की आधे से अधिक आबादी की प्यास पनियाजोब जलाशय के माध्यम से ही पालिका के द्वारा पूर्ण की जाती है । कुछ दिन पहले ही पनियाजोब मे बिजली की समस्या के कारण ही पानी की सप्लाई रुक गई थी जिससे 4 से 5 दिनों तक 16 वार्ड में पानी की समस्या उत्पन्न हो गई अब जलाशय का कैनाल क्षतिग्रस्त हो गया है आकरोर्षित ग्रामीणों की माने तो बांध के कैनाल से लेकर एनीकट तक मरम्मत की आवश्यकता है। मरम्मत नहीं होने के कारण बांध का पानी फिजूल बहता रहता है आने वाले कुछ माह में अगर इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीण मिलकर इस मामले में बड़ा रुक अख्तियार कर लेंगे। जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी । मामले में ए सिद्दीकी सब इंजीनियर जल संसाधन विभाग ने बताया कि मजदूर नहीं मिलने से रविवार को काम शुरू नहीं हो पाया तीन से चार दिनों में कैनाल से मिट्टी के कटाव को रोक दिया जाएगा।

# कु. भूमिका व प्राची साहू कराते की नियमित खिलाड़ी



**नवापारा राजिम,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। स्थानीय नवापारा सेजेस की दो छात्राओं का चयन संभाग स्तरीय कराते चौंपियनशिप के लिए हुआ हैं. ज्ञात हो कि रविवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मठपूरेना रायपुर में शालेय जिला स्तरीय कराते चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था । जिसमें अभनपुर विकासखंड से सेजेस हरिहर अंग्रेजी माध्यम शाला गोबरा नवापारा में अध्ययनरत कु. भूमिका साहू एवं प्राची साहू ने अभनपुर विकासखंड से प्रतिनिधित्व करते हुए आरंग, तिल्दा एवं धरसीवा संभाग के प्रतिभागियों को कड़ी चुनौती देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया एवम अपना स्थान शालेय संभाग स्तरीय कराते चयन प्रतियोगिता हेतु सुरक्षित किया हैं, जिस पर संस्था प्राचार्य श्रीमती संध्या शर्मा ने दोनों छात्राओं को बधाई देते हुए आगामी चयन प्रतियोगिता हेतु अपनी अग्रिम शुभकामनाएं दी। विदित हो कि दोनों ही छात्राएं पूर्व से सेजेस हरिहर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवापारा में संचालित कराते स्कूल की नियमित छात्राएं है, जिसके संचालक एवम अभनपुर विकासखंड कराते संघ के सचिव सेंसाई राजेश गिलहरे, उपाध्यक्ष सेंसाई देवेंद्र प्रसाद भारद्वाज हैं। शालेय संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागी दिनांक 10 से 13 सितंबर 2023 को कोरबा में आयोजित राज्य स्तरीय शालेय कराते चयन प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

# राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थान का बैठक संपन्न

## छग अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष हफीज खान ने अध्यक्ष न्यायाधीश श्री जैन से की भेंट

**राजनांदगांव**, 3 सितम्बर। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थान आयोग के अध्यक्ष न्यायाधीश श्री नरेंद्र कुमार जैन का छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान राजनांदगांव में जिला कार्यालय के सभागृह में बैठक संपन्न हुई, जहां छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष हफीज खान ने भेंट कर बैठक में भाग लिया। बैठक में न्यायाधीश श्री नरेंद्र कुमार जैन ने अल्प संख्यक समुदाय के लोगो को केंद्र शासन की शैक्षणिक योजनाओं की जानकारी दी और छग अल्प संख्यक आयोग के उपाध्यक्ष हफीज खान को राष्ट्रीय अल्प संख्यक शैक्षणिक संस्थान आयोग का पुस्तिका भेंट किया गया। बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष हफीज खान ने कहा कि सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ आगमन पर आपका हृदय से स्वागत करते हैं। श्री खान ने आगे कहा कि नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के सेमिनार मैं उपस्थित होकर मंत्री श्री जॉन बर्ला एवम राष्ट्रीय अल्प संख्यक आयोग के अध्यक्ष इकबाल सिंग लालपुरा को छत्तीसगढ़ के मदरसों में पढ़ाने वाले शिक्षकों के विगत 4 वर्षो से वेतन नहीं मिलने को अवगत कराया था, जिस पर आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। मैं पुन: आज आपको अवगत कराना चाहता हू कि मदरसों में पढ़ाने वाले शिक्षकों के वेतन जल्द से जल्द करने का कष्ट करेंगे ताकि उनलोगो को अपने परिवार का पालन पोषण में कठिनाइयों का सामना करना न पड़े। आपका छत्तीसगढ़ आने से उन शिक्षक शिक्षिकाओ को जिनको वेतन नहीं मिला है और आपके प्रयास से वेतन मिल जाता है तो आपका सदैव आभारी रहेंगे।



# बिजली बिल कटौती से जनता परेशान : शिव वर्मा



**राजनंदगांव,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। जिला भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष शिव वर्मा ने प्रदेश सरकार पर तीरवी आलोचना करते हुए कहा कि कांग्रेस सत्ता में आने के लिए बनाए गए लोक लुभावना जन घोषणा पत्र कांग्रेस की गले की हड्डी बन गई है। उन्होंने कहा कि बिजली कटौती के नाम से जनता हताश और परेशान है। उन्होंने कहा कि अघोषित बिजली कटौती से आम जनता परेशान है बिजली संकट और मनमाने बिल से लोग परेशान है। बारिश कम होने के कारण खेतों में दरारे पड़ रही है जिसे ट्यूबवेल के माध्यम से सिंचाई करना चाहते हैं लेकिन बिजली कटौती के करण किसान साथी परेशान है सरकार की निष्क्रियता का खामियाजा क्षेत्र की जनता को भुगतना पड़ रहा है अगर यही स्थिति रही तो आगामी विधानसभा चुनाव में क्षेत्र की जनता मिलकर सरकार की बत्ती गुल कर करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। ग्रामीण क्षेत्रों व कृषि क्षेत्र में स्थिति बेहद खराब होती जा रही है कई कई घंटे की अघोषित बिजली कटौती किया जा रहा है भाजपा सरकार के कभी बिजली संकट की स्थिति सामने नहीं आई वही आज कांग्रेस सरकार मे जनता अघोषित बिजली कटौती से भारी परेशान। वर्मा ने कहा कि कांग्रेस सरकार में आने के पूर्व भूपेश सरकार ने बिजली हाफ करने का वादा किया था लेकिन सरकार बने के पूरे 5 सालों में बिजली बिल की जगह पर बिजली सप्लाई को हाफ कर दिया। यही सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि रहा।

## सार-संक्षेप

### विधायक ने स्व. महंती को श्रद्धांजलि दी



**पिथौरा,** 3 सितंबर। पिथौरा के प्रतिष्ठित साहित्यकार स्व. शिवानंद महंती के प्रथम पुण्य स्मृति दिवस पर अपने रायपुर प्रवास के कारण सम्मिलित नहीं हो पाने के वजह से आज दूसरे दिन बसना विधायक एवं वन विकास निगम के अध्यक्ष राजा देवेंद्र बहादुर ने स्व शिवानंद महंती के निवास पर पहुंचकर शिवा महांती को श्रद्धांजलि अर्पित कर परिवार के सदस्यों से मिलकर उन्हें सांत्वना दिया। परिवार के सदस्यो ने आदरणीय विधायक महोदय को शिवा महांती की किताब कुछ ही क्षणों में भेंट की। विधायक देवेंद्र बहादुर के साथ पिथोरा नगर पंचायत के अध्यक्ष आत्माराम यादव विधायक प्रीतिनिधि अजय नंद दिनेश नामदेव शैलू डडसेना उपस्थित रहे।

### अभनपुर में 6 को कांग्रेस का संकल्प शिविर



**नवापारा राजिम,** 3 सितंबर। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनावों को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज़ है। इसी बीच कांग्रेस संकल्प शिविर और भेंट मुलाकात कार्यक्रम के माध्यम से लोगों तक पहुंचने की कोशिश कर रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इसी कड़ी में अभनपुर विकासखंड के नवापारा मंडी में 6 सितंबर को संकल्प शिविर का आयोजन किया गया है जिसमे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि विधानसभा चुनाव में अभनपुर से धनेंद्र साहू को टिकट मिलना तय ही माना जा रहा है। जिसके चलते नवापारा के संकल्प शिविर में धनेंद्र साहू बढ़ चढ़ के कार्यकर्ताओं के साथ संकल्प शिविर के सफ्ल आयोजन के तैयारियों का जायज़ा लेने पहुंचे।

# गांजा सहित आरोपी पकड़ाया, पहुंचा जेल



**राजनांदगांव,** 3 सितंबर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजनादगांव अभिषेक मीना के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले तथा नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व मे असामाजिक तत्वों एवं अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा, नशीली पदार्थ एवं शराब बिक्री करने वालो के विरूद्व चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 03.09.2023 को मुखबीर की सूचना मिला कि पुराना बस स्टैण्ड खालसा होटल के पास राजनांदगांव के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से गांजा रखा है, और बिक्री करने के लिए ग्राहक तलाश रहा है, कि सूचना पर मौके पर तत्काल स्टॉफ भेजकर रेड कार्यवाही किया आरोपी कृष्णा कुमार सिंह पिता स्व0 कुंज बिहारी सिंह उम्र 36 वर्ष साकिन अटल आवास पेण्ड्री थाना लालबाग जिला राजनांदगांव (छ0ग0) से विधिवत तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक सफेद रंग के गुलाबी हरे रंग की झोले में रखे अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा 3.000 किलो ग्राम किमती 18.000 रूपये बरामद हुआ, आरोपी के पास मादक पदार्थ गांजा रखने के संबंध में वैध कागजात रखना नहीं पाये जाने से मौके पर जप्त किया गया।

आरोपी का कृत्य धारा 20-बी एन0डी0पी0एस0 एक्ट के तहत सबूत पाये जाने पर अपराध क्रमांक 864/2023 धारा 20-बी एन0डी0पी0एस0 एक्ट कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय पेश किया गया, आरोपी का जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया है।

उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू, सउनि उदय सिंह चंदेल प्र0आर0 प्र0आर0 संदीप चैहान, मिलन साहू, आर0 रूपेन्द्र वर्मा, राम खिलावन सिन्हा प्रदीप जायसवाल रंजीत चौरसिया एंव थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।



**डोंगरगढ़।** प्रदेश के सह प्रभारी चन्दन यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष दिपक बैद से विधायक भुनेश्वर बघेल ने अपने क्षेत्र के ब्लॉक अध्यक्ष महिला पुरुष जोन अध्यक्ष एवं कार्यकर्ताओ के साथ मुलाक़ात किए।

## प्रादेशिकी का शेष...

### चोरी का आरोपी ...

कार्यवाही करने विवेचना में लगाया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान चोरी गई माल मुल्जिम का पता तलाश कर आरोपी दिनेश यादव पिता चैतराम यादव उम्र 35 साल साकिन कोदवा को हिरासत में लेकर उक्त चोरी की घटना के संबंध में पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से चोरी गये मोबाईल पुरानी इस्तेमाली किमती 5,000/- रूपये एवं सायकल पुरानी कीमती 2,000/- रूपये, कुल जुमला 7,000 रूपये को जप्त कर बरामद किया गया।

आरोपी दिनेश यादव पिता चैतराम यादव उम्र 35 साल साकिन कोदवा थाना साजा जिला बेमेतरा को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना साजा प्रभारी निरीक्षक मुकेश यादव, सउनि कृष्ण कुमार क्षत्री, प्रधान आरक्षक गौरी शंकर शर्मा एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

### दारू नही दूध पीजिये...

की इस लड़ाई में गांव की जनता भी जगह जगह स्वागत की और ।

नशा मुक्ति की इस कलश यात्रा के दौरान कई ग्रामीण भाईयों ने दूध पीकर नशा छोड़ने का संकल्प लिया।

यह अभियान 15 अगस्त से प्रारंभ होकर गाँव गाँव में कलश यात्रा जागरूकता रैली निकालकर आज़ादी के इस पर्व में देश को 'नशे से आज़ाद' कराने का संकल्प लिया।

इस अभियान के आयोजक ताराचंद माहेश्वरी है इस अवसर पर प्रचार्य सुरेश तिवारी,शिक्षक दिनेश शर्मा,नेहा सिन्हा और प्रधानपाठक रमेश तिवारी उपस्थित थे।

# सरकारी नुमाइंदों ने फर्जी नियुक्ति कर डकार ली 2 लाख 40 हजार की राशि

**गरियाबंद,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। जिले में शिक्षा और शिक्षा से जुड़े शैक्षणिक संस्थानों में भ्रष्टाचार के मामले थमने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। पिछले 5 सालों में देखा जाए तो भ्रष्टाचार के मामले को लेकर गरियाबंद के शिक्षा विभाग ने तो सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। तबादला, पदोन्नति, पोस्टिंग और सामग्री खरीदी के मामले में भ्रष्टाचार के नाम से शिक्षा विभाग लगातार सुर्खियों में रहा है। अब शिक्षा विभाग के समतुल्य ही राजीव गांधी शिक्षा मिशन अंतर्गत भी सरकारी राशि के गबन और भ्रष्टाचार का एक मामला उजागर हुआ है जो जिले से लिए राजधानी तक सुर्खियों बतौर रहा है। मामले में खास बात ये है कि फर्जी नियुक्ति कर सरकार राशि के गबन के बाद सरकारी नुमाइंदों ने कार्यवाही से बचने की जो तरकीब निकाली, उसने प्रशासन के भी कान खड़े दिए है। मामले में तात्कालिक डीएमसी श्याम चंद्राकर की भूमिका भी संदेह के दायरे में है।

## मामला उजागर हुए तो लीपापोती की कोशिश में जुटे

ताजा मामला जिले के देवभोग ब्लाक में स्थित कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय का हैं। राजीव गाँधी शिक्षा मिशन अंतर्गत संचालित इस आवासीय विद्यालय में सालभर पहले की गई एक लेखापाल के नियक्ति का मामला काफी सुर्खियों में है। इसकी शिकायत जिले के उच्च आला अफसर से भी की जा चुकी है। जानकारी के मुताबिक देवभोग ब्लाक में स्थित कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय में एक साल पहले बगैर विज्ञापन निकाले, सभी सरकारी भर्ती प्रकिया के नियमों को दरकिनार करते हुए यहां पदस्थ अधीक्षिका ने अपने ही रिश्तेदार को नियम विरुद्ध पूर्णकालिक लेखापाल के पद पर रख लिया। 20 हजार रुपए के मासिक वेतन के हिसाब से करीब एक साल तक उसके नाम से हर माह वेतन भी जारी होता रहा। एक साल में करीब दो लाख 40 हजार रुपए का वेतन जारी कर आहरण भी कर लिया गया। परंतु जैसे हीं मामला उजागर हुआ अधीक्षिका ने वेतन आहरण बंद कर दिया। सूत्रों के मुताबिक जिस युवती की लेखापाल के पद पर नियक्ती की गई वह एक दिन भी काम में नही गई। बल्कि इस अवधि में रायपुर में रहते हुए एक कालेज में नियमित छात्र के रूप पढ़ाई कर रही थी। पता तो ये भी चला है कि वह अधीक्षिका की ही रिश्तेदार है।

इधर, मामला उजागर होने के बाद चर्चा है कि पूरा प्रशासनिक अमला इसके लीपापोती में जुट गया। मामला संज्ञान में आने के बाद प्रशासन ने अधीक्षका के ऊपर बड़ी कार्रवाई करने के बजाय उक्त आहरित सरकारी राशि के रिकवरी निर्देश जारी कर किनारा कर लिया। मामले को लेकर चर्चा है कि पूर्व डीएमसी श्याम चंद्राकर की दखल के चलते हैं इसमें अब तक बड़ी कार्रवाई नहीं हुई है। दरअसल उक्त मामले में पूर्व डीएमसी श्याम चंद्राकर की भूमिका भी संदेह के दायरे में है। क्योंकि उनके डीएमसी होते ये सरकारी राशि के गबन का खेल चलता रहा। देखा जाए तो नियम विरुद्ध नए कर्मचारी के नियुक्ति और वेतन आहरण की जानकारी डीएमसी कार्यालय को न होना संभव नहीं हैं।

सूत्रों के मुताबिक इस मामले में विभागीय जांच और सरकारी राशि के नियम विरुद्ध आहरण को लेकर दोषी नजर आ रही अधीक्षिका पर कार्यवाही को लेकर प्रशासन का स्टैंड स्पष्ट नजर नहीं आ रहा है। अब तक की कार्रवाई को लेकर यही प्रतीत हो रहा है कि सीधे तौर पर प्रशासन मामले को दबाने और लीपा पोती करने में जुटा हुआ है।

इधर मामले को लेकर इस बात की भी चर्चा जोरों पर है कि संबंधित अधीक्षिका को देवभोग ब्लाक में अपने रिश्तेदार को छोड़कर कोई अन्य लेखापाल के पद के लिए योग्य नहीं मिला। ऐसे जरूरतमंद को नौकरी पर रखा गया जो खुद दूसरे ब्लॉक के निवासी है, जिसके परिवार के सदस्य पहले से ही मैनपुर ब्लाक में शिक्षा अधिकारी के दफ्तर में लिपिक के पद पर कार्यरत है। ऐसा प्रतीत होता है की शाला विकास समिति को भी गुमराह किया गया है। इस सम्बध में कलेक्टर के पास आवेदन देकर अलग से मामले जांच की बात मांग की गई है।

जानकार प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि सीधी भर्ती के तहत नियुक्त किसी भी तृतीय श्रेणी लिपिक वर्ग के कर्मचारी को इतना वेतन प्राप्त नहीं होता है। शासन स्तर पर नया कोई मानदेय निर्धारित किया गया होगा तो शायद यह संभव हो परंतु हमारी जानकारी में यह बात अभी समाने नहीं आई है द्य वहीं कुछ लोगों का कहना है कि यह आसानी से केवल भ्रष्टाचार करने के उद्देश्य से ही सम्भव हो सकता है।

*इस संबंध में कलेक्टर **आकाश छिकारा** से चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि शिकायत सामने आने के बाद रिकवरी आदेश जारी किए गए हैं। विभागीय जांच के बाद संबंधित अधीक्षिका के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।*

# कांग्रेस शासन काल में छग बना अपराध गढ़ : लक्ष्मी बघेल



**बलौदाबाजार**, 3 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में जब से कांग्रेस की सरकार आई है तब से अपराधियों के हौसले बुलंद हो गए हैं। कानून का डर किसी भी अपराधियों में जरा सा भी नहीं दिख रही है। यही वजह है कि विगत दिनों रक्षाबंधन के पवित्र अवसर पर रायपुर से लगे गांव में दो सगी बहनों से दरिंदगी की विभत्स घटना घटी है। उक्त बाते बलौदाबाजार के पूर्व विधायक श्रीमती लक्ष्मी बघेल ने कही। पूर्व विधायक बालौदाबाजार एवम् भाजपा नेत्री श्रीमती लक्ष्मी बघेल ने छत्तीसगढ़ सरकार पर आरोप लगाते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ में पूरा सिस्टम ही अपराधियों का हौसला बढ़ा रहा है। सड़कों पर बाइक से स्टंट कर भय का वातावरण बनाने वालों, सरेआम चाकू लहराते वालों और सार्वजनिक स्थान पर शराबखोरी करने वालों पर ढंग से कार्यवाही की जाती तो इस तरह की घटना ना घटती और अपराधी ऐसी घटना करने से पहले सोचते। ऐसी घटनाएं प्रशासनिक व्यवस्था के साथ-साथ समाज के समक्ष के गंभीर प्रश्न खड़ा कर रहे हैं। श्रीमती लक्ष्मी बघेल ने छत्तीसगढ़ सरकार पर शराब बंदी करने का वादा कर लोगों को ठगने का आरोप लगाया है। गंगा जल की सौगंध खाकर वादा तोड़ने वाली कांग्रेस पार्टी को चुनाव में सबक सिखाएगी। छत्तीसगढ़ के कानून व्यवस्था खराब होने के लिए भूपेश बघेल सरकार पूरी तरह से जिम्मेदार है।

# भाजपा प्रत्याशी विक्रांत के सामने कांग्रेस से आखिर कौन होगा प्रत्याशी ?

**खैरागढ़,** 3 सितम्बर (देशबन्धु)। खैरागढ़ विधानसभा के गलियारों में लगातार चर्चा हो रही है। कि खैरागढ़ विधानसभा से पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह के भांजे विक्रांत सिंह को भाजपा ने अपना विधानसभा प्रत्याशी घोषित कर दिया है। लेकिन छत्तीसगढ़ राज्य में काबिज कॉंग्रेस पार्टी ने अभी तक अपना प्रत्याशी 90 विधानसभा में किसी भी सीट पर तय नही किया है। लेकिन खैरागढ़ में लगातार गाँव गली में ये चर्चा हो रहा है। कि कॉंग्रेस अपना प्रत्याशी खैरागढ़ विधानसभा के लिए किसे मैदान में उतारता है।

यदि वर्तमान विधायक यशोदा वर्मा की बात करे तो पाठको को बता दें कि उपचुनाव में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा कई घोषणा करने के बाद यहां तक कि खैरागढ़ - छुईखदान- गंडई को जिला के घोषणा सहित साल्हेवारा में तहसील कार्यालय, जालबांधा में उपतहसील कार्यालय सहित बाजार अतरिया में कॉलेज जैसे घोषणा करने के बाद भी भाजपा की मजबूत स्थिति को देखते हुए स्वयं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को सेक्टर स्तर में सभा लेना पड़ गया था। कांग्रेस पार्टी में छत्तीसगढ़ के अधिकतर विधायको का डेरा लगा हुआ था। तब जाकर कांग्रेस पार्टी यहाँ से उपचुनाव में जीत पाई थी। अगर बात पूर्व विधायक गिरवर जंघेल की करे तो पाठको को बता दें कि जब 2018 में चुनाव हुआ था। तो उसमे जनता कांग्रेस से दिवंगत विधायक देवव्रत सिंह चुनाव जीते थे। जिसमें भाजपा दूसरे नम्बर पर था। वही कांग्रेस के प्रत्याशी गिरवर जंघेल बुरी तरह से हार गए थे। विधायक रहने के बाद भी तीसरे नम्बर पर आए थे। जिसके बाद कांग्रेस पार्टी की जमकर किरकिरी हुई थी। जिसे देखकर ऐसा कयास लगाया जा सकता है। कि उनको भी पार्टी मैदान में उतारने से पहले इनके हार का अंतर जरूर भापेगी वही खैरागढ़ कृषि उपज मंडी के अध्यक्ष दशमत जंघेल की बात करे तो चर्चा में यह बात खुलकर सामने आ रही है। कि 2020 में अतरिया क्षेत्र से कांग्रेस ने इन्हें अपना जिला पंचायत का उम्मीदवार बनाया था। लेकिन जातिवाद भी नेस्तनाबूत होकर रह गई। तथा इनको हराकर भाजपा से विक्रांत सिंह जिला पंचायत सदस्य बने उसके बाद जिला पंचायत के उपाध्यक्ष रहते हुए वर्तमान में खैरागढ़ विधानसभा चुनाव में भाजपा के उम्मीदवार घोषित हुए है। जिससे यह अनुमान लगाया जा रहा है। कि विक्रांत जिला पंचायत के चुनाव में छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार के रहते हुए जिला पंचायत चुनाव में जीत हासिल कर उपाध्यक्ष का पद हासिल कर लेता है। वही कई ऐसे नेता भी कांग्रेस पार्टी के टिकट के दौड़ में शामिल हैं। जिनको चुनाव का अनुभव तक नही है। लेकिन टिकट के लिए राजधानी तक दौरा खूब कर रहे हैं। वही छुईखदान क्षेत्र से जिला पंचायत सदस्य निर्मला वर्मा के प्रतिनिधि विजय वर्मा का नाम चर्चा में चल रहा है। चूंकि जातिगत बाहुल्यता में भी इनकी पैठ जमी हुई है। वे जनपद पंचायत से लेकर जिला पंचायत तक का चुनाव में इनको अनुभव के साथ साथ कांग्रेस पार्टी में सक्रियता की चर्चाएं चल रही है। जानकारी अनुसार विजय वर्मा सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से कांग्रेस सरकार की योजनाओं को आमजनता के बीच में जाकर गिना रहे हैं। व जनता से कांग्रेस सरकार को दोबारा छत्तीसगढ़ में लाने की अपील कर रहे हैं। अब देखना होगा कि कांग्रेस पार्टी इस बार खैरागढ़ विधानसभा चुनाव में आखिर किसको अपना विधायक प्रत्याशी घोषित करता है।

# महोबिया समाज के लोगो ने कांग्रेस से विधायक के लिए कपिनाथ महोबिया के लिए मांगा टिकट

**छुईखदान,** 3 सितम्बर (देशबन्धु)। महोबिया, तंबोली, पंसारी, थवाईत समाज जो को पिछड़ा वर्ग मे आता है छुईखदान में प्रेस वार्ता कर खैरागढ विधानसभा से अपने समाज के लिये कांग्रेस पार्टी से विधायक टिकट की कपिनाथ महोबिया के लिये मांग किया रज्जू महोबिया पूर्व अध्यक्ष महोदिया समाज के द्वारा बताया गया कि छुईखदान का इतिहास है आजादी की लड़ाई मे महोबिया समाज का भी विशेष योगदान रहा है इसी कारण छुईखदान को शहीद नगरी बोला जाता है स्व.अमृत लाल महोबिया जी छुईखदान के विधायक रहे है,वर्तमान मे नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पार्तिका संजय महोबिया, उपाध्यक्ष उमाकांत महोबिया, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष ललित महोबिया, पार्षद प्रकाश महोबिया ,पद पर है समाज के कई लोग पार्टी संगठन के कई पदो मे है हमारी मांग है की खैरागढ़ विधानसभा मे इस बार महोबिया समाज को विधायक सीट का टिकट दिया जाये, कपिनाथ महोबिया के पक्ष मे महोबिया समाज एक होकर टिकट की मांग कर रहे है, पूर्व मे सांसद विधायक प्रतिनिधि रहे है, डॉ रमन सिंह जी की सरकार के समय कांग्रेस पार्टी के गाईड लाईन पूरा पार्टी का कार्य करते थे धरना प्रदर्शन जेल भरो आंदोलन पार्टी के प्रति वफादार रहे है,2012मे खैरागढ़ ब्लाक कांग्रेस महासचिव पद पर रहे,2009 मे राजनांदगांव जिला युवक कांग्रेस उपाध्यक्ष रहे,2014 खैरागढ़ ब्लाक कांग्रेस सह प्रवक्ता रहे, सगठन के कई पदो पर रहे है,छुईखदान से लगे ग्राम शाखा के किसान है, समाज के पूर्व अध्यक्ष रज्जु महोबिया, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष ललित महोबिया, पार्षद प्रकाश महोबिया, नीरज पूर्व पार्षद एल्डरमैन प्रमोद महोबिया, जितेंद्र महोबिया, देवेंद्र महोबिया, भीम महोबिया, चिंटू महोबिया, अनिल महोबिया पत्रकार भाईयो सहित समाज के लोग बड़ी संख्या मे उपस्थित थे।



# लमरा के जंगल को पैलीमेटा के किसानों द्वारा घेर लेने से नाराज ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**खैरागढ़,** 3 सितम्बर (देशबन्धु)। छुईखदान ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम लमरा के जंगलों में वन विभाग की जमीन को पैलीमेटा के किसानों द्वारा घेर लेने से नाराज लमरा के किसानों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। किसानों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर से शिकायत करते हुए किसान मनोज, रघु, धनसिंग, विजेराम, दयालू, केदार, मांगीलाल, लक्ष्मण, भगऊराम, विशाल, बलराम सहित किसानों ने कलेक्टर को बताया कि ग्राम लमरा के मवेशी चारा चराने के लिये जंगल जाते हैं लेकिन वन विभाग के अधिकारियों से मिलीभगत कर ग्राम पैलीमेटा के किसानों द्वारा जंगल को घेर लिया गया है जहां कृषि कार्य किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि जंगल के लगभग 70 एकड़ जमीन को बेजा कब्जा कर कृषि कार्य किया जा रहा है। जिसके कारण अब मवेशियों के चारागाह के लिये जमीन नहीं बच पा रही है। ऐसे में किसान अपने मवेशियों की देखभाल कैसे करेंगे। किसानों ने बताया कि वन विभाग के पास इतनी जमीन नहीं है फिर भी अधिक मात्रा में जमीन कब्जा किया गया है। उक्त भूमि पर तीन पीढ़ी से किसान मवेशी चराते आ रहे हैं लेकिन वर्तमान में जमीन पर बेजा कब्जा के चलते मवेशियों को चराने के लिये जमीन नहीं बची है। किसानों ने मांग की है कि उक्त अतिक्रमित जमीन की जांच कर अतिक्रमण करने वालों पर कार्यवाही की जाये और चारागाह के लिये जमीन दिलाई जाये।



# भाजपा प्रत्याशी देवलाल ठाकुर को सभी वर्गों व मंडलों का मिल रहा सहयोग

- ग्रामीण विकास की सारी योजना कांग्रेस सरकार में भ्रष्टाचार के भेट चढ़ी
- आदिवासियों के आरक्षण को लेकर कांग्रेस 5 साल के सत्ता में सिर्फ की राजनीति

**दल्लीराजहरा/डौण्डी,**3 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी डौंडीलोहारा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक - 60 से अधिकृत प्रत्याशी देवलाल ठाकुर को विधानसभा अन्तर्गत आने वाले डौण्डीलोहारा दल्लीराजहरा, डौण्डी व खेरथा के आदिवासियों व दिगर समाज के साथ क्षेत्र के समस्त मंडल अध्यक्ष व मंडल के सभी पदाधिकारीयो का भरपुर सहयोग मिल रहा है। प्रत्याशी देवलाल ठाकुर रोजाना किसी न किसी मंडलो के अन्तर्गत आने वाले शक्तिकेंद्रो व बूथों मे जनसंपर्क कर डौण्डीलोहरा विधानसभा में कमल खिलाने में रणनीति बना रहे। साथ ही गांव के ग्रामिणों किसान युवाओं महिलाएं व शहर के नागरिकों से जनसंपर्क भी कर भाजपा के पक्ष में माहौल बना रहे है। साथ ही गांव के ग्रामिणों से रू व रू होकर ग्रामिणों को कांग्रेस की भूपेश सरकार की नाकामियों को भी बता रहे है। इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी देवलाल ठाकुर ने देशबन्धु से कहा की आदीवासियों की जल जंगल जमीन की रक्षा मोदी की सरकार कर रही है।आदीवासियों का समावेशी विकास मोदी जी का लक्ष्य है,सन 2000 में मध्य प्रदेश से अलग हो कर छ.ग बना उस समय आदिवासियों को 20 प्रतिशत आरक्षण मिलता था 2003 में रमन सिंह ने आरक्षण को 32 प्रतिशत किया जिससे आदीवासी वर्ग से डॉक्टर इंजिनियर कलेक्टर बनने का सपना पुरा हुआ। कांग्रेस की सरकार आदिवासियों के आरक्षण को लेकर 5 साल की सत्ता में सिर्फ राजनीति करने का कार्य किया है। डौण्डीलोहारा विधानसभा क्षेत्र सहित पुरे प्रदेश के ग्रामिण विकास की सारी योजना भ्रष्टाचार के भेट चढ़ गई है। क्षेत्र की जनता विधान सभा चुनाव में कांग्रेस की प्रदेश की सत्ता से उखाड़ फेकने का मन बना चुकी है। इस अवसर पर डौंडीलौहारा मंडल अध्यक्ष रुपेश सिन्हा, दल्लीराजहरा मंडल अध्यक्ष, राकेश द्विवेदी, डौंडी मंडल अध्यक्ष मनीष झा खेरथा मंडल अध्यक्ष दिनेश्वर बघेल भाजयुमो अध्यक्ष सजीव सिंह पार्षद व भाजपा युवा मोर्चा संजीव मानकर, हिरेन्द्र गायकवाड ( डौंडीलौहारा) देवेन्द्र जोशी खेरथा व युवा मोर्चा की सैकड़ों कार्यकर्ता गांव गाव में पहुच कर कांग्रेस के पांच साल के भ्रष्टाचार को ग्रामिणों के पास रख कर बदलबो बदलबो ये दारी कांग्रेस सरकार ला बदलबो नारे के साथ प्रचार प्रसार कर रहे हैं। जनसंपर्क अभियान में युवा वर्ग के साथ कई ग्रमिणों ने भाजपा के नीति रीति विचारधारा से प्रभावित हो कर भाजपा की सदस्यता ले रहे है।



# शहर के तीन बड़े सट्टा खाईवाल को सट्टा-पट्टी व नगदी के साथ पुलिस ने किया गिरफ्तार

- अन्य मामले में भी आबकारी एक्ट तहत की गई कार्यवाही

**बालोद,** 3 सितम्बर (देशबन्धु)। अवैध रूप से जुआ, सट्टा, शराब, गांजा की तस्करी को रोकने हेतु पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव के मार्गदर्शन में व थाना प्रभारी बालोद निरीक्षक रविशंकर पाण्डेय ने थाना स्तर पर एक विशेष टीम तैयार किया। जिसके तारतम्य में 2 सिंतबर को जुर्म जरायम पतासाजी हेतु टऊन देहात रवाना हुआ था कि सूचना प्राप्त हुआ कि बालोद शहर के सिंधी कालोनी, पाण्डेपारा एवं रेल्वे कालोनी के पास सट्टा पट्टी लिख रहा है कि सूचना पर अलग.अलग टीम बनाकर घेराबंदी कर पकड़े गये जो अपना अपना नाम अविनाश उर्फ छोटू महराज पिता स्वण् रामानुज शर्मा उम्र 35 साल साकिन पाण्डेपारा वार्ड क्र 06 बालोद थाना व जिला बालोद जिसके कब्जे से एक नग सट्टा पट्टी 01 नग डाट पेन नगदी रकम 2010 रूण् बरामद कर अपराध कायम किया गया है। वंही जितेन्द्र वाधवानी उर्फ विक्की पिता स्वण् दिलीप वाधवानी उम्र 37 साल साकिन मरारपारा वार्ड क्र 08 बालोद थाना व जिला बालोद जिसके कब्जे से एक नग सट्टा पट्टी 01 नग डाट पेन नगदी रकम 2050 रूण्बरामद कर अपराध कायम किया गया है। साथ ही रवि वाद्यवानी पिता स्वण् दिलीप वाद्यवानी उम्र 33 साल साकिन मरारपारा वार्ड क 08 बालोद थाना व जिला बालोद जिसके कब्जे से एक नग सट्टा पट्टी 01 नग नीला स्याही पेन नगदी रकम 2150 रूण् बरामद कर अपराध कायम किया गया है।

वंही इस कार्यवाई में आबकारी एक्ट के तहत भी कार्यवाई की गई है। जिसमें रमेश ढीमर पिता स्वण् विशाल ढीमर उम्र 63 साल साकिन वार्ड क्र 09 कुर्मीपारा बालोद थाना व जिला बालोद के कब्जे से 19 नग देशी प्लने शराब कुल 3.420 ब्लक लीटर कीमती 1520 रूणए विक्री रकम 320 रूण् को कब्जा पुलिस लेकर अपराध कायम किया गया। देवनारायण यादव पिता रिखीराम यादव उम्र 53 साल ग्राम जगतरा थाना व जिला बालोद के कब्जे से 17 नग देशी प्लने शराब कुल 3.060 ब्लक लीटर कीमती 1360 रुण् विकी रकम 120 रु को कब्जा पुलिस लेकर अपराध कायम किया गया। वंही गिरवर दास रात्रे पिता पवन कुमार राजे उम्र 29 साल साकिन आमापारा बालोद थाना व जिला बालोद के कब्जे से 20 नग देशी प्लने शराब कुल 3.600 ब्लक लीटर कीमती 1600 रूणए विकी रकम 160 रु को कब्जा पुलिस लेकर अपराध कायम किया गया।

# लो वोल्टेज और बिजली कटौती से छुईखदान की जनता त्रस्त

**छुईखदान,** 3 सितम्बर (देशबन्धु)। जहा एक और उमस और गर्मी से जनता का हाल बुरा है वही अघोषित बिजली कटौती बार-बार बिजली गुल हो जाना और लो वोल्टेज से छुईखदान की जनता के साथ साथ ग्रामीण जन परेशान है प्रतिदिन सुबह से लेकर रात्रि तक बिजली गुल कर दी जा रही है विभाग की लचर व्यवस्था से विद्युत के निरंतर आपूर्ति में बाधा उत्पन्न हो रही है घर के कूलर पंखे भी ठीक से नही चल पा रहे है किसान भी अल्प वर्षा से बोर व टयूबवेल पर ही आश्रित है फसल चौपट होने की कगार पर है किसानो ने बैंक से कर्ज लिया है,उसे कैसे पटाएंगे इसकी चिंता उनके चेहरो पर साफझलक रही है विद्युत विभाग द्वारा लगतार कटौती और लो वोल्टेज से शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र के लोगो को परेशान कर के रख दिया है विद्युत विभाग के अधिकारियो से पूछने पर वह वही रटा रटाया जवाब देते है कि यह सब बाहर से हो रहा है क्षेत्र की जनता ने उच्च अधिकारियो व जन प्रतिनिधियो से इस समस्या को जल्द से जल्द हल करने की मांग की है।

***मदलसा विश्वकर्मा सहायक अभियंता विद्युत मंडल छुईखदान -ओवरलोडिंग के वजह से समस्या हो रही है शीघ्र ही दूर हो जाएगी।***

# दाऊचौरा के आंगनबाड़ी केन्द्र में मनाया गया वजन त्योहार



**खैरागढ़,** 3 सितम्बर (देशबन्धु)। शासन के आदेशानुसार आंगनबाड़ी केंद्रों में वजन त्योहार मनाया जा रहा है।नगर के दाऊचौरा वार्ड में भी आंगनबाड़ी केन्द्र में वजन त्योहार/पर्व मनाया गया बच्चों का वजन लंबाई मापा गया इस अवसर पर भाजपा वार्ड पार्षद विनय देवांगन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पिंकी ठाकुर, विनीता देवांगन, सहायिका सरिता सारथी, कुमारी देवांगन सहित आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ने वाले बच्चो सहित अभिभावक बड़ी संख्या मौजूद रहे।

# चित्रसेन साहू बने भाजपा ग्रामीण मंडल के महामंत्री



**बालोद,** 3 सितम्बर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मंडल बालोद के महामंत्री पद पर ग्रामीण मंडल बालोद के सक्रिय ऊर्जावान कार्यकर्ता एवं वर्तमान किसान मोर्चा के प्रचार प्रसार जिला मंत्री चित्र सेन साहू को भाजपा जिला प्रभारी मधुसूदन यादव के सहमती से जिला भाजपा अध्यक्ष कृष्णकांत पवार के अनुमोदन, मंडल प्रभारी संधिया भारद्वाज के सहमती पश्चात ग्रामीण मंडल बालोद के मंडल अध्यक्ष प्रेम साहू ने मंडल महामंत्री नियुक्त किया। जिला भाजपा कार्यालय में नियुक्ति पत्र जारी करते हुए संगठन में चित्र सेन की सक्रियता एवं संगठन कार्यों में उनके तनमयता की सराहना करते हुए सभी उपस्थित भाजपा पदाधिकारीयो ने उनके उज्जवल राजनीतिक भविष्य की कामना की इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्णकांत पवार, जिला उपाध्यक्ष राकेश छोटू यादव, जिला मंत्री शरद ठाकुर, नरेश साहू, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रेम साहू, महामंत्री दानेश्वर मिश्रा, नवागढ़ में विस्तारक वीरेंद्र साहू, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष आदित्य पिपरे, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष जितेंद्र साहू, युवा मोर्चा महामंत्री खेमलाल देवांगन, मंडल उपाध्यक्ष देवघर साहू, कार्यालय प्रभारी लोकेश श्रीवास्तव, वरिष्ठ नेता दुर्जन साहू, राजीव शर्मा, नरेंद्र सोनवानी, गिरजेश गुप्ता, कमल पानपालिया, संदिप सिन्हा, सतानंद साहू, संतोष साहू, मनीष साहू सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राजीव युवा मितान सम्मेलन में गुरुर ब्लॉक से युवा हुए शामिल

**गुरुर,** 3 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आयोजित राजीव युवा मितान सम्मेलन में कांग्रेस नेता राहुल गांधी सहित प्रदेश के मुख्यमंत्री सहित अन्य मंत्री शामिल हुए।

इस सम्मेलन में गुरुर ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष शैलेश मोनू ठाकुर ग्राम खूदंनी निवासी के नेतृत्व में क्षेत्र के युवा बड़ी संख्या में शामिल हुए। रायपुर में हुए राजीव युवा मितान सम्मेलन में सांसद राहुल गांधी ने उपस्थित युवाओं का आभार जताया, उन्होंने कहा कि इतनी गर्मी में आप लोग आए, अपना कीमती समय दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं। राहुल गांधी ने मंच से कहा कि छत्तीसगढ़ और देश की राजनीति में युवाओं की भागीदारी बढ़नी चाहिए, हम आपके लिए राजनीति के दरवाजे खोलना चाहते हैं। युवा विधायक बने, प्रधान बने, राजनीति में आगे बढ़े। छत्तीसगढ़ में युवा मितान क्लब का गठन किया गया और इसने प्रदेश भर के हजारों युवाओं को इसी उद्देश्य से शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में अलग-अलग स्किल हैं। हर जिले में आप लोग कुछ अलग सा बनाते हो, छोटी उद्यमियों को बैंक लिंकेज नहीं मिल पाता, मैंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से कहा कि आपका फोकस इन पर होना चाहिए, इसके मार्केटिंग पर होनी चाहिए,इससे लाखों युवाओं को रोजगार मिलेगा। छत्तीसगढ़ देश का केंद्र है, इस देश का लाजिस्टिकल सेंटर बनाना चाहिए।



# पर्वों का मूल संदेश प्रकृति संस्कृति का संरक्षण: द्विवेदी

**राजनांदगांव,** 3 सितम्बर (देशबन्धु)। देश-धरती में अद्वितीय आदर्श हमारी सनातन संस्कृति के पर्वो के आयोजन का सदा-सर्वदा से मूल संदेश प्रकृति का संरक्षण-संवर्धन रहा है। इसी महत्तम संदेश के सर्वश्रेष्ठ सावन एवं भादो मास के पवित्र महापर्वो के महत्तम परिप्रेक्ष्य में नगर के विचार प्रज्ञ प्राध्यापक डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी ने विशेष आह्वान टीप में बताया कि सावन-भादो माह के पर्व त्योहारों का सहज-सरल सदेंश हमेशा से परस्पर प्रेम, शांति, सामाजिक सदभाव को सुरक्षित रखने के साथ-साथ प्रकृति तथा प्राकृतिक वातावरण के तत्वों को भी संरक्षित करना है। उल्लेखनीय है कि सनातन परंपरा में सर्व जन-जन अपने शुभमंगल पर्वो पर सरल रूप में समस्त पूजन, पवित्र कर्म-कार्य में हरित पत्तियों, फलों-पुष्पों के साथ-साथ हल्दी, चंदन, अक्षत, जौ, दूध, दही, मक्खन, घी एवं मिष्ठान आदि का अर्पण करते हैं। वह भी केला, बरगद, पीपल, आम आदि महावृक्षों के तले वस्तुत- प्रकृति का पूजन परम वृक्षों का संरक्षण, संवर्धन ही है। जो पर्वो के आयोजन के मूल उद्देश्य को सहज रूप से सफलीभूत करता है। आगे प्राध्यापक डॉ. द्विवेदी ने जोर देकर स्पष्ट किया कि सर्वजनों के लिए हमारे समस्त सांस्कृतिक, प्राकृतिक पर्वो का अनमोल अनुपम संदेश प्रकृति तत्वों - जल, मिट्टी, वायु के संयोजन, समन्वय आधारित हरियाली वन वनस्पित्तीयों का संरक्षण करना ही होता है। जिसका सरलतम कर्म-कार्य स्वरूप है कि प्रत्येक पर्व पर हरियाले फलदार वृक्ष लगायें और हर हाल में प्रकृति अनुकूलित जीवन-शैली को बढ़ावा देकर पृथ्वी पर जीवन सभ्यता की उत्कर्षता को बनाए रखा जावे। यही श्रेष्ठ सार्थक अर्थो में सुभमंगल इन पर्वो के आयोजना का महत्तम संदेश है। फोटो सहित समाचार रूप में जारी करने हेतु सधन्यवाद प्रेषित।



# प्रवीण मेश्राम ने प्रदेशसचिव नियुक्ति पर जताया कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष का आभार, लिया आशीर्वाद

**राजनांदगांव,** 3 सितंबर (देशबन्धु)।। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के दीपक बैज के अध्यक्ष बनने के पश्चात संगठन मे विस्तार और नियुक्तियों का दौर जारी है जिसमे संगठन के महत्वपूर्ण पद पर प्रदेश सचिव प्रवीण मेश्राम की भी नियुक्ति हुई है नवनियुक्त प्रदेश सचिव का दायित्व ग्रहण करने के पश्चात प्रवीण मेश्राम ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज से रविवार को सौजन्य मुलाकात की। श्री मेश्राम ने अपनी नियुक्ति को लेकर आभार व्यक्त करते हुए श्री बैज से पार्टी को मजबूत करने और समय-समय पर मिलने वाली जिम्मेदारी का निष्ठा के साथ निर्वहन करने का भरोसा जताया।

प्रदेश अध्यक्ष श्री बैज से बतौर सचिव मेश्राम की पहली मुलाकात है। राजधानी रायपुर में आज सुबह भेंट के दौरान राजनांदगांव और कवर्धा जिले की सियासी स्थिति को लेकर भी बैज ने जानकारी ली। संभावना जताई जा रही है कि नियुक्त प्रदेश सचिवों को विधान सभावार प्रभार सौंपा जा सकता है। मेश्राम को कवर्धा के किसी एक विधानसभा का प्रभारी नियुक्ति किए जाने की चर्चा है। प्रारंभिक रूप से इस विषय पर पहले दौर की चर्चा भी हो गई है। इधर मेहुल मारू, निखिल द्विवेदी, क्रांति बंजारे, हिमानी वासनिक समेत अन्य नवनियुक्त सचिवों को भी जिम्मेदारी दिए जाने की अटकले लग रही है।

बताया जाता है कि एक-दो नाम को छोडक़र ज्यादातर प्रदेश सचिव विधानसभा चुनाव लडऩे के दावेदारों में नहीं है। जमीनी स्तर पर कुछ सचिवों की अपने इलाके में अच्छी पकड़ है। संगठन ऐसे सचिवों को विधानसभा प्रभारी नियुक्त कर चुनाव में पार्टी को जीत दिलाने के लिहाज से बेहतर मान रहा है। इस दौरान बीजापुर जिला पंचायत के अध्यक्ष कोडियाम भी शामिल हुए।



उल्टा पुल्टा

एक देसी पहलवान के किसी अनजान नंबर से फोन आया।
**महिला**- क्या आप शादी शुदा हो?
**देसी पहलवान**- नहीं तो, लेकिन आप कौन हो।
**महिला**- तुम्हारी पत्नी, घर आना फिर बताती हूं।

# बादलों के आंख मिचौली से किसान पानी के लिए चिंतित

**बलौदाबाजार,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। बादलों के आंख मिचौली से अंचल के माटी पुत्र और अन्नदाता किसान चिंतित हैं। वे अपनी साल भर के मेहनत की कमाई खेती को लेकर उमड़ते-घुमड़ते बादलों को देखते ही कुछ देर आशान्वित होकर ईश्वर से प्रार्थना करते हुए वर्षा होने की आस में हर्षित मुद्रा में बादलों की ओर आशाभरी निगाहों से निहारता है, किन्तु कुछ ही देर बाद बादलों के छट जाने और धूप निकलने पर सिर पकड़कर अत्यधिक चिंतित होकर निहारते हुए ऊपर वाले से सवाल करता है, कि हे भगवान हमसे ऐसी क्या गलती हो गयी कि हमारे साथ ही ऐसा होता है। गौरतलब है इतिहास के पन्नों में यह अंकित है कि कृषि मानसून का जुआ है जो कि शास्वत सत्य है चूंकि हारे जुआरी की तरह ऐसी स्थिति में किसान सोचता है, ऐसे में अब हम जीवन यापन कैसे करेंगे।78 वर्षीय रावन निवासी भागीरथी लहरी अपने खेत के वस्तुस्थिती को देखकर पानी के आस में चिंतित होकर बादलों की ओर निहारते ईश्वर से प्रार्थना करते हुए दिखाई दे रहे है।



ज्ञात हो कि बलौदाबाजार क्षेत्र के केनाल क्रमांक 13 से नहर से पानी बहना बंद हो गया है जिससे किसान काफी परेशान है। बीबीसी केनाल के 13 नम्बर का गेट बंद होने से क्षेत्र के किसानों के खेतों में पानी नही पहुंचने से किसानों में आक्रोश देखा गया है। ग्राम रवान, अर्जुनी, भद्रापाली, खैरताल, टोनाटार, खम्हरिया आदि ग्रामों के किसानों ने कल जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा से मुलाकात कर उक्त समस्याओं से अवगत कराया गया। जिस पर श्री वर्मा ने सिंचाई विभाग के उच्च अधिकारियों को फोन के माध्यम से तत्काल पानी की समस्या हल करने को कहा है। ज्ञात हो कि बारिस बंद हो जाने के चलते खेतों का पानी सुख रहा हैं। वही नहर से पानी खेतों तक नही पहुंच पानें से किसान चिंतित है। जबकि नहर से अंतिम टेल तक के पानी अभी तक नहर से पहुंच नही पाया है। उक्त स्थिति को देखते हुए नहर के अंतिम छोर तक के किसानों में चिंता व्याप्त है।

## नहर से पानी नही पहुंचने से क्षेत्र के किसान परेशान

**संडीबंगला/बलौदाबाजार।** वहीं सिद्धेश्वर धाम जारा के आस पास के किसान बंधुओं के खेतो में जहां नहर से पानी नही पहुंच रही है वहीं बारिस नही होने से किसान चिंतित है। नहर से पानी तो छोड़ दिया किया गया है लेकिन नहर नाली से पानी किसानों के खेत तक नहीं पहुंच रही है। किसानों का कहना है कि नाली नम्बर 3 को दो तीन दिन से लागातार बंद कर रहे हैं जिसे कुम्हारी, जारा, छेरकाडीह, परसवानी किसानों के खेत ताक पानी ही नहीं पहुंच रहा है जिसे खेत सुखने के कगार पर आ गया है। किसानों द्वारा सम्बंधित आधिकारी को पुछने पर कहते हैं कि सिंचाई विभाग के एस. डी.ओ. पटवारी का बंद करने का आदेश है जबकि नाली नम्बर 3 का पानी डमरू तक पहुचाना है। जहाँ पानी नहीं पहुंच रहा है। ये जानकारी उप अभियंता राजभानू सिंह ने किसानों को दिया। किसानों का कहना है कि अगर शीघ्र नहर से पानी नही दिया गया तो किसानों द्वारा आंदोलन किया जायेगा।

## नहर नाली से पर्याप्त मात्रा में पानी देने की मांग किसानों ने की

**अर्जुनी/बलौदाबाजार।** जल संसाधन विभाग बलौदाबाजार के अंतर्गत नाहर नाली क्रमांक 13 में आखिरी टेल तक नहर नाली का पानी किसानों के खेतों तक नहीं पहुंच पाने से किसानों में जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के प्रति भारी आक्रोश व्याप्त हैं। ग्राम टोपा गोरी, टोनाटार, खमरिया, मिर्गी आदि ग्राम के खेतों में नाहर नाली का पानी आज भी नहीं पहुंचा है जबकि नहर नाली में पानी ढीले हुए 15 दिन हो गए। नहर क्रमांक 13 के शाखा कैनाल मिरगी मे पर्याप्त पानी नहीं छोड़ने के कारण आज पूरे ग्राम मिरगी, परसाडीह के किसानों के खेतों में पानी नहीं पहुंच रहा है। वहीं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के द्वारा नहर नाली का सफाई नहीं किया गया हैं। जिससे नहर नाली क्रमांक 13 में कीचड़ घास फूस एवं गंदगी से फटा हुआ है। जिसे साल में एक से दो बार विभाग के द्वारा सफाई करना अनिवार्य है किंतु कार्यपालन अभियंता एवं एसडीओ की निष्क्रियता के कारण पूरे नहर नाली में गंदगी



>> शेष पृष्ठ 9 पर >

# हरिहर स्कूल में धूमधाम से मनाया गया संस्कृत सप्ताह



- राज्य संस्कृत विद्यामंडलम के अध्यक्ष हुए शामिल
- छात्रों द्वारा पोस्टर, रंगोली, नृत्य, नाटक, श्लोक के माध्यम से बताया संस्कृत का महत्व

**नवापारा राजिम,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। प्रदेश भर में चल रहे संस्कृत सप्ताह दिवस के अंतर्गत नवापारा के हरिहर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में संस्कृत सप्ताह का आयोजन पूरे उत्साह के साथ छात्रों द्वारा किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य संस्कृत विद्यामंडलम के अध्यक्ष डॉ. सुरेश शर्मा एवम सदस्य शामिल हुए।

छात्रों द्वारा पोस्टर, रंगोली, नृत्य, संवाद, श्लोक के माध्यम से संस्कृत के महत्व को दिखाया गया। छात्रों द्वारा संस्कृत में राजकीय गीत की भी विशेष प्रस्तुति दी गई। छात्रों की संस्कृत के प्रति इस रुचि और प्रस्तुति से प्रभावित होकर अतिथियों द्वारा नगद राशि तथा कॉपी, पेन पुरुस्कार स्वरूप दिया गया। साथ ही मुख्यमंत्री के संस्कृत दिवस के शुभकामना संदेश का वाचन भी किया गया।

अतिथि डॉ.शर्मा ने संस्कृत के महत्व को बताते हुए शाला के विषय शिक्षको को कक्षा 11वीं, 12वीं के छात्रों को भी अतिरिक्त विषय के रूप में संस्कृत पढ़ने के लिए प्रेरित करने को कहा। डॉ. शर्मा ने वर्तमान में संस्कृत में बन रहे विभिन्न करियर पर प्रकाश डाला।

संस्था प्राचार्य संध्या शर्मा ने कहा कि शासकीय हरिहर शाला में उत्कृष्ट अंग्रेजी, हिंदी दोनों माध्यम की पढ़ाई हो रही है। अंग्रेजी माध्यम के छात्रों को भी संस्कृत का महत्व, करियर बताते हुए पढ़ाई करवाई जा रही है। इसी तरह हिंदी माध्यम में व्यवसायिक शिक्षा के साथ साथ संस्कृत पढ़ाया जाता है। छात्र गायत्री मंदिर में भी जाकर इसका ज्ञान ले रहे हैं।

मंच का संचालन कर रही व्यावसायिक प्रशिक्षिका सोमा शर्मा ने इस अवसर पर छात्रों को जानकारी दी की संस्कृत भाषा का महत्व इसी से पता चलता है की देश को मिली जी -20की अध्यक्षता का लोगो थीम संस्कृत के वसुधैव कुटुंबकम ही है। जिसका अर्थ होता है एक पृथ्वी - एक कुटुंब - एक भविष्य। जो कि संस्कृत के महाउपनिषद पाठ से लिया गया है।

साथ ही मंडल की सचिव अलका दानी, सहायक संचालक लक्ष्मण साहू, व्याख्याता सोमवंशी मैडम ने भी छात्रों को संबोधित किया। इस अवसर पर संस्कृत के व्याख्याता बांसुरीवादक >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# सतनामी समाज के धर्मगुरू सुखवंत साहेब राजिम प्रवास पर



**भाजपा प्रत्याशी रोहित साहू ने विजयश्री का लिया आशिर्वाद**

**राजिम,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। सतनामी समाज के धर्मगुरू सुखवंत साहेब आज राजिम पहुंचे. जहां पं. सुंदरलाल शर्मा चौक के पास सामाजिक जनों एवं भाजपा प्रत्याशी रोहित साहू सहित उनके समर्थकों ने उनका भव्य स्वागत किया. वहां से वे रेस्ट हाउस पहुंचे. जहां उन्होंने सामाजिकजनों से चर्चा की एवं वहां उपस्थित भाजपा प्रत्याशी रोहित साहू ने उनसे विजयश्री का आशिर्वाद मांगा. इस अवसर पर गोपचंद बेनर्जी, राधेश्याम बंजारे, ओमप्रकाश आडिल, जयेश परमार, देव प्रसाद बघेल, मोतीलाल कुर्रे, रिकेश साहू, किशोर साहू एवं सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे.

# भाजपा का आरोप पत्र छत्तीसगढ़ की जनता के खिलाफ : रश्मि

**महासमुंद,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने भाजपा के द्वारा लगाये गये आरोप को सिरे से खारिज करते हुये कहा कि भाजपा के पास मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के चेहरा के आगे कोई चेहरा नहीं है। सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं के आगे कोई मुद्दा नहीं है भूपेश सरकार में प्रदेश के हर वर्ग खुशहाल हुआ है। भाजपा राजनैतिक हताशा में जो आरोप लगा रहे है उसका कोई प्रमाण नहीं है। भाजपा के आरोप पत्र से ही भूपेश बघेल की सफलता साफनजर आ रही है जिस छत्तीसगढ़ की संस्कृति भाषा और तीज त्योहार को भाजपा ने 15 साल तक दबाकर रखा था। अपने आरोप पत्र में भाजपा छत्तीसगढ़ी भाषा का उपयोग करने को मजबूर हुई है। छत्तीसगढ़ की संस्कृति का यही सम्मान तो भूपेश बघेल चाहते है। मुद्दा वहीं भारतीय जनता पार्टी आप अपने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को छत्तीसगढ़ बुलवाकर किस नैतिकता से कांग्रेस की लोकप्रिय सरकार के खिलाफ आरोप पत्र जारी कर रहे है।



भाजपा का आरोप पत्र में जो कार्टून बनाया है उसी से साबित हो रहा है कि इसी झूठे आरोप पत्र को बनाने के लिये भाजपा छत्तीसगढ़ में ईडी को गली मुहल्लों में घुमवा रही है। ईडी आईटी को लगाकर प्रदेश के 200 से अधिक झूठी कार्यवाहियां करवाने के बावजूद भाजपा कांग्रेस सरकार के खिलाफ एक भी प्रमाणिक आरोप अब तक नहीं लगा पाए हैं भाजपा का आरोप पत्र झूठ का पुलिंदा है यह आरोप पत्र भूपेश सरकार के खिलाफनहीं छत्तीसगढ़ की पौने तीन करोड़ जनता के खिलाफलाया गया आरोप है। इस आरोप पत्र से साबित हो गया कि भाजपा कांग्रेस सरकार का विरोध करते.करते छत्तीसगढ़ की विरोध करने लगी है। यह आरोप पत्र छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री को बदनाम करने की साजिश है। छत्तीसगढ़ के तीज, त्योहार संस्कृति को सर्वर्धित करने के प्रयासो पर आघात करने का प्रयास है। भाजपा का आरोप पत्र उसके 15 साल के सरकार के भ्रष्टाचार की यादे प्रतीत हो रहा भाजपा का आरोप पत्र छत्तीसगढ़ के उन 24 लाख किसानों के खिलाफआरोप है जिन्होंने अपना 107 लाख मीट्रिक टन धान 2640 रू प्रति, वह आरोप पत्र राजीव गांधी किसान न्याय योजना के माध्यम से 9000 एवं 10000 रू इनपुट सब्सिडी प्राप्त करने वाले किसानों के खिलाफ है। यह आरोप पत्र राज्य के उन 20 लाख किसानों के खिलाफहै जिनका 10 हजार करोड़ का कर्जा माफहुआ है।



## निःशुल्क नेत्र जाँच शिविर कल

**नवापारा राजिम,** 3 सितम्बर (देशबन्धु)। समीपस्थ ग्राम भेंड्री एवं मुहरेंगा में निःशुल्क नेत्र जाँच शिविर का आयोजन मंगलवार 5 सितम्बर को किया गया है. जिसमें एमजीएम नेत्र संस्थान रायपुर से नेत्र जाँच टीम आकर एवम् सभी प्रकार का आँख का रोग के बारे में उपचार एवम् उचित सलाह दिया जाएगा जिसका संस्थान समरसाथा भवन बाज़ारचौक के पास भेंड्री एवम् मुहरेंगा में है, जिसका मोतियाबिंद हो गया है उसको हॉस्पिटल वाहन से बिठाकर गरीबो का निःशुल्क इलाज किया जाएगा।

# मोबाइल कंप्यूटर टीवी का लगातार प्रयोग ना करें इससे नेत्र रोग की आशंका: डॉ एस पी देवांगन

**नवापारा - राजिम,** 3 सितम्बर (देशबंधु)। राष्ट्रीय सेवा योजना,युथ रेडक्रॉस के द्वारा सेठ फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय में नेत्रदान जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में नेत्र विशेषज्ञ डॉ. एस.पी. देवांगन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मानिकचौरी, डॉ. आर.के. रजक कार्यक्रम अधिकारी,अंग्रेजी के सहा. प्राध्यापक विशाल शुक्ला, वरिष्ठ स्वयंसेवक अविनाश शर्मा, ठाकुर राम साहू, अभिजीत श्रीवास, काजल साहू, तारणी साहू, शेषनारायण साहू एवं दीपक साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। डॉ. एस.पी. देवांगन ने 122 विद्यार्थियों को शपथ दिलाते हुए कहा कि वे अपने गांवों, घरों एवं शहरों को जागरूक करें, अपने जीवन में जीते जी रक्तदान व मृत्यु उपरांत नेत्रदान अवश्य करें। यह एक पुण्य का काम है, जीवन का कोई भरोसा नहीं, कब समाप्त हो जाए ? मोबाइल, कम्प्यूटर, टीवी का लगातार उपयोग न करें इससे नेत्र रोग की आशंका होती है। आगे उन्होंने बताया कि परिवार की सहमति से दाह संस्कार के पहले 4 से 6 घण्टे के बीच नेत्र को सुरक्षित नेत्र बैंक में जमा कराएं। इसके लिए समय का विशेषध्यान रखें। अंधत्व दूर करने में इस अभियान में अपना अमूल्य योगदान दें। स्वयं संकल्प करें और परिवारजनों को भी जागरूक करें। प्रदेश में प्रतिवर्ष 15 हजार लोग नेत्रहीन हो रहे है। लेकिन नेत्रदान करने वालों की संख्या



मात्र लगभग 400 के आसपास है।

**श्रीलंका में प्रत्येक व्यक्ति नेत्रदान के लिए बढ़-चढ़कर हिस्सा लेता है हम उनसे प्रेरणा लें: आर के रजक**

वहीं इस कार्यक्रम में डॉ. आरके रजक ने बताया कि बच्चों को टीकाकरण के समय विटामिन ए का घोल, हरी सब्जी, गाजर पपीता एवम दूध का सेवन जरूर कराएं। आंख की रोशनी को तेज रखता है ।हम श्रीलंका में रहने वाले लोगों से प्रेरणा लें कि वहां प्रत्येक व्यक्ति नेत्रदान के लिए बढ़-चढ़कर आगे आते है। हम आखें सही समय पर दान करें तो 2 से 3 पीढ़ी उपयोग कर सकती है। मानव का एक मात्र अंग नेत्र ही है। जो दूसरों के अंधकार से भरी जिन्दगी को रोशन कर सकता है।

**गांव में जाकर नेत्रदान के लिए लोगों को जागरूक करें: अविनाश शर्मा**

अविनाश शर्मा ने कहा कि हम सभी अपने गांवों तथा शहरों में जाकर लोगों- को नेत्रदान महादान करने के लिए जागरूक करेंगे और उन्हें सलाह देंगे कि आंखों की समस्या हो तो तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर इलाज कराएं। नेत्रदान मौत के बाद भी किया जाता है। इस गरिमामयी कार्यक्रम में लक्की यादव, अभिषेक साहू, दिनेश यादव, समीर, पुनम कुमार, गीतांजलि, दीक्षा यादव, चंचल साहू, रोशनी गिलहरे, कुमुदिनी साहू, छाया साहू, रीमा, सरिता साहू एवं प्रेम सहित 122 नये स्वयंसेवको ने एक-दूसरे का अति उत्साह से परिचय दिया।

# योग के माध्यम से स्वस्थ रहने के बताए गुर

## जैन श्री संघ के तत्वावधान में योग शिविर का आयोजन

**महासमुंद,**03 सितंबर (देशबंधु)। परम पूज्या संवरबोधि श्री जी मसा आदि ठाना 3 की सानिध्य में जैन समाज द्वारा दो दिवसीय योगशिविर का आयोजन डा भीमराव अंबेडकर मांगलिक भवन में किया गया। शिविर में जयपुर से पधारे योगगुरु ढांकाराम ने दोनों दिन प्रातः लोगों को योग के माध्यम से स्वस्थ रहने का तरीका बताते हुए कुछ महत्वपूर्ण योगासन कराया। उन्होंने बताया की किस तरीके से ऑक्सीजन का अधिक से अधिक सेवन लाभदायी होता है। योगगुरु ढांकाराम ने बैठने और उठने के तरीके को भी बड़ी सूक्ष्मता से समझाया। संगीत में झूमते हुए सभी ने दोनों दिन इस शिविर के माध्यम से अपने तन और मन को खुश रखने का गुर प्राप्त किया। पहले दिन दोपहर को वल्लभ भवन में योग के माध्यम से चिकित्सा कार्यक्र म में उन्होंने बताया की बड़े से बड़ा रोग भी योग के माध्यम से दूर किया जा सकता है । उन्होंने योग के साथ साथ संतुलित आहार का महत्व भी बताया। विभिन्न प्रकार के रोग जैसे कमर दर्द, घुटने का दर्द, सर्वाइकल, माइग्रेन, आंखों की रोशनी आदि विभिन्न तकलीफों के इलाज के लिए अनेक योगासन की जानकारी दी। योगगुरु ने भलेसर स्थित गौशाला जाकर गौशाला प्रमुखों को सफल संचालन के लिए बधाई दी । शिविर के प्रथम दिन रात्रि 7.30 से 9.00 बजे तक ओंकार ओशो ध्यान का आयोजन किया गया था। शिविर के दूसरे दिन



वल्लभ भवन में योगाचार्य ने मोटिवेशन और कैरियर कंसल्टेशन का कार्यक्रम किया। जैन श्री संघ के सचिव रितेश गोलछा ने बताया की ढाकाराम का जयपुर में आठ सेंटर है जहां प्रतिदिन अनेक लोग विभिन्न रोग समस्याएं लेकर आते है और गुरुजी के इलाज से स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करते हैं। इनके अलावा शिविर में जयपुर से पधारे वीर संकल्प संस्थान् के संस्थापक अशोक जैन ने श्री संघ को बताया की उनकी संस्था परम पूज्या सज्जन श्री जी मसा की प्रेरणा से जयपुर में एचआईवी एवं कैंसर से पीड़ित बच्चों के लिए लगातार काम कर रही है। पिछले साल संस्था ने आंख के कैंसर से पीड़ित 5 बच्चों का निःशुल्क सफल ऑपरेशन करवाया। यदि छत्तीसगढ़ में ऐसे बच्चे की जानकारी मिलती है तो उसका भी इलाज उनकी संस्था द्वारा निःशुल्क कराया जाएगा ।शिविर में जैन समाज के ट्रस्टी राजेश लूनिया, प्रदीप झाबक, जितेंद्र बैद और रितेश गोलछा सहित सभी समाज के अनेक लोग मौजूद थे ।शिविर को सफल बनाने में तिलक साव, रौनक कोठारी, हेमंत झाबक, सुशील बोथरा, ललितांग गोलछा, संकल्प पारख, दर्शन झाबक, वैभव झाबक, गोपी बरडिया, मोहित इसरानी, नारायण सिंघ गुरुदत्ता सहित अनेक लोगों का योगदान रहा । उक्त जानकारी जैन श्री संघ के सचिव रितेश गोलछा ने दी।

# दुलना में साहू समाज का चुनाव संपन्न

## ढाल बने अध्यक्ष, हेमंत उपाध्यक्ष एवं केवरा बनी महिला उपाध्यक्ष



**नवापारा राजिम,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। समीपस्थ ग्राम दुलना में साहू समाज के पदाधिकारियों का चुनाव संपन्न हुआ. जिसमें अध्यक्ष पद के लिए 4 दावेदार थे. जिसमें ढाल साहू ने एकतरफा 147 वोट पाकर जीत दर्ज की. विदित हो कि 314 कुल वोट में से 293 लोगों ने मताधिकार का प्रयोग किया. जिसमें ढाल साहू को 147 वोट, गोपाल साहू 72, कुमार साहू 33, ईतवारी साहू 25 एवं 16 वोट रिजेक्ट हुए. उसी प्रकार 140 वोट पाकर हेमंत साहू उपाध्यक्ष के लिए चुने गए, जबकि रामू साहू ने 136 वोट प्राप्त किए एवं 17 वोट रिजेक्ट हुए. महिला उपाध्यक्ष के लिए श्रीमती केंवरा साहू निर्विरोध निर्वाचित हुई. ।

# 37 अतिक्रमित दुकानों को हटाया गया



**महासमुंद,**03 सितंबर (देशबंधु)। राजस्व एवं पुलिस प्रशासन द्वारा रविवार को ग्राम खैरा में अतिक्रमण हटाने की व्यापक कार्यवाही की गई। महासमुंद से बागबाहरा की ओर जाने वाली एनएच 353 से लगी हुई बहुमूल्य शासकीय जमीन से 37 दुकानों का अतिक्रमण हटाया गया। उक्त कार्यवाही से पहले कलेक्टर प्रभात मलिक ने जनप्रतिनिधियों एवं ग्राम के सरपंच नीलम कोसले एवं पूर्व सरपंच तथा आम जनता से शहर के व्यवस्थित विकास हेतु लोगों से चर्चा की गई। जिससे सहमत होते हुए अनेक अतिक्रमणकारियों ने स्वतः ही अपना दुकान खाली कर दिया था। कुछ अतिक्रमणकारियों के सामान्य विरोध के बाद अनुविभागीय अधिकारी राजस्व उमेश साहू द्वारा समझाइस देने पर दुकान से अपना सामान बाहर निकाल लिया। इस प्रकार सामान्य विरोध के पश्चात शांतिपूर्वक ढंग से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई ।एसडीएम उमेश कुमार साहू के नेतृत्व में राजस्व अमले तहसीलदार चंद्रशेखर मंडई, नायब तहसीलदार मोहित अमिला, टेकेंद्र नुरुटी, राजस्व निरीक्षक, हल्का पटवारी, नगर पालिका अमला, पुलिस बल के द्वारा उक्त कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया कि अधिकांश अतिक्रमणकारियों द्वारा स्वेच्छा से दुकान से अपना सामान हटाने से शांतिपूर्ण ढंग से अतिक्रमण हटाया गया।

# उद्योगों में स्थानीय बेरोजगारों की उपेक्षा,12 सितंबर को रैली निकालकर विधायक से मांगेगे जवाब

**महासमुंद,**03 सितंबर (देशबंधु)। छग संयुक्त किसान मोर्चा ने 12 सितंबर को रैली निकालकर विधायक कार्यालय के घेराव करने की घोषणा की है। घेराव तब तक जारी रहेगा जब तक लिखित में जवाब नही मिल जाता। जवाब नही मिलने पर जेल भरो आंदोलन की घोषणा घेराव स्थल से ही की जाएगी। उक्त




बातें पत्रकारवार्ता में छग संयुक्त किसान मोर्चा के अनिल दुबे, जीपी चंद्राकर, अशोक कश्यप, छन्नू साहू, वेगेंद्र सोनवेर, दशरथ सिन्हा, डिगेश्वरी चंद्राकर, डेविड चंद्राकर व अलखराम साहू ने कही। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि हाईवे पर स्थित प्लांट में बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, बंगाल असम, मणीपुर, उड़ीशा, राजस्थान, हरियाणा जैसे प्रांतों के बहारी उद्योगपतियों के चंगुल में बाहरी लोगों को रोजगार दिया जा रहा है। स्थानीय बेरोजगारों के अधिकारों का हनन हो रहा है। इसी मुद्दे को लेकर किसान मोर्चा ने विधायक कार्यालय निवास प्रदर्शन किया था। तब 10 दिनों के भीतर बाहरी लोगों को खदेड़ने का आश्वासन दिया गया था किंतु अब भी बाहरी मजदूर काम कर रहे है और स्थानीय बेरोजगारों के अधिकारों का हनन किया जा रहा है। अब बेरोजगार और महासमुंद विधानसभा के मतदाता 12 सितंबर को रैली निकालकर जवाब मांगने पहुंचेगे। यदि जवाब नही मिला तो जेल भरो आंदोलन की घोषणा की जाएगी। उन्होंने बताया कि हाईवे करणीकृपा प्लांट के खिलाफ लगातार प्रमाणिक शिकायत करने के बावजूद भ्रष्टाचार के चलते सबके मुंह बंद है।

# कल्याणपुर गांव में भालू के हमले से किसान गंभीर रूप से घायल

**बागबाहरा,** 3 सितम्बर (देशबंधु)। नगर से लगे कल्याणपुर गांव में आज रविवार की सुबह अपने खेत की फसल को देखने गए अधेड़ किसान के ऊपर भालू द्वारा अचानक हमला करने से किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार हेतु एम्बुलेंस 112 की मदद से तत्काल बागबाहरा के सरकारी अस्पताल में लाकर भर्ती कराया गया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल महासमुंद रिफर करने के बाद मेकाहारा अस्पताल रायपुर भेज दिया गया।



बागबाहरा के वन परिक्षेत्र अधिकारी विकास चन्द्राकर एवं डिप्टीरेंजर मोतीलाल साहू ने बताया कि बागबाहरा से लगे कल्याणपुर गांव में आज 3 सितंबर रविवार की सुबह 6-7 बजे गांव के किसान शोभाराम ठाकुर उम्र 55 वर्ष पिता पानसिंह ठाकुर अपने खेत खार में बोए हुए धान, उड़द एवं फल्ली की फसल को देखने गए थे। तभी झाड़ियों से निकलकर एक भालू अधेड़ किसान शोभाराम ठाकुर के ऊपर अचानक हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। भालू ने उक्त किसान के सिर में हमला किया है। जिससे वह जख्मी होकर लहूलुहान हो गया। जोर-जोर से आवाज़ देकर एवं लाठी के माध्यम से उक्त भालू को बड़ी मशक्क्त के बाद जंगल की ओर भगाया गया। जिसे उपचार हेतु एम्बुलेंस 112 की मदद से तत्काल बागबाहरा के सरकारी अस्पताल में लाकर भर्ती कराया गया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल महासमुंद रिफर करने के बाद मेकाहारा अस्पताल रायपुर भेज दिया गया। उक्त अधेड़ किसान शोभाराम ठाकुर को वन विभाग बागबाहरा द्वारा उपचार हेतु आर्थिक सहायता की मदद की गई है।

# श्री गुरूजी सेवा समिति कार्यालय निर्माण हेतु किया गया भूमि पूजन

**कार्यक्रम में आरएसएस के प्रांतीय पदाधिकारी हुए शामिल**

**बलौदाबाजार,** 3 सितम्बर (देशबन्धु)। श्री गुरूजी सेवा समिति बलौदाबाजार के कार्यालय निर्माण हेतु भूमि पूजन कार्यक्रम बलौदाबाजार के मारूति इन हाटल समीप स्थित भूमि पर सम्पन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम में विशेष रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघ चालक पुर्णेंदु सक्सेना, प्रांत प्रचारक नारायण नामदेव, विभाग कार्यवाह संजय दुबे सहित सैकड़ों की संख्या में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं सामाज जीवन के विविध क्षेत्र के कार्यकर्ता बन्धु, भगिनी उपस्थित रहें। इस अवसर पर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पुर्णेंदु सक्सेना ने कार्यालय को संगठन



कार्य का केंद्र एवं सामाज जागरण और परिवर्तन का केन्द्र बनने का विषय रखा। उन्होंने कहा कि यह कार्यालय भविष्य में कार्यकर्ता निर्माण, कार्यकर्ता सम्हाल और कार्यकर्ता नियोजन का केंद्र बने एवं शासकीय नियमों का पालन करते हुए सामाज में सेवा प्रदान करने तथा सेवा की प्रेरणा देना का केंद्र के रूप में यह कार्यालय विकसित हो और कार्यालय निर्माण के साथ यह सब भी हमारे दृष्टि में हो।

कार्यक्रम का शुभारंभ समिति के उपाध्यक्ष एवं नगर संघ चालक राजनारायण केशरवानी द्वारा भूमि पूजन कर किया गया। इसके उपरांत मंचीय कार्यक्रम प्रारंभ हुआ जिसमें उपस्थित पदाधिकारी द्वारा माँ भारती के सम्मुख दीपप्रज्वलन किया। समिति के अध्यक्ष खोडसराम कश्यप ने कार्यालय निर्माण की भुमिका पर प्रकाश डाला एवं कहा कि श्री गुरूजी सेवा समिति संघ की प्रेरणा से सामाज में सेवा कार्यों का संचालन करती हैं। कार्यक्रम में कार्यालय हेतु स्व.प. बंशराज तिवारी की स्मृति में भूमि दान करने वाले परिवार के सदस्य अशोक तिवारी, डॉ. प्रमोद तिवारी, विवेक आनंद तिवारी एवं अभिषेक तिवारी का शाल श्रीफल भेट कर पुनित कार्य के लिए अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित बन्धु, भगिनीयों द्वारा कार्यालय निर्माण हेतु तन मन धन से सहयोग करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन समिति के सह सचीव रघुनंदन बघमार ने किया। कार्यक्रम के अंत में जगत जननी माँ भारती की आरती के साथ सभी एक नवीन ऊर्जा और शक्ति के साथ प्रस्थान किये।

# राखी का त्यौहार मना दिया भाईचारे का संदेश



**आरंग,** 3 सितम्बर (देशबन्धु)। शनिवार को को स्कूल गतिविधि उपरांत शासकीय कन्या प्राथमिक शाला सदर रोड आरंग में पदस्थ शिक्षिकाओं ने अपरान्ह रक्षाबंधन पर्व का आयोजन किया एवं शिक्षक भाइयों को न केवल राखी बांधी अपितु श्रीफल भेंट कर कर स्वल्पाहार भी कराया। शिक्षिकाओं मधु पटेल, चमेली ध्रुव, रूप किरण गहरवाल एवं बहन चमेली साहू ने भाइयों की आरती उतारी एवं बताया कि विगत 2005 से वे इस परंपरा को बनाए रखी रखी है तथा समाज को भाईचारे का संदेश देना चाहती हैं, वहीं भ्राता व्याख्याता कवि हरमन बघेल ने कविता च्भाई बहन का निर्मल नाताज् एवं शिक्षक कवि अरविंद वैष्णव ने अपनी कविता च्राखी का बंधन निभाएंगेज् से बहनों का उत्साह बढ़ाया वही अन्य भाइयों में क्रमशः सेवानिवृत्ति प्रधान पाठक प्रहलाद राय एवं विनोद गुप्ता तथा प्रधान पाठक लाल साहिबो, व्याख्याता ओम प्रकाश गुप्ता, शिक्षक गण गणेश साहू, ओम प्रकाश साहू व पंकज प्रधान की उपस्थिति रही सभी ने बहनों को उपहार देकर आभार व्यक्त किया ।

# बीएलओ अपना काम मुस्तैदी से कर दे रही जागरूकता का संदेश.. कहा- शतप्रतिशत मतदान पर्ची का करेंगे वितरण

**आरंग,** 3 सितम्बर (देशबन्धु)। शनिवार को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एसडीएम आरंग अतुल विश्वकर्मा के निर्देशन का पालन करते हुवे बीएलओ अपने काम में सजग एवं मुस्तैद दिखाई दी। स्वीप प्रभारी शिक्षक अरविंद कुमार वैष्णव एवं महेंद्र कुमार पटेल ने अपरान्ह उनसे संपर्क साधा तो वे शासकीय कन्या प्राथमिक शाला सदर आरंग में अपना



काम सजगता से करते हुए मिली, साथ ही बीएलओ ने जानकारी दी की नाम जोड़ने, काटने एवं संशोधन की तिथि अब 11 सितंबर तक है एवम ह उन्होंने बताया कि बीएलओ एप के माध्यम से ऑनलाइन एंट्री कर तत्काल नाम भी जोड़ा जा रहा है तथा फार्म 6,7 और 8 की भी जानकारी दी इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं बीएलओ ने कहा कि उनका काम ऑनलाइन होने से बहुत तेजी से चल रहा है साथ ही वे आगामी विधानसभा चुनाव के लिए शत प्रतिशत मतदान का संदेश देकर लोगों को जागरुक भी कर रही है और आगे बताया कि मतदातासुची बहुत ही अच्छी बनाई जा रही ताकि शतप्रतिशत मतदाता पर्ची का वितरण हो और एएसडी की लिस्ट छोटी से छोटी बने। इस अवसर पर मतदान केंद्र 225 से 230 से से बूथ लेवल ऑफिसर सुशीला कुजूर, गीता गुप्ता, अनुसुइया जलक्षत्री, सरस्वती साहू, मंजू साहू,सुनीता लोधी एवं अविहित अधिकारी पंकज प्रधान की उपस्थिति रही।

# विहिप दुर्गावाहिनी की बहनों ने एसपी सहित पुलिसकर्मियों को बांधा रक्षा सूत्र

**बलौदाबाजार,** 3 सितम्बर (देशबन्धु)। भाई बहन के सबसे पवित्र त्यौहार रक्षाबंधन पर विश्व हिंदू परिषद की सहायक संगठन मातृशक्ति एवं दुर्गावाहिनी की माताओं एवं बहनों ने प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सम्पूर्ण जन की सेवा एवं सुरक्षा में पूरी तत्परता से कार्यरत जिले के पुलिस अधीक्षक दीपक झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह समेत सभी पुलिस भाइयो को तिलक लगाकर मुंह मीठा कराते हुए रक्षासूत्र बांधा एवं आशीर्वाद लिया।



इस अवसर पर बहनों ने नगर समेत जिले भर में उनके द्वारा किया जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए उनके एवं परिवार की खुशहाली एवं दीर्घ जीवन के लिए भगवान से प्रार्थना की। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं नशे एवं जुएं के कारोबार पर पूर्णतः रोक लगाकर महिलाओं सहित सम्पूर्ण जिले वासियों के लिए खुशहाली एवं सुरक्षा का वर माँगा। इस अवसर पर प्रान्त बलोपासना प्रमुख भारती ठाकुर, मातृशक्ति जिला संयोजिका आरती सराफ सह संयोजिका लता सोनी, दुर्गावाहिनी जिला संयोजिका गूंजा वर्मा, कल्पना पवार, दीप्ती केशरवानी, पूनम साहू, शैली अग्रवाल, रत्ना सोनी समेत बड़ी संख्या में मातृशक्ति दुर्गावाहिनी की माताओ बहनों ने हिस्सा लिया। इस दौरान विहिप प्रान्त सोशल मिडिया प्रान्त प्रचार प्रसार प्रमुख हेमंत वर्मा, जिला अध्यक्ष अभिषेक तिवारी, जिला मंत्री राजेश केशरवानी, कोषाध्यक्ष शिवप्रकाश तिवारी, बजरंगदल जिला सहसंयोजक दीपक साहू एवं पलारी प्रखंड संयोजक द्वारिका साहू उपस्थित रहे।

## राजिम में दो दिवसीय आयुष्मान कार्ड शिविर का समापन

**राजिम**, 3 सितंबर। छग शासन व्दारा समय सीमा के अंतर्गत नगर पंचायत राजिम क्षेत्र में ऐसे लोगों के जिनका आयुष्मान कार्ड नहीं बना है. तत्काल कार्ड बनाने गरियाबंद जिला कलेक्टर ने निर्देश जारी किया है।

# अन्य प्रांतों से आए श्रद्धालु राजिम को ही जिला समझ कर सुख-सुविधाओं के साधन खोजते हैं



- श्रद्धालुओं ने कहा- धर्म नगरी होने के कारण राजिम जिला बना देना चाहिए
- तीर्थो के राजा प्रयाग नगरी राजिम बना पर्यटकों के लिए पसंदीदा जोन सुबह से शाम रात तक रहती है भीड़

**राजिम**, 3 सितंबर (देशबन्धु)। तीर्थो के राजा प्रयाग नगरी राजिम की प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ या फिर पूरे हिंदुस्तान में ही नहीं बल्कि विदेश में भी इन्हें जाना जाता है नतीजा प्रतिदिन देश-विदेश के बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं पर्यटक यहां पहुंच रहे हैं। इन दिनों धर्मनगरी राजिम का दृश्य भी अत्यंत सुहावना है। तीन नदियां सोंढूर, पैरी एवं महानदी के संगम में पानी भरा हुआ है। जिसके कारण श्रद्धालु सीधे लक्ष्मण झूला से होकर विश्व के प्रसिद्ध पंचमुखी कुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर पहुंच रहे हैं और दर्शन पूजन का लाभ ले रहे थे। बताना जरूरी है कि कुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर का निर्माण छठवीं- सातवीं शताब्दी माना गया है। महामंडप में शिलालेख उत्कीर्ण है। कलचुरी कालिन भगवान राजीव लोचन का विशाल मंदिर के साथ ही अनेक मंदिर यहां मौजूद है जिसमें मूर्ति कला के शानदार नमूना देखने को मिलता है। इस नगरी की अनेक खूबियां तथा पौराणिक महत्व श्रद्धालुओं को बरबस अपनी ओर खींच लाते हैं। उड़ीसा से पहुंचे लोगों ने लक्ष्मण झूला से होकर महादेव का दर्शन किया। उन्होंने सबसे पहले त्रिवेणी संगम में स्नान किया पश्चात भगवान राजीव लोचन का भी दर्शन पूजन किया। सभी श्रद्धालु अत्यंत प्रसन्न थे। इनमें से कुछ लोगों ने बताया कि हम पहली बार लक्ष्मण झूला चढ़े हैं बहुत अच्छा लगा और सबसे बड़ी चीज स्नान व दर्शन से मन प्रसन्न हो गया है। दुर्ग जिले के गांव से श्रद्धालु राम वन गमन परिपथ के अंतर्गत रामचंद्र की विशाल प्रतिमा को देखकर अभिभूत हो गए। वह लगातार वहां बैठकर सेल्फी ले रहे थे। अनुमान के मुताबिक सुबह से लेकर देर शाम तक 50 हजार श्रद्धालुओं के पहुंचाने की जानकारी मिली है। दिनों दिन धर्म नगरी में पर्यटकों की संख्या बढ़ती जा रही है। यहां आकर लोग शांति का अनुभव कर रहे हैं तथा हरि और हर दोनों से अपनी मन की बात जरूर कर रहे हैं। कहना होगा कि प्रतिदिन पहुंच रहे श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की बढ़ती संख्या के बावजूद यहां पर्यटन विभाग का अभी तक कोई कार्यालय नहीं है। जिनका मलाल पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को जरूर हो रही है।

जानकारी के मुताबिक जिला मुख्यालय यहां से 45 किलोमीटर दूर गरियाबंद में है लेकिन यहां भी कोई पर्यटन विभाग का कार्यालय मौजूद नहीं है अलबत्ता राजधानी रायपुर की दूरी भी 45 किलोमीटर है। कई बार जानकारी के अभाव में पर्यटक भटक जाते हैं। जिले के पर्यटन क्षेत्र की जानकारी लोगों तक ठीक से नहीं पहुंच पा रही है। पहुंचे कुछ लोगों ने कहा कि यहां ठहरने के लिए कोई बड़ा सा होटल भी मौजूद नहीं है। छोटे-छोटे होटल या फिर धर्मशाला में रुककर रात्रि विश्राम करना पड़ेगा। इनमें से कुछ लोगों ने तो राजिम को जिला समझ रहे थे और कह रहे थे कि जिले जैसी सुविधाएं नहीं है लेकिन उन्हें बताया गया कि यह गरियाबंद जिले में है और जिला मुख्यालय की दूरी यहां से 45 किलोमीटर है। तब उन्होंने कहा कि धर्म नगरी होने के कारण सरकार को इन्हें जिला बना देना चाहिए।

# श्रृंखला साहित्य मंच के कवि स्व. शिवानंद महंती का रचना संग्रह 'कुछ ही क्षणों का' हुआ विमोचन

**पिथौरा**, 3 सितंबर (देशबन्धु)। स्थानीय तेग बहादुर भवन में श्रृंखला साहित्य मंच द्वारा श्रृंखला साहित्य मंच के वरिष्ठ कवि स्व. शिवानंद महांति के प्रथम पुण्य तिथि अवसर पर उनकी रचना संग्रह कुछ ही क्षणों में क्षणिका संग्रह प्रकाशक श्रृंखला साहित्य मंच संपादित वरिष्ठ साहित्यकार पत्रकार स्वराज्य करुण का विमोचन मुख्य अतिथि जी. आर. राणा सेवा निवृत्त अपर कलेक्टर महासमुंद, सभा अध्यक्ष डॉ. चित्तरंजन कर वरिष्ठ साहित्यकार भाषा विज्ञानी रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर, विशेष अतिथि ईश्वर सिंह दोस्त हिंदी साहित्य अकादमी अध्यक्ष छत्तीसगढ़, पीसी रथ वरिष्ठ पत्रकार के कर कमलों से हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तस्वीर पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से हुआ । इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों व साहित्यकारों ने स्व शिवानंद को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुये उनकी रचनाओं व व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुये उनके निधन पर शोक व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व भी उनकी एक काव्य संग्रह संशय के बादल भी प्रकाशित हो चुकी है। कार्यक्रम के दौरान कवि शिवानंद महांति की माता श्रीमती उर्मिला महांति का उपस्थित अतिथियों ने सम्मान किया। इस अवसर पर रचना संग्रह के संपादक स्वराज्य करुण ने अपने संबोधन में कहा कि किसी एक क्षण की भावुकता में रची गयी छोटी कविता ही क्षणिका है । अपने आस पास के परिवेश से कवि में यह भावुकता क्षण भर में आती है , तब अपनी इस भावुकता के क्षणिक उफान में कवि के शब्द क्षणिका के रूप में अभिव्यक्त होते हैं । आगे उन्होंने प्रकाशक श्रृंखला साहित्य मंच के सदस्यों को इस उपलब्धि पर बधाई दी । श्रृंखला के अध्यक्ष वरिष्ठ साहित्यकार प्रवीण प्रवाह ने अपने उदबोधन में श्रृंखला के गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुये कवि शिवानंद महांति के रचना धर्मिता पर विस्तार से चर्चा करते हुये उन्हें सहज , सरल , हँसमुख , मिलनसार व्यक्तिव के धनी कहा । दिवंगत कवि के भ्राता मधु महांति ने एक दुर्घटना में घटित घटना का वर्णन करते हुये रचना संग्रह के शीर्षक च्च कुछ ही क्षणों में का भाव पूर्ण वर्णन किया। आयोजन में साहित्यकार, शिवशंकर पटनायक, अशोक शर्मा , रूपेश तिवारी , शशि डड़सेना, हबीब समर, सुरेश महांति आदि ने भी विचार व्यक्त करते दिवंगत कवि को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का संचालन उमेश दीक्षित वरिष्ठ साहित्यकार , करारोपण अधिकारी, तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी अध्यक्ष व आभार शशि डड़सेना ने किया ।विमोचन समारोह में बन्धु राजेश्वर खरे महासमुंद , बागबाहरा के हबीब समर , रूपेश तिवारी ,ग्राम सांकरा (जोंक)निवासी जवाहर लाल नायक , श्रृंखला साहित्य मंच के, अनूप दीक्षित, कैलाश बंसल,संतोष गुप्ता, शंकर गोयल बंटी छत्तीसगढ़िया, एफए नंद, निर्वेश दीक्षित,संजय गोयल, गुरप्रीत कौर, जीतेश्वरी साहू, सरोज सावऔर मंच के अनेक सदस्य ,दिवंगत कवि की वयोवृद्ध माता उर्मिला महांती ,मधुसूदन महान्ती,रितेश महान्ती और आकाश महान्ती सहित महान्ती परिवार के सदस्यगण समीपवर्ती ओड़िशा राज्य से आए उनके परिजन और महासमुंद जिले के अनेक साहित्यकार तथा प्रबुद्ध नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



# कु. भूमिका व प्राची साहू कराते की नियमित खिलाड़ी



**नवापारा राजिम**, 3 सितंबर (देशबन्धु)। स्थानीय नवापारा सेजेस की दो छात्राओं का चयन संभाग स्तरीय कराते चौंपियनशिप के लिए हुआ हैं. ज्ञात हो कि रविवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मठपूरेना रायपुर में शालेय जिला स्तरीय कराते चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था । जिसमें अभनपुर विकासखंड से सेजेस हरिहर अंग्रेजी माध्यम शाला गोबरा नवापारा में अध्ययनरत कु. भूमिका साहू एवं प्राची साहू ने अभनपुर विकासखंड से प्रतिनिधित्व करते हुए आरंग, तिल्दा एवं धरसीवा संभाग के प्रतिभागियों को कड़ी चुनौती देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया एवम अपना स्थान शालेय संभाग स्तरीय कराते चयन प्रतियोगिता हेतु सुरक्षित किया हैं, जिस पर संस्था प्राचार्य श्रीमती संध्या शर्मा ने दोनों छात्राओं को बधाई देते हुए आगामी चयन प्रतियोगिता हेतु अपनी अग्रिम शुभकामनाएं दी। विदित हो कि दोनों ही छात्राएं पूर्व से सेजेस हरिहर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवापारा में संचालित कराते स्कूल की नियमित छात्राएं है, जिसके संचालक एवम अभनपुर विकासखंड कराते संघ के सचिव सेंसाई राजेश गिलहरे, उपाध्यक्ष सेंसाई देवेंद्र प्रसाद भारद्वाज हैं। शालेय संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागी दिनांक 10 से 13 सितंबर 2023 को कोरबा में आयोजित राज्य स्तरीय शालेय कराते चयन प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

# भाटापारा में जिला स्तरीय कराते स्कूल गेम्स का आयोजन

## 36 बच्चे हुए संभाग के लिए चयनित



**भाटापारा**, 3 सितंबर (देशबन्धु)। मयूर स्कूल में जिला स्तरीय कराते खेल का हुआ आयोजन जिसमें भाटापारा सिमगा पलारी कसडोल एवम् जिला के अन्य विकासखंडों से बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। 2 सितंबर 2023 को मयूर स्कूल भाटापारा में स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित जिला स्तरीय कराते खेल में 50 बच्चो ने भाग लिया जिसमें 36 बच्चों का चयन संभाग के लिए हुआ जिसमें बालक वर्ग में 17 एवं बालिका वर्ग में 19 लोगों का चयन किया गया।

भाटापारा विकासखंड क्रीड़ाधिकारी आलोक गुप्ता , पलारी क्रीड़ाधिकारी हेमलता साहू क्रीडा शिक्षक अखिलेश कुमार कैवर्त्य,तरुण सेन चंद्रकांत बांगडे , यास्मीन अफरोज उपस्थित रहे एवं अतिथि के रूप में चैंपियन मार्शल आर्ट अकेडमी के प्रबंधक विक्रम सिंह चौहान मौजूद रहे। जिला कराते संघ सचिव ऋषभ सिंह चौहान के दिशा निर्देश में कार्यक्रम को पूर्ण किया गया। एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में चैंपियन मार्शल आर्ट अकेडमी के सचिव नेमीचंद साहू ,महेश राजपूत , हर्ष देवांगन, योगेश कुर्रे, प्रीतेश देवदास, लिवंशी देवदास, धनंजय पांडेय, विपिन साहू गौरव साहू, शिवम् तिवारी, दिनेश साहू सभी ने अपना योगदान दिया।

# हलषष्टी कल व जन्माष्टमी 7 को मनाना श्रेष्ठ

**महासमुंद**, 3 सितंबर (देशबंधु)। संतान की दीर्घायु व परिवार की मंगल कामना के लिए माताएं हलषष्टी का व्रत 5 सितंबर को रखेंगी। हलषष्टी व्रत के लिए बाजार में पसहर चावल समेत पूजन सामाग्री मिलना शुरू हो गया है। इस दिन माताएं भैंस दूध से निर्मित दही व अन्य सामाग्रियां व्रत में उपयोग करती है। दोपहर में हलषष्टी माता का कथाश्रवण कर व्रत का पारणा करती है। इसी तरह जन्माष्टमी का पर्व 7 सितंबर शुरूवार को मनाया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए नगर पुरोहित पं. पंकज तिवारी ने बताया कि ब्रम्हवैवर्त पुराण, पद्म पुराण व स्कंद पुराण में उल्लेख है कि जब दो दिन अष्टमी हो तो सप्तमी युक्त अष्टमी को छोड़कर नवमींयुक्त अष्टमी में व्रत करना चाहिए। यह योग 7 सितंबर को बन रहा है। अष्टमी तिथि का प्रारंभ 6 सितंबर बुधवार की शाम 3.37 से 7 सितंबर गुरूवार की शाम 4.15 तक है। इसी तरह रोहणी नक्षत्र 6 सितंबर की सुबह 9.19 से 7 सितंबर की सुबह 10.24 तक है। उन्होंने बताया कि भगवान कृष्ण का जन्म रोहणी नक्षत्र, दिन बुधवार और भादो माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को रात्रि में हुआ था। जब तीनों संयोग एक साथ मिलता है तो उसे जयंती योग कहते है। यह योग 6 सितंबर को बन रहा है। अग्नि पुराण में कहा गया है कि कलयुग में व्रताधियों को श्रेष्ठफल के लिए जयंती व्रत नही बल्कि जन्मोत्सव व्रत मनाना चाहिए। जन्मोत्सव व्रत 7 सितंबर को बन रहा है इसलिए 7 सितंबर को जन्माष्टमी बनाना श्रेष्ठकर होगा।

## सार-संक्षेप

### विधायक ने स्व. महंती को श्रद्धांजलि दी



**पिथौरा**, 3 सितंबर। पिथौरा के प्रतिष्ठित साहित्यकार स्व. शिवानंद महंती के प्रथम पुण्य स्मृति दिवस पर अपने रायपुर प्रवास के कारण सम्मिलित नहीं हो पाने के वजह से आज दूसरे दिन बसना विधायक एवं वन विकास निगम के अध्यक्ष राजा देवेंद्र बहादुर ने स्व शिवानंद महंती के निवास पर पहुंचकर शिवा महांती को श्रद्धांजलि अर्पित कर परिवार के सदस्यों से मिलकर उन्हें सांत्वना दिया। परिवार के सदस्यो ने आदरणीय विधायक महोदय को शिवा महांती की किताब कुछ ही क्षणों में भेंट की। विधायक देवेंद्र बहादुर के साथ पिथोरा नगर पंचायत के अध्यक्ष आत्माराम यादव विधायक प्रीतिनिधि अजय नंद दिनेश नामदेव शैलू डडसेना उपस्थित रहे।

### अभनपुर में 6 को कांग्रेस का संकल्प शिविर



**नवापारा राजिम**, 3 सितंबर। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनावों को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज़ है। इसी बीच कांग्रेस संकल्प शिविर और भेंट मुलाकात कार्यक्रम के माध्यम से लोगों तक पहुंचने की कोशिश कर रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इसी कड़ी में अभनपुर विकासखंड के नवापारा मंडी में 6 सितंबर को संकल्प शिविर का आयोजन किया गया है जिसमे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि विधानसभा चुनाव में अभनपुर से धनेंद्र साहू को टिकट मिलना तय ही माना जा रहा है। जिसके चलते नवापारा के संकल्प शिविर में धनेंद्र साहू बढ़ चढ़ के कार्यकर्ताओं के साथ संकल्प शिविर के सफल आयोजन के तैयारियों का जायज़ा लेने पहुंचे।

# छग में घृणित अपराध को अंजाम दे रहे भाजपा नेता के पुत्र, पार्टी मौन : राशि



**महासमुंद**, 3 सितंबर (देशबंधु)। रायपुर जिले के मंदिर हसौद में छग को शर्मसार करने देने वाली घटना पर कांग्रेस नेत्री और नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग ने पीड़िताओं पर संवेदना जताते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में वे पीड़िता और उनके परिवार के साथ हैं और उनकी पूरी सहानभूति है। मामले में उन्होंने भाजपा और शीर्ष नेताओं को आड़े हाथों लेते हुए कि भाजपा दुष्कर्म और जघन्य अपराध को अंजाम देने वाले नेताओं को सरंक्षण देने वाली पार्टी है। श्रीमती महिलांग ने कहा छग में भाजपा नेता के पुत्र पिता के राजनीतिक ओहदे की आड़ में घृणित अपराध को खुलेआम अंजाम दे रहे हैं। मंदिर हसौद की घटना उन्ही भाजपा नेताओं से मिली खुली छूट का नतीजा है जिसकी वजह से एक नाबालिग और एक युवती को गैंगरेप जैसी जघन्य घटना का शिकार होना पड़ा। उन्होंने कहा घटना में शामिल दस आरोपियों में मुख्य आरोपी भाजपा मंडल उपाध्यक्ष का पुत्र है। उन्होंने कहा कि मुख्य आरोपी पर पहले ही कई तरह के अपराध के तहत जुर्म दर्ज हैं। जिसके बाद पार्टी ने ऐसे नेता को पार्टी से निकाल बाहर करने की बजाए उन्हें पार्टी में न सिर्फबकायदा पद देकर रखा हुआ है। जिसका फायदा उनके पुत्र के द्वारा उठाया जा रहा है। करीब एक वर्ष पूर्व छग में नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल के पुत्र पर भी एक युवती ने सालों तक शारीरिक शोषण का आरोप लगाते हुए आरोपी पुत्र के खिलाफथाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई हैं लेकिन पिता के राजनीतिक ओहदे के चलते मामले में आज तक कार्रवाई लंबित है। घटना की जानकारी के बाद भी पार्टी ने उन्हें पद से नहीं हटाया है जिससे साबित हो गया है भाजपा घृणित अपराध को अंजाम देने वाले नेताओं की पार्टी है। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि छग को अपराध का गढ़ बनाने में सबसे बड़ा हाथ भाजपा और उनके नेताओं का है और अपनी कालिक को कांग्रेस पर पोतने का काम भाजपा के नेता कर रहे हैं। मणिपुर की घटना पर देश में संवेदनशील कहे जाने वाले प्रधानमंत्री मोदी जी चुप्पी साधे रहे। श्रीमती महिलांग ने कहा कि अब देखना है कि इस घटना के बाद भाजपा के शीर्ष नेता मामले में संज्ञान लेते हुए क्या कोई कठोर कदम उठाते है या फिर चंदेल के पुत्र के मामले की तरह भी इस मामले में चुप्पी साधे बैठें रहेंगे।

## धारदार चाकू के साथ आरोपी गिरफ्तार

**नवापारा राजिम**, 3 सितंबर। नगर के व्यस्ततम मार्ग रायपुर-गरियाबंद रोड स्थित मैडम चौक में खुलेआम चाकू लहराकर लोगों का आतंकित कर रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया. थाना से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस की टीम द्वारा थाना गोबरानवापारा क्षेत्रांतर्गत मैडम चौक के पास हाथ में धारदार चाकू लेकर आम लोगों को आतंकित करते आरोपी कपिल ठाकुर पिता सुभाष सिहं ठाकुर उम्र 23 साल निवासी शीतलापारा वार्ड न 19 को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखें एक नग धारदार चाकू जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई।



# 5 को प्राइवेट स्कूलों में नहीं मनाया जाएगा शिक्षक दिवस, स्कूल भी रहेंगे बंद



- शासन-प्रशासन की अनदेखी के चलते नाराज प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन का बड़ा फैसला
- चार सालों से आरटीई की राशि नहीं मिलने से है नाराज

**गरियाबंद**, 3 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्राइवेट स्कूलों को चार साल से आरटीई की राशि नहीं मिली है। इस लेकर कई बार शासन प्रशासन से मांग की जा चुकी है। परंतु लगातार उनकी मांगों को लेकर शासन प्रशासन की अनदेखी के चलते हैं नाराज प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने बड़ा फैसला लिया है। एसोसिएशन ने पांच सितंबर को प्राइवेट स्कूलों को बंद रख शिक्षक दिवस नहीं मानने का फैसला किया है।

गरियाबंद प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष स्टेफड बंस ने बताया कि 3 सितंबर को प्रदेश के प्राइवेट स्कूल प्रमुख लोगों की बैठक रायपुर में आहूत की गई। जिसमें अपनी मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन की रूपरेखा तय की गई। इसी क्रम में सर्वप्रथम 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के दिन स्कूल बंद कर शिक्षक दिवस कार्यक्रम नही मनाने का फैसला किया गया है। स्टेफड बंस ने बताया कि चार सालों से राज्य सरकार ने आरटीई की राशि रोक कर रखी गई है। इसके चलते हम शिक्षकों को समय पर न तो वेतन दे पा रहे हैं न ही उन्हें उचित मानदेय दे पा रहे हैं, तो कैसा सम्मान। पिछले 12 वर्षो से आरटीई की राशि में कोई वृद्धि भी नहीं की गई है।जबकि महंगाई कहां से कहां पहुंच गई है। वही दूसरी ओर आरटीई में प्रवेश देने शासन का जबरदस्त दबाव रहता है। जब हमारे स्कूलों के 25 प्रतिशत छात्रों का पैसा स्कूलों को मिलेगा ही नहीं, तो स्कूल चलेगा कैसे। बार-बार स्कूलों की कमियां बताकर पैसा को रोक दिया जाता है। अब प्रदेश संगठन ने वृहद आंदोलन तय किया है। पांच सितंबर को स्कूल बंद रखकर शिक्षक दिवस न मना कर काली पट्टी लगाकर विरोध करेंगे और अपनी मांग प्रदेशवासियों के समक्ष रखेंगे। इस आंदोलन के परिपेक्ष्य में गरियाबंद जिले के भी सभी प्राइवेट स्कूल इस आंदोलन में सम्मिलित होंगे।

## प्रादेशिकी का शेष...

### हरिहर स्कूल में धूमधाम...

महेश नेताम द्वारा संस्कृत में राज्यकीय गीत की बांसुरी के धुनों में प्रस्तुति दी।

**इन छात्रों की रही विशेष प्रस्तुति** -

ओमकार, चैतन्य,राजकुमार, खिलेश, भौतिक,मिथिलेश,रितेश द्वारा श्लोक, संवाद, राजकीय गीत संस्कृत में प्रस्तुत किया गया। शिखा, भूमि, विभा सहित अन्य छात्रों द्वारा संस्कृत में नृत्य तथा पोस्टर,रंगोली बनाएं गए।

**ये रहे उपस्थित**

संस्कृत के व्याख्याता महेश नेताम, सौरभ साहू, हिमानी दास, विजय गिलहरे, महेश वर्मा,सुषमा यादव, नीलम साहू, लता साहू, मधुमिता मंडल, संध्या पटेल,काजल चंद्राकर, प्रवीण पटेल,अविनाश बघेल,भूमिका साहू,बीएल अवसरिया सहित अनेक शिक्षक विशेष रूप से उपस्थित थे।

### नहर नाली से पर्याप्त मात्रा...

एवं कीचड़ घास फूस से पटा हुआ है। मजबूरी में किसान नहर नाली को साफकर अपने-अपने खेतों में पानी ले जाने के लिए स्वयं मेहनत कर साफसफाई रहे हैं ग्राम टोनाटार के लगभग 50 किसानों ने नहर नाली का सफाई किया है।

जल संसधान विभाग के अधिकारियों का कहना है कि नहर नाली क्रमांक 13 में सबसे ज्यादा पानी छोडा गया है गांव वालो द्वारा गंदगी कर देते हैं जिसके कारण नहर नाली कीचड़ और गंदगी से पटा हुआ है ।हमारे पास स्टाफकी कमी है लास्ट टेल तक पानी पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

# सरकारी नुमाइंदों ने फर्जी नियुक्ति कर डकार ली 2 लाख 40 हजार की राशि

## मामला उजागर हुए तो लीपापोती की कोशिश में जुटे

**गरियाबंद**, 3 सितंबर (देशबन्धु)। जिले में शिक्षा और शिक्षा से जुड़े शैक्षणिक संस्थानों में भ्रष्टाचार के मामले थमने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। पिछले 5 सालों में देखा जाए तो भ्रष्टाचार के मामले को लेकर गरियाबंद के शिक्षा विभाग ने तो सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। तबादला, पदोन्नति, पोस्टिंग और सामग्री खरीदी के मामले में भ्रष्टाचार के नाम से शिक्षा विभाग लगातार सुर्खियों में रहा है। अब शिक्षा विभाग के समतुल्य ही राजीव गांधी शिक्षा मिशन अंतर्गत भी सरकारी राशि के गबन और भ्रष्टाचार का एक मामला उजागर हुआ है जो जिले से लिए राजधानी तक सुर्खियों बतौर रहा है। मामले में खास बात ये है कि फर्जी नियुक्ति कर सरकार राशि के गबन के बाद सरकारी नुमाइंदों ने कार्यवाही से बचने की जो तरकीब निकाली, उसने प्रशासन के भी कान खड़े दिए है। मामले में तात्कालिक डीएमसी श्याम चंद्राकर की भूमिका भी संदेह के दायरे में है।

ताजा मामला जिले के देवभोग ब्लाक में स्थित कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय का हैं। राजीव गाँधी शिक्षा मिशन अंतर्गत संचालित इस आवासीय विद्यालय में सालभर पहले की गई एक लेखापाल के नियक्ति का मामला काफी सुर्खियों में है। इसकी शिकायत जिले के उच्च आला अफसर से भी की जा चुकी है। जानकारी के मुताबिक देवभोग ब्लाक में स्थित कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय में एक साल पहले बगैर विज्ञापन निकाले, सभी सरकारी भर्ती प्रकिया के नियमों को दरकिनार करते हुए यहां पदस्थ अधीक्षिका ने अपने ही रिश्तेदार को नियम विरुद्ध पूर्णकालिक लेखापाल के पद पर रख लिया। 20 हजार रुपए के मासिक वेतन के हिसाब से करीब एक साल तक उसके नाम से हर माह वेतन भी जारी होता रहा। एक साल में करीब दो लाख 40 हजार रुपए का वेतन जारी कर आहरण भी कर लिया गया। परंतु जैसे हीं मामला उजागर हुआ अधीक्षिका ने वेतन आहरण बंद कर दिया। सूत्रों के मुताबिक जिस युवती की लेखापाल के पद पर नियक्ती की गई वह एक दिन भी काम में नही गई। बल्कि इस अवधि में रायपुर में रहते हुए एक कालेज में नियमित छात्र के रूप पढ़ाई कर रही थी। पता तो ये भी चला है कि वह अधीक्षिका की ही रिश्तेदार है।

इधर, मामला उजागर होने के बाद चर्चा है कि पूरा प्रशासनिक अमला इसके लीपापोती में जुट गया। मामला संज्ञान में आने के बाद प्रशासन ने अधीक्षका के ऊपर बड़ी कार्रवाई करने के बजाय उक्त आहरित सरकारी राशि के रिकवरी निर्देश जारी कर किनारा कर लिया। मामले को लेकर चर्चा है कि पूर्व डीएमसी श्याम चंद्राकर की दखल के चलते हैं इसमें अब तक बड़ी कार्रवाई नहीं हुई है। दरअसल उक्त मामले में पूर्व डीएमसी श्याम चंद्राकर की भूमिका भी संदेह के दायरे में है। क्योंकि उनके डीएमसी होते ये सरकारी राशि के गबन का खेल चलता रहा। देखा जाए तो नियम विरुद्ध नए कर्मचारी के नियुक्ति और वेतन आहरण की जानकारी डीएमसी कार्यालय को न होना संभव नहीं हैं।

सूत्रों के मुताबिक इस मामले में विभागीय जांच और सरकारी राशि के नियम विरुद्ध आहरण को लेकर दोषी नजर आ रही अधीक्षिका पर कार्यवाही को लेकर प्रशासन का स्टैंड स्पष्ट नजर नहीं आ रहा है। अब तक की कार्रवाई को लेकर यही प्रतीत हो रहा है कि सीधे तौर पर प्रशासन मामले को दबाने और लीपा पोती करने में जुटा हुआ है।

इधर मामले को लेकर इस बात की भी चर्चा जोरों पर है कि संबंधित अधीक्षिका को देवभोग ब्लाक में अपने रिश्तेदार को छोड़कर कोई अन्य लेखापाल के पद के लिए योग्य नहीं मिला। ऐसे जरूरतमंद को नौकरी पर रखा गया जो खुद दूसरे ब्लॉक के निवासी है, जिसके परिवार के सदस्य पहले से ही मैनपुर ब्लाक में शिक्षा अधिकारी के दफ़्तर में लिपिक के पद पर कार्यरत है। ऐसा प्रतीत होता है की शाला विकास समिति को भी गुमराह किया गया है। इस सम्बध में कलेक्टर के पास आवेदन देकर अलग से मामले जांच की बात मांग की गई है।

जानकार प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि सीधी भर्ती के तहत नियुक्त किसी भी तृतीय श्रेणी लिपिक वर्ग के कर्मचारी को इतना वेतन प्राप्त नहीं होता है। शासन स्तर पर नया कोई मानदेय निर्धारित किया गया होगा तो शायद यह संभव हो परंतु हमारी जानकारी में यह बात अभी समाने नहीं आई है द्य वहीं कुछ लोगों का कहना है कि यह आसानी से केवल भ्रष्टाचार करने के उद्देश्य से ही सम्भव हो सकता है।

*इस संबंध में कलेक्टर **आकाश छिकारा** से चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि शिकायत सामने आने के बाद रिकवरी आदेश जारी किए गए हैं। विभागीय जांच के बाद संबंधित अधीक्षिका के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।*

# कांग्रेस शासन काल में छग बना अपराध गढ़ : लक्ष्मी बघेल



**बलौदाबाजार**, 3 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में जब से कांग्रेस की सरकार आई है तब से अपराधियों के हौसले बुलंद हो गए हैं। कानून का डर किसी भी अपराधियों में जरा सा भी नहीं दिख रही है। यही वजह है कि विगत दिनों रक्षाबंधन के पवित्र अवसर पर रायपुर से लगे गांव में दो सगी बहनों से दरिंदगी की विभत्स घटना घटी है। उक्त बाते बलौदाबाजार के पूर्व विधायक श्रीमती लक्ष्मी बघेल ने कही। पूर्व विधायक बालौदाबाजार एवम् भाजपा नेत्री श्रीमती लक्ष्मी बघेल ने छत्तीसगढ़ सरकार पर आरोप लगाते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ में पूरा सिस्टम ही अपराधियों का हौसला बढ़ा रहा है। सड़कों पर बाइक से स्टंट कर भय का वातावरण बनाने वालों, सरेआम चाकू लहराते वालों और सार्वजनिक स्थान पर शराबखोरी करने वालों पर ढंग से कार्यवाही की जाती तो इस तरह की घटना ना घटती और अपराधी ऐसी घटना करने से पहले सोचते। ऐसी घटनाएं प्रशासनिक व्यवस्था के साथ-साथ समाज के समक्ष के गंभीर प्रश्न खड़ा कर रहे हैं। श्रीमती लक्ष्मी बघेल ने छत्तीसगढ़ सरकार पर शराब बंदी करने का वादा कर लोगों को ठगने का आरोप लगाया है। गंगा जल की सौगंध खाकर वादा तोड़ने वाली कांग्रेस पार्टी को चुनाव में सबक सिखाएगी। छत्तीसगढ़ के कानून व्यवस्था खराब होने के लिए भूपेश बघेल सरकार पूरी तरह से जिम्मेदार है।

